बघेलवंश के इतिहास के संबंध में कई तरह की किवदंतियाँ हैं एवं पुस्तकों में मिलती हैं। इस वंश के संस्थापक व्याघ्रदेव हैं। व्याघ्रदेव ने गुजरात से आकर भरवालन्द गोड़ को जीतकर अपनी सत्ता स्थापित की। तरौहा के राजा मुकुन्ददेव चन्द्रावल ने अपनी कन्या शिन्दूर मती का विवाह व्याघ्रदेव के साथ कर तरौहा का राज्य उन्हें सौंपकर तीर्थ यात्रा के लिये चले गये। तभी से व्याघ्रदेव का शासनकाल प्रारम्भ हुआ। व्याघ्रदेव अपनी साम्राज्यवादी नीति को सफल बनाते हुए आस पास के राज्यों को अपने राज्य में मिला लिया एवं गहोरा को अपनी राजधानी बनाया। इस समय तक राजपूतों का सौभाग्य सूर्यास्त हो चुका था। मुसलमान ही भारत में प्रमुख शासक बन चुके

थे। गुलाम वंश का बादशाह अल्तुतमिस इस समय उत्तरी भारत पर शासन करता था। यद्यपि कालिंजर का किला मुसलमानों के अधीनस्थ था तथापि गंभौरा के जंगली भागों में उसका आधिपत्य ढीला था। अतः गभौरा के बाद कसौटा को अपने आधिपत्य में लेकर इन्होंने विन्ध्य पर्वतमाला के प्रदेशों पर अपना अधिकार कर लिया अर्थात् समूचा बघेलखण्ड व्याघ्रदेव के अधीनस्थ था।

व्याघ्रदेव के बाद उनके सबसे बड़े पुत्र कर्णदेव गभौरा की गद्दी पर आसीन हुए। उनके भाई कन्धरदेव को कसौआ का राज्य मिला। चौदहवीं पीढ़ी में राव विक्रमादित्य ने चुरहट खानदान की नीव डाली। अकबर के समय से ही कसोटा राज्य को इलाहाबाद क्षेत्र में मिला लिया गया था। प्रारंभ के पन्द्रह राजाओं के राजकाल के विषय में बहुत कम बातें ज्ञात हैं।

सोलहवें महाराजा मैघदेव वि. सं. 1470 में सिंहासनारूढ़ हुए। इनके दो विवाह हुए। प्रथम उन्नाव जिले के राजा वगीसर की लड़की रनदेवी के साथ हुई थी। दूसरा चित्तौड़ के महाराज लाखा सिंह की पुत्री अनूप कुमारी से हुआ था। मैघदेव का शासनकाल वहलोल लोदी के समय का था। लोदी उस समय भारतवर्ष का बादशाह था इन्हीं के शासन काल में वहलोल लोदी के पुत्र सिकन्दर लोदी ने इस क्षेत्र पर चढ़ाई की। महाराज मैघदेव ने उससे भिड़ने के बजाय उसकी आधीनता स्वीकार कर ली। 1495 में पुनः सिकन्दर लोदी का आक्रमण इस क्षेत्र पर हुआ। कुछ समय बाद सिकन्दर लोदी पुनः वापस चला गया एवं मैघदेव के पुत्र सालिवाहन को गद्दी पर बैठने का अवसर मिला। इनके शासनकाल में लोदी को कभी सफलता नहीं मिली।

सन् 1564 ई. में अकबर के आक्रमण का उल्लेख मिलता है। महाराज रामचन्द्र को अकबर ने पराजित किया था। इसी समय महाराज रामचन्द्र एवं मुगल शासकों के बीच मैत्री संधि हुई। परिणामस्वरूप नावालिग विक्रमादित्य के राज्य को अकबर से संरक्षण मिला। बांधवगढ़ का किला अकबर ने अपने अधिकार में लेकर "पात्र दास" गवर्नर नियुक्त किया। विक्रमादित्य के बड़े होने पर अकबर ने उन्हें वापस भेज दिया। विक्रमादित्य के ज्येष्ठ पुत्र अमर सिंह ने भी सन् 1624 में जहाँगीर की दरवार में अपनी अधीनता स्वीकार की। शाहजहाँ के शासन काल में ओरछा के बागी राजा जुझार सिंह के विरुद्ध खान मैदान के युद्ध में साथ भी दिया। 1649 में अमर सिंह की मृत्यु के समय युवराज अनूप सिंह की उम्र कम होने के कारण राज्य को निर्बल देख ओरछा नरेश पहार सिंह ने इस पर चढ़ाई कर दी। अतः 1655 में अनूप सिंह शाहजहाँ से मिलने गये एवं मैत्री संबंध स्थापित किया। अनूप सिंह के पुत्र भाव सिंह को किसी आपत्ति का सामना नहीं करना पड़ा। इनके कोई संतान न होने के कारण इन्होंने अपने छोटे भाई जसवंत सिंह के छोटे लड़के अनिरुद्ध सिंह को गोद लिया। अनिरुद्ध सिंह की मृत्यु के बाद उनके पुत्र अवधूत सिंह गद्दी पर आसीन हुए। इसी समय पन्ना के राजा हिरदेशाह द्वारा राज्य पर चढ़ाई की गयी। बाद में बहादुर सिंह की मदद से राज्य वापस मिल गया। अवधूत सिंह के पश्चात 1755 ई. में उनके पुत्र अजीत सिंह ने राज्य का कार्य भार सम्भाला। इनके शासन काल में मुगलों की शक्ति प्रायः समाप्त थी। मराठों की शक्ति ही सर्वोपरि थी। अंग्रेज प्रशासक भारतीय शासकों की जड़े हिलाने में लगे थे। ऐसे दुर्दिन में भी महाराजा अजीत सिंह विदेशियों से लोहा लेते रहे ।

सन् 1758 में अली गौहार (शाह आलम) एवं अंग्रेज सेनापति क्लाइव के बीच युद्ध हुआ जिसमें अली गौहार पराजित होकर अजीत सिंह के राज्य में शरण लिया। शाह आलम के साथ उनकी गर्भवती बेगम भी थी जिससे अकबर द्वितीय का जन्म हुआ। जो बाद में अकबर शाह यानी द्वितीय के उपनाम से दिल्लेश्वर कहलाया। सन् 1803–04 में अंग्रेजों एवं मराठों के बीच संघर्ष के पश्चात बेसिन की संधि हो जाने पर अंग्रेजों ने रीवा राज्य में भी संधि प्रस्ताव भेजा किन्तु महाराजा अजीत सिंह को यह प्रस्ताव मंजूर नहीं था। परिणामस्वरूप आजीवन अंग्रेजों से संघर्ष करते रहे। जिसमें काफी जन एवं धन की हानि हुई। सन् 1804 मे नागपुर के भोसला राजा ने दक्षिणी रीवा के सोहागपुर एवं चंदिया पर अधिकार

कर लिया परन्तु जब सन् 1818 में भोसला के राज्य पर अंग्रेजों का अधिकार हुआ तब रीवा राज्य के हुजूरदारी करने पर चंदिया इलाका एवं राज्य को वापस कर दिया गया। सोहागपुर सन् 1857 के गदर के बाद वापस हुआ।[5]

अजीत सिंह के बाद उनके पुत्र जय सिंह सन् 1809 में गद्दी पर बैठे एवं 24 वर्ष राज्य करने के बाद 1833 में उनकी मृत्यु हो गयी जय सिंह के उपरान्त 1833 में महाराजा विश्वनाथ सिंह ने राज्य की बागडोर संभाली। इनके शासनकाल में अंग्रेजों को बहुत बढ़ावा मिला। लार्ड विलियम वैटिंग ने महाराजा रघुराज सिंह के अंग्रेजी अध्यापन के लिए कृष्ण भट्टाचार्य को भेजा था। सन् 1854 में इस राज्य का आधिपत्य महाराजा रघुराज सिंह ने संभाला। इनके शासनकाल में ही सन् 1857 में अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध प्रसिद्ध विद्रोह हुआ किन्तु इन्होंने अंग्रेजों का साथ दिया था। सर्वप्रथम रीवा राज्य में 1862 में ब्रिटिश गवर्नमेन्ट की एजेन्सी कायम हुई। 1857 में महाराजा रघुराज सिंह ने अपने शासन की समस्त बागडोर अंग्रेजों के हाथ सुपुर्द कर दी केवल अपने गुजारे के लिए 15 हजार रुपये मासिक लेना स्वीकार किया था।

विभिन्न इतिहासकार व्यंकट रमण सिंह के शासन काल को सन् 1880 से मानते हैं। अतः इतिहास की प्रमाणिकता को मानते हुए महाराजा व्यंकट रमण सिंह का शासन काल प्रत्यक्षतः या परोक्षतः 1880 को ही माना जा सकता है। इन्होंने 38 वर्ष तक राज्य की सत्ता की बागडोर को संभाले रखा। इनके शासन काल में 1895 तक राज्य का शासन प्रबंध पूर्ववत पोलिटिकल अफसरों के हाथ में बना रहा। राज्याधिकार प्राप्त होने के थोड़े दिनों बाद सन् 1907–08 में भयानक दुर्भिक्ष पड़ा किन्तु इन्होंने जनहित में अनेक कार्य किया। आपने अपने समय में रीवा राज्य के सैनिक संगठन का पुनरुद्धार किया। महाराजा व्यंकट रमण मृत्यु के बाद वर्षों तक (1918 से 1922) महाराजा रतलाम इस राज्य में रिजेन्ट नियुक्त किए गये एवं राज्य शासन रिजेन्सी कौन्सिल द्वारा होता रहा। 1922 में गुलाब सिंह को पूर्ण राज्याधिकार प्राप्त हुआ। इन्होंने जनहित हेतु "बैंक ऑफ बघेलखण्ड" की स्थापना करायी। इनके शासन काल में राज्य के लगभग सभी भागों को सड़कों द्वारा मिलाने की योजना बनायी गयी। इनके शासन काल में अंग्रेजों को अपने अवसर की तलाश जारी रही किन्तु गुलाब सिंह ने अपने कुशाग्र बुद्धि का उपयोग करते हुए राज्य में उत्तरदायी शासन की घोषणा कर दी।

31 जनवरी सन् 1946 को ब्रिटिश सरकार ने युवराज मार्तण्ड सिंह को रीवा राज्य का शासक बनाने की घोषणा कर दी। 1 मार्च को इन्हें पूर्ण राज्याधिकार प्राप्त हुआ। 15 अगस्त 1947 को भारत स्वतंत्र हो गया राज्य में धारा सभा के गठन की कार्यवाही समाप्त कर दी गयी। कैबिनेट मिशन योजना के तहत भारत की संविधान सभा में प्रत्येक देशी रियासत से दो ऐजेन्ट भेजे जाने लगे। रियासतों के एकीकरण की प्रक्रिया का प्रभाव रीवा राज्य पर भी पड़ा।[6] अन्ततः 7 अप्रैल 1948 को बघेलखण्ड एवं बुन्देलखण्ड की 35 रियासतों को मिलाकर विन्ध्य प्रदेश के निर्माण की घोषणा की गयी। राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफारिश के अनुसार 1.11.56 को विन्ध्य प्रदेश, भोपाल, महाकौशल, एवं मध्य भारत क्षेत्रों को मिलाकर मध्य प्रदेश का निर्माण हुआ जिसमें सिंगरौली म.प्र. की एक तहसील बनी। जिसका जिला मुख्यालय सीधी था।

**संदर्भ स्त्रोत –**


1. डॉ. हीरालाल शुक्ल : भाषिकी के दस लेख
2. इण्डियन एक्टिक वेरी, पृ. 6 जिल्द 19
3. भारतीय ताम्रपत्र, तीसरा खण्ड बारमां व रायल सोसाइटी का जरनल, 1987
4. एपिग्राफिक इण्डिया जिल्द दो, पृ. 304, आर्कियालाजी सर्वे रिपोर्ट जिल्द 1 पृ. 122, जिल्द 21 पृ. 103
5. गुरु रामप्यारे, अग्निहोत्री (1972) रीवा राज्य का इतिहास, म.प्र. साहित्य परिषद्, भोपाल
6. डॉ. अखिलेश शुक्ल रीवा राज्य का इतिहास, गायत्री पब्लिकेशन, बिछिया, रीवा

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 4 (OCT TO DEC., 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999
Paper Recieved : 10th Oct 22 Paper Accepted : 25th Oct 22

# ''अज्ञेय की काव्य धारा एवं इलियट की काव्य संवेदना का तुलनात्मक विवेचन''

❒ आशुतोष शुक्ला*

**शोध सारांश**

अज्ञेय आाधुनिक हिन्दी साहित्य के प्रतिभावान कवियों में से एक है। अपनी विलक्षण बौद्धिक शक्ति से उन्होंने हिंदी कविता को नया मार्ग दिखाया। उनकी पहचान एक युग-निर्माता कवि के रूप में है। उन्होने न केवल कविता को 'अन्वेषण की राह' दिखलाई बल्कि उसे प्रयोग के आधार पर प्रतिष्ठित भी किया। आधुनिक हिंदी साहित्य को वैचारिक दृष्टि से नया कलेवर प्रदान करने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। इतना ही नहीं उन्होंने परंपरा और आधुनिकता के बीच सेतु का कार्य भी किया।

**मूलशब्द**—काव्य, विचार, आधुनिकता, उत्थान, इलियट, अज्ञेय।

**व्याख्या**—तत्कालीन परिवेशगत परिस्थितियों के सदंर्भ में अज्ञेय ने एक नई विचारधारा का सूत्रपात किया। कथ्य एवं शिल्प के धरातल पर हिंदी साहित्य के नवीन दृष्टि दी। वे पुराने और मैले पड़ चुके उपमानों के स्थान पर कविता में नए उपमानों के प्रयोग पर बल देते हैं। यह विचार उनकी दृष्टि की विलक्षणता और नूतनता का प्रतीक है। इसलिए वे कहते हैं—

**''ये उपमान मैले गए है,**
**देवता इन प्रतीकों के कर गए हैं कूचा''।**[1]

अज्ञेय की काव्य यात्रा का प्रारंभ छायावादी प्रवृतियों के आधार पर हुआ। इसके माध्यम से उन्होंने जीवन और प्रकृति के एक नई दृष्टि से देखा जो कालांतर में प्रयोगवाद के रूप में प्रचलित हुआ। जीवन और प्रकृति को उसके यथावत् रूप में देखना अज्ञेय की विशिष्टता थी जो अतीत के कवियों से भिन्न थी। कहने का तात्पर्य है कि परिवर्तन प्रकृति का नियम हे और समय की आवयकता भी है। इस मान्यता में अज्ञेय का दृढ़ विश्वास है। इसीलिए वे काव्य में विचार और दृष्टि के धरातल पर आधुनिकता की बात करते हैं।

अज्ञेय कविता को अधुनिक भाव-बोधों और संवेदनों का आधार देते हैं। रामस्वरूप चतुर्वेदी जी का मत है कि ''समग्रतः रचना के स्तर पर आधुनिक होने का प्रयास अज्ञेय का है। यह ठीक है कि आधुनिक रचना उनकी कृतित्व में पूरी तरह निष्पन्न नहीं हो जाती, पर आधुनिक रचना के सभी प्रमुख क्षेत्रों में पहली बार एक साथ बढ़ने का श्रेय उन्हीं को है।

* अतिथि विद्वान, ठाकुर रणमत सिंह विश्विद्यालय, रीवा मध्य प्रदेश, मो. 8982415952,
ई-मेल : ashutoshshukla27101989@gmail.com

आधुनिकता के ये तत्व अज्ञेय की कविताओं में परिलक्षित हैं। उनकी कविता में कुछ नया करने का प्रयत्न दिखई देता है। वे काव्य-सत्य की प्रतिष्ठा पर बल देते हैं। इसलिए वे अपने आधुनिक कवि होने की उद्घोषणा करते हैं और कहते हैं—

**'यो मैं कवि हूं, आधुनिक हूं, नया हूं,**
**काव्य सत्य की खोज महें कहां नी गया हैं।''**[2]

अज्ञेय कविता में सत्य की खोज के लिए प्रयासरत दिखाई देते हैं। उनकी यही दृष्टि कविता में नवीनता और ताजगी का अनुभव करती है। उनका कवि-कर्म उत्कृष्ट कोटि का है। उनका स्वर वैविध्यपूर्ण है। एक कवि के रूप में उनकी कविताओं में जीवन की गहरी समझ दिखाई देती हैं। अज्ञेय की विचार और दृष्टि उनके जीवनानुभवों के विविध आयामों से निमित हुई है। एकाकी जीवन ने उन्हें चिंतन की ऐसी दृष्टि दी जो उनके बहुआयामी लेखन में सहायक सिद्ध हुई। असी आधार पर उन्होंने कविता में पहले से स्थापित काव्य प्रवृत्तियों में नई मान्यताओं को स्थापित किया। उनके क्रांतिकारी विचारों ने कविता में प्रयोग और सृजन के नए प्रतिमानों की स्थापना की। प्रगतिवादियों के समष्टि चिंतन को व्यष्टि चिंतन पर केन्द्रित किया। अज्ञेय ने व्यक्ति की पीड़ा को समझा और उसे अपनी कविता में उकेरा। इस सबंध में नवल किशोर का मत उचित ही है—''अज्ञेय ने निश्चय ही अपने विपुल काव्य में आधुनिक जीवन के यथार्थ की संवेदना को अनेक रूपों और स्तरों पर प्रकट किया है।''[3]

अज्ञेय ने सत्य के अन्वेषाण एंव नवीन तथ्यों की प्राप्ति के लिए अपने आपको काव्य-प्रेम की ज्वाला में तपाया है, स्वयं आहुति बन कर काव्य को नयी दिशा प्रदान की है। वे कविता में सत्य की स्थापना के प्रति जागरूक कवि हैं। कविता में उनके मुक्त विचार थे। मौलिक चिंतन उनके काव्य की विशेषता रही है। उनके कवि-कर्म के विषय में रमेश चंद्र शाह का मत है कि—''अज्ञेय मुक्त चेतना के कवि हैं, हृदय और बुद्धि दोनों की मुक्तावस्था के साधक। कवि कर्म उनके लिए इसी साधना का अपकरण है, जिसे वे मुक्त जीवन की सक्रिय अभिव्यंजना का तेज दीप्त प्रवाह कहते हैं।''[4] उन्होंने कविता में विचार और दृष्टि की नई व्यंजनाओं को उद्घाटित करते हुए स्वयं को सिद्ध करने का प्रयास किया। इसके लिए जहाँ कहीं से प्रेरणा मिली, उसे स्वीकार करने में संकोच नहीं किया।

वे स्वयं को सत्य का साधक मानकर, उसके अन्वेषण की साधना में लगे रहे और यही उनकी विचार-दृष्टि को नव-स्फूर्ति की रसधारा प्रवाहित करने में सहायक रहा। धृष्टोत के रूप में उनकी ये पंक्तियां धृष्टव्य हैं—

**''द्वार के आगे**
**और द्वार यह नहीं कि कुछ अवश्य है**
**इनके पार-किन्तु हर बार**
**मिलेगा आलोक झरेगी रस-धार।।''**[5]

अज्ञेय लोकजीवन के भी चितेरे हैं, उनकी रचना यात्रा में लोकजीवन के विविध रूप कथ्य और भाषा के धरातल पर दिखाई देते हैं। उदाहरण स्वरूप सागर मुदा-6 कविता की इन पक्तियों में लंबी यात्रा पर निकले यात्रा के गृह-स्मरण और ग्रमीण परिवेश का कितना सचित्र और स्वाभाविक वर्णन मिलता है—

**''लंबी यात्रा मैं**
**गांव-घर की यादें**
**सरसों का फूलना**
**वन तुलसी की तीखी गंध**
**ताजे लीपें आगनों में गोयंठों पर**
**देर तक गरमाए गए, दूध की धुईली बास,**
**जेठ की गोधुली की घुटन में कोयल की कूक।''**[6]

अज्ञेय की विचार-दृष्टि कालांतर में दर्शन की ओर भी उन्मुख दिखाई देती है। उनकी कीवताओं में काल, क्षण, जीवन, मृत्यु आदि दार्शनिक विचार बहुलता से मिलते हैं। यद्यपि सैद्धांतिक रूप से अज्ञेय दार्शनिक नहीं है परंतु उनके दार्शनिक विचार भारतीय और पाश्चात्य दोनों ही दर्शनों से प्रभावित हैं।

अज्ञेय के काव्य में उनकी भाषिक सरंचना का नयापन भी आकर्षण का विषय रहा है। कम शब्दों में गहरे अर्थ की अभिव्यक्ति उनकी काव्यगत विशिष्टता रही है। वास्तव में उनके काव्य और कवित्व को हिन्दी साहित्य में विशेष स्थान देने में शब्दों की मितव्ययिता और उसके सारगाभित अर्थ की विशेष भूमिका रही।

इसलिए आंदोलन चल रहे थे। अज्ञेय भी इससे परे नहीं थे। जेल के एकांतपन और प्रताड़नाओं से उनके हृदय की भावनाएं प्रभावित तो हुई लेकिन मनोबल कहीं से कम नही हुआ। अतः कवि पूरे विश्व का दुःख सह कर भी नई चेतना का संचार करना चाहता है। 'अनुरोध' नामक कवित में वे कहते हैं—

**''अभी नहीं-क्षण भर रूक जाओ, महफिल के सुनने वालो।**

**मत संचित हो कोसो, है संगीत सुमन सुनने वाली।**

**नहीं मूक होगी यह वाण भग्न न होगी तान**

**टूट गयी यदि वीणा तो भी झनक उठेगे प्राण।''**[7]

डॉ. राजेन्द व्रसाद का मत है किः 'भग्नदूत' कवि के किशोर मन पर पडे.गंभीर आघात का द्योतक है। बहुत बडे उद्देश्य की प्रप्ति को किशोर जितना सरल समझता है वह उतना सरल नही होता। संघर्ष के सामने आने पर अपने को भग्नदूत मान लेता है''। भग्नदूत मे कवि का हृदय अति संवेदनशील है। कवि के मन मे अनेक आदर्श है जिन्हे वह स्थपित करना चाहता है परंतु नही कर पाता इसलिए तो वह स्वयं को भग्नदूत' सम्रझ लेता हैं।

भग्नदूत की कविताएँ उस समय रची गई जब छायावाद का अवसान एवं प्रगतिवाद का उत्थान ही रहा था जिसमें अज्ञेय को भी प्रभावित किया। छायावादी प्रवृत्तियों में प्रणय एवं वेदनानुभूति, जड़-चेतन का एकात्म्य भाव, प्रकृति-प्रेम एवं रहस्यवाद प्रमुख रूप से विद्यमान है। इन प्रवृत्तियों का प्रभाव भग्नदूत पर भी स्पष्ट रूप से परिलक्षित है। अरूण भारद्वाज का मंतव्य है कि ''भग्नदूत मे दृष्टिपथ से तुम जाते हो जब घट, रहस्य'' जैसी कविताओं में सियाराम शरण गुप्त से ले कर महादेवी वर्मा, रामकुमार वर्मा 'नवीन' जैसे छायावादी संस्कारी के कवियों की प्रतिध्वनियां मिलती है।''[8]

''भग्नदूत' की प्रथम कविता दृष्टपथ से तुम जाते हो जब' में छायावादी-प्रेत की अभिव्यक्ति है'

**''दृष्टिपथ से तुम जाते हो जब**

**तब ललाट की कुंचित अलकों, तेरे ढरकीले आंचल को**

**तेरे पावन चरण-कमल को**

**छू कर धन्य भाग अपने को लोग मानते हैं सब के सब**

**''मैं तो केवल तेरे पथ से**

**उड़ती रज की ढेरी भर के**

**चूम-चूम कर संचय कर के**

**रख भर लेता हूँ मरकत मणियों सा अंतर कोषों में तब।''**[9]

इसमे साधक अपने आराध्य की साधना कर रहा है। जिस पथ से असीम शक्ति गुजरती है उसकी धूल भी साधक के लिए मणियों एवं हीरों के समान अमूल्य बन जाती है। 'असीम प्रणय की तृष्णा', रहस्य जैसी कविताओं में ऐसे ही भाव-संवेदनाएँ निहित हैं। इन कविताओं में भौतिक और अलौकिक प्रेम जैसी संवेदनाएँ एक साथ प्राप्त होती हैं। इस संदर्भ मे भोला भाई पटेल का कथन है, ''वास्तव में स-सीम असीम के प्रणय संबंधों की ये कविताएं एकाधिक अर्थ से मुक्त है। वैष्णव कवियां के पदों की तरह या रवीन्द्रनाथ की गीतांजलि की तरह इन रचनाओं में मानवीय प्रणय का सकेत पढ़ा जा सकता है।''[10]

'साप, रैक' आदि कविताओं में नगरीय सभ्यता पर कवि की व्यंग्यात्मक अभिव्यक्ति हुई है। मुझे तीन शब्द 'दो', 'सर्जना' के क्षण कवि के प्रति कवि आदि सर्जन-प्रक्रिया संबंधी रचनाएँ हैं।

इस संग्रह में अज्ञेय की अपनी यात्रा का प्रभाव रहा। यह काल अज्ञेय के पूर्वी देशों (जापान, चीन) की यात्राओं का रहा। जिसके साहित्य और संस्कृति के प्रभाव ने कवि की संवेदनाओं को नवीनता प्रदान की। संग्रह की भूमिका में कवि ने पूर्वी देशी का प्रभाव स्वीकार करते हुए कहा है कि ''प्रस्तुत सग्रंह में अनुवादों को छोड़ कर अन्य अनेक कविताओं में भी पूर्व के (और पश्चिम के भी क्यों नही?) प्रभाव मिलेंगे—लेखक सभी का स्वीकारी है।''[11] इस संग्रह पर ''अज्ञेय'' बौद्ध संप्रदाय की विचार और साधना पद्धतियाँ का, और तत्संबंधी साहित्य और वृत्त का भी'' कवि ने ऋण स्वीकार किया है।

अज्ञेय का इस काव्य संग्रह का प्रकाशन 1959 में हुआ था। इसमें 1956-58 तक की कविताओं का संग्रह मिलता है। यह संग्रह चार खंडों 'रोपयित्री', 'रूप केकी', एक चौड़ का खाका', और 'द्वार हीन द्वार' में विभाजित है। इसमें कुल 111 कविताओं का संकलन हैं। काव्य के प्रथम खंड 'रोपयित्री' मे 18 कविताएँ है। 'अच्छा खंडित सत्य', 'शब्द और सत्य', 'नया कवि : आत्मस्वीकार', 'बडी लंबी राह', 'इशारे जिंदगी के' आदि कविताओं में कवि ने अपने आत्मानुभवों को अभिव्यक्ति दी है। 'नया कवि : आत्मस्वीकार' कविता में अज्ञेय स्वयं को नया और आधुनिक कवि घोषित करते हैं कि नया और आधुनिक कवि वही है जो कविता में नई संभावनाओं के अन्वेषण में सदा प्रयत्नशील हो-

**''याँ मैं कवि हूं, आधुनिक हूं, नया हूं,**
**काव्य-तत्व की खोज मे कहाँ नहीं गया हूं?''**[12]

टी.एस. इलियट 20वीं शाताब्दी के अंग्रेजी-साहित्य के सर्वश्रेष्ठ कवि एवं समीक्षक के रूप में ख्यात है। उन्होंने अपनी प्रतिभा, विद्वता एवं चिन्तन क्षमता के बल अंग्रेजी-समीक्षा को एक नयी दृष्टि और नयी दशा दी।

यद्यपि इलियट मूलतः कवि थे और उनकी कविताओं का 20वीं शताब्दी के काव्य में महत्वपूर्ण स्थान है, यहाँ हम इसकी चर्चा मुख्यतः आलोचक के रूप में कर रहे हैं। अतः आगे उनकी आलोचनात्मक कृतियों का ही विवरण प्रस्तुत किया जाता है। उन्होंने आलोचना के क्षेत्र में मुख्यतः निबन्ध, व्याख्यान (लिखित रूप में) एवं पुस्तक-समीक्षाएँ प्रस्तुत की, जिनकी संख्या लगभग 500 बतायी जाती है।

इलियट रूप में कोई समीक्षा सम्बन्धी ग्रन्थ नहीं लिखा और न ही किसी विशष साहित्य-सिद्धान्त का प्रतिपादन विधिवत् किया। उनके समीक्षा सम्बन्धी दृष्टिकोण एवं विचारों की अभिव्यक्ति अलग-अलग लेखों में विशृंखलित रूप में ही होती रही किन्तु फिर भी अपने दृष्टिकोण की नूतनता एवं विचारों की मौलिकता के कारण उन्होंने अपने युग के एक श्रेष्ठ समीक्षक का गौरव प्राप्त किया।

कला के प्रति इलियट का दृष्टिकोण अत्यन्त स्वतंत्रतावादी है। वे कला और साहित्य को जीवन एवं समाज में स्वतंत्र रूप में प्रतिष्ठित करना चाहते थे। इसीलिये वे ऐसे किसी भी विचार या मत को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं थे जो कि कला को धर्म, नैतिकता, राजनीति आदि के बन्धन में बाँधता हो। वे कला का मूल्यांकन शुद्ध कलात्मक मूल्यों के आधार पर करने के पक्षपाती थे—धार्मिक, नैतिक या राजनीतिक तत्वों के आधार पर उनका मूल्यांकन करना उन्हें स्वीकार्य नहीं था। वे 'यूज आफ पोइट्री एंड द यूज आफ क्रिटिसिज्म' में इसे स्पष्ट करते हुए लिखते हैं कि इस विश्व में कोई भी वस्तु दूसरी वस्तु की स्थानापन्न नहीं बन सकती।'' यह बात कला और धर्म पर भी लागू होती है। इसलिए वे कला को धर्म, अध्यात्म, दर्शन, नीति या राजनीति की स्थानापन्न बनाना या उनके तत्वों की अभिव्यक्ति का माध्यम बनाना उचित नहीं समझते थे।

दूसरे, यह कि कला हमें उस भय और चिन्ता से मुक्त करती है जिनसे आज का जीवन भयाक्रांत होकर असह्य दुःख भोग रहा है। जहाँ तक कला या कविता की उपयोगिता का प्रश्न है—इलियट का कथन है कि यह हमारी मानसिकता को विकसित एवं पुनर्जीवित

करती है, हमारे अपने आत्मतत्व का गहराई से बीच प्रदान करती है और साथ ही वह हमें मूल्यांकन के 'रूढ़िगत विधि-विधानों से मुक्त होने मे सहायता प्रदान करती है। इन सभी तथ्यों को स्वीकार करते हुए भी इलियट ने चेतावनी दी है कि इनके इन विचारों से यह न समझ लिया जाये कि वे 'कला कला के लिए' के सिद्धान्त के अनुयायी है। उनका लक्ष्य मानव-जीवन में कला और काव्य की प्रतिष्ठा स्वतंत्र रूप में करने का है। यहाँ 'कला कला के लिए' सिद्धान्त में मानव जीवन और कला के पारस्परिक सम्बन्धों को सर्वथा ठुकराया गया है, वहाँ इसके विपरीत इलियट यह सिद्ध करते हैं कि कला मानव जीवन के लिए एक स्वतंत्र इकाई के रूप में अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं उपयोगी है, यह दूसरी बात है कि उसका उपयोग स्थूल रूप में नहीं अपितु मानव-भावनाओं, वृत्तियों एवं प्रवृत्तियों के संशोधन एवं विकास की सूक्ष्म प्रक्रिया के रूप में है।

इलियट ने अपने कुछ लेखों में 'क्लासिक' काव्य की भी विस्तार से मीमांसा की है। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि हिन्दी में, 'क्लासिक' के पर्यायवाची के रूप में कुछ विद्वानों ने 'अभिजात' का तो कुछ ने 'शास्त्रीय' शब्द का प्रयोग किया है। हमारे विचार से ये दोनों ही शब्द के अर्थ को सम्यक् रूप में व्यक्त नहीं करते। जहाँ 'अभिजात' शब्द 'आभिजात्य' के गर्व का संकेत देता है, वहाँ 'शास्त्रीक' नियमों की रूढ़िवादिता को ध्वनित करता है। एसी स्थिति में या तो हमें 'क्लासिक' शब्द को ही अपना लेना चाहिए, अन्यथा हमारे विचार से 'परिनिष्ठित' शब्द पूर्व प्रचलित दोनों शब्दों की अपेक्षा 'क्लासिक' के अधिक निकट पड़ता है। जैसे हम आवश्यकतानुसार विभिन्न भाषाओं की शब्दावलियों को आत्मसात् करके हिन्दी की अभिव्यंजना शक्ति की अभिवृद्धि के पक्ष में है। अतः हम आगे 'क्लासिक' शब्द का ही प्रयोग करेंगे।

क्लासिक काव्य के लक्षणों की व्याख्या करते हुए इलियट ने स्पष्ट किया कि क्लासिक की अवधारणा किसी वाद-विशेष से जुडी हुई नहीं है। यदि एक शब्द में इसका लक्षण दिया जाये तो कहा जा सकता है— प्रौढ़ता (परिनिष्ठित) अतः क्लासिक रचना का अर्थ हुआ—प्रौढ़ या परिनिष्ठित।

'क्लासिक' का अर्थ प्रौढ़ता कर देने के अनन्तर एक नया प्रश्न उपस्थित होता है कि प्रौढ़ता अपने आप में क्या है। या प्रौढ़ता की पहचान क्या है? इलियट का उत्तर है—कोई भी कृति जब तक के विकसित एव उच्च आदर्शों के व्यक्त नहीं करती, वह प्रैाढ नहीं कहला सकती किन्तु ये उच्च आदर्श ऊपर से थोपे हुए नहीं होते वे काव्य कृति में महत्व स्वाभाविक रूप में संवारित होते हैं। काव्यगत प्रौढ़ता का मूल स्त्रोत क्या है ? इस प्रश्न का उत्तर देते हुए इलियट ने बताया कि कावय कृति में प्रौढ़ता कृतिकार के मस्तिष्क की प्रौढ़ता से आती है और कृतिकार का मस्तिष्क प्रौढ़ता प्राप्त करता है—अपने समाज से और समाज भी कोई ऐसा-वैसा नहीं, वह भी उक्त होना चाहिए, क्योंकि उन्नत मस्तिष्क के विकास के लिए उन्नत सामाजिक व्यवस्था होनी चाहिए। उन्नत मस्तिष्क की निर्मिति शून्य में नहीं होती अपितु विशिष्ट सामाजिक-ऐतिहासिक परिस्थितियों में होती है। अतः इलियट के मतानुसार अल्प-विकसित समाज में न तो प्रौढ़ मस्तिष्क का विकास हो सकता है और न ही उस स्थिति में किसी क्लासिक रचना का सृजन सभंव है। इस प्रकार इलियट ने क्लासिक की अवधारणा को मस्तिष्क की प्रौढ़ता से और मस्तिष्क की प्रौढ़ता को सामाजिक स्थितियों की प्रौढ़ता से सम्बद्ध करते हुए अप्रत्यक्ष रूप में इस तथ्य की ओर सकेत किया है कि एक महान् कृति का सृजन व्यक्तित्व के द्वारा एवं महान् व्यक्तित्व का आविर्भाव किसी महत्वपूर्ण समाज में ही संभव है।

इलियट के विचार से समीक्षक का कार्य बहुत ही उत्तरदायित्वपूर्ण है। अतः इसके लिए उसका व्यक्तित्व भी सुविकसित होना चाहिए। उसके लिए इतना ही पर्याप्त नहीं है कि वह कतिपय साहित्यक कृतियों का

अथवा साहित्यक तत्वों, मूज्यों या सिद्धान्तों का अध्ययन कर ले अपितु उसे उन विषयों का भी अपेक्षित रूप में ज्ञान होना चाहिए जो कि साहित्य से सम्बन्धित है, जैसे—दर्शन, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, मानवशास्त्र आदि। दूसरे शब्कें में, अपने युग की संस्कृति का भी सम्यक् बोध होना चाहिए जिससे कि वह समिक्षा कार्य के उत्तरदायित्व को सम्यक् रूप में वहन कर सके। निश्चय ही समीक्षा और समीक्षक का यह उच्च आदर्श न केवल अंग्रेजी समीक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने में योग देगा अपितु उन हिन्दी आलोचकों को भी सद्बुद्धि प्रदान कर सकेगा जो कि अपनी तुच्छ रचनाओं या अपने वर्ग एवं गुण विशेष की काव्यत्व शून्य रचनाओं के गुण-गान में ही अपनी प्रतिभा के अपव्यय में लगे हुए हैं।

## संदर्भ सूची

1. भारतीय पाश्चात्य काव्यशास्त्र—गणपति चन्द्र गुप्त।
2. अज्ञेय और उनका कविता संग्रह—आंगन के पार द्वार—अशोक तिवारी, हरीश प्रकाशन मन्दिर, आगरा 2011।
3. भारतीय काव्यशास्त्र—डॉ. तारक नाथ बाली, वाणी प्रकाशन, संस्करण 2002।
4. काव्यदर्पण—रामदहिन मिश्र।
5. डॉ तारकनाथ बाली—आलोचना : प्रकृति और परिवेश।

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 4 (OCT TO DEC., 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999
Paper Recieved : 1st Oct 22
Paper Accepted : 20th Oct 22

# ''हिन्दी साहित्य में आँचलिकता : उपन्यासों के विशेष संदर्भ में''

❑ अल्पना मिश्रा*

**शोध सारांश**

साहित्यकार का अपने समाज के प्रति महान उत्तरदायित्व होता है। क्योंकि सहित्यकार का दायित्व व्यक्ति और समाज से ही जुड़ा होता है। सामाजिक स्वरूप के निर्धारण में साहित्यकार की समष्टिगत दृष्टि ही काम करती हैं। क्योंकि साहित्यकार किसी व्यक्ति विशेष की अनुभूतियों का आकलन या लेखा-जोखा प्रस्तुत नहीं करता है, वह तो समस्त मानव जाति की अनुभूतियों को अभिव्यक्ति करता है। वह साहित्य से सामाजिक सरोकारों को जोड़ता है। और व्यक्ति को समाज के निकट लाता है। मानव-मन को व्यक्तिगत धरातल से उठाकर सामाजिक धरातल पर प्रतिष्ठित करना ही साहित्यकार का दायित्व है। यही उसका सामाजिक सरोकार है। सरोकार के विभिन्न स्वरूप है।

**मूल शब्द**—उपन्यास, आँचलिक, सांस्कृतिक, प्रगति, अवनति।

**व्याख्या**—आंचलिक रचनाओं को लिखकर हमारे साहित्यकारों ने अपनी धरती माता के समीप एक कदम और आगे बढ़ाया साथ ही उन्होंने अपने युग की प्रत्येक सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, राजनैतिक, आर्थिक आदि समस्याओं को गहराई से महसूस कर अपनी रचनाओं में रूपायित किया है। हिन्दी साहित्यकारों ने आँचलिकता पर अपनी विशेष कलम चलायी है, उन्होंने सांस्कृतिकता की दृष्टि से देश के अंचल विशेष की बहुआयामीय लोकमानव की लोक-संस्कृति को अभिव्यक्त किया और वहाँ के जन-जीवन की परंपराओं, रीति-रिवाजों व्रत-त्योहारों, लोक-प्रथाओं, लोक-मान्यताओं आदि की कलापूर्ण अभिव्यक्ति को अपने उपन्यासों का उद्देश्य बनाया है।

परिवेश की विशेषताएँ एवं परिस्थितियों को जितनी सिद्दत से हिन्दी के आंचलिक उपन्यासों में देखा गया है, वह किसी अन्य भाषा भाषी की कथा कल्पना में नहीं देखा जा सकता है। हिन्दी साहित्य की उपलब्धियाँ नगण्य नहीं हैं। हिन्दी उपन्यास की इस प्रशस्ति के पीछे सर्वधिक महत्वपूर्ण कथा यह है की इसमें स्वातन्त्रयोत्तर जीवन-यथार्थ का विशद् और बहु-आयामी चित्रण हुआ है।

इस दृष्टि से स्वातन्त्रयोत्तर औपन्यासिक कृतियाँ-मेला आँचल, झूठा सच, अमृत और विष, आधा गाँव, अपने लोग, राग दरबारी, बलचनमा, अलग-अलग वैतरणी आदि विश्व के स्तरीय उपन्यासों की तुलना में गौरव के साथ रखी जा सकती है। इनमें स्वतंत्र भारत

* अतिथि विद्वान, शासकीय ठाकुर रणमत सिंह विश्वविद्यालय, रीवा मध्यप्रदेश, मो. 7223849148
ई-मेल : aipanamishra60@gmail.com

की लगभग तीन दशकों की अर्थीक, सामाजिक, राजनीतिक एवं किसान जीवन की प्रगति और अवनति का समूचा इतिहास लिपिबद्ध है।

वास्तव में प्रेमचदोत्तर उपन्यासों में समकालीन राजनीति एवं समाज की व्यवस्था को कथानक का आधार बनाकर रचनाएँ लिखी हैं। इस युग में मनोविश्लेषणवादी, प्रगतिवादी, ऐतिहासिक, आँचलिक, तथा प्रयोगवादी उपन्यासों की रचना हुई है। सर्वप्रथम यह बात स्पष्ट है कि इस काल में सर्वाधिक सफल उपन्यास 'वैशाली की नगरवधु' को माना गया है। क्योंकि इसमें बौद्धयुगीन संस्कृति का भरपूर चित्रण है। अपने आप में इस युग के सभी उपन्यासों में देशकाल का संपूर्णरूप से विवेचन हुआ है।

मुख्यतः स्वतन्त्रयोत्तर हिन्दी उपन्यासों में आँचलिक उपन्यास एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। आँचलिक उपन्यासों में प्रवाह कम गतिशील होता है। इनका उद्देश्य आँचल विशेष के वातावरण की विशिष्टता का चित्रण होता है। आँचलिक कृतियों की प्रक्रित, भाषा, रीति-रिवाज सब मिलकर अपने आप में ही उद्देश्य बन जातें है। उनका आत्मीय विवरण ही ऐसा रंगीन हो जाता है। कि यथार्थवाद विषमता ओझल हो जाती है। ऐतिहासिक विकास अपेक्षाकृत महत्वहीन हो उठता है।

आंचलिक उपन्यासों का संबंध विशेषकर अंचल विशेष से होता है। इनमें एक खास तरह की अंचल की सभ्यता दृष्टिगत होती है, और संस्कृति की मुख्य झलक दिखाई देती है। इसमें स्थानीयता तथा क्षेत्रीयता को स्पष्टतः देखा जा सकता है, आंचलिक उपन्यासकारों के लेखन में-''विश्वास के साथ वहाँ के पात्रों, वहाँ की समस्याओं, वहाँ के संबंधों, वहाँ के प्राकृतिक और सामाजिक परिवेश के समग्र रूपों, परम्पराओं और प्रगतियों को अंकित कर सकता है क्योंकि उसने उन्हें अनुभूति में उतारा है।''[1]

पश्चिम के औपन्यासिक विकास में आँचलिकता के प्रवेश ने जिस प्रकार एक क्रांतिकारी भूमिका का निर्वाह किया, उसी प्रकार भारत में भी उपन्यास के क्षेत्र में आँचलिकता का प्रवेश एक महत्वपूर्ण भूमिका को निभाता हैं। आंचलिक चित्रण उपन्यासों में पूर्ववर्ती भी किसी न किसी रूप में विद्यमान अवश्य था, परंतु उसका विकास आधुनिक युग में ही सम्पन्न हो सका है।

कुछ आलोचक अयोध्या प्रसाद अरिऔंध कृत ठेठ हिन्दी का ठाठ, में आँचलिकता के बीज मानते हैं, लेकिन भाषागत विशिष्टता ही मिलती है। आचार्य नंददुलारे वाजपेयी ने उदयशंकर भट्ट और अमृतलाल नागर को आँचलिक का प्रादुर्भाव करने में अहमियत देते हैं।

इन रचनाओं में देहाती अंचल, वन्य अंचल, पहाड़ी अंचल आदि में जीवन और र्प्रकृति का बड़ा गहरा संबंध दिखायी पड़ता है। इसमें लेखकों ने जीवन की समस्याओं की अपेक्षा प्राकृतिक सौन्दर्य को बहुत खूबसूरत तरीके से परिलक्षित किया है।

आंचलिक उपन्यासों में नागार्जुन का ''बलचनामा'' उल्लेख्य है जिसमें मिथिला की संस्कृति का चित्रण हैं। ''वरूण के बेटे'' में भी संस्कृति की पूर्णतः अभिव्यक्ति हुई है। इसकी कथा मल्हारों की जीवनशैली पर आधारित है, यह रचना मानव की जिजीविषा और वर्ग-संघर्ष को उसकी पूर्णता के साथ प्रस्तुत करने में बहुत ही कुशलता प्राप्त की है। वैसे भी ''रेणु'' का नाम आंचलिक लेखकों में महत्वपूर्ण रूप से लिया जाता है।

पूर्णिया के अंचल को बहुत ही बखूबी उन्होंने चित्रित किया है, आंचलिकता के दर्शन इन रचनाओं में ऐसे हुए कि समयानुकूल जब परिस्थितियों में बदलाव आया तो जमींदारी का राज धीरे-धीरे खत्म हुआ लेकिन उनके रूतबे में उस जमींदारी की छाप दिखाई देती रही हैं। किन्तु उनकी समस्या यहाँ समाप्त नहीं हुई इनके लिए शोषण फिर सामन्तों के द्वारा होने लगा।

साहित्यकारों ने इन समस्याओं को अपने लेखन में काफी क्रोध और मलाल के साथ उसे प्रस्तुत किया है। डॉ. सुरेश सिन्हा का कथन यहाँ स्पष्टतः प्रस्तुत करना चाहेंगे—''स्वतंत्रता के बाद हिन्दी उपन्यासों की

गति में तीव्रता के साथ परिवर्तन हुआ है और उसके स्वरूप में नयी प्रवत्तियों का समाहार हुआ है। अब तक उसने मानवीय और कलात्मक सार्थकता के साथ अपनी यात्रा आरंभ और पूरी की है।''[2]

दरअसल गांवों की परम्परा पर आधारित रचनाओं में मुख्यतः कुछ रचनाओं के नाम यहाँ देना चाहेंगे 'आधा गाँव'(राही मासूम रजा), 'अलग-अलग वैतरणी' (शिव प्रसाद सिंह), 'पानी के प्राचीर' तथा 'जल टूटता हुआ' (रामदरश मिश्र), 'रथ के पहिए' (हिमांशु श्रीवास्तव), राजेन्द्र अवस्थी का 'जंगल के फूल' आदिवासी पर आधारित है, विवेकी राय का 'बबूल' सच्चिदानन्द सिंह का धूमकेतु, उदय राज सिंह का 'अंधेरे के विरुद्ध' आदि आंचलिक उपन्यासों में गिने जाते हैं। हिन्दी में आंचलिक उपन्यासों के प्रादुर्भाव को लेकर विद्वानों में काफी मतभेद हे। डॉ. बदरीदास मन्न द्विवेदी गजपुरी के रामलाल, से आंचलिकता की शुरूआत को माना जाता है। आजादी के बाद भूमि-व्यवस्था की त्रुटियों, आपसी झगड़ों, आंतरिक कलह, धार्मिक पाखण्डों, राजनीतिक भ्रष्टाचारों आदि का पर्दाफाश करने का सफलतम प्रयास किया है।''[3]

मैला आंचल, परती परिकथा, में ग्राम्यांचल के जितने विशद् चित्रण इतनी कुशलता से हुआ है कि किसी अन्य रचना में नहीं हुआ है इनमें छोटी-छोटी घटनाओं, लोक कथाओं, रीति-रिवाजों नैतिक अवधारणाओं तथा सभ्यता और संस्कृति का विस्तृत वर्णन प्रस्तुत किया है। सच तो यह है कि आधुनिक हिन्दी आँचलिक उपन्यास का प्रथम प्रवर्तन प्रायः नागार्जुन को ही कहा जाता है, पर उससे पहले भी कुछ उपन्यासकार हुए हैं जिनकी रचनाएँ हिन्दी के आंचलिक रचनाओं में प्रमुखत से ली गयी हैं।

फणीश्वरनाथ रेणु कृत 'मैला आँचल' जिसको आँचलिक उपन्यासों की यात्रा का संभावनापूर्ण प्रारंभ हैं। इसने नई तरह की आंचलिक दिशा एवं व्यावस्था को दर्शाया है, इसमें सन् 1946 से 1948 तक का आँचलिक वातावरण है। इसके अलावा इन्ही की रचना 'दीर्घतपा' में भी आँचलिक वातायन वाला दृश्य संचित है।

आँचलिक हिन्दी उपन्यासों में नागार्जुन का 'रतिनाथ की चाची', 'बलचनामा' भी कहा गया है। उनकी औपन्यासिक कृतियों का आँचलिक परिवेश, बिहार के दरभंगा जिले की ग्रामीण छवियों तक ही सीमित रहा। एक तरह से कहा जाय तो उनके सभी उपन्यास में समान आँचलिक एकता के दर्शन होते हैं। आंचलिक उपन्यासों में उनका 'नई पौध', बाबा बटेसरनाथ, दुखमोचन, वरूण के बेटे, आदि उनकी आँचलिक रचनाएँ हैं।

श्री रांगेव राघव का 'बैर' नामक ग्राम को आधार बनाकर अपना प्रख्यात उपन्यास 'कब तक पुकारूँ' लिखा जो जिसकी गणना हिन्दी के आंचलिक उपन्यासों में सर्वश्रेष्ठ रूप से गिना जाता है। इनका 'धरती मेरा घर' सन् 1961 में लिखा गया जो कि आँचलिक उपन्यासों में आता है। बांकी 'रमोला', 'महू', जहाँगीरपुर', बरोठा, काका, उपन्यास भी आंचलिक है इसमें मथुरा का जन जीवन चित्रित है। श्री उदयशंकर भट्ट को भी हिन्दी के आँचलिक उपन्यासकारों में ये अपनी रचनाओं के लिए जाने जाते हैं। 'सागर लहरें और मनुष्य', 1956, शेष अशेष, 1960, उपन्यास में कुछ आंचलिक विशेषताएँ पायी जाती है। उनका अंतिम उपन्यास 'दो अध्याय' था जिसको एक नाम 'उत्तराधिकार' भी दिया गया है। सागर लहरें और मनुष्य, में मुम्बई के निकट की बरसोवा नामक मछुआरों एवं मल्लाहों की बस्तियों एवं उनके जीवन का चित्रण हुआ है।

देवेन्द्र सत्यार्थी हिन्दी में पर्यटक लोक साहित्य संकलनकार, उपन्यासकार के रूप में आते हैं। ब्रह्मपुत्र में पहाड़ियों के अंचल में भारत की कुछ आदिवासी समाज की दिनचर्या का विवरण है। विशेषकर आँचलिक उपन्यास में 'कठपुतली' कथा कहो उर्वशी, ये दो रचनाएँ अंचल विशेष पर आधारित हैं।

सन् 1956 में श्री भैरवप्रसाद गुप्त ने 'सती मैया का चैरा', और गंगा मैया-1959 में दो आंचलिक उपन्यासों को रचा। इसमें पहले वाले में तीन पीढ़ियों का जीवन संघर्ष अंकित है तथा दूसरे में रीति-नीति एवं जीवन संघर्षों को दिखाया गया है।

रामदरश मिश्र का 'पानी के प्राचीर' 1961, इस उपन्यास का कथा विन्यास आँचलिकता के गाढ़े रंग में रंगा हुआ है। इसमें अंचल के दुख दर्द, प्राकृतिक आपदाओं, बाढ़ प्रकोप, गरीबी, शोषण, आदि को लेकर यह लिखा गया है। 'जल टूटता हुआ' में अंचल के तिवारीपुर गाँव की धरती की बेचैनी, बेबसी, उसकी सुन्दरता को छवि को प्रभावात्मक चित्र प्रस्तुत किया।

सूरज किरन की छाँव, जंगल का फूल, राजेन्द्र अवस्थी की रचना है, आंचलिक रचनाओं का उनका कुछ विशेष तथ्य है, जो कि आदिवासियों के जीवन पर ही आधारित है। श्री बलभद्र ठाकुर इन्होंने हिमालय जीवन और वहां की प्रकृति की रम्य पृष्ठभूमि में उपन्यासों की रचनाएँ है। घने और बने, आदित्यनाथ, नेपाल की बेटी, आदि इनके उपन्यास हैं।

राही मासूम रजा के आधा गाँव, में उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के अंचल गंगोली की शिया मुसलमानों का चित्रण है। शिवप्रसाद सिंह का उपन्यास 'अलग-अलग वैतरणी', अपने कथा को करैता ग्रामाँचल को अपनी समग्रता में उभारने में सफल हुआ है। यह भोजपुरी संस्कृति का आइना है।

इसके अलावा 'राग दरबारी' श्रीलाल शुक्ल का उपन्यास जिसमें आँचलिकता के तत्वों के साथ विवेचित किया। अमृतलाल नागर का 'बूँद और समुद्र' शहराती अंचल लखनऊ पर विशेष है। मोहन राकेश का 'अंधेरे बन्द कमरे', का आंचलिक आधार नई दिल्ली है। सुरेन्द्र पाल के 'लोक लाज खोई, का अंचल उत्तरप्रदेश है। मनहर चैहान के 'हिरना साँवरी' में लोकजीवन को दर्शाया गया है।

यह प्रवृत्ति जहाँ विदेशी साहित्य से प्रेरित और पोषित है, वहीं स्वातंत्र्योत्तर भारत के बदले हुए परिवेश का दबाव भी इसके उदय के मूल में है। हिन्दी मे आँचलिक उपन्यासों के प्रादुर्भाव के पीछे कोई एक विशेष कारण पूर्ण रूप से रेखांकित नहीं किया जा सकता।

वास्तव में उदयशंकर भट्ट का 'सागर लहरें और मनुष्य' रांगेव राघव का 'कब तक पुकारूं' जरामय नटों के जीवन पर आधारित है, लेखक के अनुसार—"इन जातियों की कोई नैतिकता नहीं होती। इनके मर्द औरत को वेश्या बनाकर उसके द्वारा धन कमाते हैं। ज्यादातर ये लोग चोरी करते हैं, इनकी औरतें डोमिनियों की तरह नाचती हैं। ऊँची जाति के लोग अक्सर डोमिनियों से नाजायज ताल्लुक रखते हैं पर डोमिनियाँ यह बात अपने पति को नहीं मालूम होने देतीं।"[4]

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् जिन आँचलिक उपन्यासों की रचना की गई हैं, जिसमें आंचलिक उपन्यासों में नागार्जुन की रचनाओं को अधिकाधिक स्थान मिला है। अतः उनकी आंचलिक कृतियों की समकालीन आँचलिक रचनाओं का परिचय देने की भी कुछ संक्षेप में आवश्यकता है। पत्थर अल्पत्थर, आठवीं भांवर, कोहबर की शर्त, बया का घोंसला, सफेद मेमने, कश्मीर की धरती में, माटी की महक, हिरना सांवरी, गाँव की पेटी, अकाल पुरूष, गरीबी से आगे, विकल्प आदि रचनाएं हैं जो आँचलिकता का वृहद स्वरूप विस्तृत करता है।

वास्तव में आँचलिकता के दौर में ऐसे अनेक लेखक उभरे जो आँचलिकता के मूल तत्वों का शोषण करते हुए इस विधा को मात्र फैशन लेकर उसको उचित स्वरूप नही दे पाते हैं। हालाकि आंचलिक उपन्यास साहित्य के विविध प्रयासों में अपनी एक विशिष्ट पहचान अब भी स्थापित किये हुए है।

**निष्कर्ष**—वर्तमान समय में मुख्य समस्याएँ जाति-भेद वर्ग-भेद और सम्प्रदाय-भेद वे हानिकारक संकीर्णताएँ हैं जो दीमक की तरह भारतीय जीवन और चेतना को

भीतर ही भीतर खोखला करती जा रही हैं। उपन्यासकारों ने स्वतन्त्रता के बाद भी इन दीमकों को सक्रिय देखकर उनके उन्मूलन के लिए वैचारिक वातावरण बनाने मे बहुत योगदान दिया है। मानव और मानव के बीच कुल, सम्पति और धर्म के आधार पर विभाजन से जो हानि हुई है उससे उपन्यासकार पूर्णतया अवगत हैं। आंचलिक उपन्यास अपनी अनुभव संपदा, वैचारिक दृष्टि एवं नये शिल्प के कारण कथा साहित्य की अमूल्य निधि ठहरते हैं, जिन्होंने भारतीय साहित्य एवं सांस्कृतिक एकता के सूत्रों को अन्वेषित किया है। आँचलिकता केवल हिन्दी उपन्यास की नहीं, समूचे भारतीय साहित्य की उल्लेखनीय प्रवृत्ति है।

## संदर्भ सूची


1. हिन्दी के प्राचीन और आधुनिक कवि—डॉ. सत्येन्द्र कुमार सिंह, हिन्दी साहित्य भण्डार, लखनऊ 1981
2. समकालीन कविता की प्रमुख प्रवृत्तियाँ—डॉ. नगेन्द्र, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली, संस्करण 1966
3. काव्य गुणों का शास्त्रीय विवेचन—डॉ. शोभाकान्त मिश्र, बिहार हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, 1972
4. हिन्दी साहित्य का इतिहास—आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, राजकमल पेपरबैक्स, संस्करण 1998
5. समकालीन कविता एवं मूल्यांकन—विश्वंभर मालव, लोकभारती प्रकाशन 1970
6. साठोत्तरी हिन्दी कविता में लोक सौन्दर्य—श्री प्रकाश शुक्ल, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद संस्करण

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 4 (OCT TO DEC., 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed
International Multifocal
Research Journal
IMPACT-FACTOR
SJIF - 5.999
Paper Recieved : 1st Oct 22 Paper Accepted : 10th Oct 22

# ''विश्व में रामचरितमानस एवं मानवीय परिकल्पना''

❑ उपेन्द्र कुमार सिंह*
❑ डॉ. रामलला शर्मा**

## शोध सारांश

''वाल्मीकि'' जी ने अपने काव्य का नायक चुना मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचन्द्र जी को और उनके चरित्र का इतनी विशालता और व्यापकता के साथ और इतने आकर्षक स्वरों में गायन किया कि देखते-देखते वह संगीत, अकिंचन की कुटिया से राज-भवनों तक व्यापक हो गया। वह भारत में ही सीमित न रह कर संसार के दिग्विजय के लिए भी निकल पड़ा। शायद ही भारत का कोई प्रदेश या विश्व का ऐसा कोई सभ्य देश न होगा, जहाँ मूल अथवा अनुवाद के रूप में वाल्मीकीय रामायण अब तक न पहुँच पाई हो। यह भारत लिए सबसे बड़े गौरव की बात है। कवि-कुलगुरु कालिदास तक ने कहा है जिसका आहत क्रौंच पक्षी के लिए उमड़ा हुआ कारुण्य भी श्लोक के रूप में निकल पड़ा, उस आदि कवि का नाम था ''वाल्मीकि''।

''रामचरितमानस'' के प्रारम्भ में ही तुलसीदास जी ने अपना एक आदर्श प्रस्तुत किया, जिसके आधार पर कवि ने समाज और व्यक्ति के जीवन के हर अंग को समेटा है और सहेजा है। जब हम रामकथा की बात करते हैं तो रामायण और रामचरित मानस तुरंत हमारे सामने आते हैं। क्योंकि इसके सातों कांडों में जीवन के विभिन्न स्तर पर होने वाले क्रिया-कलापों का आदर्श रूप प्रस्तुत किया है। ''बालकाण्ड'' में राम-लक्ष्मण-भरत-शत्रुघ्न के बाल स्वरूप का जो वर्णन है जैसे- घुटनों के बल चलना, मुँह में खाना लपेटना, कौए की परछाई को देखकर उसके पीछे भागना, माताओं का यह सब देखकर खुश होना, यह सब एक सामान्य सी बातें हैं, पर आज हम अपनी सांस्कृतिक चेतना को त्यागकर भौतिकता के पीछे भाग रहे हैं। आज क्या ये वात्सल्य भरा दृश्य माताएँ महसूस कर पा रही हैं। नहीं। आज हम बच्चों को मोबाईल और कम्प्युटर पकड़ा कर अनजाने में एक मशीनी संस्कार उसके अन्दर डाल देते हैं। वह उस खिलौने से सिर्फ खेलता ही नहीं वरन संस्कारित भी होता है परिणामतः संवेदनाएँ और कोमल भावनाओं का लोप हो जाता है।

**मूल शब्द**—रामचरित मानस, राम, कैकयी, माता, रामकथा।

* शोधार्थी (हिन्दी), अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.), मो. 9893931639

** शोध निर्देशक, प्राध्यापक एवं विभागध्यक्ष (हिन्दी), संजय गांधी स्मृति शा. स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जिला सीधी (म.प्र.)

संस्कृत युग के बाद और अपभ्रंश के युगों में भी रामकथा पर अनेकों ग्रंथों की रचना हुई हैं, विमलदेव सूरि का पउम चरियं, स्वयंभूदेव का पउम चरितंम, पुष्पदंत का महापुराण रघू कृत पद्म पुराण, आदि के नाम इस संबंध में लिए जा सकते हैं। तदनन्तर प्रचलित प्रांतों की अपनी-अपनी भाषाओं में रामकथा अथवा रामायण का विपुल साहित्य निर्मित हुआ। तमिल भाषा में कम्ब रामायण का निर्माण ईसा की बारहवीं शताब्दि में हुआ।

"अयोध्याकाण्ड" में रामचंद्र जी को वनवास मिलने पर कौशल्या किसी प्रकार कुंठित नहीं होती, वह कैकयी से कुछ भी नहीं कहतीं, बस भवितव्यता मानकर धैर्य से सब ग्रहण करती हैं। श्री राम भी माता कैकयी के प्रति कोई दुर्भावना नहीं रखते हैं और पिता के दुखभरे वचन सुनकर कहते हैं-

**"सुनु जननी सोई सुत बड़भागी। जो पितु मातु वचन अनुरागी॥"**

**"तनय मातु-पितु तोष निहारा दुर्लभ जननी सकल संसारा॥"**

ये भावना आज कहाँ लोप हो गयी है। भाई से भाई का अद्वितीय प्रेम रामकथा में हो मिलता हैं। बड़े भाई की सेवा करना, यह संस्कार हमें रामकथा के अलावा कहीं नहीं मिलता। इसका सुन्दर उदाहरण देखिये, लक्ष्मण को सुमित्रा उपदेश देते हुए कहती हैं—

**"सकल प्रकार विकार विहाई। मन क्रम वचन करेह सेवकाई॥**

**जेहि न राम वन लहहि कलेस्। सुत सोई करेहु इहहि उपदेसू॥"**

इस समय ज्ञान-मार्ग या कहें कठोर कर्ममार्ग था, जो लोगों को सध नहीं पा रहा था, इसलिए उन्होंने प्रांजल-भक्ति को हमारे सामने रखा। इस मार्ग को कोटि-कोटि मानवों को गहराई से प्रभावित किया। तुलसीदास जी का यह एक बड़ा महत्वपूर्ण काम था, और वह था अपनी जन-भाषा को महत्व प्रदान करना। ईसवी चैथी शती से लेकर सोलहवीं शती तक संस्कृत हमारे देश की भाषा रही है। इससे पहले हमारे यहाँ वैदिक भाषा राष्ट्रभाषा थी। उसके बाद पाणिनीय संस्कृत हमारी राष्ट्रभाषा रही। गुप्तवंशी सम्राट ने संस्कृत को पूरे देश की राष्ट्रभाषा बनाया। उसके बाद तुलसी के द्वारा हिन्दी को वस्तुतः राष्ट्रभाषा का पद दिया गया। यद्यपि वे संस्कृत भाषा के प्रकाण्ड पंडित थे। उन्होंने रामचरित मानस में संस्कृत का सीमित प्रयोग किया और जनभाषा को अधिक स्थान देते हुए उसे गौरव प्रदान किया।

वे राज दरबारी कवि नहीं थे। शायद होते तो वे निर्भीकता के साथ लिख नहीं पाते और एक जीवन-दर्शन का जो निर्माण उन्होंने करना चाहा था, शायद ही कर पाते। उन्होंने निर्भीकता के साथ भारतीय संस्कृति को सामने रखा। यह वह संस्कृति थी जिसे हम प्राचीन काल से पाते हैं। भारतीय संस्कृति के जिस व्यापक रूप को गोस्वामीजी ने विवेचना के लिए चुना उसमें राम के चरित्र को ही क्यों अपनी लेखनी का माध्यम बनाया? वे किसी प्राकृत जन को ले सकते थे या फिर भगवान के किसी और स्वरूप को ले सकते थे, लेकिन उन्होंने राम को ग्रहण किया क्योंकि वे मर्यादा पुरुषोत्तम थे। तुलसीदास जी ने इसे युक्तिसंगत समझा और रामचरित को ही संस्कृति की व्याख्या-हेतु माध्यम बनाया। यहाँ और यह समझने की जरूरत है कि श्रीकृष्ण जी का चरित अत्यन्त ही दुरूह है।

अतः तुलसीदासजी को राम का उदात्त लोक-संग्राहक रूप विशेष रूप से भाया। उन्होंने देखा कि राम, पुरुषोत्तम होते हुए भी आदर्श जीवन दर्शन के लिए सबसे अधिक उपयुक्त हैं। उन्होंने स्वयं देखा भी कि राम-चरित ने न केवल भारत में ही अपना प्रभाव जमा लिया था बल्कि भारत के बाहर भी दक्षिण-पूर्व एशिया के अनेक देशों में रामकथाएँ अनेक रूपों में प्रचलित हो चुकी थी।

भारतीय संस्कृति की झाँकी जो लोकरंजक कथा के माध्यम से हमारे बीच आयी, उसका जनमानस ने पुरजोर स्वागत किया। उन्होंने वर्णाश्रम तथा अन्य भारतीय पारम्परिक व्यवस्थाओं के आधार पर, जो देशकाल के अनुरूप थी, संस्कृति को हमारे सामने रखा। इसमें प्रजा के क्या कर्तव्य होने चाहिए, राजा के क्या कर्तव्य होने चाहिए और राजधर्म क्या होना चाहिए, समाज की व्यवस्था किस प्रकार की होनी चाहिए, जनहित की

भावनाओं को किस प्रकार पोषित किया जाना चाहिए, इस पर विस्तार से प्रकाश डाला। आपका यह एक अति महत्वपूर्ण कार्य था।

इंडोनेशिया विश्व का एक छोटा सा देश है जिसमें दुनिया के सबसे ज्यादा मुस्लिम इंडोनेशिया में ही रहते हैं। इंडोनेशिया के लोग ''रामायण'' के दीवाने हैं। यहाँ रचित रामायण का नाम ककबिनरामायण है, यहाँ के लोग भगवान राम की एक महान इंसान के रूप में पूजते है। इस देश की कुल आबादी लगभग 23 करोड़ है और यहाँ की कुल आबादी के तकरीबन 90 प्रतिशत मुस्लिम हैं.. जैसे कि हमारे भारत में राम की नगरी अयोध्या है। ठीक उसी तरह से इंडोनेशियाई भी एक जगह राम की नगरी है जिसे योग्या के नाम से जाना जाता है। जैसा कि हमारे देश हिन्दुओं में रामायण के प्रति काफी आस्था है और लोग काफी श्रद्धा से इसपर विश्वास करते हैं। वैसे ही इंडोनेशिया के जो लोग हैं उन्हें भी रामायण में काफी आस्था है और यहाँ के लोग राम को एक महान राजा के रूप में मानते हैं। भारत लोग जो आदिकवि ऋषि वाल्मीकि द्वारा रचित संस्कृत भाषा में लिखी गयी रामायण को मानते हैं। वैसे ही इंडोनेशिया के मुस्लिम लोग कावी भाषा में लिखी सेरतराम, सेरत कांड, राम केलिंग रामायण को मानते हैं।

आधुनिक समीक्षक रामकथा लिखे जाने के समय का निर्धारण अलग-अलग बतलाते है, लेकिन ''वाल्मीकि'' रामायण के सप्तचत्वारिश सर्ग के श्लोक क्रमांक 15 को मैं यहाँ उल्लेखित करना चाहँगा। यह प्रसंग तब का है जब माता सीता लोकापवाद की धुंध में घिरी हुई थीं। रामजी की आज्ञा से लक्ष्मण उन्हें वाल्मीकी जी के आश्रम में छोड़ आने की आज्ञा देते हैं. गंगा तट पर महर्षि के आश्रम के निकट पहुँचकर लक्ष्मण सीताजी से कहते हैं- ''शुभे! यह रहा गंगाजी के तट पर ब्रह्म महर्षियों का पवित्र एवं रमणीय तपोवन। आप विषाद न करें।'' वे आगे यह भी कहते हैं।...''राज्ञो दशरथस्यैव पितुर्मे मुनिपंगवः सखा परमको विप्रो वाल्मीकिः सुमहायशाः पादच्छायामुपागम्य सुखमस्य महात्मनः उपवासपरैकाग्ना वस त्वं जनकात्मजे।'' अर्थात यहाँ मेरे पिता राजा दशरथ के घनिष्ट मित्र महायशस्वी ब्रह्मर्षि मुनिवर वाल्मीकि रहते हैं, आप उन्हीं महात्मा के चरण की छाया का आश्रय ले यहाँ सुखपूर्वक रहें। जनकात्मजे! आप यहाँ उपवास परायण और एकाग्र हो निवास करें। इसी आश्रम में सुखपूर्वक रहते हुए सीताजी ने दो पुत्रों को जन्म दिया। ''यामेव रात्रि शत्रुघ्न पर्णशाला समाविशत तामेव रात्रिं सीतापि प्रसूता दारकद्वयम'' अर्थात जिस रात को शत्रुघ्न ने पर्णशाला में प्रवेश किया था, उसी रात में सीता जी ने दो पुत्रों को जन्म दिया। इतना ही नहीं इन दो राजकुमारों ने राजा राम के दरबार में रामचरित का गान सुनाया, जिसे सुनकर राजदरबारियों सहित श्रीरामजी को भी आश्चर्य हुआ था। चतुर्नवतितम सर्ग के श्लोक क्रमांक 1-तां स शुश्राव काकुत्स्थः पूर्वाचार्यविनिर्मिताम आपूर्वा पाठ्यजातिं च गेयेन समलं ताम। अर्थात श्रीरघुनाथजी ने वह गान सुना, जो पूर्ववर्ती आचार्यों के बताए हुए नियमों के अनुकूल था। संगीत की विशेषताओं से युक्त स्वरों के अलापने की अपूर्व शैली थी। उपरोक्त तथ्यों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि महर्षि वाल्मीकि जी श्री रामजी के समकालीन थे उन्होंने वही लिखा जो वे अपनी आँखों देख रहे थे।

इस रामकथा ने इतना विस्तार पा लिया था कि लोग कह उठे थे कि वह काव्य नहीं जिसमें रामकथा न हो, वह पुराण नहीं जिसमें रामकथा न हो, वह इतिहास नहीं जिसमें रामकथा न हो और वह संहिता नहीं जिसमें रामकथा न हो। ''न तद काव्यं नहि यत्र रामः न तत पुराणं नहि यत्र राम न चेतिहासो नहि यत्र रामः, न यत्र रामो नहि संहिता सा''।

इस प्रकार धार्मिक साहित्य और ललित साहित्य दोनों ही क्षेत्रों में रामकथा गायी और लिखी गयी। रामतापयोपनिषद, रामरहस्योपनिषद, मुक्तिकोपनिषद, हरिवंशपुराण, विष्णु पुराण, भुशुण्डिरामायण, सत्योपाख्यान सदृश धार्मिक ग्रंथों में और रघुवंश, भट्टिकाव्य, रामलिंगामृत, प्रतिमा नाटक, महावीर चरित, उत्तररामचरित, अनर्घराघवम, बालरामायण, हनुमन्नाटक, आश्चर्य चूड़ामणि, प्रसन्नराघव, उन्मत्त राघव, प्रभृति लालित साहित्य के ग्रंथों में सुसंस्कृत भाषा से संबद्ध होकर रामकथा राम-साहित्य का विस्तार कर रही है।

आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि इंडोनेशिया में नौसेना अध्यक्ष को 'लक्ष्मण कहा जाता है। साथ ही यहाँ के लोग माँ सीता को 'सिंता' और भगवान् श्री हनुमान को 'अनोमान' के नाम से पूजते है। इंडोनेशिया में तो भगवान् हनुमान सबसे ज्यादा ही लोकप्रिय हैं। जब यहाँ के लोग बड़ी संख्या में देश की राजधानी जकार्ता में सड़कों पर आजादी का जश्न मनाते हैं, उस वक्त हनुमान जी के रूप को लेकर परेड में सम्मिलित होते हैं।

इस देश में रामायण का इतना गहरा प्रभाव है कि यहाँ की सारी संस्कृति ही रामायण की पारम्परिक श्रद्धा से जुड़ी हुई है, साथ ही इस देश के कई जगहों में रामायण के अवशेष भी मिले हैं तथा रामकथा की नक्काशी वाले पत्थर भी यहाँ मिलते हैं। इसी तरह तिब्बत में तिब्बती रामायण, पूर्वी तुर्किस्तान की खोतानीरामायण, जावा का सेरतराम, सैरीराम, रामकेलिंग, पातानीरामकथा, इण्डोचायना की रामकेर्ति (रामकीर्ति), खमैररामायण, नेपाल के भक्त कवि की ष्भानुभक्त रामायणष्। कंबोडिया की रामकर, पूर्वी तुर्किस्तान की खतानी रामायण, जावा की सेरतराम, सरीराम, राकेलिण्ग, पातानीरामकथा, बर्मा की यूतोकी रामायण, रामवत्थु तथा महा राम रामायण। कंप्युचिया के अनेक शिलालेखों में रामकथा उकेरी गई है। वियतनाम के एक प्राचीन शिलालेख में वाल्मीकि जी के मन्दिर का उल्लेख मिलता है, किंतु रामकथाएँ लोककथाओं के रूप में कही-सुनी जाती है। लाओस की संस्कृति पर भारतीयता की गहरी छाप है। परलाम (रामजातक), खाय थोरपी, ब्रहमचक्र और लंका नोई राम कथा पर आधारित चार रचनाएं उपलब्ध हैं। थाईलैंड का रामकथा साहित्य बहुत समृद्ध है। रामकथा पर आधारित निम्नांकित प्रमुख रचनाएँ वहाँ उपलब्ध हैं—(1) तासकिन रामायण, (2) सम्राट राम प्रथम की रामायण, (3) सम्राट राम द्वितीय की रामायण, (4) सम्राट राम चतुर्थकीरामायण (पद्यात्मक), (5) सम्राट रामचतुर्थ की रामायण (संवादात्मक), (6) सम्राट राम षष्ठ की रामायण (गीतिसंवादात्मक) । आधुनिक खोजों के अनुसार वर्मा में रामकथा साहित्य की 15 रचनाओं का पता चला है जिनमें रामवत्थु प्राचीनतम कृति है। मलयेशिया में रामकथा से संबद्ध चार रचनाएँ उपलब्ध है—(1) हिकायत सेरी राम, (2) सेरी राम, (3) पातानी रामकथा और (4) हिकायत महाराज रावण। फिलिपींस की रचना महालादिया लावन का स्वरूप रामकथा से बहुत मिलता-जुलता है, किंतु इसका कथ्य बिल्कुल विकृत हैं।

चीन में रामकथा बौद्ध जातकों के माध्यम से पहुँची थी। वहाँ अनामक जातक और दशरथ कथानम का क्रमशरू तीसरी और पाँचव शताब्दी में अनुवाद किया गया था। दोनों रचनाओं के चीनी अनुवाद तो उपलब्ध हैं, किंतु जिन रचनाओं का चीनी अनुवाद किया गया था, वे अनुपलब्ध हैं। तिब्बती रामायण की छह पांडुलिपियाँ तुन-हुआन नामक स्थल से प्राप्त हुई हैं। इनके अतिरिक्त वहाँ राम कथा पर आधारित दमर-स्टोन तथा संघ श्री विरचित दो अन्य रचनाएँ। एशिया के पश्चिमोत्तर सीमा पर स्थित तुर्किस्तान के पूर्वी भाग को खोतान कहा जाता है। इस क्षेत्र की भाषा खोतानी है।

खोतानी रामायण की प्रति पेरिस पांडुलिपि संग्रहालय से प्राप्त हुई है। इस पर तिब्बत्ती रामायण का प्रभाव परिलक्षित होता है। चीन के उत्तर-पश्चिम में स्थित मंगोलिया में राम कथा पर आधारित जीवक जातक नामक रचना है। इसके अतिरिक्त वहाँ तीन अन्य रचनाएँ भी हैं जिनमें रामचरित का विवरण मिलता है। जापान के एक लोकप्रिय कथा संग्रह होबुत्सुशु में संक्षिप्त रामकथा संकलित है। इसके अतिरिक्त वहाँ अंधमुनिपुत्रवध की कथा भी है। श्री लंका में कुमार दास के द्वारा संस्कृत में जान की हरण की रचना हुई थी। वहाँ सिंहली भाषा में भी एक रचना है, मलयराजकथाव। नेपाल में रामकथा पर आधारित अनेकानेक रचनाएँ जिनमें भानुभक्त कृत रामायण सर्वाधिक लोकप्रिय है। सम्राट अकबर ने सन् 1588 में रामायण का अनुवाद फारसी में करवाया था, जो आज जयपुर में संग्रहालय में सुरक्षित रूप से रखी हुई है। इसमें 176 चित्र बनाए गए हैं। इसी के साथ कतर के दोहा में भी मुगल रामायण है जो अकबर की माँ हमीदा बानु बेगम नें बनवाई थी।

इस तरह हम देखते हैं कि वालमीकि जी ने अपने ''रामायण'' ग्रंथ के प्रभाव से संसार को एक अत्यंत ही आकर्षक महापुरुष और एक अत्यन्त ही योग्य परिवार मिला। संत कवि तुलसीदास जी ने अपने ''मानस-ग्रंथ'' के प्रभाव से उस आकर्षक महापुरुष को जन-जन का इष्ट देव बना दिया। उनके राम न केवल कुटियों से राजमहल तक, आबाल-वृद्ध- वनिता सबमें रम गए। जिन लोगों ने रामकथा का साहित्य रचने हेतु कलाम उठाई वे राम के लोक-रंजक रूप पर नहीं किंतु लोकरक्षक के रूप पर ही अधिक आकृष्ट हुए।

मैं यहाँ तीन अलग अलग भाषाओं में लिखी रामकथा पर चर्चा करके इस बात पर बल देना चाहती हूँ कि धर्म भाषा के माध्यम से विकसित होता है और आदि ग्रन्थ ने मानवीयता के जिस ष् मार्ग को प्रशस्त किया, भाषाओं के परिवर्तन और सहज प्रवाह से उस मार्ग का विकास जिसके आधार पर है। एक प्रश्न यह भी है कि राम को विष्णु के अवतार के रूप में देखा जाता है और ईश्वर हर युग में अवतार लेता है तो क्या राम कथा कभी समाप्त हो सकती है? राम कथा के विकास के रूप में महाभारत का अध्ययन प्रस्तावित किया जाता है जो युग परिवर्तन का ही द्योतक नहीं है बल्कि राम को कृष्ण के रूप में देखने की दृष्टि भी प्रदान करता है। इस आधार पर इस मानवीय विश्वास की रक्षा होती है कि—

**यदा यदा ही धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।**
**अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।**
**परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्।**
**धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे।।**

25 जनवरी 1987 का दिन विशेष था क्योंकि टीवी पर रामायण धारावाहिक का प्रसारण आरम्भ हुआ। एक ऐसे काल में जब टीवी बहुत अधिक घरों में उपलब्ध नहीं था, इसके दर्शकों की संख्या 10 करोड़ से अधिक आँकी गई। इंडिया टुडे ने तो इस धारावाहिक के प्रभाव को देखते हुए इसे रामायण फीवर का नाम दिया बालपन की वह स्मृति आज भी सुरक्षित है जब रामायण आने पर सड़कों पर एक अजब सन्नाटा पसर जाता था और लोग समस्त कार्यों को छोड़कर टीवी के समक्ष बैठ जाते थे. टीवी की यह यात्रा साहित्य में तो अनवरत चली पर रंगमंच पर भी इस यात्रा ने मानव जीवन की अनेक छवियों को प्रस्तुत किया।

**रामचरित मानस विमल संतन जीवन प्रान।**
**हिंदुआन को वेद सम, जमनहि प्रकट कुरान।।**

सगुण भक्तिधारा में गोस्वामी तुलसीदास ने राम की भक्ति के माध्यम से जीवन और जगत में भक्ति को श्रेष्ठ सिद्ध कर दिया है। इस तरह से तुलसीदास ही रामकाव्य के प्रमुख कवि है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल जी की मान्यता है कि ष्भारतीय जनता का प्रतिनिधि कवि यदि किसी को कह सकते हैं तो इन्हीं तुलसीदास महानुभाव को। तुलसी लोक कवि, लोकनायक थे। उन्होंने अपने काव्य में लोक जीवन, लोक धर्म और लोक मंगल को विशेष स्थान दिया है। उन्होंने राम को अपना इष्ट बनाकर भक्ति का सीधा सरल रूप प्रतिपादित किया है और भक्तिमार्ग को पह ग्राह्य बना दिया है। इनकी वाणी की पहुँच मानुष के सारे भावों और व्यवहारों तक है। दूसरी तरफ लोक, पक्ष में आकर पारिवारिक और सामाजिक कर्तव्यों का सौन्दर्य दिखाकर वाणी मन को मुग्ध करती है। व्यक्तिगत है।

साधना के साथ लोकधर्म की अत्यंत उज्ज्वल छटा उसमें विद्यमान गोस्वामी तुलसीदास जी ने लोकमंगल के उदात्त तत्व को महत्त्व दिया है ''कीरति भनिति भूति भलि सोई सुरसरि सम सब कहँ हित होई'' की विचारधारा से युक्त कवि ने दशरथ पुत्र राम को अवतारी पुरुष माना है। उनका जन्म दुखों को, पीड़ा को दूर करने के लिए ही होता है

**''जब-जब होई धर्म के हानी। बाढ़हिं पूत अधम अभिमानी।।''**

**तब तब प्रभु धरि विविध शरीरा। हरहिं कृपानिधि सज्जन पीरा।।''**

विश्वकवि रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने रामचरितमानस की सर्वागीणता को लक्ष्य करके कहा है। रामचरितमानस का प्रधान विशेष तत्व यही है कि उसमें घर की ही बातें विस्तृत रूप से वर्णित ष्श् हुई हैं। पिता-पुत्र में, भाई-भाई में, स्वामी स्त्री में, जो धर्म बंधन है, और जो प्रीती और भक्ति का सम्बन्ध है, उसको मानस ने इतना महान

बना दिया कि वह सहज ही जनमानस का ग्रन्थ बन गया। हिमालय जितने ऊँचे और व्यापक आदर्शों और सागर जैसे गंभीर विचारों का एक साथ किसी ग्रन्थ में समावेश हो पाया है तो वह मानस ही है। अपनी इसी विशेषता कारण देशकाल की सीमाओं को लाँघकर यह विश्व साहित्य की महान कृति के रूप में पूजा जा रहा है। सच तो यह है कि रामकथा की विरासत किसी देश या समुदाय की नहीं बल्कि पूरी मानवता की है। यह हमें आपस में जोड़ती है और श्रेष्ठ मानव मूल्यों के साथ जीना सिखाती है।

**निष्कर्ष-** राम कथा जहाँ एक और आदर्श जीवन को परिभाषित करती है वहीं दूसरी ओर इसमें मानवीय संबंधों व अच्छाई-बुराई के ढेरों पसंग हैं जो सबको आकर्षित करते हैं तथा उसका अनुकरण करने के लिए प्रेरित करते हैं। यह एक तरह का सांस्कृतिक दस्तावेज है। इतना समय बीत जाने के बाद भी इसके आकर्षण में क़मी नहीं आई वरन दिन पर दिन इसके प्रति लगाव बढ़ रहा है। इस तरह रामकथा का समाज पर गहरा प्रभाव है। रामचरित लेखकों की कामधेनु है जिस पर जितना अधिक लिखा जाए, आनंद की पयोनिधि और बढ़ती जाती है। रामकथा में स्थापित भाव जीवन कर्मजीवन की मर्यादायें चिरकाल से मानवीय श्रेष्ठता का मानदंड रही हैं तथा केवल भारतीय लोक मानस ही नहीं वरन अप्रत्यक्ष रूप से सम्पूर्ण विश्व रामकथा से आदर्श जीवन की प्रेरणा प्राप्त कर रहा है और आगे भी करता रहेगा।

साथ ही यह भी कि जीवन में मात्र सफेद और काला रंग ही प्रबल नहीं होता बल्कि अन्य रंगों का भी समान महत्त्व है. एक प्रश्न यह भी है कि जैसे जैसे हम आधुनिक होने का दावा अधिक करने लगे हैं, वैसे वैसे जड़ों को समझने की इच्छाएँ इतनी प्रबल होती क्यों दिखाई दे रही है? शायद हर भाषा और रचना के माध्यम से हम उस नैतिक दृष्टि की ओर झांकना चाहते हैं जो अब हमारे समाज से लुप्त होती जा रही है। इस प्रपत्र में मैं आधुनिक समसामयिक रामकथाओं को केंद्र में रख रही हूँ क्योंकि इसके माध्यम से मानवीय सरोकारों के वृहद प्रश्नों को किस प्रकार केंद्र में रखने का प्रयास किया गया है, इसे भी समझा जा सकेगा।

## संदर्भ सूची

1. मध्ययुगीन हिन्दी साहित्य में नारी भावना-डॉ. उषा पाण्डेय, हिन्दी साहित्य संसार, दिल्ली, 1989
2. रामचन्द्रिका केशवदास, लाला भगवान दास, नागरी प्रचारिणी सभा, काशी
3. स्मारिका शोध संक्षेपिका, मानव मूल्यों के निर्वहन में रामकाव्य की भूमिका, जनवरी, 2020जनभागीदारी समिति, शा.म.वि. बरही
4. वाल्मिकि रामायण, रामचरित मानस-रामचरित मानसः एक विश्लेषण -संपादक डॉ. प्रभुदयालु अग्निहोत्री,
5. नेत्रपाल गुप्ता, गोस्वामी तुलसीदास, तुलसी सौरभ, सांस्कृतिक पत्रिका, तुलसी मानस संस्थान, जयपुर, अगस्त-सितम्बर, 2012
6. भक्तिकालीन राम तथा कृष्णकाव्य की नारी भावना, एक तुलनात्मक अध्ययन, डॉ. श्यामबाला गोयल, विभु, प्रकाशन दिल्ली सं. 1976
7. तुलसी गन्थावली-आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, नागरी प्रचारिणी सभा, काशी 1980
8. आधुनिक साहित्य , पत्रिका, साहित्य, संस्कृति एवं आधुनिक सोच की त्रैमासिकी, अंक 33.34 वर्ष 9,जनवरी -जून 202

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 4 (OCT TO DEC., 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed
International Multifocal
Research Journal
IMPACT-FACTOR
SJIF - 5.999
Paper Recieved : 1st Oct 22 Paper Accepted : 10th Oct 22

# मध्य प्रदेश राज्य के राजनीति में महिलाओं का सशक्तीकरण एवं सुझाव

❐ डॉ. अखिलेश कुमार गुप्ता*

**शोध सारांश**

यह सर्वविदित है कि हमारे देश की जनसंख्या का आधा हिस्सा महिलाएं हैं। जीवन के हर क्षेत्र में महिलाओं के योगदान को स्वीकार किया गया है क्योंकि महिला एवं पुरूष विकास रूपी गाड़ी के दो पहिए हैं महिलायें राष्ट्र के विकास में उतना ही महत्व रखती हैं जितना कि पुरूर्ष अतः देश का समग्र विकास महिलाओं की भागीदारी के बगैर संभव नहीं है। भारतीय महिलाओं ने देश दुनिया के विभिन्न क्षेत्र में अपना सम्मानित स्थान बनाया है। आज महिलाएँ बेहतर रोजगार के लिए दुनिया के किसी भी कोने में जाने के लिए तैयार है। आज ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जहां महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज न कराई हो।

**मुख्य शब्द :** मध्य प्रदेश, राज्य, राजनीति, महिलाएं, सशक्तीकरण, आदि।

## प्रस्तावना

राष्ट्र के विकास की अग्रदूत बनी महिलाओं द्वारा देश ही नहीं वरन् विदेशों में भी अपने राष्ट्र का परचम लहराया है यह सब अथक प्रयासों के द्वारा धीरे-धीरे संभव हो पाया है। स्वतंत्रता प्राप्ति से पूर्व महिलाओं की स्थिति अत्यन्त सोचनीय थी। वह शोषण तथा कुप्रथा जैसी विसंगतियों का शिकार थी। समाज में कई प्रकार की रूढ़िया, अंधविश्वास व्याप्त थे। महिलाओं के प्रति रूढ़िवादी एवं परम्परागत सोच स्त्री को पिता, पति या पुत्र का आश्रित मानते हुए उसे मुख्य रूप से घर की चारदीवारी तक सीमित रख गया। जिसका मुख्य कारण तात्कालिक सामाजिक विचार का पिछड़ापन तथा स्त्रियों का अज्ञानता के बंधन में जकड़ा होना था। स्वतंत्रता के बाद से ही नारी के स्वरूप में तेजी से परिवर्तन आया है। जिस देश में नारी को घर की दहलीज से बाहर निकलने की आज्ञा नहीं थी, उसी देश में आज नारी पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही है। वह घर की चारदीवारी से निकलकर अंतरिक्ष तक जा पहुँची है। जिस देश की नारी जागृत, शिक्षित तथा गुणवत्ती होती है वह देश संसार में सबसे अधिक उन्नति करता है, इसी विचार धारा को ध्यान में रखकर हमारे यहां स्त्रियों को पुरूषों के बराबर अधिकार प्रदान किये गये और इनके लिए शिक्षा की समुचित व्यवस्था की गयी, तब किसी ने सोचा भी न था कि वह पिछड़ा हुआ नारी वर्ग पुरूषों से भी आगे निकल जायेगा। शिक्षा ही वह साधन है जिसके द्वारा महिलाओं की रोजगार तथा स्वास्थ्य की स्थिति को सुधारा जा सकता है।

* प्राचार्य, पं. रामसुन्दर शुक्ला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पहड़िया, जिला-रीवा (म.प्र.)

हमारा समाज मूल रूप से पुरूष प्रधान रहा है। पहले महिलाओं के पास किसी भी प्रकार की स्वतंत्रता न होने के कारण उसकी सामाजिक व पारिवारिक स्थिति एवक पराश्रित से अधिक नहीं थी। जिसे हर कदम पर एक पुरूष के सहारे की जरूरत होती थी। वैसे तो आजादी के बाद से ही महिला उत्थान के उद्देश्य से विभिन्न प्रयास किये जाते रहें है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में महिला सशक्तिकरण की कार्य में तेजी आयी है। इन्हीं प्रयासों के परिणाम स्वरूप महिलआओं के आत्म विश्वास में बढ़ोत्तरी हुयी है। वे किसी भी चुनौती को स्वीकार करने के लिए खुद को तैयार करने लगी है। एक ओर जहाँ केन्द्र व राज्यों की सरकारें महिला उत्थान की नई, योजनायें बनाने लगीं है। वहीं कई गैर सरकारी संगठन भी उनके अधिकारों के लिये उनकी आवाज बुलन्द करने लगें है। महिला में ऐसी प्रबल भावना को उजागर करने का प्रयास भी किया जा रहा है। कि वह अपने अन्दर छिपी की ताकत को सामने लाकर बिना किसी सहारे के अने वाली हर चुनौती का सामना कर सकें।

सृष्टि की उत्पत्ति एवं सभ्यता के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण रही है। पुराणों के अनुसार चाहे धर्म की रक्षा हा या उसकी पुर्नस्थापना इन सभी कार्यों को आदि शक्ति माँ जगदम्बा ने ही पूर्ण किया है। सीता, सावित्री के धर्मपालन को आज भी आदर्श के रूप में समाज में माना जाता है। रानी लक्ष्मीबाई, मदरटेरसा के वीरता बलिदान तथा सेवा की मिशालें आज भी हमारे जीवन को एक दिशा प्रदान करती है।

महिलाएँ कई रूपों में जीवन व्यतीत करते हुये एक सभ्य एवं सुसंस्कृत समाज की निर्माण प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वह कभी बेटी के रूप में कभी बहन के रूप में तो कभी पत्नी एवं प्रेमिका के रूप में कभी माँ के रूप समाज को विकसित एवं परिमार्जित करने का अथक प्रयास करती रहती है।

समाज की प्रत्येक आवश्यकताओं को पूरा करने में महिलाएँ पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ चलती है। समाज में विकास में सहभागिता का जो सम्मान उन्हें प्राप्त होना चाहिए या वह नही मिल पाया है। क्योंकि इस सभ्य समाज में पुरुषवर्ग का वर्चस्व विद्यमान है। पुरुष वर्ग हर क्षेत्र में महिलाओं के सहयोग से अपने उद्देश्यों को प्राप्त करते है, लेकिन जब सम्मान एवं अधिकार की बात आती है तो महिलाएँ पुरूषों से कहीं पीछे छूट जाती है। महिलाओं को अपने अस्तित्व की बार-बार लड़ाई लड़नी पड़ती है लेकिन यह प्रकृति गवाह है कि जब भी समाज में कोई परिवर्तन या क्रांति हुई है महिलाओं ने उस पर अपना सर्वस्व अर्पण किया है।

भारतीय संविधान की प्रस्तावना, मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य तथा दिशा निर्देशक सिद्धांतों में लैंगिक समानता के सिद्धांत का उल्लेख किया गया है। संविधान न केवल महिलाओं की समानता को सुनिश्चित करता है, बल्कि राज्यों को महिलाओं के पक्ष में सकरात्मक भेदभाव का निर्देश देता है।

लेकतांत्रिक राजनीति के ढांचे में हमारे कानून, विकास नीतियाँ, योजनाएँ तथा कार्यक्रम को विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के उत्थान की ओर उन्मुख रखा गया है। पांचवीं पंचवर्षीय योजना 1974-78 ई. से महिला कल्याण से लेकर विकास तक के मुद्दे को उठाया जा रहा है। हाल के वर्षों में महिला सशक्तीकरण को महिला की दशा का एक केन्द्रीय मुद्दा माना गया है। राष्ट्रीय महिला आयोग की स्थापना वर्ष 1990 में संसद के एक अधिनियम द्वारा की गई है, जिसके तहत महिला के अधिकारों तथा कानूनी अधिकारों को सुरक्षा प्रदान की जाती है। संविधान का 73वां तथा 74वां संशोधन 1993 ई. में पंचायत तथा नगर निकाय के चुनावों में महिला को आरक्षण प्रदान करने का प्रावधान किया गया है, जिससे स्थानीय स्तरों पर उनकी भागीदारी का मार्ग प्रशस्त होता है।

**पूर्व में किये गये कार्यों की संक्षिप्त समीक्षा -**

भारतीय राजनीति में महिलाओं की भूमिका विषय पर पूर्व में काफी लेखन कार्य किया गया है, जिसमें

कई राजनीतिज्ञों एवं समाजशात्रियों ने विवेचनाए की है। जिसमें डॉ. लक्ष्मीराजी कुलश्रेष्ठ 2001 ई. ने अपने लेख में ''पंचायती राज और महिलाओं ने लिखती है कि पंचायतीराज व्यवस्था महिला आरक्षण के परिणामस्वरूप अब महिलाओं की मनः स्थिति बदल रही है। व अब अपना पक्ष पूरी निर्भीकता तथा निष्पक्षता से बैठक में रखने लगी है। व हरहाल में पंचायतीराज व्यवस्था में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से उन्हें जो नया परिवेश मिल रहा है। वह उनके लिये प्रगति और विकास के द्वारा तो खोल रहा है। पुरूष तथा स्त्री के बीच समाज में जो सामाजिक विषमता है, उसमें भी कमी हो रही है। भारत डोगरा, 2001 ई. अपने लेख ''सार्थक है महिलाओं का आरक्षण, में निर्वाचित महिलाओं पर पारिवारिक दबाव से उत्पन्न तनानों के बारे में लिखते हैं कि राजनीतिक महत्वाकांक्षा वाले पुरूष अपने परिवार की महिलाओं को अपनी निजी महत्वाकांक्षा की दौड़ का साधन या मुखौटा मात्र बनाना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि आरक्षण का लाभ उठाकर उनके परिवार की महिला निर्वाचित हो, पर इसके आगे वे यह भी चाहते हैं निर्वाचित होने के बाद वे उनके दबदवे में उनके कहे अनुसार काम करें। सुधापिल्लै, 2002 ई. ने ''पंचायतीराज द्वारा अधिकार संपन्नता, में लिखती हैं कि संविधान के 73वं संशोधन से लगभग 10 लाख महिलायें त्रिस्तरीय ढांचे में सदस्य और अध्यक्ष पदों पर कार्यरत है। निश्चित ही इससे हाल तक ठहरें ग्रामीण समाज में बदलाव आया है। महिला आरक्षण की राजनीति शीर्षक में राजनाथ सिंह सूर्य ने स्पष्ट किया कि सभी राजनीति दल महिला आरक्षण पर राजनीति कर रहे हैं। पंचायतों की तरह विधानसभा तथा लोकसभा में पिछड़े वर्ग की महिला तथा मुस्लिम महिलाओं के लिए भी मुस्लिम सांसदों ने पहली बार आरक्षण की मांग की।

**उद्देश्य-**

प्रस्तुत शोध पत्र में महिलाओं के शिक्षा के निम्न उद्देश्य है -

1. रीवा जिले के संदर्भ में महिलाओं के सशक्तिकरण की यथार्थ स्थिति का पता लगाना।
2. अध्ययन में सम्मिलित महिलाओं के जीवन की स्थितियों तथा समस्याओं के बारे में पता लगाना।
3. राजनैतिक सशक्तिकारण के उपादान के रूप में पंचायतीराज व्यवस्था में उनकी सहभागिता कि स्वरूप, सहभागिता के स्तर की वास्तविक स्थिति का विश्लेषणात्मक विवेचना करना।
4. ज्ञान का प्रसार कर महिलाओं को राजनैतिक क्षेत्र में सशक्त बनाना।
5. मानवीय मूल्यों का निर्माण और विकास, अंधविश्वास, कुरीतियों को समाप्त कर नई परंपरा विकसित करना।
6. शिक्षा द्वारा ज्ञान प्राप्त कर महिलायें सशक्त होंगी और स्वस्थ्य समाज एवं देश की प्रगति में सहायक होंगी।
7. शोध क्षेत्र की महिलाओं के राजनैतिक जीवन पर आधुनिकीकरण की प्रक्रिया के प्रभावों का अध्ययन करना।
8. राजनीति, महिलाओं को सशक्त बनाने का सबसे शक्तिशाली उपाय है प्रत्येक महिला को शिक्षित करना।

उपरोक्त उद्देश्यों की पूर्ति शिक्षा के द्वारा महिलाएं स्वयं को राजनैतिक स्तर पर सशक्त बना सकती है। इस तथ्य को स्पष्ट करने का प्रयत्न इस शोध पत्र के माध्यम से किया गया है।

**शोध परिकल्पनाएँ-**

परिकल्पना सामाजिक अनुसंधान की प्रथम सीढ़ी है। उपकल्पना से तात्पर्य अनुसन्धानकर्ता द्वारा अध्ययन कार्य के पूर्व बारे में जो काल्पनिक, पूर्वानुमान, विचार किया जाता है, उसे ही उपकल्पना कहते हैं। ये उपकल्पना तथ्यों को एकत्रित करने में सहायक होती है। अर्थात अनुसंधान कार्य प्रारंभ करने के पूर्व अनुसंधान के कारणों समस्याओं के समाधान एवं परिणाम के बारे में

हम जो एक निश्चित आवधारणा बना लेते हें, उसे परिकल्पना या उपकल्पना कहते हैं।

ऽ राजनीति के क्षेत्र में आने से महिलाओं के सामाजिक संरचना एवं समाज में बदलाव आया है।

ऽ महिलाओं के राजनीति में आने के कारण अस्पृश्यता का अन्त हुआ है।

भारत में सैद्धान्तिक रूप से आज आदि और हमेशा से ही नारी की मर्यादा है कहा जाता है कि समाज में नारी का स्थान पुरूष के समान ही है न कम और न अधिक प्राचीन काल से आज तक महिलाओं की राजनीतिक व सामाजिक स्थिति में काफी उतार चढ़ाव आए हैं आधी दुनिया को प्रतिष्ठा व सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था। तो कभी उन्हे दोयम दर्जे का नागरिक माना जाता था। आजादी से पूर्व भारत में महिलाओं की स्थिति बहुत अच्छी नहीं थी। ब्रिटिश शासकों के जाने के पश्चात् जब भारतवासियों कों आजादी मिली तो हमारे नीति को आजादी मिली तो हमारे नीति निर्धारकों ने महिलाओं की सामाजिक, राजनीति एवं आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए प्रयास करने प्रारम्भ कर दिये, क्योंकि आधी दुनिया के विकास की दौड़ में पीछे रह जाने पर कोई भी राष्ट्र अपने समग्र विकास का दावा नहीं कर सकता फलस्वरूप आजादी के बाद शुरू हुआ महिला सशक्तिकरण का आन्दोलन आज भी जारी है। इस दौरान इसे कुछ असफलताएं मिलीं तो इसके खाते में बहुत सी सफलताएं भी दर्ज हैं सरकार ने वर्ष 2001 में महिला सशक्तिकरण वर्ष घोषित किया है। जीवन के हर क्षेत्र में वह सफलता चाहती है, महिला सशक्तिकरण के इस दौर में महिला, पुरूष जाति की सोच में परिवर्तन को राह ढूढ़ रही है। सशक्तिकरण एवं शिक्षा के बीच संबंध महिला का विकास शिक्षित होने में ही निहित है। जिसका उद्देश्य महिला अधिकारों और उससे संबंधित मुद्दो के बारे में व्यापक जागरूकता लाना है। आज भी नारी सशक्तिकरण का नारा चारो ओर ध्वनित हो रहा है इसके पीछे यह भावना निहित है कि नारी को शक्ति सम्पन्न बनाना उसको अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। आज उसकी सोच का दायरा विस्तृत होता जा रहा है। तभी वह आर्थिक तौर पर सशक्त बन सकेगी।

महिलाओं की राजनीतिक स्थिति को आज समाज की स्थिति के विकास के एक निर्धारक के रूप में स्वीकार किया जाता है। क्योंकि महिलाएँ प्रत्यक्षतः तथा अप्रत्यक्षतः राजनीतिक क्रियाओं में योगदान देती है। वह समस्त पारिवारिक दायित्वों को बोझ उठाकर पुरूषों को केवल राजनीतिक क्रियाएँ सम्पादित करने का पूरा समय व अवसर प्रदान करती हैं अथवा स्वयः भी पारिवारिक उत्तरदायित्वों का निर्वाह करने के साथ-साथ पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर राजनीतिक क्रियाओं में संलग्न होती है। आज भागीदारी के दृष्टि से कृषि, पशु व्यवसाय, हैण्डलूम आदि में महिलाओं के अनुपात में काफी सीमा तक वृद्धि हुई है। पिछले दशक में महिलाओं की क्रियाओं से सम्बन्धित नये आयाम उभरकर सामने आये है। अब महिलायें इलेक्ट्रानिक्स, टेली कम्यूनिकेशन, उपभोक्ता उत्पादन, संगठित क्षेत्र के उद्योग, विधि, चिकित्सा, प्रशासनिक तथा अन्य महत्वपूर्ण व्यवसायी में भाग ले रही है। महिलाओं के लिए कार्य शब्द का कोई अर्थ परिभाषा व सीमा निर्धारित नहीं है। यद्यपि महिलाएं राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में 60.80 प्रतिशत तक योगदान देती हैं तथापि उनकी बहुत सारी क्रियाओं को सकल राष्ट्रीय उत्पादन में सम्मिलित नहीं किया जाता है। अनुमानों के आधार पर महिलाओं की अभुगतानिक श्रम की नकद वार्षिक कीमत लगभग 4 मिलियन डॉलर होती है जो विश्व के सकल राष्ट्रीय उत्पाद का एक तिहाई भाग है। अर्थव्यवस्था में महिलाओं की आर्थिक क्रियाओं में संलग्नता विकास की दृष्टि से अत्याधिक महत्वपूर्ण है।

**वर्गीणकरण एवं विश्लेषण-**

तथ्य संकलन के लिए उद्देश्यपूर्ण निदर्शन पद्धति का चयन कर समस्त में से 50 उत्तरदातों इकाइयों का

चयन किया गया है। तथा उनसे प्राप्त उत्तरों को सांख्यिकी द्वारा विश्लेषण किया गया है। महिलाओं का राजनीति में प्रवेश के कारण कई क्षेत्र प्रभावित हुए है प्रभावित क्षेत्रों का विवरण निम्नानुसार हैः-

तालिका क्रमांक 1 महिलाओं का राजनीति में प्रवेश के कारण प्रभावित क्षेत्र क्र. प्रभावित क्षेत्र संख्या प्रतिशत-तालिका क्रमांक 1 में स्पष्ट किया गया है कि समाज में महिलाओं का राजनीति में प्रवेश के कारण का प्रभाव मुख्यतः सभी क्षेत्रों में पड़ा है। चिकित्सा के क्षेत्र में 20 प्रतिशत, आधुनिकीकरण का प्रभाव पड़ा है। प्राचीन समय में स्वास्थ्य केन्द्रों में हस्तलिखित पंजीयन पर्ची मिलती थी, दवाओं तथा डाक्टरों से सीधा संवाद और बीमारियों का इलाज होता था, लेकिन महिलाओं का राजनीति में प्रवेश के कारण ऑनलाइन पंजीयन पर्ची तथा एक्सरे मशीन, सोनोग्राफी द्वारा बीमारियों का पता लगा लिया जाता है। महिलाओं का राजनीति में प्रवेश के कारण स्वास्थ्य केन्द्रों में पारदर्शिता आ गई है। शिक्षा के क्षेत्र में 20 प्रतिशत प्रभाव पड़ा है।

तालिका क्रमांक 2 में महिलाओं का राजनीति में प्रवेश के कारण से समाज में होने वाले परिवर्तन महिलाओं का राजनीति में प्रवेश के कारण से समाज में कई परिवर्तन हुए हैं जिनका विश्लेषण निम्नानुसार है-उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि महिलाओं का राजनीति में प्रवेश के कारण से समाज में कई परिवर्तन हुए हैं। परम्परागत सामाजिक संरचना में 10 प्रतिशत परिवर्तन हुए है। परम्परागत सामाजिक संरचना के स्थान पर नवीन सामाजिक संरचना का निर्माण महिलाओं का राजनीति में प्रवेश के कारण ही संभव हुआ है।

महिलाओं का राजनीति में प्रवेश के कारण से सामाजिक संगठन में 10 प्रतिशत परिवर्तन हुए हैं। भौतिक जगत में महिलाओं का राजनीति में प्रवेश के कारण से ही परिवर्तन संभव हुआ है। समाज के भौतिक जगत में जो परिवर्तन हुए है वे महिलाओं का राजनीति में प्रवेश के कारण से हुआ है। समाज शांत समाज या सरल समाज के प्रभाव से हुआ है।

महिलाओं का राजनीति में प्रवेश के कारण समाज का परम्परागत राजनीतिक ढाँचा ही बदल गया हो। जमीदारी समाप्त हो गयी है अब समाज में भी पूर्णतः प्रजातांत्रिक लोकतांत्रिक व्यवस्था संचालित है। पहले समाज में कानून व्यवस्था गॉव के मुख्यि और पंचों के हाथ मे थी लेकिन महिलाओं का राजनीति में प्रवेश के कारण यह व्यवस्था समाज हो गयी है। अब कानून व्यवस्था पुलिस और न्यायालय के हाथों में आ गई है। प्राचीन समय में समाज परम्परागत समाज था परम्पराओं का विशेष महत्व है प्रार्थी थी, लेकिन महिलाओं का राजनीति में प्रवेश के कारण इस स्वरूप व्यवस्था के रूप में बदलाव आ गया है।

**सुझाव**

भारत के संदर्भ में यदि देखें तो महिलाओं की स्थिति अत्यन्त सोचनीय है उनकी स्थिति को बेहतर बनाने के लिए निम्न सुझाव दिये जा सकते हैं।

- सर्वप्रथम महिलाओं के राजनीतिक स्थिति में सुधार के लिए प्रयास करने होगे। महिला संगठनों का स्वयं सेवा संस्थाओं को इस दिशा में प्रयास करने होगें।
- वर्तमान समय में लागू महिला सम्बन्धी कानूनों में व्याप्त विसंगतियों को दूर करना जिससे महिलाओं को राजनीतिक आर्थिक सामाजिक सांस्कृतिक आदि सभी क्षेत्रों में पुरूषों के समान कानूनी और व्यावहारिक रूप में सभी मानवाधिकार हालिस हों।
- महिलाओं को इनके कानूनी अधिकारी की जानकारी महिलओं का यौन उत्पीड़न रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गये निर्देशों का सख्ती से पालन, शोषण उत्पीड़न सम्बन्धी मामलों का जल्दी निराकरण महिला मामलों में पुलिस की पूरी सजगता एवं सक्रियता महिलाओं के लिए पृथक महिला थानों की स्थापना आदि महिलाओं का शोषण रोकने के लिए आवश्यक है।

- महिलाओं को अपनी मानसिक प्रवृत्ति में परिवर्तन लाना होगा जिससे उनमें आत्म विश्वास में वृद्धि होगी।

**निष्कर्षः-**

महिला समाज की धुरी है अगर धुरी टूट गई तो समाज भी टूट जायेगा। इतिहास गवाह है कि जिन समाजों ने महिलाओं को गुलाम बनाया वे खुद गुलाम बन गये, जिन समाजों ने महिलाओं को प्रगति का मौका दिया उन्हें सभ्यता क शिखर पर पहुंचने से कोई न ही रोक सकता। यद्यपि महिलाएं तेजी से राजनीति के क्षेत्र में आ रही है तथापि उन्हें राजनीति में बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अशिक्षा, भ्रष्टाचार, शोषण, आर्थिक पराधीनताएं, राजनीतिक सोच का आभाव आदि ऐसी प्रमुख बाधाएं है जो राजनीतिक क्षेत्र में आगे बढ़ने में रूकावट लाती है। महिलाओं को राजनीति में आगे लाने के लिये उन्हें आर्थिक दृष्टि से स्वावलम्बी बनाना होगा। अध्ययन क्षेत्र की महिलाओं में व्याप्त अशिक्षा और अंधविश्वास को दूर कर उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने का दायितव है। भ्रष्टाचार और शोषण से महिलाओं को मुक्त करके उन्हें राजनीति के क्षेत्र में आगे बढ़ाया जा सकता है।

महिलाओं में राजनीतिक जागरण की आवश्यकता है। राजनीति जागरण से मेरा तातपर्य उनका शिक्षित और संस्कारित होना आवश्यक है अतः भारतीय परिवार में नारी का सर्व प्रथम दायित्व पत्नीत्व और मातृत्व के साथ राजनैतिक कार्यकलाप का समन्वय होना अतिआवश्यक है। एक सफल माँ और पत्नी की समाज और देश को सफल नेतृत्व दे सकती है।

आज पश्चिमी अपसंस्कृति के बहाव में भारतीय नारी अपनी अस्मिता को खोती जा रही है, जो हमारे देश के राजनीति का एक घातक तत्व साबित हो रहा है। अतः भारतीय प्राचीन संस्कृति की अवधारणाओं में नारीत्व का परिवेश आज की नारियों को समझना होगा तभी उनका राजनीति में नेतृत्व का पैमाना सफल साबित होगा। महिलाएं समाज का अनिवार्य अंग है। सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक क्षेत्र के साथ-साथ राजनीति के क्षेत्र में उनकी अहम भूमिका है। जैसे-जैस शहरों के साथ ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं में राजनीति जागरूकता आ रही है। शिक्षा के प्रचार, प्रसार और बदलते सामाजिक परिवेश में राजनीति में महिलाएँ आगे आ रही है और केन्द्रीय, प्रान्तीय, स्थानीय शासन में अपनी भागीदारी निभा रही है। इसलिये महिलाओं को सशक्त और सुदृढ़ करने के लिये उनका शिक्षित होना आवश्यक है ताकि अपने अधिकारों को समझ कर समाज एवं राष्ट्र का विकास कर सके।

**संदर्भ ग्रन्थ सूची -**

1. सत्येन्द्र नाथ मजुमदार, विवेकानंद चरित्र, प्रकाशित 1971।
2. आर.सी. मजुमदार, द हिस्ट्र एण्ड कल्चर आफ द इण्डियन पीपुल, प्रकाशित टवस गद्दक मकपजपवद 1981।
3. ओम प्रकाश, हिन्दू विवाह, चतुर्थ संस्करण , विश्वविद्यालय प्रकाशन नई दिल्ली 1997।
4. प्रेम सहायक, हिन्दू विवाह संस्कर प्रभात प्रकाशन प्रथम संस्करण 1995।
5. राजेन्द्र प्रसाद गुप्त स्वामी विवेकानंद व्यक्ति और विचार प्रकाशन दिल्ली।
6. डॉ. कुलश्रेष्ठ लक्ष्मी रानी कुरूक्षेत्र अक्टूबर नवम्बर 1997।शरदचन्द्र चक्रवर्ती, विवेकानंद जी के संग में प्रभाव प्रकाशन दिल्ली।
7. वर्षिक संदर्भ ग्रन्थ भारत।
8. प्रकाशन विभाग सूचना और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार पृ.सं. 53
9. सिंह सोनल ज्ञान जगत स्वरूप संरचना एवं विकास भोपाल म.प्र. ग्रन्थ अकादमी 1998।

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 4 (OCT TO DEC., 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999
Paper Recieved : 10th Oct 22 Paper Accepted : 25th Oct 22

# ''श्रीमद् रामहर्षण दास जी महाराज एवं उनकी संतवाणी''

❒ शशि मिश्रा*

**शोध सारांश**

संत-काव्य को निर्गुण-काव्य भी कहा जाता है। संत-काव्य भक्ति कालीन काव्य का वह प्रथम सोपान है, जो अतीत की शताब्दियों को जोड़ने के साथ ही क्रमबद्ध विकास में भी सहायक है। हिन्दी-साहित्य के इतिहासकारों और भक्ति-काल के मर्मज्ञों ने संत-काव्य केवल निर्गुण सम्प्रदाय के अन्तर्गत काव्य-रचना करने वाले कवियों के काव्य को ही माना है। जो विक्रम की 15वीं शताब्दी से स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है। संत-साहित्य संत-परम्परा के अनुयायियों द्वारा रचित रचनाओं के समूह के लिए व्यवहृत हुआ है।

**मूल शब्द**—काव्य, रामहर्षण, संतसाहित्य, पुनरावृत्ति, स्वानुभुति।

**व्याख्या**—हिन्दी काव्य की निर्गुण धारा स्थान एवं काल, दोनों दृष्टियों से पर्याप्त व्यापक है, जो विक्रम की तेरहवीं शताब्दी से लेकर आज तक, अबाध गति से प्रवाहित है। पश्चित में सिंध-पंजाब से पूर्व में बंगाल-असम तक, उत्तर में कश्मीर से दक्षिण में महाराष्ट्र तक इस काव्यधारा का प्रवाह दिखाई पड़ता है। सभी वर्ग, वर्ण, सम्प्रदाय, प्रदेश एवं सामाजिक स्तर के बाद भी इस काव्य की रचना में अपना योगदान किया है। इतनी विविधता होने के बाद भी इस सम्पूर्ण साहित्य में विषय, साधना-पद्धति एवं अभिव्यक्ति शिल्प की दृष्टि से एक अद्भुत समानता पायी जाती है। इन्हीं समानताओं के कारण हिन्दी-साहित्य के इतिहासकारों एवं समीक्षकों ने इस विशाल साहित्य को 'निर्गुण साधना का साहित्य' या 'ज्ञानाश्रयी निर्गुण शाखा का साहित्य' या 'संत-साहित्य' कहा है। उन्होंने इस काव्य के रचयिताओं को 'निर्गुणिया संत' तथा उनके साधना-सम्प्रदाय को संत-सम्प्रदाय' या 'निर्गुण-सम्प्रदाय' माना है।

संत-काव्य के अन्तर्गत कितने संतों की कितनी रचनाएँ है? यह अभी तक निर्विवाद नहीं है, इस विवाद के कई कारण है। पहला कारण तो यह है कि इसके विषय में विद्वानों मे ही मतभेद है।

दूसरा कारण यह है कि संत-कवियों की संख्या अत्यधिक है। संतों ने स्वानुभूति के स्पष्टीकरण के लिए अनेक पंक्तियाँ रच डाली है और पुनरावृत्ति भी हुई है। किसी भी संत की रचना बीस हजार छंदों से नीचे कही ही नहीं जाती, यही नही बहुत से संतों द्वारा रचित छंदों की संख्या तो लाख-सवा-लाख के ऊपर बतायी गयी है। तीसरा कारण यह है कि अधिकांश संत-कवियों ने

* अतिथि विद्वान, ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा, मध्यप्रदेश, मो. 9685222843, ईमेल- shashimishe22@gmail.com

अपनी रचना स्वयं लिपिबद्ध नहीं की है बल्कि उनके अनुयायियों ने उन्हें याद किया फिर लिखा।

कहीं-कहीं पीढ़ी-दर-पीढ़ी कई पीढ़ियों के बाद लेखन-कार्य सम्भव हो सका, जिससे अनुयायियों ने अपनी ओर से संशोधन-परिमार्जन करके लिखा और अपने गुरू के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए अपनी कविताओं में भी गुरू के नाम की छाप लगा दी। यही नहीं बल्कि संतों के नाम पर चलने वाले पंथ के अपुयायियों ने उनके मूल प्रवर्त्तकों को ईश्वरीय महत्व प्रदान करते हुए उनके सम्बन्ध में पौराणिक पद्धति के अनुसार भिन्न-भिन्न कथाओं की सृष्टि कर डाली है और कहीं-कहीं अलौकिकता की भी भरमार है। इसके अतिरिक्त पंथीय साहित्य में स्तुतियों, प्रार्थनाओं, साम्प्रदायिक दीक्षा और पूजा आदि के विधान के कारण अत्यधिक विस्तार हुआ है इसलिए किसी संत-कवि की रचनाओं की निश्चित मात्रा या छंदों की निश्चित संख्या का पता लगाना बहुत ही कठिन कार्य है।

**प्रेमावतार**

अनन्त श्री सम्पन्न प्रेमावतार पंचरसाचार्य करुणा वरूणालय श्री स्वामी रामहर्षण दास जी महाराज को भक्तवृंद उपरोक्त विशेषणों से समलंकृत करते हुए देखे-सुने गए हैं। यद्यपि मैं स्वयं स्वामी जी का ही कृपापात्र हूँ। परंतु इन सभी विशेषणों की सार्थकता को नहीं जानता या, उसी तरह जैसे प्रतिदिन दर्शन करते हुए भी हम भगवान क्या है इस रहस्य को नहीं समझ पाते।

एक दिन स्वामी जी के दर्शनार्थ भारतवर्ष सर्वमान्य संत, समाज के भूषण, तपोमूमि महान वीतरागी महापुरुष श्री स्वामी रामसुखदास जी महाराज आये। स्वामी जी ने उन संत की प्रतिष्ठा के अनुरूप आसन दिया और स्वागत करवाया। थोड़े समय तक सत्संग हुआ, पश्चात श्री रामसुखदास जी अपने आसन से उठे और स्वामी जी के चरणों मे अपना सिर रख दिया यह कहते हुए कि जब तक आप अपना वरदहस्त मेरे सिर पर नहीं रख देंगे तब तक मैं सिर नहीं उठाऊंगा।

स्वामी जी जो अपने को तृणादपि सुनीच समझने वाले, संत के व्यवहार को देखकर आवाक् रह गए। बहुत विनय की तब भी सिर नहीं उठाया तब स्वामी जी ने अपने प्रधान शिष्य तहान्त श्री हरिदास जी से कहा ''इत्र लाइये'' और अपनी दोनों हथेलियों में इत्र लगाकर श्री रामसुखदास जी के सिर पर यह कहते हुए हाथ रख दिए कि मैं आपको आशीर्वाद देने लायक नहीं हूँ। आपकी सेवा कर रहा हूँ सिर की चम्पी (मालिश) किये दे रहा हूँ।

मैं उस समय वहां था। उपरोक्त घटना को देखकर अब समझा कि स्वामी जी मेरे गुरूदेव भगवान के संबंध में कहे जाने वाले सभी विशेषण सत्य है। क्योंकि संग की महिमा को, उनके स्तर के कोई संग ही समझ सकते है, सामान्य व्यक्ति नहीं। कहावत भी है, ''खग जाने खग ही की भाषा।''

श्री स्वामी जी के संबंध में परमार्थ पथ के पथिक कभी ग्रहस्य, विरक्त महानुभावों की अत्संत उत्कृष्ट गरिमामयी मान्यता रही है। अनुभवी भक्ति ने यह तथ्य पूर्णतया सप्रमाण स्वीकार किया है कि श्री स्वामी जी श्री जानकी जी के अग्रज, श्री जनक सुनैना जी के दुलारे लाल श्री प्रेम मूर्ति लक्ष्मीनिधि जी के अवतार ये जो जगत के कमिलमल ग्रस्त जीवों को मिथिला रस का रसास्वादन कराकर भव पार करने के लिये साथ ही अपने बहनोई श्री राम जी को हर्ष प्रदान करने के लिये श्री राम हर्षण दास जी के रूप में अवतरित हुए थे।

श्री सीता जी के अग्रज स्वामी जी कितने उदास और कितने समर्थ थे कि पीडी की श्री सीताराम विवाहोत्सव समैया में घोषणा कर दी कि जो भी जन प्रभु के महोत्सव में आए हुए हैं उन्हें निश्रय ही प्रभु श्री सीताराम जी के दिव्य साकेत धाम की प्राप्ति होगी। एक बार भगवन भक्तों के बीच परम समर्थ श्री स्वामी जी ने यह भी कहा था कि जो भी जन मुझ दास के माध्यम से प्रभु श्री सीताराम जी से जुड़े हैं, ऐसे शिष्य और उन शिष्यों के अब इस मायिक जगत में लौट कर नहीं आना है।

उपरोक्त कथन के आनुसार श्री स्वामी जी के शिष्य अपनी दिव्य वैष्णवीय परंपरा को समृद्ध और विवर्धित करते हुए स्वयं तो पार होंगे ही असंख्य भयग्रस्त जीवों को पार लगाएंगे।

श्री स्वामी जी महाराज इस जगत में अब तक रहे। उनके भगवत् प्रेममय विशुद्ध अंतःकरण में काम, क्रोध, लोभ जैसे प्रबल विकारों का स्पर्श भी नहीं हुआ। सामान्य व्यक्ति अपने कलुषित मन से उन्हें ना समझ पाये यह बात और है।

स्वामी जी एक बार रीवा में अत्यंत समर्पित परिवार श्री प्रकाश नारायण जी के गृह में निवास कर रहे थे। प्रकाश नारायण जी की रूपवती युवा पत्नी तथा मननी जी आदि वार पुत्रियां जो जन्म से ही अपने गुरूदेव श्री स्वामी जी की पवित्र कृपा भरी दृष्टि से पाली थी, श्री स्वामी जी की सेवा में सब समय लगी रहती थीं। श्री स्वामी जी संपूर्ण नारी जगत में अपनी जनुजा श्री सिया जी का दर्शन करने वाली सुदृढ़ स्थिति में स्थित रहते थे।

श्री स्वामी जी के जीवन में उनके द्वारा लोक विलक्षण, लोकोपकारक मुख्यतया निम्नलिखित कार्य हुए—

**श्री राम मंत्र प्रदान**

स्वामी जी ने मायाग्रस्त असंख्य जीवों की परम दुर्लभ श्री मंत्र प्रदान कर भवसागर से पार किया और भविष्य के लिये एक सुदृढ़ शिष्य परंपरा प्रदान

**प्रेम यज्ञ**

गुरूदेव भगवान के पूर्णतया निर्देशन पर हुए प्रेम यज्ञ के प्रत्यक्षदर्शी भक्त कहा करते थे कि प्रेम यज्ञ जो हो गया तो हो गया अब पुनः सभंव नहीं।

**प्रेम समाधि**

श्री खजुहा आश्रम स्वामी जी की भजन स्थली है। एक बार स्वामी जी इसी आश्रम में जन संपर्क से सर्वथा दूर एकांत कक्ष में प्रभु के विरह अवस्था में अहर्निश डूबे, रोते, चीखते चिल्लाते हुए 27 दिन बिता दिए। शिष्यों को आशंका हुई कि कहीं जीवन लीला समाप्त ही ना कर दें। तब श्री सीताराम जी के स्वरूपों द्वारा उस भयावनी स्थिति से अलग करवाया गया।

**सर्वांग में श्री राम मंत्र का दर्शन**

श्री स्वामी जी ने अपनी युवावस्था में अनुष्ठानपूर्वक नेत्रों से अश्रु बहाते भाव-विभोर अवस्था में 13 करोड़ श्री राम मंत्र का जाप किया। जिसका दशमांश हवन श्री राम मंत्र महायज्ञ के रूप में सन् 1997 में श्री राम हर्षण कुंज श्री आयोध्या धाम में संपन्न हुआ। अनुरागपूर्वक मंत्र जाप का परिणाम यह हुआ कि भक्तों ने अनेक बार श्री स्वामी जी के सर्वांग में श्री षडाक्षर राम मंत्र का और श्री सीताराम राम का दर्शन किया।

**श्री राम मंत्रार्थ मंडपम्**

श्री स्वामी जी की श्री राम मंत्र में अतीव निष्ठा थी। वे मंत्र स्वरूप ही थे। मंत्र जप करने का जो प्रतिदिन का समय और नियम या उसमें कैसी भी परिस्थिति आने पर किसी प्रकार का कोई समझौता संभव नहीं था। श्री मार्कण्डेय आश्रम की घटना है, श्री स्वामी जी प्रातःकाल नियम में बैठ गए। रीवा नरेश महाराज श्री मार्तंड सिंह जू देव दर्शनार्थ आए। लोगों ने खिड़की से स्वामी जी को सूचना भी दी पर भजन के समय नहीं था। अतः वे चले गए। स्वामी जी अपना नियम पूरा होने पर ही कुटिया से बाहर निकले।

एक बार श्री राम हर्षण कुंज अवधधाम में निवास करते हुए स्वामी जी अत्यंत भाव विभोर अवस्था में श्री राम मंत्र का जाप कर रहे थे। जप करते समय ध्यान में एक अनुपम दिव्य प्रकाशमय मंदिर का दर्शन हुआ। उस मंदिर में दिव्य सिंहासन पर परम प्रकाशमय षडाक्षर श्री राम मंत्र भगवान विराजे हैं। यह दर्शन कब तक चला यह तो प्रभु ही जाने। जप पूर्ण होने पर अंतरंग शिष्यों को दर्शन वाली घटना का उल्लेख भी किया और निर्देश भी कि श्री मंत्रराज भगवान का मंदिर बनना चाहिए ऐसी प्रभु की प्रेरणा है। महंत श्री हरिदास जी तथा सभी श्रद्धालुओं ने तन, मन और धन लगाकर श्री राम मंत्रार्थ मंडपम् का निर्माण करवाया।

ये मंत्रराज भगवान स्वामी जी के हृदय बिहारी भगवान है। श्री राम मंत्र का जाप करने वाले को परम पद की प्राप्ति होती है इसलिए इस मंत्र को तारक मंत्र भी कहते हैं। जगत में अधिकांश ऐसे भी जन हैं जिन्हें श्री राम मंत्र प्राप्त करने का सौभाग्य नहीं मिला। यदि वे स्वामी जी के हृदय बिहारी इन श्रीराम मंत्र का दर्शन भी कर लेंगे तो उनका भगवद्धाम जाने का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। ऐसी मंत्र भगवान के मंदिर की भव्य भावना है।

## साहित्य सृजन

श्री स्वामी जी ने वैष्णव जगत के लिये परम उपयोगी प्रभु प्रेम संयुक्त भक्ति साहित्य का सृजन किया। जिस मैथिल रस पर भक्तों की कलम कम ही चली थी, श्री स्वामी जी ने प्रचुर मिथिला भावापत्र साहित्य का सृजन किया है।

श्री प्रेम रामायण, लीला सुधा सिंधु, प्रस्थान त्रयी (गीता, उपनिषद, ब्रह्मसूत्र) पर भाष्य, वैष्णवीय विज्ञान, प्रपत्ति दर्शन, चिनय वल्लरी, विरह वल्लरी प्रभृति दुर्लभ 33 ग्रंथों द्वारा भक्ति साहित्य का सृजन कर स्वामी जी ने भक्ति जगत का महान उपकार किया है।

## लीला अभिनय

श्री स्वामी जी ने अपने शिष्यों के द्वारा संतलीला और राम लीला का मंचन करवाकर भक्त और भगवान को लीला सुख प्रदान किया जो अद्यावधि चल रहे हैं।

श्री स्वामी जी 94 वर्ष 7 माह 29 दिन तक इस धरा पर रहे। उस काल में उनके दिव्य भगवत् प्रेम प्रपूरित गौर वपु का दर्शन करके, उनकी प्रभु प्रेम मिश्रित परम मधुर अमृतमयी वाणी श्रवण करके कितने जीव परम पद के पक्कि बने साथ ही विशुद्ध सीताराम प्रेममयी मिथिला रस संश्लिष्ट वृहद साहित्य सरिता में अवगाहन करके सिंधु से पार हो गए और भविष्य में होते रहेंगे। अंत में गौर विरह, परम सुदर, परमाचार्य हमारे श्री सदगुरूदेव भगवान के पावन चरण कमल में कोटि-कोटि वंदन करते हुए विशुद्ध प्रेम प्रार्थी हम उनके तुच्छ से भक्त हैं।

**निष्कर्ष**—हिन्दी में संत-कवि जिस जिस विचार धारा को लेकर अपनी वाणियों की रचना में प्रवृत्त हुए, उसका मूल स्त्रोत चौरासी सिद्धों एवं नाथों की रचनाओं में दृष्टिगोचर होता है। बौद्धधर्म के अंतर्गत मतभेद बढ़ जाने पर यहाँ बौद्धधर्म से संबंधित विभिन्न साम्प्रदायों का प्रादुर्भाव हुआ, जिनमें से हीनयान एवं महायान नामक दो सम्प्रदाय अधिक प्रसिद्ध हुए। हीनयान में नैतिकता की प्रधानता थी और कुछ विशिष्ट वर्ग वाले व्यक्ति ही इसमें सम्मिलित होते थे, जब कि महायान सम्प्रदाय के द्वार सभी वर्ग एवं सभी जातियों के लिए खुले थे। महायान सम्प्रदाय थोड़े ही समय में जनसाधारण को आकृष्ट करके लोकप्रिय गया। इस सम्प्रदाय में बुद्ध को अवतार मानकर उसकी पूजा का प्रचार आरम्भ हुआ, तांत्रिक साधना को महत्व दिया जाने लगा, जिसमें मंत्र-तंत्र आदि सिद्ध की ओर ध्यान दिया जाने लगा। इसी प्रकार नाथ-सम्प्रदाय के साधकों ने भी योगाभ्यास पर बल देते हुये योग की साधना को महत्व प्रदान किया और हठयोग, राजयोग, ध्यान-योग आदि योग संबंधी साधनों के द्वारा मोक्ष प्राप्त करने का प्रचार किया।

## संदर्भ सूची

1. हिन्दी साहित्य का इतिहास—आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
2. श्रमण भारती, पृ.167, डॉ. श्रेयांस कुमार जैन
3. हिन्दी साहित्य का समग्र इतिहास, पृ. 156 परमानन्द श्रीवास्तव
4. समंतभद्र की भद्रता, आचार्य विद्यासागर, नमिनाथ जिनस्तबन, पृ. 47
5. विद्या-काव्य-भारती, आचार्य विद्यासागर, गुरू स्मृति, पृ. 17
6. दोहा-दोहन, आचार्य विद्यासागर, पृ. 25
7. संत साहित्य के प्रेरणास्त्रोत, आचार्य परशुराम चतुर्वेदी, पृ. 56

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 4 (OCT TO DEC., 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999
Paper Recieved : 10th Oct 22 Paper Accepted : 20th Oct 22

# सूरजपाल चौहान का 'तिरस्कृत' आत्मकथा-दलित वेदना का यथार्थ

❑ डॉ. बृजेन्द्र कुशवाहा*

**शोध सारांश**

तत्कालीन जमाने में सरकारी दफ्तरों में भंगियों और चमारों को नौकरी मिलना कठिन था। दूसरी बात सरकारी नौकरी में आने के लिए किसी भी व्यक्ति को शिक्षित होना जरूरी है। दलितों के लिए शिक्षा प्राप्ति एक समस्या बनी थी। स्वातंत्र्योत्तर भारत में धीरे–धीरे इसमें परिवर्तन आने लगा। लेखक के पिता साफ–सफाई का काम करते थे। बाद में उन्हें भारत सरकार के उपक्रम (एस.टी.सी ऑफ इंडिया लिमिटेड, नई दिल्ली) में एक सफाई कर्मचारी के रूप में नियुक्ति मिली और वे वहीं से सेवानिवृत्त हुए। लेखक सूरजपाल चौहान अपनी शिक्षागत योग्यता और प्रतिभा के बल पर अब इसी कार्यालय में मुख्य प्रबंधक के रूप में कार्य कर रहे है। इसी संघर्ष से जीवन व्यतीत करते हुए परिवार के पुत्र हुए सूरजपाल चौहान वर्तमान में हिंदी दलित साहित्यकारों में सूरजपाल चौहान का नाम अलग महत्व रखता है। सर्वप्रथम इनके जन्म, शिक्षा और संस्कार की ओर मैं दृष्टि डालकर उनके कठिनाइयों से उठकर सफलता की सीढ़ी तक पहुँचने की कथा कहेंगे।

**मूल शब्द–** सूरजपाल, आत्मकथा, दलित, शोषण, संघर्ष।

**व्याख्या–** कवि और कलाकार के रूप में प्रसिद्धि प्राप्त चौहान ने आत्मकथा 'तिरस्कृत' लिखकर हिंदी दलित साहित्य को और भी समृद्ध किया है। आपका जन्म 20 अप्रैल, 1955 ई. में उत्तरप्रदेश के अलीगढ़ जिले के फुसावली जनपद में हुआ था। उनके पिता का नाम श्री रोशनलाल है। लेखक एक संयुक्त परिवार के सदस्य है। उनके घर की आर्थिक स्थिति अत्यन्त शोचनीय थी। घर में चाचा और अन्य कई सदस्य थे जो गांव के ठाकुरों के घर में काम–काज करते थे। लेखक भंगी परिवार से थे। गांव के भंगी और चमारों को बसीठों (सवर्णों) की बेगारी करनी पड़ती थी।

लेखक सूरजपाल की प्राथमिक शिक्षा अपने गांव की पाठशाला में पूरी हुई थी। सूरजपाल की माता बड़ी मेहनती महिला थी। पति के दिल्ली में रहने के कारण उन्हें बाल बच्चों की देखभाल और घर की सारी जिम्मेदारी निभानी पड़ती थी। दीर्घ समय तक वो बीमार रहीं। उपयुक्त चिकित्सा के अभाव में उनकी मृत्यु स्वल्पायु में हो गई। माता की मृत्यु के बाद पिता रोशनलाल बेटे को अपने साथ दिल्ली ले गये । यहाँ उनकी पढ़ाई शुरू हुई। दिल्ली में उनका बचपन खान

* अतिथि विद्वान, ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय, रीवा मध्यप्रदेश, मो. 9685718272,
ईमेल–BrijendraKushwaha123@gmail.com

मार्केट के पास सिमिट्री की झुग्गियों में तथा झुग्गी टूट जाने के बाद नेशनल स्टेडियम की दर्शक दीर्घाओं में बीतता है। संस्कृत विषय पढ़ाने वाले अध्यापक वेदपाल शर्मा, मुझे समय–समय पर जाति का ओछापन याद दिलाते रहते। मैं तड़प उठता था उस द्रोणाचार्य की बातें सुनकर : एक दिन अपने साथी अध्यापकों से मेरी ओर संकेत कर उसने कहा – ''यदि देश के सारे चूहड़े चमार पढ़ लिख गए तो गली–मोहल्लों की सफाई और जूते बनाने का कार्य कौन करेगा ?'1

माध्यमिक और उच्चाध्यापिक शिक्षा की परिसमाप्ति के बाद दिल्ली के भगतसिंह कॉलेज में उनका दाखिला हुआ। वहीं से वे स्नातक डिग्री लेकर निकले। उनका अध्ययन बड़ी कठिनाई से समाप्त हुआ। पैसे की कमी के कारण छुट्‌आी में वे दैनिक भत्ते में काम करते थे। आठवीं कक्षा में पढ़ते समय एक झाड़ूदार की अनुपस्थिति में उनकी जगह पर दो महीने (ग्रीष्मावकाश में) उन्होंने जीवन बीमा निगम ऑफिस में झाड़ू लगाने का काम किया था। जिस दिन उन्हें अपनी मेहनत के रुपये मिले उस दिन निगम के खंजाची पी. कुमार ने उनके पिता से कहा था– ''पांच रुपये कमाने के चक्कर में बच्चे का जीवन बर्बाद मत करो, इसे खूब पढ़ाओ, लिखाओ। आज यह पांच रुपये कमा रहा है, कल जब वह पढ़ेगा तो पचास रुपये रोज कमालेगा।''2

उस दिन के बाद पिताजी ने उनकी पढ़ाई की सारी जिम्मेदारी अपने कंधों पर ले ली। लेखक को और झाडू लगानी नहीं पढ़ी। उस समय केवल गांव के सवर्णों में दलितों के प्रति घृणा की भावना नहीं थी, बल्कि शहरों में भी जाति व्यवस्था और छुआ–छूत की ऐसी बीमारी फैली थी। दिल्ली में रहते समय अपने अध्ययन काल से लेकर नौकरी करते वक्त लेखक को कई बार घृणा परंपरा का शिकार होना पड़ा था। एक जगह पर लेखक ने इस बात का उल्लेख करते हुए लिखा है ''मैंने अपने नाम के साथ अपना गोत्र – ''चौहान का प्रयोग करना शुरू कर दिया। अब कॉलेज के साथी मुझे राजपूत या ठाकुर समझते थे। कॉलेज में मेरा एक सहपाठी अनुपम जैन मेरा प्रिय बन गया। लेकिन कब तक? जब तक कि वह मुझे राजपूत चौहान समझता रहा। पर मेरा एस. सी. होना जानकर उसने मुझसे मित्रता तोड़ दी।''3

अनुसूचित जाति के सदस्य होने के नाते उन्हें अपने नौकरी जीवन के कार्यकाल में कई बार लांछित और अपमानित होना पड़ा था। लेखक ने इन समस्त घटनाओं को बड़ी सफाई के साथ अपनी आत्मकथा 'तिरस्कृत' में स्थानित किया है। दिल्ली में रहते समय वे साहित्य जगत से जुड़े । वे पहले पहल सवर्ण रचनाकारों और बुद्धिजीवियों की साहित्यिक बौद्धिक गतिविधियों से जुड़े। कई कारणों से वे सवर्ण साहित्यकारों के विचार से एकमत नहीं हो पाये। कई साहित्यिक कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद उन्हें महसूस हुआ कि सवर्ण साहित्यकारों की विशेष पूछ है। ध ीरे–धीरे सवर्णों के साहित्यिक मंच और लेखन से उनका मोह भंग हुआ। क्रमशः वे दलित पक्षधर के लेखन से जुड़ गये । तब तक हिंदी में दलित साहित्य लेखन की परंपरा प्रारंभ हो गई थी। उन्होंने तत्कालीन दलित साहित्यकारों से प्रभावित होकर लिखना शुरू किया। 'प्रयास' उनका पहला काव्य संग्रह है। इसके प्रकाशन के बाद लेखक को काफी प्रशस्ति मिली थी। इस पुस्तक की भूमिका में विशिष्ट दलित साहित्यकार ओमप्रकाश बाल्मीकि ने लिखा है– ''कवि सूरजपाल चौहान के संस्कार स्मृतियों की तरह कविता में आते हैं और देर तक सर्द–गर्म लू थपेड़ों का अहसास बनाये रखते हैं। ग्रामीण संस्कार जब शहरी सभ्यता में उठते संस्कारों, जोड़–तोड़ के समीकरणों और राजनीतिक स्तर पर पनपते, फलते फूलते उग्रवाद को देखते हैं। खुद को गूंगा महसूस करने लगता है। यह गूंगापन मात्र एक प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि विषमता, संकीर्णता और जातीय वैमनस्य के प्रति विरोध को जन्म देता है। कवि आह्वान करना चाहता है। ऐतिहासिक पात्रों का राजद्वेष उसकी स्मृतियों को उद्वेलित करता है।''4

लेखक सूरजपाल चौहान की अन्य कृतियाँ है। ये कहानी संग्रह 'हैरी – कब आयेगा', आत्मकथा 'तिरस्कृ

त', संपादन– 'हिंदी के दलित कथाकारों की प्रकाशित पहली कहानी', कविता संग्रह 'प्रयास' और 'क्यों विश्वास करूं', बाल कविताएँ– 'बच्चे सच्चे किस्से' और 'मधुर बाल गीत'। इनके अलावा इनकी बहुत सी रचनाएँ देश की विभिन्न पत्र–पत्रिकाओं में प्रकाशित हैं। एक दलित साहित्यकार के रूप में उनकी प्रसिद्धि देश के कोने–कोने तक पहुँच चुकी है।

मोहन दास नैमिशराय की आत्मकथा 'अपने–अपने पिंजरे' और ओमप्रकाश बाल्मीकि की 'जूठन' के बाद सूरजपाल चौहान का 'तिरस्कृत' साहित्यिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण आत्मकथा है। लेखक ने अपनी आत्मकथा में ऐसे कई मार्मिक प्रसंगों की उपस्थापना की है जिससे भी पाठक के मन में गहरी सहानुभूति पैदा होती है 'तिरस्कृत' को तीन भागों में देखा जाना चाहिए। इन तीन भाग में परिवार के टूटने बिखरने से लेकर देश में व्याप्त सवर्ण मानसिकता तक है।

सवर्ण समाज की दृष्टि में भंगी– चमार परिवार के लोग असभ्य माने जाते थे। लेखक भंगी परिवार की संतान थे। भंगी चमारों पर सवर्णों का अन्याय–अत्याचार, निर्मम निष्ठुर–व्यवहार दिनो दिन बढ़ता जा रहा था। लेखक ने इन्हें कई प्रसंगों के जरिये उपस्थापित किया है। भंगी–चमारों के बच्चे शिक्षा से काफी दूर थे। गांव में पाठशाला होते हुए भी उन्हें पढ़ने का अधिकार नहीं था। लेखक ने सन् 1962–63 की बात कही है। उनके गांव में पादरी बाबूलाल मसीह पढ़ाने आते थे। उन्हीं के कारण लेखक की दो भंगी परिवार के बच्चों के मन में पढ़ने की इच्छा हुई। वे गांव की पाठशाला में पढ़ने गये। पर पहले पहल इन्हें सवर्ण अध्यापको की हीन दृष्टि का शिकार होना पड़ा। लेखक ने उन दिनों की घटनाओं की याद दिलाते हुए लिखा है– ''हम तीनों भंगी मोहल्ले के बालकों को गांव की पाठशाला में पढ़ रहे सभी बच्चों से दूर पीपल के नीचे बैठने को कहा जाता... कभी–कभी मास्टर को ध्यान तो हमारी घोटा तख्यिों पर पेंसिल से हरफ खींच जाते और हम उन हरकों पर खडिया़ पोत लिया करते थे। कई माह तक हम तीनों परिवार के सदस्य इसे ही स्कूल जाना और पढ़ना समझते थे । ''दिवानचंद सेकेण्डरी स्कूल लोधी रोड, नई दिल्ली में पढ़ रहे थे। संस्कृत विषय पढ़ानेवाले अध्यापक वेदपाल शर्मा उन्हें समय–समय पर जाति का ओछापन याद दिलाते रहते। एक दिन अपने साथी अध्यापकों से मेरी और संकेत कर उसने कहा था – यदि देश के सारे चूहड़े चमार पढ़ लिख गए तो गली–मोहल्लों की साफ–सफाई और जूते बनाने का कार्य कौन करेगा ?''5

तत्कालीन समाज में ठाकुरों के घर में भंगी चमारों की स्त्रियां काम करती थी। उन पर काफी अत्याचार हो रहा था। लेखक ने अपनी आत्मकथा में एक लोमहर्षक घटना का याद दिलाते हुए लिखा है कि एक दिन उसकी माँ बहुत बीमार थीं। अपनी बीमारी के कारण वह कई दिन ठाकुरों के घर काम करने नहीं जा पाई थीं। ठाकुर उसे बुलाने आये तो मां ने अपनी बीमारी की बात कहते हुए असमर्थता प्रकट की। तब ठाकुर ने लेखक की ओर संकेत करते हुये कहा –'' तुम्हारे पीछे खड़ा यह हाथी नहीं जा सकता......? पकड़ा इसके हाथ झाडू और टोकरा।''6

वस्तुतः भंगी समाज के चित्रण में यह 'तिरस्कृत' ओमप्रकाश बाल्मीकि की 'जूठन' से बहुत आगे है। मां की मृत्यु के बाद लेखक दिल्ली चले गये। दिल्ली में उनके पिता एक झाडूदार का काम करते थे। पिताजी के पास रहकर लेखक ने पढ़ाई शुरू की और वहीं उन्होंने बी.ए. की परीक्षा पास की। दिल्ली जाने से पहले गांव में उनका बचपन कैसे बीता था इसका कुछ मार्मिक विवरण 'तिरस्कृत' में देखने को मिलता है। गांव में सवर्णों के शादी–ब्याह पर लेखक की मां जूठन बटोरने के लिए वहाँ जाती थी। लेखक भी अपनी मां के साथ जाते थे। लेखक के द्वारा जूठन बटोरने का इस काम का मार्मिक चित्रण मिलता है। जब मां जूठी पत्तल से जूठन बटोर रही थी तब बेटा सूरजपाल एक डंडा लेकर झपटने आए कुत्तों को दूर रखने में तत्पर थे। भंगी– चमारों के परिवारों में सूअर का मांस आनन्द से खाया जाता था। सुअर को पकड़ना बड़े मुश्किल

की बात थी। सुअर का मांस सही ढंग से काटना भी बड़ा मुश्किल था। सुअर की चर्बीयुक्त खाल को 'तिवाक' कहते हैं। भंगी– चमार के बच्चे इसे मुंह में डाल स्वाद से चबाते हैं। सूअर के पेशाब की थैली से पेशाब निकालकर बच्चे इसे गुब्बारे की तरह मुँह फुलाकर खेलते थे और उसक डफली बनाकर बजाते थे। गरीबी की ऐसी दर्दनाक स्थिति का रेखांकन करते हुए लेखक ने अपनी अनुभूति की अभिव्यक्ति की है–''ताऊ सरूपा की बेटी रूपाली की शादी का दिन था। उस दिन मोहल्ले में बड़ी चहल–पहल थी, बारातियों और नाते–रिश्तेदारों को दावत के लिये सूअर मारा गया था। उस सूअर की दर्दनाक चौखें आज भी मेरे कानों में साफ सुनाई पड़ रही है, सूअर को दौड़ा–दौड़ा कर थका देना फिर घर दबोचना और गांव के मुबरसी नाम के अधेड़ उम्र के व्यक्ति द्वारा लोहे की पैनी नोंक वाले एक हथियार को सूअर की बगल में भौक देना । उफ ! सूअर का भयंकर पौड़ा के साथ तड़पना और थोड़ी देर बाद उसके शरीर का ठंडा पड़ जाना, आज भी एक–एक घटना चलचित्र की भाँति मेरी आँखों के सामने घूम रही है।''7

लेखक ने अपनी आत्मकथा में लिखा है कि उनके पड़ोस के एक जाअव मित्र की पत्नी खाली समय में उनकी पत्नी के साथ बैठकर गप्पें करती थी। इन दिनों घंटों बातें हो जाया करती थीं। एक दिन सवर्ण पड़ोसियों ने लेखक के जाटव मित्र की पत्नी से पूछा – ''क्या आप भी शैड्यूल कास्ट हैं ? जाटव मित्र की पत्नी ने सीधे उत्तर न देकर कहा – ''बहन जी, हम शैड्यूल कास्ट तो हैं पर ऊँची जाति वाले शैड्यूल कास्ट हैं।''8 दिल्ली शहर में भी छुआछूत से उनका पीछा छूट नही पाया। ब्राह्मणों का प्राधान्य और समाज के चूहड़े–चमारों की स्थिति कही नही जाती जिसका वर्णन लेखक ने बड़ी मार्मिकता के साथ किया है। अपनी जाति को छिपाकर अपनी असलियत छिपाले के लिए लेखक का प्रयास अत्यन्त सराहनीय है। भगतसिंह कालेज आते आते सूरजपाल चौहान बन जाता है।

उच्च दलितों के बीच दलितों को किस प्रकार अवहेलित, निन्दित होना पड़ता था इसे लेखक ने अपनी आत्मकथा 'तिरस्कृत' में कई प्रसंगों के जरिये उपस्थापित किया है। पहले पहल लेखक सूरजपाल दिल्ली में सवर्ण रचनाकारों और बुद्धिजीवियों की साहित्यिक संगोष्ठियों से जुड़े रहते थे। अनेक साहित्यिक कार्यक्रमों, संगोष्ठियों आदि में भाग लेकर उन्हें महसूस हुआ कि वास्तव में ऐसी साहित्यिक गतिविधियों में सवर्णों का सबसे अधिक महत्व है तब धीरे–धीरे ऐसे कार्यक्रमों से सूरजपाल का संबंध टूटता गया। वे दलित साहित्यकारों के साहित्यिक कार्यक्म से जुड़ने लगे। इसी क्रम में आप विशिष्ट दलित साहित्यकार ओमप्रकाश वाल्मीकि से जुड़े और आगे उनका पारिवारिक संबंध भी बढ़ता गया। लेखक सूरजपाल के द्वारा दलित साहित्य लिखे जाने पर कुछ लोग उन्हें दलित साहित्य जोड़ कर साहित्य की मुख्यधारा में शामिल होने को कहा । एक दिन लेखक ऑफिस से आ रहे थे। दिल्ली के बाराखंबा रोड स्थित 'स्टेट्समेन बस स्टैंड' पर कौशल ने लेखक से कहा – ''सूरज जी, मैं तुम्हारा हितैषी हूँ, तुमने दलितों के विषय में बहुत कविताएँ व कहानियाँ लिखी हैं..... अब मैं चाहता हूँ कि आप अपनी संकुचित विचारधारा को छोड़ कर साहित्य की मुख्यधारा में आ जाओ। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूँ कि वह आपको सदबुद्धि दे ।''9

आजकल दलित समाज का एक बहुत बड़ा हिस्सा अपनी जाति को छुपाकर वृहत्तर समाज से स्वीकृति व प्रतिष्ठा पाना चाहता है। ऐसे लोग जाति को लेकर हीन ग्रंथि का शिकार हैं और इस ग्रंथि से उबरने के लिए वे जाति छुपा लेते हैं। वे लोग अपने आप को सवर्ण होने का आडम्बर करने लगते हैं। दलित दलितों की पीड़ा समझ नहीं पाता। तब तो ठाकुर लटूरी दलितों को लड़वा कर अपना उल्लू सीधा करता है। जब ठाकुर लटूरी के खेत में बेगार करने के लिए सुमेर, अपनी पत्नी का बीमारी के कारण जा नहीं पाता तो वह पंचायत में दलित से उसका अपमान करता है। पंचायत में खचेरा नामक दलित से उसको पिटवाता है। दलितों

को दलितों के खिलाफ लड़वाकर ठाकुर अपना उल्लू सीधा करता है। वस्तुतः न्याय के नाम पर निर्दोष दलितों को सजा देकर उन्हें कैसे दबाया जाता है इसे बड़ी बारीकी से लेखक ने अपनी आत्मकथा में स्पष्ट किया है। दलितों में छुआछूत का भूत काफी गहरे तक ब्याप्त है। दलितों में भी जाति और उपजाति को लेकर कई भेद हैं। उच्च वर्ग के दलित निम्न वर्ग के दलितों को हीन दृष्टि से देखते हैं।

दलित साहित्य के विकास के साथ मराठी दलित साहित्यकारों ने सदियों की जातीयता को समाप्त करने के लिए आत्मकथाओं का सहारा लिया। आत्मकथा के जरिए दलित जाति के लोगों के दुःख–दर्द, कार्यों और विचारों पर प्रकाश डालना मूल उद्देश्य रहा। ''इन आत्मकथाओं की एक विशेषता यह भी है कि हर एक दलित जाति से किसी न किसी ने अपनी आत्मकथा लिखी है। इन आत्मकथाओं से महाराष्ट्र के हर क्षेत्र की भाव शैली वेश–भूषा, रीति–रिवाज, रहन–सहन आदि बातों की जानकारी मिलती है।''10

दलित जाति के आदिवासी, घुमन्तू अर्ध घुमन्तु लोगों के नित्य के कार्यों और विचारों का चित्रण मिलता है। दया पवार का 'बलुग', लक्ष्मण माने का 'उपरा', माधव कोंडविलकर का 'दवोचे गोठण', मुरहरि का 'गबाल', ब्रजनाथ कलसे का 'एरणी च धारणा', उत्तम बंडुतुपे का 'काटमावरची ''पोट'', शरणकुमार लिम्बाले का 'अक्करमाशी' आदि आत्मकथाएँ महार, मांग, डोर, चमार, कैकाड़ी, जोगी, लुहार, बंजारा, घुमन्तू आदिवासी दलित जातियों की स्थितियों को व्यक्त करते हैं। इस प्रकार मराठी दलित साहित्य मराठी का अविभाज्य अंग हो गया है।

हिंदी में सर्वप्रथम डॉ. भगवानदास की आत्मकथा 'मैं भंगी हूँ' प्रकाशित हुई। इसके बाद कई आत्मकथाएँ प्रकाशित हो चुकी है। अब तक प्रकाशित हिंदी की दलित आत्मकथाओं में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाली तीन प्रमुख आत्मकथाएँ हैं – 'अपने–अपने पिंजरे' भाग–1 और भाग–2 (मोहनदास नैमिशराय), जूठन (ओमप्रकाश बाल्मीकि) और तिरस्कृत (सूरजपाल चौहान) की कथाएँ हैं। इनके अलावा 'झोपड़ी से राजभवन' (माता प्रसाद) 'मेरा बचपन मेरे कंधों पर' (श्री श्यौराज सिंह 'बेचैन'), 'मेरी पत्नी और भेड़िया' (डॉ धर्मवीर), 'शिकंजे का दर्द' (सुशीला टाकभौरे) आदि आत्मकथाएँ भी पाठकीय आदृति प्राप्त कर चुकी है।

दलितों की आत्मकथाओं में सवर्ण. हिन्दुओं द्वारा दलितों के साथ किए जाने वाले अन्याय, अपमानजनक बर्ताव और छुआछूत की घृणित मानसिकता का वर्णन कर इनके खिलाफ पाठकों को सजग करने का प्रयत्न किया गया है। इन आत्मकथाओं में सूरजपाल चौहान की आत्मकथा 'तिरस्कृत' का एक अलग महत्व है। मोहनदास नैमिशराय ने इस संबंध में कहा है– ''तिरस्कृत' हिंदी हृदय से अपनी तीसरी दलित आत्मकथा है। इससे पूर्व 'अपने–अपने पिंजरे' और 'जूठन' आ चुकी है। पर 'तिरस्कृत' में अलग तरह का दृष्टिकोण पाठकों के सामने आता है। जो न केवल सवर्ण लेखकों को परेशान करता है, बल्कि बुद्धिजीवियों को भी यह सोचने पर बाध्य करता है कि ब्राह्मणवाद या ब्राह्मणवादियो से संयुक्त मोर्चा लेने के लिए एक ओर दलित जातियों के भीतर पनप रही श्रेष्ठ बने रहने की भावना और दूसरी तरफ अन्य को छोटा समझने के दोष को खत्म करना होगा।''11

दलित आत्मकथा यह सूचित करती है कि तत्कालीन सवर्ण जाति के लोगों से दलितों को कितना घृणित और अपमानित होना पड़ता है। सवर्णों के द्वारा उत्पीडित दलितों का जीना कितना दूभर होता था। इन सवर्णों के खिलाफ लड़ने के लिए दलितों में एकता होनी चाहिए। उल्टे दलितों में दरारें दिखाई देती है। इतना ही नहीं, पढ़े–लिखे सत्ताधारी दलित कमजोर दुर्गति संपन्न दलितों को घृणा की दृष्टि से देखते हैं। लेखक ने खुद ही अपनी आत्मकथा 'तिरस्कृत' मे इस बात का उल्लेख करते हुए कहा है– ''देश के तथाकथित सवर्ण तो हमेशा से हमसे घृणा करते आ रहे हैं पर हम दलित भी आपस में घृणा फैलाने में कम नहीं रहे है। उस दिन इन पढ़े–लिखे द्वारा साबित हो गया था कि छुआछूत का भूत दलित समाज में कितने

गहरे तक व्याप्त है। मेरे पड़ोसी के एक जाटव मित्र की पत्नी खाली समय में श्रीमती के पास आकर बैठ जाया करती थी। वह घंटो बातें बनाती । हमारे सवर्ण पड़ोसियों ने एक बार उस जाटव मित्र की पत्नी से पूछा– ''आप भी शैड्यूल कास्ट हैं ?'' जाटव मित्र की पत्नी ने सीधे–सीधे उत्तर न देकर उस सवर्ण महिला श्रीमती कंसल से कहा था – '' बहन जी हम शैड्यल कास्ट तो हैं पर ऊँधी जाति वाले शैड्यल कास्ट हैं।''12

दलितों के इस अंतर्विरोध को लेखक ने अन्य एक प्रसंग के जरिये स्पष्ट किया है लेखक जब नोएडा में रहने लगे तब 'स्कैल' (शैड्यूल्ड कास्ट ऐसोसियेशन, नोएडा) से उनका संबंध हो गया। इस संस्था के अधि ाकांश सदस्य ऊँचे–ऊँचे पदों पर विराजमान अफसरान थे। संस्था का सदस्य बनने के लिए उन्हें एक फार्म भरना पड़ा। फार्म में एक कालम 'उपजाति' का भी था। उसने इस कालम की पूर्ति किये बिना छोड़ दिया। पर उन्हें इस कालम को पूरा करने के लिये कहा गया। तब लेखक ने फार्म में अपनी उपजाति 'बाल्मीकि' लिख दी। उस समय की स्थिति और उन लोगों की प्रतिक्रिया का रेखांकन करते हुए लेखक ने अपनी आत्मकथा में लिखा है– ''मैंने उपजाति वाले कालम में जैसे ही अपनी उपजाति वाल्मीकि लिखी कि वहाँ मौजूद सभी पढ़े–लिखे दलित एक दूसरे के चेहरों की ओर कुछ क्षणों तक अपलक देखते रहे। कोई कुछ नहीं बोल रहा था सन्नाटा, एकदम से पिन ड्राप सायलेंस।'' लेखक भी ऐसी स्थिति में भौचक्के रह गये। तभी संस्था के महासचिव डॉ. रविन्द्र ने लेखक के कंधे पर हाथ रखते हुए हैरानी व्यक्त करते हुए कहा– ''अरे, हम किसी भी तरह की छूआछूत नहीं मानते...... हम अपने घर के आंगन में भंगिन तक को बैठाकर चाय व नाश्ता करवा देते हैं.... तुम बाल्मीकि हो तो क्या हुआ ?'' यह जानकर कि मैं बाल्मीकि वर्ग से हूँ, उन लोगों का व्यवहार मेरे प्रति बदल चुका था...... उस दिन पढ़े लिखे धूर्तों द्वारा साबित हो गया था कि छूआछूत का भूत दलित समाज में कितने गहरे तक व्याप्त है ।''13 इससे पता चलता है कि दलितों में भी गहरा अंतर्विरोध है जो दलितों को एकजुट होकर आगे बढ़ने में प्रबल प्रतिरोधक बनता है। 'तिरस्कृत' में अनुभूति की तीव्रता और प्रामाणिकता भी है। हिंदी में दलित साहित्यकारों की आत्मकथाओं में तिरस्कृत का एक अलग महत्व है।

ओमप्रकाश बाल्मीकि और सूरजपाल चौहान दोनों ने अपनी अपनी आत्मकथा लिखी है। दोनों बाल्मीकि संप्रदाय के हैं। अपनी आत्मकथा के जरिये अनुसूचित जातियों के लोगों में जागरण उत्पन्न करने में दोनों सिद्धहस्त पाये जाते हैं। दोनों की आत्मकथा अनुभूति के आधार पर लिखी गई है। पर यह कहना असमीचीन नहीं होगा कि दोनों की अनुभूति में थोड़ा बहुत अंतर है। ऐसे तो देखा जाना है कि बाल्मीकि संप्रदाय के लोग समाज में आर्थिक दृष्टि से बड़े कमजोर पाये जाते हैं। उनकी जीवनयात्रा की शैली भी उन्नत नहीं होती। वे लोग पुरानी परंपरा के अनुयायी हैं। दोनों लेखकों ने इनके जीवन की सारी गतिविधियों का सूक्ष्म निरीक्षण कर लिखा है। दोनों की आत्मकथाओं में कई स्थलों पर मार्मिक वर्णन देखने को मिलते हैं और ये भी दोनों की निजी अनुभूति की गहराई पर पर्यवेशित है। पर सच कहा जाय तो 'जूठन' की तुलना में 'तिरस्कृत' में वर्णन घटनाएँ ज्यादातर मार्मिक और अनुभूति की गहराई पर आधारित है।

इस संबंध में कविदेव का बखूबी चित्रण देखने को मिलता है। उन्होंने दलित समाज के कुछ ऐसे अधिकारियों के बारे में लिखा है जो अच्छे कमाते हैं, खाते–पीते हैं, केवल अपने परिवार वालों का ध्यान देते हैं। अपने जाति भाइयों के प्रति उनमें तनिक भी स्नेह–सहानुभूति देखने को नहीं मिलती। माता प्रसाद की इस आत्मकथा में लेखक की अनुभूति का मार्मिक चित्रण तो है पर इसका अंतिम भाग इतना प्रभावशाली नहीं बन पाया है । इस संबंध में डॉ. एन. सिंह का कहाना है – ''झोंपड़ी से राजभवन'' दलित जीवन के खट्टे–मीठे अनुभवों का अद्भुत चित्रण है, जो निश्चय ही हमारी आँखें खोलने वाला है, लेकिन इसका अंतिम हिस्सा राजभवन में अपने आप में डायरी जैसा हो गया है जिसमें दिनांक और घटनाओं का उल्लेख है। यदि यह भी विवरणात्मक की जगह सृजनात्मक हो पाता तो और भी अच्छा रहता । लेकिन इससे भी माताप्रसाद जी के जीवन की कई ऐसी महत्वपूर्ण घटनाओं का पता चलता है, जो दलित समाज के

लिए बहुत उपयोगी है, जैसे डॉ. अम्बेडकर का फिल्मी निर्माण के साथ जुड़ा घटनाक्रम ।''14

सूरजपाल चौहान की आत्मकथा 'तिरस्कृत' उनके बचपन से लेकर जवानी तक के विविध प्रसंगों पर आधारित है। किसी भी कवि की आत्मकथा जीवन के अंत तक की कथा को लेकर लिखी नहीं जा सकती। सन् 1955 सूरजपाल का जन्म है। जन्म के 8/10 सालों के बाद ही आत्मकथा लिखना प्रारंभ हुआ है। कुल मिलाकर 40 साल के आसपास की अवधि में घटित घटनाओं पर उनकी आत्मकथा लिखी गई है। सूरजपाल की आत्मकथा 'तिरस्कृत' में दलित आत्मकथा की परंपरा में कुछ अभिनवता है। सूरजपाल के 'तिरस्कृत' में गांव और शहर दोनों को मिलाकर वर्णन किया गया है। बचपन में ग्रामीण जीवन की अनुभूति और नौकरी जीवन में शहरी जीवन की अनुभूति ने सूरजपाल को दलितों की त्रासदी के बहुविध रूपों से परिचय कराया है। इसलिए अन्य दलित आत्मकथाओं की तुलना में तिरस्कृत सबसे अधिक विवादास्पद और चर्चास्पद रहा।

निष्कर्ष–'तिरस्कृत' में जहाँ एक ओर ब्राह्मणों के द्वारा लेखक और उनके परिवार वर्गों, रिश्तेदारों के प्रति निष्ठुर व्यवहार दिखाई देता है वहीं दूसरी ओर पढ़े–लिखे समृद्ध उच्च वर्ग के दलितों से उपजाति वाले दलितों के प्रति अमानवीय व्यवहार का वर्णन भी है। दलितों में भी वर्ग भेद है। वस्तुतः दलितों के प्रति सवर्ण समाज के व्यवहार से प्रभावित उच्च जाति के दलितों में ऐसा विचार देखने को मिलता है। अगर दलितों में हमेशा अन्तर्विरोध रहेगा तो दलितों की मुक्ति कतई संभव नहीं है।

एक साहित्यकार के रूप में भी उन्हें सवर्ण साहित्यकारों के अपमान और लांछन सहना पड़ा था। वे दलितों में जागरुकता उत्पन्न कर उनमें एकता स्थापित करना चाहते थे। पर यह संभव नहीं हो पाया। दलितों में ऊँच–नीच भेद था। ऊँच जाति के दलित निम्न वर्ग के दलितों को घृणा की दृष्टि से देखते थे। भंगी चमारों के प्रति ऊँच वर्ग के दलितों का मनोभाव दलितों की एकता में दरार उत्पन्न करने वाला एक बड़ा बाधक तत्व था। लेखक ने इस सामाजिक यथार्थ को पूरी तरह महसूस किया था। 'तिरस्कृत' जैसी दलित आत्मकथा अन्य किसी आत्म कथा में दलितों के जैसी आत्मकथा का रेखांकन प्रायः देखने को नहीं मिलता है। इस दृष्टि से 'तिरस्कृत' एक अलग महत्व रखता है। हिंदी की पूर्व दलित आत्मकथाओं ने अपनी आत्मकथा लिखते समय ईमानदारी अवश्य दिखाई है, पर सूरजपाल की तरह ऐसा साहस दिखाकर, आत्मकथा लिख नहीं पाई। 'तिरस्कृत' के संबंध में अपना विचार करते हुए समीक्षक दयाशंकर का कहना है। हिंदी में ओमप्रकाश वाल्मीकि ने हिंदी क्षेत्र के बाहर मराठी दलित समाज और कार्यकर्ताओं के जिस अंतर्विरोध का संकेत भर किया था, उनसे आगे बढ़कर सूरजपाल ने हिंदी दलित और साहित्यकार के जातिगत भितरी अंतर्विरोध का विस्तार से उद्घाटन किया है। इस प्रकार सूरजपाल ने हिंदी दलित आत्मकथा को वस्तु के लिहाज से न केवल समृद्ध किया, बल्कि ज्यादा साहस और गंभीर दायित्व के अहसास के साथ उसे दो कदम आगे भी बताया ।

## संदर्भ सूची


1. तिरस्कृत पृ. 13
2. तिरस्कृत – पृ. 49
3. तिरस्कृत – पृ. 25
4. प्रयास, सूरजपाल चौहान पृ. 7, भूमिका
5. तिरस्कृत–पृष्ठ–13
6. तिरस्कृत – पृष्ठ –17
7. तिरस्कृत पृष्ठ – 22
8. तिरस्कृत–पृ.–195 तिरस्कृत–पृ.–195
9. तिरस्कृत –पृ.–82
10. दलित आत्मकथा –विशेष संदर्भ : सूरजपाल चौहान कृत तिरस्कृत, पृ. –67
11. दलित आत्मकथा –विशेष संदर्भ : सूरजपाल चौहान कृत तिरस्कृत, पृ. –67
12. तिरस्कृत–.पृ.–125
13. तिरस्कृत– पृ.133
14. दलित साहित्य के प्रतिमान डॉ एन. सिंह, पृ.189

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 4 (OCT TO DEC., 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999
Paper Recieved : 1st Nov 22 Paper Accepted : 15th Nov 22

# कबीर : एक समाज सुधारक

❐ सलमा खातुन*

**शोध सारांश**

साहित्य और समाज का मानव जीवन के साथ गहरा सम्बन्ध है क्योंकि मानव के सोच-विचार, क्रियाकलाप उसकी चिन्तनशीलता आदि सभी समाज से जुड़ी होती है और समाज की सभी घटनाओं को साहित्यकार अपने विचारों द्वारा साहित्य के माध्यम से व्यक्त करता है। यह आवश्यक नहीं कि कोई भी घटना साहित्यकार की अपनी ही घटना हो, अपितु उस घटना का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप में समाज से ही सम्बन्ध होता है। समाज से अलग साहित्यकार का अस्तित्व अन्धकारमय होगा। इसलिए साहित्यकार जीवन के प्रत्येक कदम पर समाज से प्रभावित होता चलता है।

सन्त कबीरदास का काव्य भी समाज से निरपेक्ष नहीं है, अपितु उनकी कविता समाज सापेक्ष है। समाज में हो रहे विभिन्न परिवर्तनों ने उनके साहित्य को भी प्रभावित किया है। सन्त कबीर ने समाज की बुराइयों को अपनी आँखों से ही नहीं देखा था, अपितु सहन भी किया। उस युग का सामाजिक वातावरण दूषित था। सम्पूर्ण समाज विभिन्न वर्गों में विभक्त था तथा लगभग सभी वर्गों के लोगों का नैतिक दृष्टि से पतन हो चुका था। सभी काजी, मौलवी एवं पण्डित समाज को विभिन्न भ्रमों में डालकर लूट रहे थे। धार्मिक कट्टरता के कारण हिन्दु धर्म और मुसलमानों में परस्पर वैमनस्य की भावना दृढ़ होती जा रही थी। हिन्दुओं को जहाँ एक ओर अपने धर्म में आस्था थी वहीं मुसलमानों को मुस्लिम धर्म में पूर्ण विश्वास और श्रद्धा थी। दानों ही अपने धर्म का प्रचार प्रसार करने के उद्देश्य से अनेक बुराइयों में लिप्त हो गए। साधारण जनमानस इस प्रकार के अन्धकारपूर्ण वातावरण से दुःखी एवं पीड़ित हो गए और त्राहि-त्राहि करने लगे। ऐसी भयंकर समाज विरुद्ध स्थिति को देखकर प्रबुद्धचेता एवं समाज सुधारक कवि कबीरदास जी निश्चित होकर नहीं बैठ सकते थे। समाज की इन सभी विषमताओं से इनका मन आहत हो उठा और इसी के विरोध में उन्होंने समाज सुधार का नारा बुलन्द किया। उन्होंने सामाजिक विसंगतियों पर बड़े तीर्व और तीखे प्रहार किए।

कबीर के अनुसार यह सारा जगत् एक ही तत्व से उत्पन्न है। इसलिए सभी प्रकार की भेद-दृष्टि मिथ्या है। मानव-मानव में भेद तो परम अज्ञान का द्योतक है। इसी तत्व-दृष्टि से प्रेरित कबीर ने जाति-पाँति, छुआछूत,

* नेट, जेआरएफ, 432/372, शाहगंज, प्रयागराज, ईमेल-khanmariyam659@gmail.com

ऊँच-नीच और ब्राह्मण-शूद्र के भेद का विरोध किया है। वे भेदभाव का विरोध इसलिए करते है कि तत्वतः ये मिथ्या है। वे कहते हैं कि एक ही ज्योति सब में व्याप्त है, दूसरा कोई तत्व है ही नहीं।

**'एकहि जोति सकल घट व्यापक दूजा तत्त न कोई।**
**कहै कबीर सुनौ रे संतो भटकि मरै जनि कोई॥'**

कबीरदास जी कहते हैं कि यदि हिन्दु और तुर्क दो होते तो जन्म से ही इनमें भिन्नताएँ होती। जिस प्रक्रिया से अन्य जातियों के लोग उत्पन्न होते है, ठीक उसी प्रक्रिया से ब्राह्मण भी उत्पन्न होते है।

**'जो तूं बाभन बभनी जाया।**
**तौ आन बाट होइ काहे न आया॥'**

कबीर मन की पवित्रता या आन्तरिक शुद्धता पर बल देते है। वे कहते है कि मन की पवित्रता भी एक आध्यात्मिक सत्य है। उन्होंने समाज निर्मित जाति को नकारते हुए ईश्वरीय जाति को स्वीकार किया है। इनकी साधना का प्रधान लक्ष्य था कि मनुष्य इन जाति बन्धनों से छुटकारा पाकर ईश्वरत्व को स्वीकार करे और समाज में फैली विभिन्न जातियों को नकारकर के प्रेम का मार्ग अपनाएँ एवं एक दूसरे के सहयोग से जीवन यापन करें।

उन्होंने सामाजिक जीवन में विचार नहीं, आचार को महत्व दिया। सदाचार की दृष्टि से दो बातें अपेक्षित है—'एक तो व्यक्ति का आचरण विश्वसनीय हो अर्थात् व्यक्ति का चरित्र उसके कृतित्व में झलकता हो, दूसरा उसके चिन्तन मनन के अनुरूप हो।'

महात्मा कबीर ने सन्यासी बनने के लिए न तो घर छोड़ने की वकालत की और न ही सिद्धों की तरह पाँच मकारों की साधना करते हुए। उनका मानना था कि सम्पूर्ण भोग को भोगते हुए परन्तु उसमें लिप्त न रहते हुए सिद्धियाँ पाने का प्रयास करना चाहिए। जिन नाथ-योगियों से कबीर का सीधा सम्बन्ध जोड़ा जाता है उनके बाह्याचार का भी उन्होंने विरोध किया है। उन्होंने ऐसे योगियों की निन्दा की है जो हाट-बाजार में प्रदर्शन के लिए (ध्यान) लगाते है। प्रदर्शन करने वाले ये योगी कबीर की दृष्टि में कच्चे सिद्ध है, जो माया के बन्धन में पड़े है।

**'हाट बजारै लावै तारी। कच्च सिद्धहि माया परी॥'**

सन्त कबीर ने अपने युग में व्याप्त मूर्तिपूजा का विरोध किया क्योंकि ईश्वर की प्राप्ति मन से की जाती है, न कि मूर्तियों की पूजा करने से। वे कहते है—

**'पाथर पूजे हरि मिलै, तो मैं पूजूँ पहार॥'**

उन्होंने केवल एक ही धर्म पर कटाक्ष नहीं किया अपितु जिस भी धर्म में कर्मकाण्ड, आडम्बर इत्यादि देखा उन्हें फटकार लगाई है; जैसे—

**'कांकर-पाथर जोरि कै मस्जिद लई चुनाय।**
**तौं चढ़ि मुल्ला बाँग दें, बहिरा भया खुदाय॥'**

कबीर के अनुसार मन को स्थिर करने से ही 'खुदा' को प्राप्त करने का आनन्द मिल सकता है। उन्होंने कहा कि तीर्थ और व्रत विष की बेलि हैं जो सारे संसार पर छायी हुई है। मैंने इसकी जड़ को ही नष्ट कर दिया है अन्यथा इससे उत्पन्न होनेवाले विष फल को खाना पड़ता। उन्होंने गेरूए वस्त्र, माला, तीर्थस्थान, तिलक, जप-तप आदि को मिथ्या माना है। उन्होंने वस्त्रों के सन्दर्भ में कहा है कि—

**'मन न रंगाये, रंगायें जोगी कपड़ा।**
**आसन मारि मन्दिर में बैठे,**
**नाम छाँड़ि पूजन लागे पाथर।**
**कनवा फड़ाय जोगी जटवा बढोले,**
**ददिया बढ़ाय बनि में लै बकरा।**

माला के सम्बन्ध में—

**'माला फेरत जुग गया गया न मन का फेर।**
**कर का मनका डारि के मन का मनका फेर॥'**

इस प्रकार कबीरदास ने जहाँ कहीं ढोंग, दिखावा, कपट, धोखा, फरेब, आडम्बर, स्वाँग, प्रपंच, छल, छद्म देखा वहीं निर्भय होकर प्रहार किया। पण्डित हो या मौलवी हो, गुरु हो या पीर, योगी हो चाहे फकीर, हिन्दू हो या मुसलमान हो यदि वह सच्चाई और विवके के मार्ग से अलग है तो कबीर ने उनको चेतावनी दी है,

टोका है, मजाक उड़ाया है। व्यंग्य और उपहास किया है। उन्होंने सहज और सात्विक जीवन पद्धति को महत्व दिया है।

सन्त कबीर की कविताओं में नारी विषयक चिन्तन का सर्वथा अभाव दिखाई पड़ता है, क्योंकि उनकी कविताओं का लक्ष्य ईश्वर महिमा का गान करना था न कि नारी विषयक चिन्तन प्रस्तुत करना। फिर भी उनकी कविताओं में नारी के स्वरूप पर प्रकाश डाला गया है। संत कबीर ने नारी के दो रूपों की अवतारणा की है— एक तो कामिनी रूप की और दूसरे सती रूप की।

कबीर ने नारी के कामिनी रूप का निन्दनीय चित्रण किया है क्योंकि उनकी दृष्टि में नारी नरक का द्वार है और ईश्वर प्राप्ति में बाधक भी। नारी के संसर्ग से साधको को ईश्वर की प्राप्ति नहीं हो सकती है।

**'नारी की झांई पड़त, अन्धा होत भुजंग।**
**कबिरा तिनकी मौन गति, जो नित नारी के संग।।'**

कहकर नारी के साहचर्य की आलोचना की है और साधुओं को सचेत करते हुए कहा है—

**'जोगिया खेलियों बचाय के नारि नैंन चलें बान।**
**सिंगी की भिंगी करी डारि, गोरख के लिपटान।।**
**कामदेव महादेव सतावै, कहा कहा करौ बखान।**
**आसन छोड़ मच्छन्दर भागे, जल में मीन समाना।।'**

इस कामिनी नारी की शक्ति के सम्मुख बड़े शक्तिशाली व्यक्तित्व वाले श्रृंगी ऋषि, गोरखनाथ, महादेव, मत्स्येन्द्रनाथ सरीखे देवर्षि भी नहीं बच पाए है।

सन्त कबीरदास जहाँ एक ओर कामिनी नारी की कठोरता के साथ भर्त्सना करते हैं, उसे त्याज्य मानते है, उसके साहचर्य से दूरी चाहते है, वहीं दूसरी तरफ पतिव्रता नारी को वे बड़ा मान सम्मान प्रदान कर गौरवान्वित करते है। पतिव्रता नारी न केवल अपने पति के ही प्रति अपनी भावनाओं को उद्वेलित करती है। अपितु वह माता बनकर समाज का निर्माण भी करती है। वह अपने सहकर्मों से अपने पुत्र और समाज को प्रेरणा प्रदान करती है।

कबीरदास का ध्यान आर्थिक भेदभाव की ओर नहीं गया, ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा है जो निर्धन है, उनका कोई आदर नहीं करता। जब निर्धन धनी के यहाँ जाता है, तो वह मुँह फेर लेता है, किन्तु जब धनी निर्धन के यहाँ आता है, तो वह उसका आदर करता है। यह तो ईश्वर की महिमा है जो दोनों दो स्थितियों में पड़ गए हैं। वास्तविक निर्धन तो वह है जिसके हृदय में भगवान का नाम नहीं है। वे यह मानते थे कि भगवान ने जिसके लिए जितना निर्धारित किया है उसे उतना ही मिलेगा। चाहे कितना ही सिर खपा लिया जाए उसमें न एक राई कम हो सकता है न एक तिल बढ़ सकता है।

**'जाकों जेता निरमया, ताकों तेता होइ।**
**राई घटै न तिल बढ़े जौ सिर कूटै कोइ।।'**

कबीरदास जी कहते हैं कि जीवन की सुविधाएँ अच्छे कर्मों का और असुविधाएँ बुरे कर्मों का परिणाम है। सुख-दुःख अपने ही कर्मों का भोग है। उनकी दृष्टि में आदर्श मानव को ईश्वर में विश्वास करनेवाला, समस्त भेदभाव से परे, सत्यनिष्ठ तथा मन, वाणी और कर्म से एक होना चाहिए। मन को विषयोन्मुखता आदर्श मानव के मार्ग की सबसे बड़ी बाधा है। इसीलिए उसे मन को नियन्त्रित रखना चाहिए।

मनुष्य जीवन पर संगति का विशिष्टि प्रभाव स्वीकारते हुए उन्होंने कुसंगति त्यागने और सत्संगति को ग्रहण करने के लिए कहा है क्योंकि कुसंगति मनुष्य से सदैव बुरे कर्म करवाती है जबकि सत्संगति से मनुष्य जीवन का परिष्कार होता है। इसलिए मनुष्य को सदैव सज्जन पुरुषों के साथ रहना चाहिए क्योंकि ये मनुष्य की बुरी प्रवृत्तियों को दूर करके सद्गुणों को विकसित करते है।

कबीर का लक्ष्य व्यक्ति ही है। उन्होंने व्यक्ति को ही अध्यात्म-चेतना से मण्डित करना चाहा था। यह दूसरी बात है कि जिस समाज में व्यक्ति आचरणशील, सहज नैतिक जीवन व्यतीत करने वाले और भेदभाव से संकीर्णताओं से ऊपर उठाकर विश्वात्मा से तादात्मय

करनेवाले होंगे वह समाज स्वयं ही एक आदर्श समाज बन जायेगा।

कबीर की सामाजिक विचारधारा पर विचार करने के बाद कहा जा सकता है कि कबीर सच्चे समाज सुधारक थे। उनकी सामाजिक चेतना बड़ी स्वच्छ और समर्थ थी। इसलिए उन्होंने अपनी वाणियों से समाज के लिए निम्न कार्य किया—

1. बाह्याचार और बाह्याडम्बर का निषेध
2. निर्गुण निराकार ब्रह्म की स्थापना
3. सत्याचरण की प्रतिष्ठा
4. सामाजिक विषमताओं और व्यवस्थाओं का खण्डन
5. सहज और मानव हितकारी व्यवस्थाओं को खण्डन
6. सामाजिक समता का संक्षेप
7. धार्मिक सौहार्द स्थापन

**सन्दर्भ—**


- कबीर मीमांसा, लेखक—रामचन्द्र तिवारी पृ.सं. 137
- कबीर ग्रन्थावली, (डॉ. तिवारी), पद 105, पृ.सं. 61
- कबीर ग्रन्थावली, (डॉ. तिवारी), पद 182, पृ.सं. 106
- कबीर एक पुनर्मूल्यांकन, सम्पादक -बलदेव वंशी, पृ.सं. 132
- कबीर मीमांसा, लेखक—रामचन्द्र तिवारी, पृ.सं. 138
- बीजक रमैनी 69, सं. शुक देव सिंह, पृ.सं. 103
- कबीर मीमांसा, लेखक—रामचन्द्र तिवारी, पृ.सं. 139
- कबीर मीमांसा, लेखक—रामचन्द्र तिवारी, पृ.सं. 140
- कबीर ग्रन्थावली (डॉ. तिवारी), साखी 15, पृ.सं. 241
- कबीर मीमांसा, लेखक—रामचन्द्र तिवारी, पृ.सं. 140
- कबीर मीमांसा, लेखक—रामचन्द्र तिवारी, पृ.सं. 141

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 4 (OCT TO DEC., 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999
Paper Recieved : 10th Nov 22 Paper Accepted : 30th Nov 22

# साइबर अपराध आधुनिक प्रौद्योगिकी का बढ़ता दुरूपयोग

❐ डॉ. जगदम्बा सिंह*

**शोध सारांश**

सूचना क्रांति के इस युग में प्रौद्योगिकी विशेषकर सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेंत्र में हो रही तरक्की के साथ ही इसके दुष्प्रभाव भी अनियंत्रित रूप से बढ़ते जा रहे है। मोबाइल फोन, सोशल मीडिया और इंटरनेट के बेजा इस्तेमाल की चर्चाओं के बीच साइबर हरकतों पर आज हर तरफ चर्चा होती है। ऐसा माना जाने लगा है कि सूचना प्रौद्योगिकी के हर हाथ में इस्तेमाल होने की वजह से साइबर अपराधी ठगी के अनेक -अनेक तरीके इस्तेमाल कर रहे हैं। और आज देश के हर कोने में कही न कही ठगी की घटना का पता चलता है। आज आवश्यकता इस बात कि है सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग आवश्यक होने पर ही इसका उपयोग किया जाना चाहिए। साइबर अपराधियों से कैसे बचा जा सकता है उसके प्रति लोगो को जागरूक किया जाना चाहिए। ऐसा माना जाने लगा है कि हर प्रकार के साइबर अपराध पर लगाम लगाना अब बेहद जरूरी है। साइबर अपराधी ठगी के नये-नये तरीके अपना रहे हैं। एटीएम कार्ड एक्सपायर होने, केवाइसी जमा नहीं करने के नाम पर ठगी के बाद लोग अलर्ट हो गये है। इसलिए साइबर अपराधी हमेशा ठगी के नये तरीकों का ईजाद करते रहते हैं। साइबर अपराधी गूगल पे पर अपको रुपया भेज देता है, और वापस मांगता है, तो उससे कहें कि वह अपनी पूरी पहचान बता कर आकर कैश ले ले। कैश लेने के लिए उसे किसी पूलिस स्टेशन पर बुलाये यदि वह सही व्यक्ति होगा तो अपना पैसा वापस लेने के लिए आ जाऐगा ये अपराधी एक चाइनीज ऐप डाउनलोड कर के रखते हैं जिससे रुपये भेजते ही संबंधित व्यक्ति का सारा डिटेल निकाल कर ठगी कर लेते है।

**मुख्य शब्द**—साइबर अपराध, आधुनिक, प्रौद्योगिकी, दुरूपयोग।

* प्राचार्य, एलिट पब्लिक बी.एड. कॉलेज, चियांकी, डाल्टनगंज झारखण्ड।
E-mail : kunwarjdsingh@gmail.com

## भूमिका

साइबर अपराध से तात्पर्य साइबर स्पेस मे सेंधमारी कर, वहां मौजूद आंकड़ो अथवा सूचनाओं की चोरी अथवा उनमे फेरबदल करना साइबर अपराध कहलाता है । ये आंकड़े अथवा सूचनाएं देश की रक्षा से जुड़े हो सकते है या किसी बैंक से भी। इस तरह कम्प्यूटर नेटवर्क के साथ नाजायज छेड़छाड़ धोखा धड़ी और जालसाजी के मामलों का कारण बनती है। कम्प्यूटर की दुनिया की प्रचलित भाषा में इस तरह के साइबर अपराधों के अमूमन वित्तीय हेराफेरी, महत्वपूर्ण सूचनाओं की चोरी तथा कम्प्यूटर प्रणाली के साथ छेड़छाड़ व उसमे वायरस आदि डाले जाने की घटनाएं शामिल होती है। साइबर अपराध एक ऐसी बुराई है जो आधुनिक जीवन में कम्प्यूटर पर बढ़ती निर्भरता के कारण पैदा हुई है। वर्ष 2000 में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम बनने के बाद इसे कानूनी परिभाषा का जामा पहनाया गया। इस अधिनियम के अनुसार कोई भी ऐसा गैरकानूनी कृत्य जिसमें कम्प्यूटर एक औजार के रूप में इस्तेमाल किया गया हो उसे निशाना बनाया गया हो या वह निशाना और औजार दोनो हो साइबर अपराध कहलाता है।

आर्थिक अपराध (लोगो को विश्वास में लेकर क्रेडिट कार्ड के नंबर हासिल कर पैसा खर्च कर लेना) साइबर अश्लीलता, अवैध सामान की बिक्री, आनलॉइन जुआ (ब्लैक मनी को व्हाइट मनी मे) बौद्धिक सम्पदा अपराध (सॉफ्टवेयर पाइरेसी, कॉपीराइट का उल्लघंन आदि) गलत तथा अश्लील ई-मेल संदेश भेजना, जालसाजी साइबर मानहानि आदि। अब तो आंतकवादियों ने भी इंटरनेट और कम्प्यूटरों का व्यापक इस्तेमाल आंतकी गतिविधियों के लिए करना शुरू कर दिया है। इन गतिविधियों को साइबर आतंकवाद का नाम दिया जाता है। वेबसाइटों के साथ छेड़छाड़ करने के अलावा साइबर आतंकवादी सर्वर या पूरी कम्प्यूटर प्रणाली को ही ओवरलोड करके उसे अपने घेरे मे लेते है। इस तरह बिजली, पानी की सप्लाई और लिफ्ट जैसी आवश्यक सुविधाओं तथा बैंकिग, चिकित्सा रेल व विमान सेवा तक को ठप करने की वे कोशिश करते है।

निःसंदेह इन हरकतो से होने वाला नुकसान और उनसे फैलने वाला आंतक किसी बम विस्फोट से होने वाले नुकसान और आंतक से कई गुना अधिक कहर वरपा सकता है।

इसे डिनायल ऑफ सिर्विसेज अटैक का नाम दिया जाता है। साइबर आतंकवादी रेलगाड़ी और विमानों को दिशा निर्देश देने वाले कम्प्यूटरों मे ही वायरस डाल देते है। जिससे कि उन्हे सही दिशा निर्देश न मिल पाने के कारण दुर्घटना का शिकार होना पड़ता हैं ।

### साइबर अपराध के प्रकार

कम्प्यूटर वायरसः- इस प्रकार के वायरस ऐसे प्रोग्राम होते है जो कम्प्यूटर की फाइल में घुस कर अन्य फाइलों और ड्राइब व नेटवर्क में लगे अन्य कम्प्यूटरों में फैल जाते है। वायरस कम्प्यूटर का डाटा या तो खराब अथवा डिलीट कर देते है या उसमे परिवर्तन कर देते है।

वर्ष 2000 में 'लव बग' नामक वायरस के कारण अमेरिका में 200 बिलियन अमेरिकी डालर का नुकसान हुआ था।

**ई-मेल बांबिग**—अत्याधिक संख्या मे ई.मेल भेजकर किसी के सर्वर या ई.मेल एकाउंट को नष्ट कर देना ई.मेल बांबिग कहलाता है।

**ट्रोजन अटैक**—किसी व्यक्ति का ई.मेल एडेड्रस इस्तेमाल कर उसे परेशानी में डालना ट्रोजन अटैक कहलाता है।

**हैकिंग**—अनाधिकृत रूप से कम्प्यूटर प्रणाली और नेटवर्क में प्रवेश करना हैकिंग कहलाता है। कम्प्यूटर मे उपस्थित सूचनाओं को क्षतिग्रस्त करना उनका दुरूपयोग करना, मिटा देना तथा हार्डडिस्क से सूचना की चोरी करना आदि हैकिंग के अर्न्तगत आते है।

**लॉजिक बम**—यह एक ऐसा प्रयोग होता है जो किसी खास दिन या विनाशकारी दिन की तारीख पर सक्रिय होता है।

**वायरस अटैक**—वायरस ऐसे प्रोग्राम को कहा जाता है जो कम्प्यूटर के अन्य प्रोग्राम को संक्रमित करने की क्षमता रखते है।

जाल में फसाने के लिए भेजते है खाते में 500-1000 रुपए- इस तरह कि ठगी की साइबर अपराधी लोगो को अपने जाल मे फसाने के लिए करते हैं।

**साइबर अपराध को रोकने के उपाय**

साइबर अपराध को रोकने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोगकर्ता विभिन्न तकनीको का उपयोग कर सकते है।

1. एटीवायरस सॉफ्टवेयर का उपयोग कर साइबर अपराध को रोकने मे सफलता पायी जा सकती है।

2. विशेषज्ञों की सलाहनुसार अपने फोन या कम्प्यूटर ई.मेल आदि का पासवर्ड सुरक्षित रखना चाहिए हर किसी के साथ साक्षा नही करना चाहिए।

3. अपने क्रेडिट या डेबिट कार्ड की जानकारी संदिग्ध या अजनबियों को कभी न दे।

4. नेटबैंकिग, यू पी आई आदि उपयोगकर्ता का अपना मजबूत पासवर्ड या ओटीपी किसी से शेयर नही करना चाहिए।

5. मोबाइल फोन को बच्चों की पहुँच से दूर रखे और उनके द्वारा इंटरनेट के इस्तेमाल को सीमित रखे।

6. फेसबुक, ट्रविटर, यूटयूब, इंस्टाग्राम की सुरक्षा सेटिंग की जाँच करे और सावधान रहे।

7. सार्वजनिक वाई-फाई हॉटस्पॉट का उपयोग करते समय सचेतं रहे।

8. इंटरनेट पर नाम, पता, फोन आदि व्यक्तिगत जानकारी शेयर करने से बचना चाहिए।

9. एक लिकं या अज्ञात मूल के फाइल पर क्लिक करने से पहले जॉच कर ले।

10. लॉटरी आदि इनाम की रकम आदि के विज्ञापन से बचें यहाँ आर्थिक लेन-देन न करे।

11. फेक काल या अनजान नंबरो से फोन आने पर सर्तक रहे हो सके तो ट्रूकालर का प्रयोग करे।

12.अपने बैंक के संदेश व खातो की समयृ पर जॉच करते रहे।

13. फर्जी मोबाइल एप से बचें।

14. यू.पी आई आदि से लेन देन करते समय त्मुनमेज डवदमल मे सतर्क रहे।

इस प्रकार हम कह सकते है कि फ्रॉड की घटनाएँ दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है साइबर अपराधी ठगी करने के नये-नये तरीके प्रयोग कर रहे है।

**सोशल मीडिया की भूमिका**

आज हर व्यक्ति सोशल मीडिया से जुड़ा हुआ है। सोशल नेटवर्किंग साइटस का उपयोग करने वाली अधिकांश जनसंख्या (लोग) साइबर अपराध के खतरो से अनभिज्ञ है। सोशल मीडिया पर लोग अपनी व्यक्तिगत जानकारियाँ साक्षा करते है हैकर्स इन जानकारी से ठगी का शिकार बनाते है। बच्चों का ऑनलाइन गेम्स के माध्यम से गलत कार्य करने के लिए प्रेरित करते है। इससे ऑनलाइन फ्रॉड की संख्या में बृद्धि हो रही है।

**2016 से 2020 के दौरान साइबर अपराध**

| कुल सं. | अपराध | 2016 | 2017 | 2018 | 2019 | 2020 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कम्प्यूटर संबंधी अपराध | 6818 | 10108 | 14141 | 23734 | 21926 |
| 2 | साइबर आंतकवाद | 12 | 13 | 21 | 12 | 26 |
| 3. | अश्लील सामग्री का प्रकाशन | 957 | 1768 | 3076 | 4203 | 6308 |
| 4. | ठगी /जालसाजी | 81 | 99 | 260 | 511 | 582 |

**स्त्रोत**—क्राइम इन इण्डिया एन.सी.आर.बी.।

उपर्युक्त तालिका के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि प्रौद्योगिकी के उपयोग से साइबर अपराध की संख्या दिनों-दिन बढ़ रही है कम्प्यूटर संबंधी अपराध 2016-2020 के दौरान संख्यात्मक रूप से वृद्धि हुई वही साइबर आतंकवाद मे भी इजाफा दिखायी दिया अश्लील सामग्री का प्रकाशन वर्ष दर वर्ष बढ़ता चला गया है वही ठगी या जालसाजी की सख्या में हर वर्ष वृद्धि दिखायी दे रहा है।

**निष्कर्ष**

प्रौद्योगिकी विशेषकर इंटरनेट के उपयोगकर्ता मे भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश हैं। और हाल के वर्षो मे साइबर अपराध कई गुना बढ़ गये है। सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा समयृ पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर उससे बचने के उपाय सुक्षाए गये है। आज युवा वर्ग कैशलेश अर्थव्यवस्था को अपना रहा है जिसके कारण साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करना अत्यन्त आवश्यक हो गया है वही दूसरी ओर सोशल मीडिया ने लोगो को जागरूक करने मे महती भूमिका अदा की है। अब समय आ गया है कि समाज को साइबर अपराध तथा उससे जुड़े तमाम कार्यो के बारे में समाज को जागरूक बनाया जाय और हर नागरिक को इस अपराध से सुरक्षित रखना सरकार का नैतिक दायित्व है।

**संदर्भग्रंथ–**

1. साइबर सुरक्षा पर किशोरो के लिए पुस्तिका गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2. राम, आहूजा—अपराधशास्त्र, मीनाक्षी प्रकाशन, नई दिल्ली।
3. अनिल कुमार—विवेचनात्मक अपराधशास्त्र, इण्डिया पब्लिशिंग कम्पनी, नई दिल्ली।
4. सूचना प्रौद्योगिकी—बौद्धिक प्रकाशन,परीक्षावाणी, उत्तर प्रदेश।

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 4 (OCT TO DEC., 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999
Paper Recieved : 10th Dec 22 Paper Accepted : 25th Dec 22

# ''हरियाणवी लोकगीतों का हिन्दी में समीक्षात्मक अध्ययन''

❒ श्रवण कुमार*

**शोध सारांश**

लोक साहित्य का अध्ययन, अध्यापन में सबसे पहला उठता है कि 'लोक क्या है', इसे परिभाषित करते हुए डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल 'हिन्दी लोक साहित्य का प्रबंधन' में लिखते हैं, ''लोक क्या है? यह जो गाँवों और नगरों में, खेतों और कारखानों में, गिरी कन्दराओं और मैदानों में, नदियों के गुहाने से लेकर पर्वत शिखरों तक, मधुमक्खी के छत्ते की तरह असंख्य जनता फैली है। वेदव्यास ने जिसके बारे में कहा था कि मैं तुम्हारे अत्यंत गुप्त रहस्य की बात बताता हूँ। इस दुनिया में सबसे बड़ा मनुष्य है, उससे बड़ा कोई नहीं। चण्डीदास ने जिसके बारे में गाया 'सुनाह मानुष भाई, सवार ऊपर मानुष सत्य ताहर, ऊपर नाहीं। हे भाई सुनों! मनुष्य से बड़ा और कोई सत्य नहीं है।''[1]

'लोक' शब्द संस्कृत के 'लोक दर्शने धातु में 'धञ' प्रत्यय लगाने से बना है। इस धातु का अर्थ है देखना जिसका लटलकार में अन्य पुरुष एकवचन का रूप लोकते हैं। अतः लोक शब्द का अर्थ हुआ– देखने वाला। इसलिए वह समस्त समुदाय जो इस कार्य को करता है 'लोक' कहलाएगा।[2]

लोक मानव जीवन का वह वर्ग है जो अभिजात्य संस्कार शास्त्रीयता समाज और पाण्डित्य की चेतना से शून्य है यह एक परम्परा के प्रवाह में जीवित रहता है। ऐसे लोक से अभिव्यक्ति में जो तत्व मिलते हैं वे लोक तत्व कहलाते हैं।

''शब्दकोशों में 'लोक' शब्द के अनेक अर्थ हैं। जिनमें से साधारणतया दो अर्थ अधिक प्रचलित है एक तो वह जिससे इहलोक, परलोक अथवा त्रिलोक का ज्ञान होता है, दूसरा अर्थ जनसामान्य है इसी का हिन्दी रूप लोग है। इसी अर्थ का 'वाचक' लोक शब्द साहित्य का विशेषण है किन्तु इतने में लोक का वह अभिप्राय प्रकट नहीं हो पाता जो साहित्य विशेष के रूप में वह प्रदान करता है।''[3]

अर्थात् लोक एक प्रकार से साहित्यिक संस्कारों से अनभिज्ञ होता है। लोक साहित्य को लोकवार्ता का ही एक अंग माना जा सकता है। लोक साहित्य को लोक संस्कृति के प्रौढ़ रूप में भी समझा जा सकता है। लोक में समस्त जन समुदायों का आविर्भाव होता है।

'लोक' शब्द अत्यंत प्राचीन है। उपनिषदों में अनेक स्थानों में लोक शब्द व्यवहृत हुआ है। जैमिनीय उपनिषद ब्राह्मण में कहा गया है कि लोक अनेक प्रकार में फैला हुआ है। प्रत्येक वस्तु में वह प्रभूत व व्याप्त है। कौन प्रयत्न करके भी इसे पूरी तरह जान

* शोधार्थी, हिन्दी विभाग, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

सकता है? साधारण जनता के अर्थ में लोक शब्द का प्रयोग ऋग्वेद में अनेक स्थानों पर किया गया है। ऋग्वेद में 'लोक' शब्द के लिए 'जन' का भी प्रयोग उपलब्ध है।[4]

ऋग्वेद की अन्य सूक्ति में लोक व्यवहार जीव तथा स्थान दोनों अर्थों में प्रयुक्त हुआ है, यथा–

**नाम्या आसीदंतरिक्ष शीर्ष्णो द्यौ समवर्तत्।**
**पद्म्यां भूगिर्दिशः श्रोता, तथा लोकां अकल्पयत।।**

अर्थात् भगवान की नाभि से अन्तरिक्ष की सृष्टि हुई। उनके मस्तक से स्वर्ग उत्पन्न हुआ। उनके चरणों से भूमि की सृष्टि हुई। उनके कान से दिशायें उत्पन्न हुई तथा सारे लोकों का निर्माण हुआ।''[5]

भारत में जब आर्यों का आगमन हुआ तब आर्य एवं आर्येत्तर जातियों के बीच 'वेद' और वेदेत्तर स्थिति का आविर्भाव हुआ। उस दशा में 'लोक' शब्द का प्रयोग वेदेत्तर अथवा 'शास्त्रेत्तर' के लिए होने लगा। यहाँ 'लोक' शब्द वेद विरोधी अर्थ का सूचक है। किन्तु आगे चलकर 'लोक' शब्द संस्कृति की संकुचित सीमा तोड़कर ऊँचा उठ गया। वेद के तुल्य ही शब्द अपने स्वतंत्र अस्तित्व का अधिकारी हो गया।[6]

लोक शब्द अंग्रेजी के श्थ्वसइश का पर्याय होते हुए भी उसकी संकुचित भावना में सर्वथा युक्त है और उसका प्राचीन रूप पूर्व में हमारे यहाँ प्राप्त होता है जिसमें संस्कृति और परिष्कृत प्रभावों से मुक्त पुरातन जीवन के दर्शन होते हैं एवं जिसका अपना निश्चित स्वरूप उपलब्ध होता है। साहित्य में लोक शब्द कई अर्थों में प्रयुक्त किया गया है। कुछ विद्वानों ने 'लोक' को जन कका पर्यायवाची माना है तो कुछ ने 'ग्राम' या 'नगर' की सीमित परिधि के अन्तर्गत बांधा है। कुछ विद्वान अशिक्षित और अल्पसभ्य व्यक्तियों के वर्ग को लोक के अन्तर्गत मानते हैं परन्तु हमारे दृष्टिकोण में 'लोक' शब्द की व्याप्ति में नगर–गाँव आदि सब कुछ आ जाता है। इसे नगर या गाँव की सीमित परिधि के अन्तर्गत बॉधना उचित नहीं है और न ही इसे जन का पर्याय मानना भी उचित है। ग्राम या जन शब्द लोक के समक्ष संकुचित अर्थ एवं क्षेत्र वाले प्रतीत होते हैं।

अतः हम कह सकते हैं कि ''लोक मानव समाज का वह वर्ग है, जो अपनी प्राचीन मान्यताओं एवं परम्पराओं के प्रति आस्थावान है, वह आधुनिक सभ्यता एवं कृत्रिमता से दूर अपनी प्राचीन संस्कृति, मान्यताओं एवं परम्पराओं को नहीं तोड़ता। वास्तव में लोक वही है जिसमें युग की मनोवृत्तियों के कुछ न कुछ अवशेष उपलब्ध हो।''

**सन्दर्भ–**


1. डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल, हिन्दी लोक साहित्य का प्रबंधन, पृष्ठ संख्या–21
2. डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय, लोक साहित्य की भूमिका, पृष्ठ संख्या–10
3. धीरेन्द्र वर्मा, हिन्दी साहित्य कोश, पृष्ठ संख्या–686
4. कृष्णदेव उपाध्याय, लोक साहित्य की भूमिका, पृष्ठ संख्या–10
5. डॉ. सरोजनी रोहतगी, अवधी का लोक साहित्य, पृष्ठ संख्या–01
6. विद्या चौहार, लोकगीतों की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, पृष्ठ संख्या–40

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 4 (OCT TO DEC., 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999
Paper Recieved : 9th Dec 22 Paper Accepted : 15th Dec 22

# हिन्दी आलोचना के प्रारंभिक लेख

❑ दीपमाला सिंह*

**शोध सारांश**

यह सर्वज्ञात है कि आलोचना अर्थात् ''वह साहित्यिक प्रक्रिया जो काव्यगत (आधुनिक सन्दर्भ में साहित्यजगत) सौन्दर्य का उद्‌घाटन, विश्लेषण एवं मूल्यांकन प्रस्तुत करती है''[1] के रूप में हिन्दी आलोचना का उद्‌भव आधुनिक काल में, भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के लेख 'नाटक'[2] से होता है। हालांकि उद्‌भव का पूरा रेखाचित्र इस लेख के साथ बालकृष्ण भट्ट और बद्री नारायण चौधरी 'प्रेमधन' के 'लेखों'[3] को जोड़कर ही बनेगा। ये लेख प्रायः 19वीं सदी के नवें दशक के हैं। जरूरी नहीं कि इनमें बहुत सारी वैचारिक सारणियाँ मिलें, बल्कि नहीं ही हैं, पर हिन्दी में नये-नये उभरते आलोचना-लेखन की देसी विशिष्ट शैली, उसकी चिताएं, उसके आत्म-संघर्ष तथा उसके लक्ष्य जरूर मिलते हैं। इन लेखों को पुनः पढ़कर शायद हम अपने वर्तमान को कुछ और बेहतर, कुछ और अपना-सा, बना सकें। सत्तालोलुपों के निरंकुश मन शायद कुछ बदल सकें।

हिन्दी आलोचना का प्राण-थापक, पहला व्यवस्थित लेख 'नाटक' ही है। यह मेडिकल हाल प्रेस, वाराणसी से 1883 में छपा। बौद्धिक-विश्लेषणात्मक शब्द-विन्यास लिए विशुद्ध साहित्यिक रचना-प्रक्रिया पर आधारित, लगभग ठेठ हिन्दी गद्य में रचित भारतेन्दु का यह लेख हिन्दी आलोचना का पहला प्रामाणिक दस्तावेज है। इससे पूर्व आलोचना-गद्य-लेखन का ऐसा सुव्यवस्थित प्रमाण नहीं प्राप्त होता। कुछ अनुभवी शोध दृष्टियों भी इस लेख की अभूतपूर्वता का संकेत करती है। भारतेन्दु के समकालीन स्वयं बालकृष्ण भट्ट जून 1883 के हिन्दी प्रदीप में इस लेख को 'अपूर्व' मानते हैं। व्यवस्थित एवं गंभीर शोध के महान उन्नायक आचार्य रामचन्द्र शुक्ल आधुनिक युग में हिन्दी आलोचना के उदय को इस लेख से ही जोड़कर देखते हैं।[4] हमारे समय के विश्वसनीय शोधकर्ता आलोचक रामस्वरूप चतुर्वेदी का भी दृढ़मत है—'भारतेन्दु का निबन्ध नाटक एक साथ ही सैद्धान्तिक तथा व्यवहारिक आलोचना का सूत्रपात करता है।'[5] भारतेन्दुयुगीन गद्य लेखन की छानबीन भी करे तो पाते हैं कि प्रायः इस लेख के प्रकाशन के बाद ही ऐसे लेखन का प्रयास गति पकड़ता है तथा प्रेरणा एवं प्रतिक्रिया में बालकृष्ण भट्ट 'सच्ची समालोचना' और प्रेमधन 'दृश्य रूपक या नाटक' तथा 'संयोगिता

* जे.आर.एफ. शोधार्थी, डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या

स्वयंवर और उसकी आलोचना जैसे व्यावहारिक समीक्षा लेख लिखते हैं। इन लेखों में 'सैद्धान्तिक आलोचना' के भी कतिपय सूत्र है।

यह विधा-निर्माणपरक लेखन, जिसमें हिन्दी आलोचना के आदि शब्दों, लेखन-तकनीकों, साहित्यिक सिद्धान्तों एवं प्रतिमानों की साफ झलक है, विशेषतः आधुनिक हिन्दी साहित्य के भारतेन्दु युग से तथा सामान्यतः 19वीं सदी के उत्तरार्ध के नवजागरण की चेतना से सम्पन्न भारत के आधुनिक युग से सम्बन्धित है। यह अपने युगीन स्थितियों से क्रियात्मक-प्रतिक्रियात्मक है। 'अचानक प्रकाश' के रूप में उभरते और आत्मीयता के साथ फैलते इस आलोचनात्मक लेखन के निम्न अंशों को जरा क्रमवार देखे—

जिस समय में जैसे सहृदय जन्म ग्रहण करें और देशी रीति-नीति का प्रवाह जिस रूप में चलता रहे, उस समय में सहृदयता के अन्तःकरण की वृत्ति और सामाजिक रीति पद्धति इन दोनों विषयों की समीचीन समालोचना करके नाटकादि दृश्य-काव्य प्रणयन करना योग्य है।[6] (भारतेन्दु)

किसी समय के लोगों की क्या दशा थी, उनके आभ्यांतरिक भाव किस पहलू पर लुढ़के हुए थे, अर्थात् उस समय-मात्र के भाव-स्प्रिट ऑफ दी टाइम-क्या थे? इन सब बातों को ऐतिहासिक रीति पर पहले समझ लीजिए तक उनके दरसाने का भी यत्न नाटकों द्वारा कीजिए।'[7] (बालकृष्ण भट्ट)

साहित्य का संगठन समय के अनुसार हुआ करता है... आज समय दूसरा है, देश की दुर्दशा ने सबकी मुटाई झाड़ दी है। इसी से आज की आवश्यकता को आजकल के सुलेखकों और ग्रंथकारों को पूरी करनी चाहिए, ये ही उसके उत्तरदाता हैं, उन्हें अब अपने साहित्य के शून्य स्थान को भरना चाहिए।[8] (प्रेमधन)

लेखन के ये तीनों अंश जो 19वीं सदी के नवें दशक के हैं तथा जिन्हें हम 'आलोचनात्मक' कह रहे हैं, दरअसल अपने स्वरूप में भी 'अभूतपूर्व' हैं। इस तथ्य एवं तर्क की सूक्ष्म पर संक्षिप्त जाँच करनी हो तो परम्परा में पूर्व-प्राप्त काव्य-शास्त्र के प्रायः सर्वविदित निम्न लेखन से उसकी तुलना करें—

शब्दार्थो सहितौ काव्यं—भामह (काव्यालंकार)

कान्तासम्मतियोप्देश युजे—मम्मट (काव्य प्रकाश)

वाक्यं रसात्मकं काव्य—विश्वनाथ (साहित्य दर्पण)

रमणीयार्थ प्रतिपादकः शब्दः काव्य—जगन्नाथ (रस गंगाधर)

अंतर स्पष्ट है कि संस्कृत काव्यशास्त्रीय उक्त लेखन (चाहे तो इससे प्रभावित रीतिकालीन आलोचनात्मक लेखन को भी इसमें जोड़ ले।) से भारतेन्दु आदि का लेखन नितांत भिन्न है तथा अपने स्वरूप में बौद्धिक, विश्लेषणात्मक, भावोद्धारक, संदर्भजन्य तथा इसी रूप में 'आलोचनात्मक' एवं साहित्यिक लेखन है। गद्य में अधिक अभिव्यक्तात्मक भिन्नता होने की बात गौण है। असल में तो यह लेखन पूर्णतः मूर्त, नितांक ऐहिक तथा धार्मिक प्रभावों एवं अमूर्त प्रत्ययों से मुक्त है। हिन्दी आलोचना की मूल प्राणचेतना यही है अर्थात् ऐहिकता और अमूर्तता से मुक्ति। ठीक इसी कारण और यही, उन कालमुक्त साहित्यकारों की इस धारणा का खंडन आवश्यक है जो मानते हैं कि हिन्दी आलोचना 'हिरणगर्भप्रसूता' है। देखने में आता है कि कुछ सिद्धान्तकार हिन्दी आलोचना के उद्भव को लेखकर कालखंड की अवधारणा को अमान्य घोषित करते हुए एक पौराणिक आख्यान रचने लगते हैं तथा उसके उद्भव की कुछ दूर की कौड़ियों खोजकर धर देते हैं। यह पराक्रम दृष्टिविहीन अतः अनुशासन के योग्य है। उचित ही निर्मला जैन इस प्रवृत्ति का संहार करती हैं—'हिन्दी आलोचना के इतिहास को प्रायः रीतिकाल तक और कभी-कभी उसके भी पीछे खींचकर ले जाने का प्रयास अक्सर किया जाता है। इस तरह की हर कोशिश के पीछे यह विश्वास रहता है कि परम्परा का बल हमेशा गरिमा और बल प्रदान करता है। यह बात अलग है कि परम्परा के नाम पर बैठाये गये ये सम्बद्ध सूत्र अक्सर दुराग्रहपूर्ण होते हैं, पर फिर

भी हम एक अतर्क्य मोह से उनके साथ चिपके रहना चाहते हैं।'[9] अतः यहाँ कहना चाहे तो कह सकते हैं कि भारतेन्दु पूर्व की साहित्य के आलोचनात्मक लेखन के इस अचानक फैले उजियारे के पीछे कई कारण थे। बहुत दूर जाना विषयान्तर होगा, पर सबसे महत्वपूर्ण बात थी—मनों में कसकते गुलामी के देश से मुक्ति की छटपटाहट और नवजागरण की उभरती चेतना। कानों में पूर्व व पश्चिम दोनों का परस्पर टकराता जीवन संगीत और दिमागों में नवजागरण से अर्जित नव अनुभव एवं ज्ञान। नवचरित, रचनात्मक, हिन्दी का विशेषतः गद्य-साहित्य, आलोचना की ओर टकटकी बांधकर देखता होता है तथा दूर 'नव साहित्य चिन्तन का स्वप्न उसे आशा भरी निगाहों से देख रहा होता है।' लगभग एक 'अनुभव-बद्ध' बच्चे की तरह जन्म लेती हिन्दी की इस आलोचना का स्वरूपांकन विस्मयकारी विधा का आविर्भाव उस परिपक्वता, साहित्यिक आत्मीयता और प्राण-शक्ति के साथ नहीं हुआ जैसे आधुनिक हिन्दी आलोचना का था।

हिन्दी आलोचना के पहले लेख 'नाटक' और कतिपय अन्य महत्वपूर्ण शोध अध्ययन भी संकेते करते हैं। इनमें से महत्वपूर्ण हैं—डॉ. रामानंद प्रसाद कृत—'आधुनिक आलोचना पर पाश्चात्य प्रभाव'[10] डॉ. रामचन्द्र तिवारी कृत—'आधुनिक हिन्दी गद्य : संदर्भ एवं दृष्टि'[11] तथा वसुधा डालमिया कृत "Poetics, plays and performances : the politics of moder Indian theatre Oxford 2004"।[12] वस्तुतः यह निबन्ध ऐतिहासिक महत्व का है। इस लेख की चर्चा आज आखिर क्यों की जाए? वास्तव में यह इसलिए जरूरी है कि आज आलोचना-लेखन में भ्रमित हम जिस खतरनाक दोराहे पर खड़े हैं उसमें से एक रास्ता सीधा मानसिक गुलामी के अंध विवर में जाता है जिससे हमारी पीढ़ियाँ सुलग चुकी हैं। इन लेखों को फिर से पढ़ना दरअसल स्वयं को फिर से जानना है और इस प्रक्रिया को दोहराते रहना चाहिए। आत्म-संघर्ष, आत्म-विसर्जन और आत्म-बलिदान के संस्कार त्याग चुकी हमारी वर्तमान आलोचना-पीढ़ी को ये लेख पढ़ने आवश्यक हैं।

साहित्यालोचन की लेखन-परम्परा में, यह एक बहुत बड़ा परिवर्तन है। परिवर्तन भी क्या, कहिये कि एकदम नयी शुरुआत है। और तब ध्यान 'क्या होना चाहिए' से पहले 'क्या है' पर जाता है। और लिखने, सोचने की यह दृष्टि हमें गुलाम भारतीय मानस की एक नयी अवस्था से परिचित कराती है। वास्तव में, लिखना मात्रा लिखना ही नहीं होता। यह एक सांस्कृतिक क्रिया भी है। तन और मन से दबाई गई चेतना का सात्विक विरोध और आत्म-संघर्ष तथा उसकी आत्मा का दनज, कागज के पन्नों पर अधिक स्पष्टता से उभरता है। भारतेन्दु की पूर्ण चेतना का असली प्रगटन इसी लेख में उभरता है, जो कि आलोचना का लेख है। यह समय के पृष्ठ पर गद्य के लेखन की अभिनव प्राण-प्रतिष्ठा थी। उन्होंने इतर लेखन भी खूब किया पर ऐसा लगता है कि अन्यत्र उनका मन विच्छिन्न है, असंयोजित है, भ्रमित है। अपने नाटकों पर वे बार-बार संस्कृत की काव्य-संपदा को थोपते हैं। व्यग्र मन का असंयोजन और उस कारण बिखरा हुआ गद्य-विन्यास उनके अन्य निबन्धों पर भी तारी है। पर इस लेख में वे अखण्ड मानस ले उतरते हैं। कोई भ्रम नहीं विचलन नहीं। बाहरी अहेरी से चुनौतीबद्ध, ध्यानावस्थित। कहना न होगा कि विच्छिन्न मनःस्थितियों के उस युग में साहित्य एवं समाज के लिए ऐसे 'क्रमबद्ध वैज्ञानिक लेखन' की कितनी जरूरत थी। 'क्रमबद्ध' यह एक ऐसा शब्द है जो चेतना के सन्नद्ध, संगठित और अभिव्यक्त रूप को इंगित करता है। लेखन और चिंतन में यह क्रमबद्धता, हमारे जैसे रूपकों, प्रतीकों और मिथकों में जीने वाले समाज के लिए सर्वथा नवीन थी। सच कहें तो पश्चिमी बुद्धि से यह एक बहुत बड़ी टकराहट थी, जिसे भारतेन्दु आदि झेल रहे थे तथा दुर्दम्य मानसिक पीड़ा के बीच अपनी संस्कृति का स्वर तलाश रहे थे.... स्वर जो कि पश्चिमी विचारों के घने शोर में दबा पड़ा था या बलपूर्वक दबा

दिया गया था। यह लेखन से पूर्व या उसमें स्वयं को ढालकर दरअसल, जीवन की तलाश थी... जीवन, जिसमें शरीर बचाना तो बाद की बात पहले बुद्धि और स्मृति बचानी और बनानी थी।

भारतेन्दु का यह निबन्ध वस्तुतः साहित्य का 'सन्दर्भ-जन्य' विश्लेषण एवं मूल्यांकन भी प्रस्तुत करता है।[13] संस्कृत के पुराने नाट्य लेखन पर संक्षिप्त टिप्पणी के बाद (इसे चाहे तो आलोचना में ऐतिहासिकता का प्रवेश भी कह सकते हैं) वे स्पष्ट धारणा रखते हैं कि रचना को युग-संदर्भ के अनुकूल होना चाहिए जिस समय में जैसे सहृदय जन्म ग्रहण करें ओर देसी रीति-नीति का प्रवाह जिस रूप में चलता रहे, उस समय में सहृदयता के अंतःकरण की वृत्ति और सामाजिक रीति पद्धति इन दोनों विषयों की समीचीन समालोचना करके नाटकादि दृश्य काव्य-प्रणयन करना योग्य है।[14] भारतेन्दु के पूर्व वस्तुतः स्थितिशील समाज में जीवन-मूल्य स्थिर थे, रचनाकारों के पास पर्याप्त समय था तथा वे स्थूल शास्त्रीय नियमों का अनुसरण कर काव्य रचना कर सकते थे। किन्तु भारतेन्दु के समय में समस्या बहुल एवं गतिशील समाज में इन नियमों के तंतु जाल में रचना के निष्प्राण होने का खतरा था। अतः वे अनुशासन विधान निर्मित करते हैं—'अब नाटक में कहीं आशा-प्रभृत नाट्यालन्कार कहीं प्रकरी विलंभन, कहीं सफेद, पथ-संधि या अन्य विषयों की कोई आवश्यकता बाकी नहीं रही। संस्कृत नाटक की भाँति हिन्दी नाटक में इनका अनुसंधान करना व किसी नाटकांग में इनको यत्न-पूर्वक रखकर नाटक लिखना व्यर्थ है। क्योंकि प्राचीन लक्षण रखकर आधुनिक नाटकादि की शोभा संपादित करने में उल्टा फल होता है और यत्न व्यर्थ हो जाता है।[15] निश्चय ही साम्राज्यवादी चंगुल में निरन्तर फँस रही स्थितियों के निवारणार्थ एवं नव्यचेतना को प्रतिबिंबित करने के लिए नए नाटक व नया साहित्य उस युग की आवश्यकता थी। भारतेन्दु की इस अभिव्यक्ति में यही ध्वनि है। ये ध्वनियाँ और भी स्पष्ट रहें अतः अनुशासन का विधान वे अनुवादों पर भी लागू करते हैं—'और आनंद सुनिए', 'रतिविश्कंभक' का अनुवाद हुआ—''पीछे विश्वम्भक आया', धन्य अनुवादकर्ता! और धन्य गवर्मेंट! जिसने पढ़ने वाले की बुद्धि का सत्यानाश करने को अनेक द्रव्य या श्राद्ध करके इसको छापा।''[16]

भारतेन्दु के निबन्ध नाटक पर पाश्चात्य प्रभाव भी है। इसके 'उपक्रम' में ही उन्होंने इसके स्रोतों पर यह कहकर प्रकाश डाला है—'इसके लिखित विषय, दशरूपक, भारतीय नाट्यशास्त्र, साहित्य-दर्पण, काव्यप्रकाश-विल्सन्स हिन्दु थियेटर्स, लाईफ ऑफ दी एनिनेंट पर्सन्स, द्रमेटिस्ट एंड नावेलिस्ट, हिस्ट्री दी इटालिक थियेटर्स, ओर आर्य दर्शन से लिए गये हैं।''[17] निबन्ध के अंत में भी विदेशी नाट्यकारों की एक लम्बी सूची उन्होंने दी है जिससे ज्ञात होता है कि उनके लेखन से वे परिचित रहे। किन्तु उक्त कथन पर हम ध्यान दें तो लगता है कि जैसे वे 'समन्वय' की चेष्टा कर रहे हैं। यह उनके समय का आधुनिकता बोध है जिससे वे अनुप्राणित रहे। दरअसल इस निबन्ध में उन्होंने पाश्चात्य नाट्य शैली के महत्व को पहचाना और यूरोपीय नाटकों की छाया पर लिखे जा रहे नवीन हिंदी नाटकों के स्वरूप पर विचार कर उसके दो भेद बताये—(1) नाटक, (2) गीति-रूपक। उन्होंने इनके तीन अवतार भेद किये—(1) संयोगात, (2) वियोगात, (3) मिश्र। नवीन नाटकों की रचना के उद्देश्य स्पष्ट करते हुए उन्होंने 'समाज-संस्कार' और 'देश-वत्सलता' जैसे उद्देश्यों की कल्पना की। समाज संस्कार के लिए उन्होंने देश की कुरीतियों को दिखाने पर बल दिया और दर्शकों में स्वदेशानुराग उत्पन्न करने के लिए देश-वत्सलता को आवश्यक माना। स्पष्ट है कि पाश्चात्य समीक्षा में गृहीत प्रतिमानों को वे स्वनिर्मित करते हैं तथा उसे तत्कालीन हिन्दी समाज की मानसिकता के अनुकूल बनाते हैं। ठीक इसी अनुकूलन के लिए वे परम्परागत रस सिद्धान्त की युगीन मनोवैज्ञानिक व्याख्या करते हैं—'रस ऐसी वास्तु है जो अनुभव सिद्ध

है। इसके मानने में प्राचीनों की कोई आवश्यकता नहीं, यदि अनुभव में आवे तो मानिए न आवे न मानिए।[18]

भारत में दरअसल यह एक नयी मेधा का अभ्युदय था जो सम्पूर्ण विश्व की घातक हलचलों को निर्निमेष देख रही थी और उन मूल समाधानों की तलाश में थी जिससे पूरे विश्व का कल्याण हो। यह व्यापक स्तर पर एक अहिंसात्मक दार्शनिक लड़ाई थी जिसमें 'आत्मवत सर्वभूतेषु' देखने वाली संस्कृतियाँ उनसे लड़ रही थीं जो 'पर' को रौंदकर ही स्वीकार कर पाती थीं। 'आत्मा और पर' का यह वही दार्शनिक परिप्रेक्ष्य है जिसे आगे चलकर निर्मल वर्मा समझते हैं ओर अपने निबन्ध 'भारत और यूरोप : प्रतिश्रुति के क्षेत्र' में व्याख्यायित करते हैं। हिन्दी क्षेत्र में भारतेन्दु को वे इस दार्शनिक-सांस्कृतिक लड़ाई का अगुवा भी मानते हैं। वास्तव में, यह एक 'रिवाइवल' था भारतीय संस्कृति का-सोई दृष्टि का पुनः खुलना बल्कि और भी व्यापकता में खुलना, जिससे सामने के दृश्य को बेहद करूणा, दया और प्रार्थना-भाव से देखा जा रहा था। मुसलमान इन नजरों से पराजित तो नहीं पर इनमें समा गए थे। पर अंग्रेज डरकर आत्मरक्षा के भाव में आ गए थे और शायद उनकी मिट्टी में क्षमता मात्र इतनी कि वे क्रूर से क्रूरतर होते गए। इस दृष्टि से देखें तो अंग्रेज जाति की सभ्यता और संस्कृति का इतिहास विजेता का इतिहास न होकर मानसिक और आध्यात्मिक तौर पर लगातार पराजित होते रहने वाली जाति का इतिहास है।

निष्कर्षतः आलोचना की रचनाधारित और रचना की युग-जीवनधारिता तथा साहित्य और उसके बाहर की भी, 'एग्रेसिव' दृष्टियों, संस्कृतियों से निर्भीक संवाद और समन्वय-भारतेन्दु के इस आलोचनात्मक लेखन का मुख्य स्वर है जो हिन्दी आलोचना की प्राणधारा के मूलभूत संचालक तत्व हैं।

भारतेन्दु के बाद, आधुनिक युग में उद्भूत हिन्दी आलोचना के रेखाचित्र की कुछ अधूरी रेखाओं को बालकृष्ण भट्ट का लेखन पूरा करता है। 'हिन्दी प्रदीप' में वे व्यावहारिक समीक्षा के कुछ अर्थवान लेख लिखते हैं। हालांकि 'नए तरह' के साहित्य की पहचान उन्हें भारतेन्दु से भी पहले हैं। 1881 में ही वे लिखते हैं—'साहित्य जन-समूह के हृदय का विकास है।' इससे भी पहले, भट्ट जी में देशी ढंग की एक कद्दावर सोच उभर रही होती है। फरवरी 1878 के हिन्दी प्रदीप में वे 'ब्राईट साहब के सोच की समालोचना' लेख लिखते हैं। ब्राईट के बहाने वे अंग्रेज और अंग्रेजों की तरह भारत के बारे में सोचने वालों की तीखी भर्त्सना करते हैं। उस सोच के बरक्श वे भारत सम्बन्धित अपने नूतन विचारों को सामने रखते हैं। वे 'पायनियर और स्टेटमेन' लेख लिख सारे अंग्रेजी अखबारों के भारत विरोधी स्वरूप को उघाड़ कर रख देते हैं। 'पुस्तक स्वीकार' और 'पुस्तक समीक्षा' कालमों के माध्यम से वे समालोचना को धीरे-धीरे साहित्यिक जमीन की ओर खिसकाते रहते हैं। जून 1978 के 'हिन्दी प्रदीप' में वे हृष्किेश भट्टाचार्य की पुस्तक 'कवितावली' की समालोचना लिखते हैं—'नूतन प्रणाली के संस्कृतज्ञ विद्वानों ने इस बात की ओर मन दिया कि विदेशी भाषाओं में जो कुछ चातुरी हो उसका रसाकर्षण कर संस्कृत में कर लें।' यह वस्तुतः 'समन्वय' की ओर उनका संचरण है जो नवजागरण की मूल चेतना है। दिसम्बर 1882 के हिन्दी प्रदीप में उन्होंने 'परीक्षा गुरू' की समालोचना लिखी। लिखते हैं—'इस उपन्यास की भाषा और प्लाट बंदिश दोनों बहुत सराहने के योग्य हैं, ग्रन्थकर्ता ने अंग्रेजी फारसी, संस्कृत और विज्ञान में अपनी लियाकत जहाँ तक हो सकता भरपूर प्रकट किया, पर न जानिये क्यों हमें इस लेख में एक प्रकार का रूखापन जंचता है, पदों का वह लालित्य और माधुर्य नहीं आया जैसा बाबू हरिश्चन्द्र के लेख में होता है, नाटक या उपन्यास के प्रधान अंग श्रृंगार, हास्य और कभी-कभी करूणा होते हैं सो उन सबों की इसमें कहीं झलक नहीं, क्या निरा विदुर प्रजागर और ठौर-ठौर वैलून आदि वैज्ञानिक बातों ही के भर देने से समस्त लेख चातुरी समाप्त हो गयी। Novel

Writing उपन्यास सम्बन्धी लेख ओर विज्ञान तथा नीति से क्या सरोकार, बहुत लोग नोवल जैसा मिस्त्रौज आदि किताबें हैं ओर उपन्यासों इम्मारल असत उपदेशक कहकर बदनाम कर रखा है.... अंत को एक अपूर्व उपदेश निकलना उपन्यास में है, सो बातें इसमें नहीं पायी जाती अस्तु फिर भी जहाँ कोई पेड़ नहीं वहाँ रेड ही रूख हिन्दी में अब तक कोई उपन्यास नहीं छपे, इसलिए यह अवश्य उत्तमोत्तम है...।' भट्ट जी के इन वाक्यों में अन्विति, व्यवस्था नहीं है, किन्तु आलोचना के अपने जातीय लेखन की एक आरंभिक झलक हम इसमें पा सकते हैं। झलक अर्थात् एक 'अपूर्व उपदेश' जो पंचतंत्र, कादम्बरी आदि हमारी कथाओं में बिंधा हुआ था। यहाँ, यथार्थवाद की अपनी परम्परा सिद्ध है अर्थात् बिना आदर्श की मूर्ति बिठाये केवल कीचड़ गोड़ने और फेंकने का नाम साहित्य नहीं है, और आलोचना की प्राण-सत्ता तो कतई नहीं।

बालकृष्ण भट्ट एक साहित्य-सजग, बौद्धिक तथा विश्लेषणात्मक मनस्वी थे। उनका मन युगीन स्थितियों की व्यंजना करने वाला साहित्य निर्मित करना चाहता है—"हिन्दी कवि भी उन्हीं पुराने कवियों का अनुसरण कर आज तक चलते आये हैं, और उस ढंग को छोड़कर कोई दूसरे प्रकार की कविता भी हो सकती है, यह बात उनके मन में धंसती भी नहीं। जिसकी उपमा हम एक छोटे-से तालाब से देंगे जिसमें न कहीं का पानी का निकास है न नया ताजा उसमें आने की कहीं से आशा है, तब इसके अतिरिक्त और क्या हो सकता है कि उसका पानी दिन-दिन सड़ता ही जाए।[19] भट्ट जी ने कविता, उपन्यास और नाटक इन तीनों की समीक्षाएँ लिखीं किन्तु 'परीक्षा गुरू' आदि की समीक्षाओं में वह रंग नहीं है जो 'संयोगिता स्वयंवर' की समीक्षा में देखने को मिलता है।

संयोगिता स्वयंवर नाटक की समीक्षा वे बेहद व्यावहारिक ढंग से करते हैं। मूलतः वे इस नाटक की निन्दा करते हैं। सभी पात्रों को एक ही रस में सनु उपदेश देने की हवस में लथर-पथर देखकर उन्हें नाटक में 'कैरेक्टरायिजेसन' का अभाव खटकता है। इस नाटक की ऐतिहासिकता पर भी वे कठोर टिप्पणी करते हैं.... किसी समय के लोगों की क्या दशा थी, उनके आभ्यांतरिक भाव किस पहलू पर लुढ़के हुए थे, अर्थात् उस समय-मात्र के भाव-स्पिरिट ऑफ दी टाइम क्या थे? इन सब बातों को ऐतिहासिक रीति पर पहल समझ लीजिए तब उनके दरसाने का भी यत्न नाटकों द्वारा कीजिए।[20] लोगों की दशा और समय मात्र के भाव (अर्थात् युग की सामूहिक चेतना) से इतिहास दृष्टि को जोड़कर भट्ट जी वस्तुतः आलोचना को युगीन स्थितियों के सटीक क्रम में लाने का प्रयास करते हैं। यह 'स्पिरिट ऑफ टी टाइम' वही भाव है जिसे आचार्य शुक्ल अपने इतिहास में 'चित्त-वृत्ति' का 'संचित प्रतिबिम्ब' कह रहे होते हैं। देखिये कि प्राणधारा की निरन्तरता एक अगले बड़े आलोचक में किस रूप में शामिल होती है।

वर्तमान भौतिकवादी विश्व व्यवस्था में मनुष्य अपनी परपरागत प्रकृतिवादी जीवन पद्धति से लगातार दूर होता जा रहा है। विज्ञान, तकनीक और सभ्यता के विकास से मनुष्य का जीवन कृत्रिम और यांत्रिक बनता जा रहा है। आधुनिक भौतिकवादी जीवन पद्धति के परिप्रेक्ष्य मे जीन जैक्स रुसो के प्रकृतिवादी चिंतन का विशेष स्थान है। रुसो ने अपने चिंतन के अंतर्गत यह समझाने का प्रयास किया है कि विवेक, कला और विज्ञान की प्रगति ने मनुष्य का नैतिक पतन कर दिया है अतः मनुष्य का सच्चा विकास तभी सम्भव है जब वह प्रकृति के समीप अपना जीवन व्यतीत करे। रुसो के विचार हमें भौतिकवादी विश्व व्यवस्था के दुष्परिणामों के प्रति सचेत करते हुये इस बात का संदेश देते हैं कि मनुष्य को उस सच्ची कला तथा संस्कृति को आत्मसात करना चाहिये जो उसे पूर्ण मनुष्य बनाने में सहयोग देती है। प्रस्तुत लेख में रुसो के दर्शन के इस आधारस्तम्भ को रेखांकित किया गया है कि प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुये ही मानवीय प्रगति एवं विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया जाना चाहिये।

## सामान्य परिचय

वर्तमान विश्व व्यवस्था में भौतिकतावादी प्रवृतियों का सर्वत्र प्रसार है। भौतिकतावाद की चकाचौंध में मनुष्य अपने प्रकृतिवादी चिंतन एवं स्वरुप से दूर होता जा रहा है। सुख प्राप्ति की इच्छा, भोग-विलास, वैभव की कामना में मनुष्य इतना आगे बढ गया है कि वह प्रकृति की कीमत पर विकास के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिये व्याकुल है। भौतिकतावाद की यह अंतहीन श्रृंखला मनुष्य को पतन की और अग्रसर कर रही है। मनुष्य अपनी स्वाभाविक मानवीय प्रवृतियों यथा प्रेम, दया, सहयोग, सहानुभूति, सहिष्णुता का परित्याग करता जा रहा है। विज्ञान और सभ्यता के विकास से मनुष्य का जीवन अधिकाधिक यांत्रिक बनता जा रहा है। यह सम्पूर्ण विश्व और मानव सभ्यता के लिये चिंता का विषय है। आधुनिक भौतिकतावादी युग मे प्रसिद्व पश्चिमी राजनीति विचारक जीन जैक्स रुसो का प्रकृतिवादी चिंतन अपने आप में एक विशेष स्थान रखता है।

**रुसो-परिचय**—सामाजिक समझौता सिद्धांत के प्रतिपादकों मे से एक जीन जैक्स रुसो का जन्म 28 जून 1712 को जिनेवा में हुआ। रुसो ने अपनी प्रसिद्ध

* असिस्टेण्ट प्रोफेसर (गेस्ट फेकल्टी) राजनीति विज्ञान, राजकीय कन्या महाविद्यालय रतनगढ़ जिला - चूरु (राज.)

कृति डिस्कोर्सेज ऑन द साइंसेज एंड आर्ट्स (1750) मे यह मान्यता रखी है कि वैज्ञानिक और साहित्यिक गतिविधियों के परिणामस्वरुप साधारणतः सारा समाज नैतिक दृष्टि से भ्रष्ट हो गया है। रुसो ने क्रांतिकारी विचारों से यह सिद्ध किया कि विज्ञान और कला ने मनुष्य का पतन किया है। मानव समाज की प्रांरभिक अवस्था में सब मनुष्य सरल और निष्पाप जीवन व्यतीत करते हुये आनंदपूर्वक रहते थे।

आधुनिक समाज की सब बुराइयों का मूल कारण सभ्यता की उन्नति, ज्ञान का प्रेम और सभ्य समाज का कृत्रिम जीवन है, रुसों का यह विचार महत्वपूर्ण है कि सभ्यता के उदय और विकास के साथ-साथ मनुष्य की तनावग्रस्तता बढती गई। सभ्यता का विकास मानव जीवन के लिये अभिशाप है जिसने उसके नैसर्गिक जीवन के मधुर आनंद को छीन लिया है।[1]

**रुसो का प्रकृतिवादी चिंतन**—रुसो का दर्शन प्रकृति के समीप प्रतीत होता है। रुसो ने अपने सामाजिक समझौता सिंद्धात के अंतर्गत प्राकृतिक अवस्था को वर्णित करते हुये लिखा है कि ‘‘प्राकृतिक अवस्था में मनुष्य प्रकृति की गोद मे स्वच्छंदतापूर्वक जीवनयापन करता था वह अवस्था भय और चिंता से मुक्त थी। प्राकृतिक अवस्था में रुसो का मनुष्य भला असभ्य जीव था जो प्रारंभिक सरलता और सुखपूर्ण रीति से जीवन बसर करता था।’’[2]

यह अवस्था आज के भौतिकवादी युग से सर्वदा भिन्न थी। प्राकृतिक अवस्था एसे स्वर्ण युग सी थी जिसमें नियंत्रणों से मुक्त व्यक्ति एक भोले और निर्दोष पक्षी की तरह प्रकृति के सौंदर्य का उपभोग करता हुआ स्वच्छंदतापूर्वक विचरण करता था यद्यपि मनुष्य को जंगली कहना आसान था क्योंकि वह पर्वतों, जगलों में ही निवास करता था। तथापि जंगलों में अधिवास करते हुये भी वह सद्प्रवृतियों से युक्त तथा अच्छा था।

रुसो प्राकृतिक अवस्था में मनुष्य को स्वाभाविक रुप से अच्छा, सुखी, सीधा, चिंतारहित, स्वस्थ, शांति प्रेमी और एकांतप्रिय समझता था।[3]

**रुसो का दर्शन**—रुसो के दर्शन एवं विचारों पर दृष्टिपात करने पर यह ज्ञात होता है कि उनकी यह मान्यता थी कि विवेक, कला और विज्ञान ने मनुष्य का पतन कर दिया है अतः मानव का कल्याण तभी सम्भव है जव वह इनसे मुक्त होकर पुनः प्रकृति की तरफ लौटे।

रुसो ने अनुभव किया था कि तत्कालीन यूरोपीय समाज की कला एवम् संस्कृति मनुष्य के स्वाभाविक विकास में सहायक नही हो रही है। यहां यह उल्लेखनीय है कि मनुष्य को प्रकृति की और लौट जाने के उसके आह्वान का तात्पर्य यह नहीं था कि मनुष्य को पशुओं की भांति चलना चाहिये या जंगली अवस्था मे रहना चाहिये अथवा उसे स्वाभाविक भावनाओं और प्रवृतियों के हाथ का एक खिलौना मात्र बन जाना चाहिये जैसा कि निम्न कोटि के पशु करते हैं।[4]

रुसो का यह विचार था कि मनुष्य को उस मिथ्या कला एवं संस्कृति का त्याग कर देना चाहिये जो उसके विकास को एक गलत दिशा देकर उसके सच्चे स्वरुप की प्राप्ति में बाधक बनती है।

वर्तमान विश्व व्यवस्था की चुनौतियाँ और रुसो के विचार वर्तमान युग की भौतिकवादी संस्कृति, यांत्रिक जीवन पद्दति एवं विकास की अंधाधुंध दौड़ तथा विकार पूर्ण कला ने मनुष्य को उसके लक्ष्य से हटा दिया है, और उसे पथ भ्रष्ट बना दिया है।

भौतिकवादी विश्व व्यवस्था के दुष्परिणाम आज सम्पूर्ण विश्व के सामने हैं मनुष्य की स्वाभाविक सादगी विलुप्त होती है जा रही है, मनुष्य का जीवन अधिक से अधिक यांत्रिक बनता जा रहा है, विकास के नाम पर प्रकृति के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। धीरे-धीरे मनुष्य संवेदना-शून्य बनता जा रहा है। वैश्विक भू-तापन (ग्लोबल-वार्मिंग) प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन, पर्यावरण प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, ग्लेशियरों का पिधलना, जैसी वैश्विक समस्यायें मनुष्य की भौतिकवादी

तथा अति विकासवादी क्रियाओं की परिणाम हैं। इस संदर्भ में रुसो का यह विचार पूर्णतः समयानुकूल है कि मनुष्य को उस सच्ची कला तथा संस्कृति को अपनाना चाहिये जो उसे पूर्ण बनाने में सहयोग देती है। अपने राजनीतिक दर्शन के अंतर्गत जब रुसो हमें प्रकृति की ओर लौट चलने का संदेश देता है तो उसका यही अर्थ होता है। रुसो के उक्त विचारों को देखकर यह समझना कि वे हमें सभ्यता के समस्त आविष्कारों का त्याग कर पूर्व राज्य अवस्था (प्राकृतिक अवस्था) में ले जाना चाहते हैं तो यह रुसो के साथ न्याय नहीं होगा।

**रुसो के विचारों की प्रासंगिकता**—वास्तविकता यह है कि रुसों के विचार हमें पीछे की तरफ ले जाने वाले नहीं हैं बल्कि रुसो प्रकृति के साथ तारतम्य स्थापित करते हुये प्रगति में विश्वास करते हैं। आज के भौतिकवादी युग में रुसो का दर्शन पर्याप्त प्रासंगिक है। 18 वीं शताब्दी का यूरोपीय समाज मनुष्य को उसकी प्रकृति के प्रतिकूल ढाल रहा था आधुनिक समाज तथा सम्भ्यता के बारे में भी यह बात सत्य कही जा सकती है। जिस प्रकार महात्मा गांधी ने बीसवीं शताब्दी में भौतिक मूल्यों के प्रसार के विरुद्ध आवाज उठाई तथा मानव की नैतिक प्रवृतियों का समर्थन किया उसी प्रकार रुसो ने भी अपने समय की कला तथा संस्कृति की कृत्रिमता के प्रति असंतोष व्यक्त किया। यद्दपि रुसो ने सामाजिक अनुबंध के अंतर्गत यह विचार भी व्यक्त किया था कि वर्तमान परिरिस्थितियों में प्राकृतिक अवस्था की ओर लौट जाना युक्तिसंगत नही रह गया है तथापि रुसो के राजनीतिक दर्शन को आधार बनाकर प्रस्तुत लेख में इस बात पर बल दिया गया है कि प्रकृति और विकास में सामंजस्य बिठाया जाना समयोचित है। प्राकृतिक संसाधनों की कीमत पर विकास नही किया जाना चाहिये। वैश्विक स्तर पर हो रहे मानवीय मूल्यों के क्षरण-एवं भौतिकतावाद के प्रसार के परिप्रेक्ष्य में रुसो का यह विचार प्रासंगिक है कि मानव जाति को अंतः करण तथा विचारशीलता को अपना मार्गदर्शक बनाना चाहिये।

**संदर्भ**—

1. ओम प्रकाश गाबा, पाश्चात्य राजनीति विचारक पृष्ठ 163
2. डॉ. प्रभुदत्त शर्मा, पाश्चात्य राजनीति विचारों का इतिहास पृ. 343
3. डॉ. बी.एल. फड़िया, पाश्चात्य राजनीति चिंतन का इतिहास पृ. 448
4. ज्योति प्रसाद सूद, पाश्चात्य राजनीति विचारों का इतिहास, पृ. 147

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 4 (OCT TO DEC., 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999
Paper Recieved : 10th Nov 22 Paper Accepted : 25th Nov 22

# कृषि उपज मण्डी समितियों की कार्यप्रणाली का मूल्यांकन ( सागर संभाग के विशेष सन्दर्भ में )

❐ रामबाबू अनुरागी*
❐ डॉ. रोहन प्रकाश दुनारिया**

**शोध सारांश**

म.प्र. के सागर संभाग में प्रमुख रूप से गेहूं, चना, मटर, मसूर, सरसों, उड़द, सोयाबीन एवं वनोपज का उत्पादन होता है। म.प्र. कृषि उपज मण्डी अधिनियम 1972 (क्रमांक 24) सन् 1973 प्रभावी होने से कृषकों और व्यापारियों के मध्य बिचौलिया प्रथा समाप्त हो गई। किसानों का उनकी कृषि उपज का उचित एवं प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य प्राप्त होने लगा तथा सही तौल एवं तत्काल भुगतान प्राप्त होने लगा है। मुख्य रूप से कहा जा सकता है कि कृषि उपज मंडियों की स्थापना से किसानों एवं व्यापारियों को विपणन के लिए एक ही मंच पर एक साथ आ जाने से निश्चित् ही दोनो लाभान्वित हुए हैं।

**मुख्य शब्द** : मण्डी, कृषि उपज, कृषक, विपणन।

**प्रस्तावना :**

भारत की अर्थव्यवस्था की प्रगति में कृषि एक महत्वपूर्ण पहलू रहा है। देश के आर्थिक विकास में कृषि व्यवस्था का योगदान सर्वोपरि रहा है। वास्तव में कृषि अपने देश में जीवन यापन का साधन मात्र न रहकर एक लाभदायक धंधा रहा है। यह अर्थव्यवस्था में रीड़ की हड्डी के समान है। कृषि व्यवस्था को सुचारू रूप प्रदान करने के लिए देश में कृषि उपज मण्डी व्यवस्था ने अपना अहम योगदान दिया है। कृषि उपज मण्डी व्यवस्था मध्य प्रदेश में सन् 1972 से कानूनी रूप से लागू की गई। वर्तमान में म.प्र. कृषि उपज मण्डी अधिनियम 1972 (क्रमांक 24) सन् 1973 प्रभावी है।

**शोध का उद्देश्य :**

1. सागर संभाग की कृषि उपज मण्डियों के संगठनात्मक ढांचे की जानकारी प्राप्त करना।
2. कृषि उपज मण्डियों में क्षेत्रवार फसलों का वर्गीकरण करना।
3. मण्डियों के श्रेणीवार वर्गीकरण को समझना।
4. मण्डियों में कृषकों को प्राप्त होने वाली सुविधाओं का अध्ययन करना।

* शोधार्थी, महाराजा छत्रसाल बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय छतरपुर (म.प्र.),
सहायक उप निरीक्षक, कृषि उपज मण्डी समिति राजनगर जिला छतरपुर (म.प्र.)
* शोध निर्देशक, सहायक प्राध्यापक, समाजशास्त्र, अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय निवाड़ी (म.प्र.)

**शोध प्रविधि :**

शोध किसी विशिष्ट प्रयोजन के लिए किया जाता है। ज्ञान की किसी शाखा के नए तथ्यों की खोज करने के लिए अध्ययन एवं ज्ञान की वृद्धि के लिए शोध आवश्यक कार्य हो जाता है।

शोध कार्य में सागर संभाग के 6 जिलों की कृषि उपज मण्डी समितियों की व्यवस्था से संबंधित आंकड़े विश्वसनीय रूप से प्राप्त करने के लिए प्राथमिक एवं द्वितीयक दोनो प्रकार के आंकड़ों को एकत्रित कर शोध कार्य पूर्ण किया गया है।

प्राथमिक आंकड़े शोध क्षेत्र के रेण्डम आधार पर कुछ मण्डी क्षेत्रों का अध्ययन कर एकत्रित किए गए हैं, वहीं द्वितीयक आंकड़ों के लिए कृषि विपणन से संबंधित विभिन्न प्रकाशित–अप्रकाशित पुस्तकों, शोध पत्र एवं पत्रिकाओं, समाचार पत्रों, शासकीय प्रविवेदनों आदि से एकत्र कर शोध हेतु लिए गए है। इसके अतिरिक्त पुस्तकालय, इंटरनेट के माध्यम से आंकड़े एकत्रित किए गए हैं एवं दूरभाष साक्षात्कार का उपयोग कर आंकड़े एकत्रित किए गए है।

**कृषि उपज मण्डी समितियों का संगठनात्मक ढांचा :**

| राजनैतिक | | प्रशासनिक | |
|---|---|---|---|
| | | कार्यपालिक | अकार्यपालिक |
| 01 अध्यक्ष | निर्वाचित | सचिव | कार्यालय अधीक्षक |
| 10 कृषक सदस्य | निर्वाचित | मंडी निरीक्षक | लेखापाल |
| 01 व्यापारी प्रतिनिधि | निर्वाचित | सहायक | सहायक ग्रेड 1 |
| 01 हम्माल/तुलावटी प्रतिनिधि | निर्वाचित | उप निरीक्षक | सहायक ग्रेड 2 |
| 01 क्षेत्रीय विधायक का प्रतिनिधि | नामांकित | | सहायक ग्रेड 3 |
| 01 क्षेत्रीय सांसद का प्रतिनिधि | नामांकित | | वाहन चालक, |
| 01 मंडी क्षेत्र में कार्यरत सहकारी विपणन | नामांकित | | इलेक्ट्रीशियन |
| सोसायटी का प्रतिनिधि | नामांकित | | भृत्य/चौकीदार |
| 01 राज्य सरकार के किसान कल्याण तथा | नामांकित | | |
| कृषि विकास विभाग का अधिकारी | नामांकित | | |
| 01 जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक का प्रतिनिधि | नामांकित | | |
| 01 जिला भूमि विकास बैंक का प्रतिनिधि | | | |
| 01 मण्डी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत या जिला पंचायत का प्रतिनिधि | | | |

**मण्डियों का वर्गीकरण :**

मण्डी समितियों का वर्गीकरण विगत तीन वर्ष की आय के आधार पर किया जाता है एवं मण्डी के वर्ग के अनुसार सुविधाओं का विस्तार किया जाता है। सागर संभाग के अंतर्गत वर्गवार मण्डियों की संख्या –

| वर्ग | सागर संभागांतर्गत संख्या | निर्धारित आय रूपयों में (विगत तीन वर्षों में) |
|---|---|---|
| अ | 03 | 3.5 करोड़ से अधिक |
| ब | 04 | 2 करोड़ से 3.5 करोड़ तक |
| स | 10 | 1 करोड़ से 2 करोड़ तक |
| द | 19 | 1 करोड़ तक |
| **कुल योग** | **36** | |

सागर संभाग अंतर्गत मण्डियों का जिलेवार वितरण –

| जिले का नाम | मण्डी समिति का नाम | मण्डी समिति का वर्ग | जिले में सभी वर्ग को मिलाकर कुल मण्डियों की संख्या | मण्डी में आने वाली प्रमुख फसलें (फसल के नाम अनुसार आवक घटते क्रम में) |
|---|---|---|---|---|
| सागर | सागर | अ | 13 | गेहूं, सोयाबीन, मसूर, चना, फल–सब्जी |
| | बीना | ब | | गेहूं, मसूर, चना, मटर, सोयाबीन |
| | खुरई | ब | | गेहूं, मसूर, चना, सोयाबीन, फल–सब्जी |
| | देवरी | स | | गेहूं, मूंग, फल–सब्जी, चना, मटर |
| | बण्डा | स | | गेहूं, मसूर, सोयाबीन, चना, उड़द |
| | गढ़ाकोटा | स | | गेहूं, मूंग, चना, मसूर, सोयाबीन |
| | जैसीनगर | द | | गेहूं, सोयाबीन, मसूर, चना, मक्का |
| | शाहगढ़ | द | | गेहूं, सोयाबीन, मटर, वनोपज, चना |
| | मालथौन | द | | गेहूं, तेवड़ा, सोयाबीन, मसूर, मटर |
| | रहली | द | | गेहूं, मूंग, सोयाबीन, चना, मसूर |
| | केसली | द | | गेहूं, मूंग, मसूर, चना, मटर |
| | बामोरा | द | | गेहूं, मसूर, चना, सोयाबीन, तेवड़ा |
| | राहतगढ़ | द | | गेहूं, मसूर, मूंग, सोयाबीन, चना |
| दमोह | दमोह | अ | 04 | गेहूं, चना, मसूर, उड़द, सोयाबीन |
| | पथरिया | स | | गेहूं, सोयाबीन, चना, मूंग, मसूर |
| | जबेरा | स | | गेहूं, मूंग, चना, उड़द, मसूर |
| | हटा | द | | गेहूं, चना, मसूर, सोयाबीन, मटर |
| पन्ना | पन्ना | द | 05 | गेहूं, चना, मसूर, मटर, बाजरा |
| | देवेन्द्रनगर | द | | गेहूं, चना, मसूर, सरसों, मटर, |
| | अजयगढ़ | द | | गेहूं, चना, सरसों, तिल, तुअर |
| | पवई | द | | गेहूं, चना |
| | सिमरिया | द | | गेहूं, चना, मसूर, धान, मटर, |
| छतरपुर | हरपालपुर | ब | 08 | गेहूं, मटर, तेवड़ा, सरसों, चना |
| | छतरपुर | स | | गेहूं, मटर, सरसों, वनोपज, सोयाबीन |
| | बड़ामलहरा | स | | गेहूं, सोयाबीन, वनोपज, मटर, तेवड़ा |
| | राजनगर | स | | गेहूं, मटर, वनोपज, सरसों, तिली |
| | लवकुशनगर | द | | गेहूं, चना, मटर, सरसों, तिली |
| | नौगॉव | द | | गेहूं, मटर, सरसों, मूंगफली, चना |
| | बिजावर | द | | गेहूं, मटर, सरसों, चना, वनोपज |
| | बकस्वाहा | द | | गेहूं, मसूर, सोयाबीन |
| टीकमगढ़ | टीकमगढ़ | अ | 04 | गेहूं, उड़द, मटर, सोयाबीन, चना |
| | खरगापुर | स | | गेहूं, मटर, वनोपज, सोयाबीन, सरसों |
| | जतारा | स | | गेहूं, उड़द, मटर, बाजरा, सोयाबीन |
| | पलेरा | द | | गेहूं, मटर, सरसों, उड़द, तिली |
| निवाड़ी | निवाड़ी | ब | 02 | गेहूं, वनोपज, मटर, सोयाबीन, चना |
| | पृथ्वीपुर | द | | गेहूं, मटर, वनोपज, उड़द, सोयाबीन |

**कृषि उपज मण्डियों में विभिन्न शाखाएं :**

1. लेखा एवं अंकेक्षण शाखा
2. स्थापना शाखा
3. बाजार व्यवस्था एवं मण्डी शुल्क शाखा
4. निर्माण शाखा
5. सीमा जांच (निरीक्षण) शाखा
6. अनुज्ञप्ति (लायसेंस) शाखा
7. सांख्यिकी शाखा
8. भण्डार एवं उर्वरक शाखा

**कृषि उपज मण्डियों के कार्य :**

मण्डी समितियों की स्थापना कृषकों को उनकी उपज का उचित मूल्य, सही तौल एवं नगद भुगतान कराने के उद्देश्य से की गई थी। इसी लक्ष्य की पूर्ति हेतु मण्डियों को निम्नलिखित कार्य करने पड़ते है –

1. कृषकों एवं व्यापारियों के मध्य बिचौलियो को समाप्त कर विपणन हेतु एक ही स्थान पर एक मंच प्रदान करना।

2. मण्डी प्रांगण के अंतर्गत विपणन कार्य में संलग्न व्यापारियों, हम्मालों एवं तुलावटियों को अनुज्ञप्ति प्रदान कर मण्डी अधिनियम एवं नियम के प्रावधानों के अंतर्गत विनियमित करना।

3. मण्डी प्रांगण में आने वाले कृषकों के कृषि उपज की खुली नीलामी कराकर प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य दिलाना।

4. कृषि उपज की नीलामी उपरांत सही तौल कराना एवं कृषकों को नगद या वर्तमान समय में उनके खाते में ई–भुगतान कराना।

5. व्यापारियों द्वारा क्रय की गई कृषि उपज पर म.प्र. शासन द्वारा निर्धारित दर पर मण्डी शुल्क (1.5 प्रतिशत) व निराश्रित शुल्क (0.2 प्रतिशत) वसूल करना।

उपरोक्त कार्यों के अलावा कृषको की शिकायतों का निराकरण, हम्माल एवं तुलावटियों की शिकायतों का निराकरण तथा समय–समय पर शासन द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार–प्रसार एवं संबंधितों को लाभ प्रदाय करना तथा संस्था संचालन संबंधी अन्य सभी आवश्यक कार्य मण्डी समितियों द्वारा संपादित किए जाते है।

**निष्कर्ष एवं सुझाव :**

निष्कर्ष के तौर पर कह सकते है कि मण्डी समितियां निश्चित रूप से किसानों के लिए उनकी कृषि उपज के लिए विपणन व्यवस्था उपलब्ध कराने में सार्थक रूप से उपयोगी साबित हुई हैं। मण्डियों की स्थापना होने से किसानों की समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया जाता है। मण्डी प्रांगण के अंदर किसानों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल, छायादार नीलामी चबूतरा, कैन्टीन में 5 रू. प्रति थाली भोजन उपलब्ध कराया जाता है। उपरोक्त सुविधाओं के बावजूद भी कई बार किसानों को कृषि उपज की आवक अधिक होने के समय परेशान होना पड़ता है। उनकी फसल की नीलामी विलंब से होती है, आवक अधिक हो जाने से व्यापारी फसलों का उचित रेट नहीं लगाते। इन समस्याओं को दूर कर मण्डियों को और अधिक उपयोगी एवं महत्वपूर्ण बनाया जा सकता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :**

1. अग्रवाल, डॉ. एन.एल. (2008), भारतीय कृषि का अर्थतंत्र, राजस्थान हिन्दी गंथ अकादमी जयपुर।
2. द्विवेदी, डॉ. राधेश्याम (2010), म.प्र. कृषि उपज मण्डी अधिनियम एवं नियम, सुविधा लॉ हाउस प्रा.लि. भोपाल।
3. http//www.agmarknet.dac.gov.in
4. http//www.mpkrishi.org
5. http//www.mpmandiboard.gov.in

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 4 (OCT TO DEC., 2022) ISSN : 2350-0441

A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal

IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999

SHODH CHETNA Year 2022 Vol. 4 PRAYAGRAJ

Paper Recieved : 1st Nov 22 Paper Accepted : 10th Nov 22

# ''दलित चेतना एवं जाति संघर्ष का दस्तावेज- 'नीला आकाश'''

❒ शैलकुमारी अहिरवार*

❒ डॉ. अमित शुक्ला**

**शोध सारांश**

इस उपन्यास की भूमिका में सुशीला टाकभौरे ने स्वयं कहा है कि नीला आकाश मुख्य रूप से दलितों की व्यथा और एकता की कथा है। नीलिमा और आकाश भविष्य की सम्भावनाओं के प्रतीक है। इसका प्रमुख उद्देश्य यही है कि दलित जातियों के बीच अंतर्जातीय विवाह होने चाहिए। इससे दलित एकता मजबूत होगी। दलितों के परिवार छोटे हों ताकि अनावश्यक खर्च से बचकर बच्चों की परवरिश अच्छी तरह से कर सकें। बच्चों को शिक्षा पाने के पूरे अवसर मिलें महिलाओं के विकास को भी महत्वपूर्ण मानना चाहिए। व्यक्तिगत जीवन के साथ सामाजिक उत्थान के कार्यों को भी महत्व दिया जाय। महिलाओं के पूर्ण व्यक्तित्व विकास को भी महत्वपूर्ण मानना चाहिए। पुरूष प्रधान समाज व्यवस्था में स्त्री सबलता जरूरी है, तभी स्त्री–पुरूष समानता की भावना आ सकेगी। भीकूजी एवं चन्दरी जैसे पात्र केवल स्वयं तक सीमित नहीं है वे अपने दलित समाज की मुक्ति और उत्थान के लिए प्रयासरत हैं।

**मुख्य शब्द** : बिखरे पड़े, कटोरा, खटिया, गमछा, चूल्हा, खूटियाँ, कुँआ।

## प्रस्तावना

भारतीय समाज में दलित और उनकी कला को लेकर लोगों का नजरिया सदैव नकारात्मक एवं उपेक्षा भरा ही रहा है। ऐसा लगता है कि सवर्णों ने कला को भी अपनी सम्पत्ति मान रखा है । कला को वे जाति से जोड़कर देखते हैं। इसीलिए दलित कलाकारों को भी कलाकार न समझते हुए वे उसे जाति के नाम से ही सम्बोधित करते हैं– ''मान–सम्मान की बात अलग है, कलाकारी का सम्मान भी अलग, मगर पेट का सवाल सबसे अहम बात है। ये गरीबों की मजबूरी बन जाती है। उच्च जाति के कलाकारों को अधिक सम्मान धन और गौरव दिया जाता है। जबकि दलित अछूत कलाकार की कला को भी निम्न दृष्टि से देखा जाता है। दलित होने से उनकी कला भी निम्न हो जाती है। चन्द सिक्के उनकी तरफ फेंककर जैसे उन ij midkj fd;k tkrk gS''[1] दलितों में आपसी

* शोधार्थी–एम. फिल, बी.एड. एम.पी.सेट.नेट जे आर एफ (हिन्दी), ठाकुर रणमत सिंह महा. रीवा (म.प्र.) महाविद्यालय बैढ़न जिला सिंगरौली (म.प्र.), मो. 8085663161
E-mail : shailkumariahirwar@gmail.com

** शोध निर्देशक–सहायक प्राध्यापक हिन्दी, शासकीय राजनारायण स्मृति स्नातकोत्तर अग्रणी, मो. 9425424234

भेदभाव इस जाति व्यवस्था के कारण ही उत्पन्न हुआ है । यह जाति व्यवस्था वह जहर है जो सवर्ण और दलित को ही नहीं बाँटता है बल्कि दलित–दलित को भी अलग करता है। यदि ध्यान से देखा जाए तो दलितों में आपसी भेदभाव ब्राह्मणवाद एवं मनुवाद की व्यवस्था के कारण ही उत्पन्न हुआ है। दलित जातियाँ भी अन्य दलित जातियों को अपने से छोटा मानने पर तुली हैं।

शिक्षा, स्वास्थ्य, न्याय एवं सुरक्षा की दृष्टि से मानव को सर्वोपरि रखा जाय। बिना किसी भेदभाव के पूरे विश्व में मानव प्रेम से बड़ी कोई दौलत नहीं होती। जो देश मानवीय हितों का सर्वप्रथम ध्यान रखता है वही सबसे सुखी व सम्पन्न रह सकता है। डॉ. सुशीला टाकभौरे ने नीला आकाश उपन्यास के माध्यम से मानवीय संवेदनाओं को जिन्दा रखने की अपील की है। इसी से फैलेगी प्यार की सुगन्ध जो विश्व में अपने देश की अलग पहचान बनायेगी। कैलाशचन्द चौहान के अनुसार ''डॉ. सुशीला टाक भौरे यह बताने में सफल रही हैं कि वाल्मीकि समाज, मातंग समाज बदलाव के लिए ठहरा हुआ समाज नहीं है बल्कि बदलाव के लिए लगातार संघर्ष कर रहा है और तड़प रहा है भीकूजी, चंदरी फिर बाद में नीलिमा, आकाश जैसे उपन्यास के पात्र इसी तरफ इशारा करते है और बताते हैं कि चाहे मुटठी भर ही सही समाज के लोग बदल रहे है ।''[2] डॉ. भारग्रेट बी. जी. लिखते हैं कि 'नीला आकाश' दलित जीवन के कठोर यथार्थ का जीवन्त दस्तावेज हैं, जो अतीत, वर्तमान की आशाओं आकांक्षाओं को व्यक्त करता है। यह उनकी शिक्षा, जाग्रति सशक्तिकरण, उत्थान तथा मुक्ति का प्रबल इतिहास है लेखिका के अपने शब्दों में ''यह सिर्फ दलित कथा नहीं बल्कि बेबाकी, मोहभंग, आशावादिता की कथा है।''[3]

यदि किसी व्यक्ति को जीवन भर गुलाम बनाए रखना हो तो उसे शिक्षा से वंचित रखो एवं धार्मिक अन्धविश्वासों में फँसाए रखो। दलितों के साथ इसी प्रकार का व्यवहार किया गया। भीकू जी और चन्दरी अनपढ़ हैं लेकिन शिक्षा के महत्व को वे अच्छी तरह से जानते हैं। अधिक उम्र के बाद भी वे पढ़ाई के लिए कोशिश करते रहते हैं भीकू जी के खानदान में कोई पढ़ा–लिखा न होने के कारण सूप और डलिया को बनाने का काम इसीलिए कई पीढ़ियों से चला आ रहा है चन्दरी भीकूजी से हँसती हुई कहती है– ''भीकूजी अब इस उम्र में पढ़ाई करके क्या तुम्हें वकील बालस्टर बनना है? बेचारे लोग, नहीं जानते पढाई क्या होती है? कैसी होती है ?'[4]

जाति व्यवस्था कितनी भी पुरानी रही हो लेकिन कम पढ़े या अनपढ़ लोगों ने भी जाति व्यवस्था का घोर विरोध किया है क्योंकि जाति व्यवस्था से पीड़ित लोग इन्सान को इन्सान समझने का संदेष बहुत समय से देते आ रहे हैं। भीकू जी भी ऐसे नेक इन्सान हैं जो जातिवादी लोगों से बहुत घृणा करते हैं। तभी तो वह कहते हैं– ''कभी इनकी पीठ पीछे और कभी सामने भी जातिवादी लोगों को बेधड़क खरी–खोटी सुना देते हैं। जाति के बिना क्या इन्सान दिखाई नहीं देते तुम्हें? अरे इन्सान को इन्सान समझो तभी तुम इन्सान कहलाओगे।''[5] भीकू जी और चन्दरी जाति व्यवस्था का विरोध करने के साथ–साथ एक परिवर्तन की उम्मीद के साथ जीवन जीते हैं। क्योकि वे अच्छी तरह से समझ गए हैं कि भगवान् किसी इन्सान का शोषण नहीं कर सकता समाज में ऊँच–नीच की भावना इन्हीं पण्डितों के द्वारा बनाई गई है।

धन और जीवन का सम्बन्ध बहुत पुराना है। यह सच है कि बिना धन के कोई कार्य नहीं हो सकता लेकिन यह भी सच है कि जीवन के सारे सुख पैसे से नहीं खरीदे जा सकते। उन लोगों के लिए धन कितना जरूरी है जो परिश्रम करने के बाद भी दूसरे के पराधीन होते हैं। दलितों का सदियों से शोषण ध नाभाव के कारण भी हुआ है। इसके साथ ही रूढ़ियों एवं परम्पराओं ने दलितों के विकास में सदैव कैदखाने का काम किया है। दलितों का जीवन उस पक्षी की भाँति है जिसके पर काट दिए गए हों। भीकू जी अपनी बेबसी एवं लाचारी से दुःखी होकर अपने आपसे

सवाल पूछते हैं– ''हम क्यों ऐसे पराधीन हैं? स्वतन्त्र देश में रहकर भी रूढ़ि एवं परम्पराओं से पराधीन । दरवाजे के पास, छत की बल्ली में टंगा मीठू का पिंजरा देखकर भीकूजी दया भाव से भर गए– बेचारे पक्षी को कैद करके पिंजरे में रखा है। कहीं वह उड़ न जाए, इसके लिए उसके पंख काट दिए हैं वे सोचने लगे उच्च वर्णीय लोगों ने हमें भी इसी तरह आश्रित बना रखा है।''[6]

अनेक कष्टों को झेलते हुए भी भीकू जी जैसे लोगों ने प्रकृति प्रेम एवं मानव प्रेम को सदैव जीवित रखा है। भीकू जी ने सदैव 'जियो और जीने दो' का सिद्धान्त अपनाया है, समाज में कोई व्यक्ति या समूह तभी आगे बढ़ सकता है जब उसे सभी के बराबर मौका दिया जाए लेकिन हिन्दू धर्म में इस जाति भेदभाव के कारण दलितों को प्राथमिक स्तर ही अपमान का सामना करना पड़ता है। इसी तरह के अपमान को देखकर भीकू जी क्रोध में आ गए उसका विरोध करते हुए जब मास्टर के पास जाते हैं। तब मास्टर आपस में बात करते हैं कि– ''साले, कंजर, मेहतर, मांग, बसोर क्यों चले आते हैं पढ़ने ? जाओ अपने माँ–बाप के साथ सड़कें झाड़ो, कचरा उठाओ, मैला उठाओ, मरे ढोर उठाओ।''[7] इतना अपमान सहने के बाद भी भीकूजी अपने गुस्से को अन्दर ही पी जाते हैं क्योंकि उनका बेटा रामकिशन भी उसी स्कूल में पढ़ता है। उनके गुस्से का परिणाम रामकिशन को भोगना पड़ेगा। इससे स्पष्ट होता है कि शिक्षा प्राप्त करने के लिए दलितों को कितना मानसिक और शारीरिक कष्ट उठाना पड़ता है।

भारतीय समाज में जितनी भी प्राकृतिक कलाएँ हैं। जैसे– नाचना, गाना, सूप, टोकरी, डलिया आदि बनाना, धनुष–बाण आदि चलाना, बाँसुरी, तबला, ढोलक आदि बजाना दलित इन सभी कलाओं में निपुण थे। सामन्तों ने इनकी कलाओं को केवल अपने मनोरंजन के लिए इस्तेमाल किया कभी निपुण कलाकार की तरह सम्मान नहीं दिया। रामकिशन की बाँसुरी को सुनकर सभी लोग खुश हो जाते हैं उसे इनाम भी देते है लेकिन भरपूर सम्मान न मिलने से उसे ऐसे कई इनाम लेने में शर्म आती है। इतिहास इस बात का गवाह है कि झलकारी बाई, कर्ण एवं एकलव्य जैसे कई वीर हैं लेकिन जातिगत द्वेष के कारण इनको समाज में वह स्थान नहीं मिला जो मिलना चाहिए।

वर्तमान समय में आदिवासियों की तरह निशानेबाजी में कोई निपुण हो ही नहीं सकता है लेकिन उपेक्षा के कारण राज्य सरकार या भारत सरकार इन्हें अन्तर्राष्ट्रीय खेलों में जाने के लिए अवसर ही नहीं देती हें। ईश्वर किसी का भाग्य विध ाता नहीं होता है। मनुष्य ही अपनी मेहनत एवं कर्म के बल पर अपना भाग्य बना और बिगाड़ सकता है भीकूजी की पत्नी चन्दरी इन बातों को धीरे–धीरे समझने लगी है साथ ही दूसरों को समझाने लगी है। तभी तो भीकू जी को समझाते हुए कहती है– ''भला कोई अपने शरीर सहित देवधाम या स्वर्ग कैसे पहुँच सकता है? हाड़–मांस का शरीर तो मिट्‌टी बनकर यहीं रह जाता है। मुझे तो ये सब बातें झूठी लगती हैं और स्वर्ग भी कहाँ है ? ये सब मनगढन्त बातें हैं।''[8]

सामाजिक परिवर्तन के कारण ही दलितों की चेतना का विकास हुआ है। अब वे धीरे–धीरे कर्म और भगवान् के विषय में जानने लगे हैं। वे अब भाग्य और भगवान् को छोड़कर कर्म में विश्वास करने लगे हैं। हिन्दू धर्म की हिंसा और अन्धविश्वास के शिकार दलित सदैव से रहे हैं। जब से दलितों ने गौतम बुद्ध के मानवता के सन्देश एवं अहिंसा के मार्ग के विषय में सुनना और समझना शुरू किया है तब से दलितों के विचारों में हिंसा के प्रति बड़ा क्रान्तिकारी परिवर्तन हुआ है। भीकूजी पर डॉ. अम्बेडकर एवं गौतम बुद्ध के विचारों का प्रभाव पड़ा है तभी से उन्होंने हिंसा एवं अन्धविश्वास का विरोध किया है।

दहेज प्रथा भारतीय समाज की बहुत पुरानी समस्या है। यह प्रथा सामन्ती लोगों के यहाँ से होती हुई दलित समाज में भी प्रवेश कर गई है। दलितों में दहेज प्रथा पहले नहीं थी लेकिन सवर्णों की तरह झूठी सामन्ती शान–शौकत दिखाने के लिए आज भी

लोग दहेज लेते और देते हैं। भीकू जी चन्दरी और रामकिशन तीनों ही दहेज प्रथा का विरोध करते हैं। तभी तो वे कहते हैं कि "यहाँ बेटी परिवार के लिए बोझ नहीं होती। मगर कुछ दलित लोग सवर्णों की नकल करते हुए अपनी झूठी शान दिखाने के लिए कर्ज लेकर अपनी बेटी को दहेज के साथ ससुराल भेजते हैं यह देखकर दूसरे लालची लोग दहेज नहीं चाहिए की बात छोड़कर पहले दहेज बाद में दुल्हन का व्यवहार करते हैं। ऐसे लोग मूल निवासी संस्कृति को भूलकर स्त्री शक्ति का अपमान करते हैं।"[9] गरीबी एवं अनमेल विवाह का सम्बन्ध भी किसी से छिपा नहीं है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण एवं अशिक्षा के कारण दलितों एवं पिछड़े वर्ग में लोग अपनी कन्या का अनमेल विवाह कर देते हैं। इस प्रकार के सम्बन्ध को भारतीय समाज के सभी वर्गों में लिंगभेद की समस्या किसी न किसी रूप में बनी हुई है। जब से समाज में शिक्षा का प्रसार–प्रचार हुआ है तब से छोटा परिवार सुखी परिवार वाली विचारधारा का युवा पीढ़ी समर्थन करती है। दलितों में भी सामाजिक व्यवस्था के कारण लिंगभेद की समस्या आजादी के बाद भी बनी हुई है। लोग बेटा–बेटी में भेद करते हैं। चन्दरी समझदार होने के बाद भी रामकिशन का दूसरा विवाह इसलिए करना चाहती है कि उसे बेटा नहीं हुआ– "लोगों की बातें सुनते–सुनते उसने भी निर्णय कर लिया है– पोते का मुँह देखने के लिए मैं अपने रामकिशन की दूसरी शादी करूँगी।"[10] इसके बाद रामकिशन सबका पुरजोर विरोध करता है यहाँ सुशीला जी ने युवा पीढ़ी के द्वारा पुरानी रूढ़ियों को भी समाप्त करने का प्रयास किया है। तभी एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सकेगा।

स्त्री जीवन के विषय में लेखिका ने बहुत सुन्दर ढंग से अपने विचारों को प्रस्तुत किया है। स्कूल में जहाँ लड़कों के लिए शिक्षा की व्यवस्था नहीं है वहाँ लड़कियों की स्थिति क्या होगी ? छुआछूत और लिंग भेदभाव के कारण अनेक लड़कियाँ घर से अनुमति मिलने के बाद भी अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ देती हैं। नीलिमा एक ऐसी स्त्री पात्र हैं जिसनें जीवन के हर कदम पर अपना तथा अपने परिवार का अपमान होते देखा है। तभी तो वह भीमनगर एवं सेवानगर के लोगों के विषय में कहती है कि– "हम लोग समाज से दूर किए गए लोग हैं। अछूत, अपमानित और बहिष्कृत लोग। उसने वहाँ अपने मामा का अपमान होते देखा। जब सवर्णों को हमसे काम रहता है तब वे बुलाकर काम करवाते हैं काम हो जाने के बाद दुत्कार कर अपमानित करते हैं, फिर भी हर बार उनको काम करना ही है। नहीं तो वे लोग मारने–पीटने की धमकी देते हैं, गाली देकर अपमानित करते हैं।"[11]

कहा जाता है कि जब अपमान और अन्याय की अति होती है तब किसी न किसी को तो इसका जवाब देना ही पड़ता है। नीलिमा के सामने सुमेर सिंह जब उनके भाई दुलीचन्द को माँ–बहन की गाली देता है। इसके बाद दुलीचन्द उसका भरपूर विरोध करता है तभी नीलिमा निश्चय करती है कि जब तक हम लोग शिक्षित नहीं होंगे, संगठित नहीं होंगे तब तक इसी प्रकार शोषण का शिकार होते रहेंगे। चन्दरी अपने मान–सम्मान के खातिर नौकरी को भी छोड़ दिया तभी तो नीलिमा उनसे बहुत खुश थी। नीलिमा की तरह आकाश भी संगठन बनाकर दलित बस्तियों में जाता है और वहाँ के बच्चों को एवं अन्य लोगों को शिक्षा के महत्व के विषय में बताता है क्योंकि वह भलीभाँति जानता है कि शिक्षा के बिना दलितों का भला नहीं होने वाला है। इसके अतिरिक्त आकाश को जब राजेश डागोर से यह बात पता चलती है कि दलित शादियों में फिजूल खर्च भी करते हैं तब वह इसे रोकने के लिए संकल्प लेता है और कहता है कि– "अपनी जाति समुदाय में जहाँ भी शादी होगी, हम वहाँ जाकर लोगों को समझायेंगे और शादी के खर्च में कटौती करवाकर उनका रुपया उन्हीं के बच्चों की पढ़ाई में खर्च करने के लिए फिक्स डिपॉजिट करवाएंगे।"[12]

नीलिमा सभी के जीवन की समस्याओं को ही नहीं सुलझाती है बल्कि समस्त दलित जातियों की

आपसी भेद–भाव को मिटाने में अपना योगदान देती है जब उसे आभास होता है कि मेरे लोग हिन्दू धर्म की परम्परा के कारण आपस में ही एक–दूसरे से झगड़ रहे हैं तब वह उनके बीच में पहुँचकर समझाते हुए कहती है– ''ऊँची जाति वालों से तुमने क्या यही बात सीखी है ? आपस में भेद–भाव करना बस! अगर तुम उनकी सच्चाई को समझ लेती, तो उनकी जूती अपने सिर पर लेकर नहीं घूमती वे हमें आपस में लड़वाकर ही बड़े बने हैं। यदि हम एक हो जाएं तो वे अपने सामने कहीं के नहीं। वे हमको छोटा बताकर, बड़े कहलाते हैं फिर भी हम उनकी नकल करते हैं।''13 लेखिका ने इस उपन्यास का समापन नीलिमा एवं आकाश के विवाह के साथ सम्पन्न किया है। नीलिमा और आकाश ने अपने विवाह के समय सारी पुरानी परम्पराओं को तोड़कर नयी परम्पराओं के अनुसार अपने विवाह को सम्पन्न कराया। नीलिमा एवं आकाश ने जो रास्ते दूसरों को चलने के लिए बताए उस पर खुद चलकर सामाजिक परिवर्तन की नयी शुरूआत की। इस उपन्यास के समापन के समय लेखिका ने नीलिमा और आकाश के विवाह को एक ऐतिहासिक घटना बताया है।

नीलिमा और आकाश केवल पति–पत्नी नहीं बल्कि दोनों एक साथ मिलकर नीला आकाश का निर्माण करेंगे जो हम सबका होगा। इस नीले आकाश की नई दुनिया हमारी होगी जहाँ ऊँच–नीच, छोटा–बड़ा नहीं होगा। सभी दलित लोग आपस में मिलकर प्रेम से रहेंगे तभी वे समता सम्मान के साथ प्रगति के रास्ते पर बढ़ेंगे। इस समय हम दलित भी ऊँचाई को छूते हुए सामाजिक आन्दोलन का झण्डा आकाश तक लहरायेंगे। अर्थात् लेखिका ने अपने उपन्यास में सभी सामाजिक समस्याओं को उठाते हुए युवा पीढ़ी के द्वारा उन सामाजिक समस्याओं का हल खोजने का प्रयास किया है, क्योंकि प्रत्येक समय की विचारधारा एक जैसे नहीं रह सकती है। क्षण–क्षण परिवर्तनशील है। यह सन्देश पूरे विश्व को गौतम बुद्ध पहले ही दे चुके हैं।

## निष्कर्ष

प्रस्तुत शोध पत्र का उद्देश्य है कि प्रत्येक व्यक्ति को आशावादी सोच के साथ समय की मांग को ध्यान में रखकर ही आगे बढ़ना चाहिए। लाख विरोध के बाद भी शिक्षा एवं सामाजिक परिवर्तन की भूख को सदैव जिन्दा रखना चाहिए। वे ही लोग स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं जो जाति, ध ार्म, अंधविश्वास एवं भेदभाव को छोड़कर मानव मात्र से प्रेम करते हैं।

साहित्यकार जिस समाज में पैदा होता है उस समाज की प्रत्येक क्रिया–प्रतिक्रिया का प्रभाव उस पर अवश्य पड़ता है। दूसरी बात यह है कि जन्म से कोई व्यक्ति गुण्डा, विरोधी, सन्त, राजनीतिज्ञ, या विद्वान् नहीं होता है जिसके जीवन का परिवेश जैसा होता है उसकी सोच भी उसी से बनती व बिगड़ती है। यही बात डॉ. सुशीला टाकभौरे के ऊपर भी लागू होती है। उन्होंने अपने समाज में जैसा जीवन जिया वैसा ही समाज को वापस दिया। उनके सभी उपन्यासों मे समाज की प्रत्येक सच्चाई को बड़ी ईमानदारी के साथ प्रस्तुत किया गया है। 'नीला आकाश' ऐसा उपन्यास है जो समाज को किस प्रकार आपस में जोड़ा जाए? इसका समाधान खोजने को मजबूर करता है। इस उपन्यास में राजनीतिक–सामाजिक एवं धार्मिक जीवन की झाँकी अलग तरीके से देखने को मिलती है। 'नीला आकाश' नई समाज व्यवस्था, नई सोच, नई ऊर्जा एवं युवा नई पीढ़ी साथ लेकर चलने वाला उपन्यास है। लेखिका ने सर्वप्रथम समाज में दलितों में आपसी भाईचारा, दलित पुरुषों एवं स्त्री में भाईचारा तत्पश्चात दलित व सवर्णों में आपसी भाईचारे की बात की हैं। साथ में ये भी बताना नहीं भूलती है कि एक बेहतर समाज के लिए जाति व्यवस्था जहर की तरह काम करती है। इस जहर का निवारण पहले हमें अपनी सोच में परिवर्तन करने से प्रारम्भ करना चाहिए।

## संदर्भ ग्रंथ सूची


1. सुशीला टाकभौरे, नीला आकाश, (उपन्यास), विश्वभारती प्रकाशन, धनवड़े चेम्बर, सीबरड़ी, नागपुर, प्रथम संस्करण, 01 जनवरी, 2013, पृ. 7–8
2. सुशीला टाकभौरे, नीला आकाश, (उपन्यास), विश्वभारती प्रकाशन, धनवडे चेम्बर, सीबरड़ी, नागपुर, प्रथम संस्करण, 01 जनवरी, 2013, पृ. 12
3. सुशीला टाकभौरे, नीला आकाश, (उपन्यास), विश्वभारती प्रकाशन, धनवडे चेम्बर, सीबरडी नागपुर प्रथम संस्करण, 01 जनवरी, 2013, पृ. 21
4. सुशीला टाकभौरे, नीला आकाश, (उपन्यास), विश्वभारती प्रकाशन, धनवडे चेम्बर सीवरड़ी नागपुर, प्रथम संस्करण, 01 जनवरी, 2013, पृ. 22
5. सुशीला टाकभौरे, नीला आकाश, (उपन्यास), विश्वभारती प्रकाशन, धनवड़े चेम्बर, सीबरड़ी, नागपुर, प्रथम संस्करण, 01 जनवरी, 2013, पृ. 26–27
6. सुशीला टाकभौरे, नीला आकाश, (उपन्यास), विश्वभारती प्रकाशन, धनवडे चेम्बर, सीबरी नागपुर प्रथम संस्करण, 01 जनवरी, 2013, पृ. 29
7. सुशीला टाकभौरे, नीला आकाश, (उपन्यास), विश्वभारती प्रकाशन, धनवड़े चेम्बर, सीबरड़ी, नागपुर, प्रथम संस्करण, 01 जनवरी, 2013, पृ. 34
8. सुशीला टाकभौरे, नीला आकाश, (उपन्यास), विश्वभारती प्रकाशन, धनवडे चेम्बर, सीबरड़ी, नागपुर, प्रथम संस्करण, 01 जनवरी, 2013, पृ. 44
9. सुशीला टाकभौरे नीला आकाश, (उपन्यास), विश्वभारती प्रकाशन, धनवड़े चेम्बर, सीबरड़ी, नागपुर, प्रथम संस्करण, 01 जनवरी, 2013, पृ. 53
10. सुशीला टाकभौरे, नीला आकाश, (उपन्यास), विश्वभारती प्रकाशन, धनवड़े चेम्बर, सीबरड़ी, नागपुर, प्रथम संस्करण, 01 जनवरी, 2013, पृ. 60
11. सुशीला टाकभौरे, नीला आकाश, (उपन्यास), विश्वभारती प्रकाशन, धनवडे चेम्बर, सीबरड़ी, नागपुर, प्रथम संस्करण, 01 जनवरी, 2013, पृ. 67
12. सुशीला टाकभौरे, नीला आकाश, (उपन्यास), विश्वभारती प्रकाशन, धनवडे चेम्बर, सीबरड़ी, नागपुर, प्रथम संस्करण, 01 जनवरी, 2013, पृ. 72
13. सुशीला टाकभौरे, नीला आकाश, (उपन्यास), विश्वभारती प्रकाशन, धनवडे चेम्बर, सीबरड़ी, नागपुर, प्रथम संस्करण, 01 जनवरी, 2013, पृ.80

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 4 (OCT TO DEC., 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed
International Multifocal
Research Journal
IMPACT-FACTOR
SJIF - 5.999
Paper Recieved : 15th Oct 22 Paper Accepted : 25th Oct 22

# ''सुभद्रा कुमारी चौहान एवं माखनलाल चतुर्वेदी की राष्ट्रीय चेतना''

❒ मनोज कुमार जायसवाल*
❒ डॉ. आर.एल. शर्मा**

## शोध सारांश

कविता का रचना जगत काल्पनिक न होकर वास्तविक जगत है। इसमें आए हुए तमाम चरित्र आम आदमी के प्रतिनिधि पात्र है। रोते हुए, बिलखते हुए नंग–धड़ंग बच्चों की जीवंत तस्वीर इसमें उभर कर आयी है। जो पाठक को समकालीन स्थितियों से अवगत कराती है। यद दोनों कवि राष्ट्र की धरोहर हैं जिनकी कलम से निकली हुयी अंगारों की चमक कविता जगत को प्रकाशमय बनाती है। कवियों का आगमन हिन्दी साहित्य के लिए ऐसा परचम है, जिनकी कलम की धाक का डंका युगों तक यूं ही बजता रहेगा।

समकालीन परिवेश में साम्राज्यवाद के बढ़ते प्रभाव का आक्रमण भी चिंता की बात बना है। इसीलिए साम्यवादी विचार प्रणालियों का प्रभाव समकालीन कविता में दिखाई नहीं देता। पूँजीवादी व्यवस्था के चपेट में आकर उसका ढिंढ़ोरा पीटनेवाली कविता आज की कदापि कविता नहीं है, वह पारलौकिक कविता है। इस लोक से संबंधित कविता की अनिवार्यता की माँग है। यही कारण है कि प्रतिबध्द कवि राजेश जोशी की कविता में पूँजीवाद के विरूद्ध रोष प्रकट हुआ है।

प्रचलित विसंगत व्यवस्था में तोड़–मरोड़ने की ताकत है राजेश की कविता में। यही कारण है कि, सामाजिक एकता, राष्ट्रीय एकता तथा सांप्रदायिकता संबंधी कवि आदमी को चौकन्ना करता है। इनकी कविता प्रगतिशील विचारों का नया मार्ग तैयार करती है। अतः कविता के आकर्षण के मूल में कवि की यही भावना रही है। यही कारण है कि इनकी कविता की प्रत्येक पंक्तियों में सामाजिक प्रतिबध्दता का स्वर उठा ह।

**मूल शब्द–** राष्ट्रीयता, सुभद्रा, चतुर्वेदी, सांप्रदायिकता, समकालीन।

* शोधार्थी–यूजीसी नेट, एमपी सेट, एम ए. हिन्दी, अवधेश प्रताप सिंह वि.वि. रीवा (म.प्र.), E-mail : manojsgscollege@gmail.com, Mob. : 9575603107

** शोध निर्देशक–प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष हिन्दी विभाग, संजय गांधी स्मृति शास. स्नात. महा. जिला सीधी (म.प्र.), Mob. : 9340562259

व्याख्या–

जिन दिनों सुभद्रा कुमारी चौहान एवं माखनलाल चतुर्वेदी का काव्य क्षेत्र में प्रवेश हुआ। तब हिन्दी कविता की दो धाराएँ स्पष्ट रूप से प्रवाहित हो रही थी। एक धारा छायावादी काव्य की थी। जिस पर यह आक्षेप था कि वह वास्तविकता से कोषों दूर हैं तथा दूसरी धारा राष्ट्रीय कविताओं की थी जो वास्तविकता के अत्यधिक करीब होने के कारण कला की सूक्ष्म तरंगों को अपनाने में असमर्थ सी दिखती थी। इन दोनों कवियों की कविता के राष्ट्रीय सांस्कृतिक स्वर ने ऐसी गूँज पैदा की जो उस युग के स्थापित काव्य–स्वर से सर्वथा भिन्न होने पर भी सहृदय मे मन–प्राण को बाँधने वाली थी। किन्तु विद्वतापूर्ण पौरूष के धनी चतुर्वेदी जी ने कला को वास्तविकता के समीप ला दिया। इन्होंने शक्ति और सौंदर्य का मणिकांचन संयोग किया है। युग की व्यथा–कथा को गुंजित करने वाली कविता राष्ट्रीयता के स्तर पर दिनकर ने लिखी थी–

**''केरल से कश्मीर तलक हम हैं, हम भाई–भाई हैं,**
**कावेरी, कृष्णा कि नर्मदा, गंगा, यमुना, सिन्धु रहे**
**हमें न तोड़ सकेगा कोई, हम मां जाये बन्धु रहें**
**चरण करोड़ कि उनका, अमित उचित अभिमान लिए।।''[1]**

पराधीनता की बेड़ियों की जकड़ से निकलकर एक नवयुग का प्रारंभ ही इनकी कवितायी को दिशाओं के आर–पार करता है, जिसमें एक भारतीय आत्मा ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक का अतुल्य भारत कलमबद्ध किया है।

सुभद्रा कुमारी चौहान का जीवन कविता में बसता है, या कि कह सकते हैं कि''–''सुभद्रा कुमारी चौहान ने जो रचा वही किया और जो जिया वही रचा। वे हिन्दी ही नहीं, अपितु बीसवीं शताब्दी के भारतीय साहित्य की सर्वाधिक लोकप्रिय एवं क्रांतिकारियों के लिए एक तरह से प्रेरणा बनकर रही हैं।''[2] इनकी कतिपय कविताओं में छायावादी काव्य प्रवत्तियों, भावधाराओं निराशा, विषाद एवं जीवन–संघर्ष से पलायन प्रवृत्ति दृष्टिगत होती है। इन्होंने छायावाद की शैली और अभिव्यंजना की नवीनता वैयक्तिकता और आत्मनिष्ठता, छन्द एवं भाषा के नवीन प्रयोग को स्वीकार किया है। समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने उत्तरदायित्व का विस्मरण तथा कला की पुकार आदि दिनकर की मानसिक प्रवृत्तियों से नहीं खा सकी।

राष्ट्रीयता वह सूर्य है, जो भारत की सभी भाषारूपी नदियों में एक समान ही प्रतिबिम्बित होता है। जिसका अवलोकन इन दोनो महान हस्तियों की कलम के माध्यम से हमें कर पाना गौरव की बात है, जिसमे सर्वप्रथम इनकी वह पुकार को समझना होगा जिसकी गूंज हमारे समस्त भारत देश में है–

**''मुझे गर्व है किन्तु राखी है सूनी।**
**वह होता, खुशी तो क्या होती न दूनी?**
**हम मंगल मनावें, वह तपता है धूनी।**
**है घायल हृदय , दर्द उठता है खूनी।''[3]**

अर्थात् स्वतंत्रता की रक्षा के लिए सदैव संघर्ष करना ही हमारा धर्म होना चाहिए। जिसका अपनी कलम और काव्य की प्रतिभा से उन्होंने बताया है। राष्ट्रीय भावना को जागृत करने के लिए भारतीय साहित्य की परम्परा को आगे बढाते हुए इन दोनों कवियों ने मातृभूमि को सर्वोपरि स्थान दिया है–

**''जगती के वीरों– द्वारा,**
**शुभ पदवन्दन तेरा होगा!**
**देवी के पुष्पों – द्वारा,**
**अब अभिनन्दन तेरा होगा।।''[4]**

वहीं दूसरी ओर अपनी रचनाओं का व्यवस्था विश्लेषण विवेचन करते हुए माखनलाल ने आर्थिक और राजनीतिक धरातल पर क्रांति का आहावन किया है। कवि ने अपनी कवित्व शक्ति के लिए ईश्वर के ही समक्ष नतमस्तक होकर दिखायी देता है–

**''जब लियो फकीरी बाना**
**मांग क्यों खाना टुकड़े हराम के।**

**तू फाके पर हरदम रहना**
**भूख–प्यास, सुख–दुख सब सहना**
**प्राण गये तो कभी न कहना**
**हम गुलाम हैं दाम के।''**[5]

मानव–समाज पर राजतंत्र के शासन का खुलकर विरोध करके वे कहते हैं कि मनुष्य के दुर्गुणों की प्रगति रोकने के लिए राजतंत्र की आवश्यकता का सभी अनुभव करते हैं न कि स्वतंत्र पुरुषें के सद्गुणों पर सीमा निर्धारण के लिए। परन्तु राजतंत्र ने केवल शासन चलाना सीख लिया है। मानव–समाज पर राजतंत्र के शासन पर कवि अपनी रचनाओं में आक्रोश प्रकट करते हैं।

वास्तविकता में कविता तो सीधे जीवन से जुड़ी हुई होनी चाहिए जिसमें तीखा व्यंग्य और विनोद हो। एक कटु सत्य यह भी है कि उस समय का समाज अनेक रूढ़ियों, रीति–रिवाजों एवं सामाजिक कुरीतियों से ग्रस्त था। बदलती परिस्थिति के अनुसार समाज अपने आपको परिवर्तित न कर सका। सब जगह जात–पांत, वर्ण व्यवस्था और छुआछूत का बोलबाला था। नारी की ओर देखने की दृष्टि हीन थी।

सुभद्रा कुमारी चौहान ने उसी प्रथा से लोहा लिया जहां परिवार में नारी को केवल बच्चे जनने की मशीन माना जाता था। वह पिता, भाई या पुत्र पर आश्रित थी। विधवा नारी की अवस्था इससे भी बुरी थी। पति के मृत्यु के बाद उसकी चिता पर जलकर सती हो जाना गौरव की बात समझी जाती थी। जो नारी सती नहीं होती थी उसे समाज से बहुत प्रताड़ना सहनी पड़ती थी।

उनकी लेखनी ने उसी आग को उगलकर यह लावा तैयार किया है, जिसमें राष्ट्र के प्रति अपने लहू को बहाने वाले वीरों की गिनती भी नहीं की जा सकती है–

**''तू होगी व्यवहार, देश के**
**बिछड़े हृदय मिलाने में।**
**तू होगी अधिकार, देशभर**
**को स्वातंन्त्रय दिलाने में।''**[6]

इस पर भी कविता कर्म पर देश की विभिन्न परिस्थितियों और परिवेश का हमेशा प्रभाव रहा। यह कहा जाता है कि कविता मानव जीवन का महाकाव्य है। उसमें युग की संपूर्ण परिस्थितियों और समस्याएँ समाहित हो जाती हैं। और इन दोनों कवियों की काव्यकला ने यह साबित कर दिया जिनकी विचारधाराओं का सूरज आज भी हिन्दी साहित्य जगत में अपनी लालिमा बनाये हुए है।

उनकी लेखनी आडंबरों, रूढ़ियों और विषमताओं के विरुद्ध बुलंदी से आवाज उठाती रही। अपने आंतर की विद्रोही वृत्ति को उन्होंने सदैव संरचनात्मक दिशाओं की ओर सक्रिय किया। समय के साथ बदली हुई नई मानसिकता की अभिव्यक्ति में अक्षम होते हुए भी इनकी धारदार वाणी ने समय को नया रुख दिया है।

निष्कर्ष– इन दोनों महान कवियों की प्रतिरोध एवं राष्ट्रीय चेतना को, कविता की उस धार को, अपनी कलम से घिस–घिस कर उसमें सान चढ़ाता है, उसे तीक्ष्ण बनाता है। इन्होंने अच्छी तरह समझा हैं कि जनता की हालत में सुधार करना है तो उसे बौद्धिक जड़ता से निकालना पड़ेगा, राष्ट्र को, राजनीति को वास्तविक रूप से समझने में सहायता देनी पड़ेगी, संघर्ष में उतरने के लिए तैयार करना पड़ेगा। उसके लिए जनता के साथ हमदर्दी और हिस्सेदारी की जरूरत है। अपनी इस हिस्सेदारी को निभाने में माखनलाल चतुर्वेदी एवं सुभद्रा कुमारी चौहान की कविताओं की भूमिका को अच्छी तरह पहचान कर ही इनका चुनाव मैंने अपने अध्ययन के लिए किया है।

**संदर्भ सूची–**

1. माखनलाल चतुर्वेदी रचना खण्ड–2, पृ0 65
2. सुभद्रा समग्र–पृ0 55, हंस प्रकाशन इलाहाबाद, संस्करण 2004
3. जनमनमयी सुभद्रा कुमारी चौहान–पृ0 भूमिका से, राजेन्द्र उपाध्याय, परमेश्वरी प्रकाशन
4. सुभद्रा समग्र–पृ0 91
5. सम्मेलन पत्रिका–आलेख से पृ0 54, जून 2011
6. सुभद्रा समग्र–पृ0 94

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 4 (OCT TO DEC., 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999
Paper Recieved : 1st Nov 22 Paper Accepted : 25th Nov 22

# POSTCOLONIAL PERSPECTIVE OF KHUSHWANT SING'S TRAIN TO PAKISTAN

❒ Dr. Bidyut Bose*
❒ Arifur Rehman Choudary**

## ABSTRACT

The postcolonial experience has been generally interpreted as extremely violent and complex, while its newer forms of oppression and violence would firmly wish to note the various themes under the light of postcolonialism. Planning to move past this colonial legacy, what one might call the "decolonization" of writing will bring and shed some light on extensive array of themes through its interpretation. Countless novels in India have been written interpreting the various aspects of post-colonialism, but this remarkable historical moment has been apprehended as horrifying by the writer like Khushwant Singh in *Train to Pakistan* (1956). This novel inspects the inevitable rationality of Partition as a sprout of radicalism and fundamentalism ignited by strengthening communal approaches. They efficiently and accurately interpret the exposure of human life and apprehension, triggered by the throes of Partition. *Train to Pakistan* also provides a lot of information while holding their eccentricity on top. Rather than portraying the events in political terms, Khushwant Singh has offered human dimensions that will interpret all sense of authenticity, dismay and credibility. Thus, the novel not just records man's life and survival, but it likewise shows that man is in actual fact humane and genuine and has demonstrated that even society's ostracized characters like Juggat Singh could be a ray of hope and life for the unhappy and distraught souls.

**Keywords:** *Postcolonialism, Interpretation, Khushwant Singh, Train to Pakistan, Partition, Communal Riot, Peace and harmony, Indian Literature.*

Literature is considered to be a harmonious mixture of the past with the present. It is both convincing and inspiring for an artistic author to integrate crucially the legacy of Indian history, as a locus point for the current on top of reinterpreting and re-enacting past experience. One would say that art challenges reality, yet it does not escape from it. Certainly, it is in this creative competition between art and reality with which the aesthetic interpretation of the artiste is voiced or expressed. Eventually and precisely in the framework of historical and socio-political discourse, the accurate implication of historical literature depends in its

* Associate Professor and HOD, Department Of English, DBS PG College, Dehradun, Uttarakhand
** Research Scholar, Deptt. of English, DBS (PG) College, Dehradun (UK)

artistic interpretation of salient themes. *TRAIN TO PAKISTAN* is considered to be socio-political novel. It depicts a society that is politically polluted, staked by the officials and administrators for their private ends, under the ruse of implementing the alleged rules and plans of the supposed Government.

*TRAIN TO PAKISTAN* is regarded as a minor classic Indian English fiction that talks and interprets the postcolonial era of India. With its intrepid, fierce and inexorable pragmatism, it tears off cover of pretense and represents the repugnance and cruelty of human life. The disturbing and traumatic events at the time of Partition in 1947 had

traumatized the author to his roots and so it was the Art that came to his rescue. Simply through this standard, his passive feelings got an outlet. The novel turns out to be a substitute indulgence, in the sense that it suggests Khushwant Singh's positive and affirmative view of life, his persistent faith in the beliefs of love and humanity and the unbeatable spirit of man against a despicable context of wickedness and cruelty.

Khushwant Singh weaves a well-wrought tale, with a vibrant symbolic system strongly grounded in character, through which the reader is offered a series of perspectives on the Partition, both as a historic event and human tragedy. Drawing upon his personal experience of the Partition, Singh balances pattern and detail in a prose style that has a remarkable sense of control, because of which his work comes across with intensity and power. His fictional response to the Partition is a literary one, yet the human experience recreated by the author and the literary strategies used to mediate the experience afford us a profound understanding of the essence of man in history.

The narrative of *TRAIN TO PAKISTAN* is woven around the holocaust in Mano Majra caused by partition of India-Pakistan on the advent of Independence to India on 1947.

Nevertheless, it builds a notion that the freedom struggle is a disillusion since partition is regarded as outburst of the nationalists' approval of the 'two nations theory' imposed by the colonial rule as a must. On the basis of this assumption, an attempt is made to trace and analyses the adversative effect of partition on the people's life in general and the people specifically belonging to Mano Majra in *TRAIN TO PAKISTAN*.

Originally, the story depicts Mano Majra as being atypical with reference to the violence that began throughout the country on the day of partition. There are cases of mutinies, violence and tension all over the nation but Mano Majra remains passive and unpretentious by the mishap of national politics. The communal conflict sprang from the partition is observed first in Calcutta in the story. It is revealed in the first page itself:

"The summer before, communal riots, precipitated by reports of the proposed division of the country into a Hindu India and a Muslim Pakistan, had broken out in Calcutta, and within a few months the death roll had mounted to several thousand."(Singh, 9).

The character of the strength and passion was not only volatile, it was also unparalleled, in scale as well as method. This has left too much resentment and hostility and the most radical of chauvinisms that is unrivaled and it was created through the formal discourse of history in Pakistan and India. Also on the other hand, a substantial amount of reminiscence also gripped the two nations (or various national groups), frequently articulated in the view that this was a partition of siblings who could not live together and decided to divide their home and property.

It suggests two important factors which suppose that the foul lies in the agreement between the outgoing British and the

nationalists. First it implies that the proposition of two nations theory had already been accepted by our nationalists. Second, the proposal is against the will of the people of the nation. As a result revolt against such decision is manifested in the communal disharmony between the Hindus and the Muslims who blame each other for the death roll of several thousand. It is portrayed:

भारत में एक तरफ तो महिला राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा पाटिल और महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी थी। कई राज्यों में क्षेत्रीय दलों की प्रमुख महिलाएँ हैं। परन्तु U.N.O. भी संस्था द्वारा मानव विकास रिपोर्ट में यह देखने को मिल रहा है। 2015 ई0 188 देशों में भारत की स्थिति 130 वे नम्बर पर आती है। साथ ही 2016 में भारत की स्थिति 131 स्थान पर दर्शाई गयी है। जो निःसंदेह चिन्तनीय है क्योंकि यह स्थिति यह बताती है कि भारत की स्थिति दक्षिण एशिया में पाकिस्तान से बेहतर है। भारत की बढ़ती जनसंख्या में महिलाओं के बड़े अनुपात के साथ लैंगिक असमानता सम्बन्धी मुद्दों का तर्क संगत समाधान किया जाय । सोचनीय समस्या यह भी है कि 2011 ई. की जनगणना ने भी कई यक्ष प्रश्न खड़े कर दिया है। जिसका उत्तर हमें भविष्य में देना है। देश का स्त्री-पुरुष अनुपात निरन्तर घट रहा है। शिशु लिंग अनुपात जो 2001 की जनगणना में प्रति 1000 पुरूषों पर महिलाओं की स्थिति 927 थी वह 2011 में आंकड़े में घटकर 914 रह गई है। भारत में आर्थिक सशक्तीकरण के परिपेक्ष्य में देखें तो हम स्वतः पाते हैं जो आंकड़े ही बयां कर रहे हैं—महिलाएं आज भी इस परिधि से बाहर हैं। भारतीय प्रशासनिक सेवा में 11% की भागीदारी है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण की रिपोर्ट में बताया गया है कि 15% महिलाएं ही सरकारी वेतनभोगी सेवाओं में कार्य संलग्न हैं। 85% महिलाएं दूसरों पर आश्रित हैं। संयुक्तराष्ट्र सहस्त्र शताब्दी विकास लक्ष्य व 2015 में स्वीकृति प्राप्त सतत विकास लक्ष्य 2030 में लिंग आधारित समानता और नारी सशक्तीकरण को प्राप्त करना है। सन् 2015 में स्वीकृत किया गया 'ही फार शी' भारत अभियान में शामिल किया गया है।

स्थानीय स्वशासन बनाम महिला सशक्तीकरण

वर्तमान समय में भारत में जिला परिषद जिनकी संख्या-330 है तथा पंचायत समितियां जिनकी संख्या-4526 है एवं पंचायतें जिनकी संख्या-57900 है। भारत में पंचायतों का विकास प्राचीनकाल से ही देखने को मिलता है। परन्तु व्यवस्थित रूप में 2 अक्टूबर 1959 नागौर राजस्थान से प्रारम्भ माना जाता है। जिसे व्यवहारिक में स्थापित करने हेतु बलवस्त राय मेहता समिति (1957) अशोक मेहता समिति (1977), जी.बी.

के राव समिति (1985), एल.एम. सिंघवी (1986) पी.के. थुंगन समिति (1988) जिसके संस्तुति के अनुसार 73वां संवैधानिक संशोधन पारित किया गया जिसे नरसिन्हा राव की सरकार ने संविधानिक दर्जा देते हुए— 1992 ई0 24 अप्रैल 1993 ई. में लागू किया गया जो महिला सशक्तीकरण में परिप्रेक्ष्य में मील का पत्थर है। क्योंकि इस अधिनियम में पहली बार ही भारतीय संविधान में यह व्यवस्था कर दी गई कि 33% ग्राम प्रमुखों के पदों पर S.C. & S.T. (एस.सी. एवं एस.टी.) की महिला उम्मीदवारों के लिए स्थान आरक्षित रखने की व्यवस्था की गई थी। इस प्रावधान के लिए भारतीय संविधान में अनुच्छेद 243 व (1) (2) (3) (4) व अनुच्छेद 40 की व्याख्या में स्थापित पंचायतों की व्यवस्था को व्यवहारिक रूप दिया गया और भारतीय संविधान में नया भाग 9 स्थापित किया गया और संविधान में 11वीं अनुसूची जोड़ दी गई थी और 29 विषयों का उल्लेख किया गया जो पंचायतों को सुपुर्द किया गया। इन विषयों पर कार्य का अनुभव स्वतः करके ग्रामीण जनता प्रत्यक्ष लोकतन्त्र सीखे और सत्ता का विकेन्द्रीकरण करना सीखे। सत्ता में स्वयं की भागीदारी निभा सके।

यह पंचायती राज व्यवस्था चार अवधारणाओं पर काम कर रही है—

**पहला**—पंचायती राज के माध्यम से लोग राजनीति में ज्यादा प्रभावी भूमिका का निर्वहन कर सकेंगे।

**दूसरा**—स्थानीय समुदाय को परिवर्तन का वाहक बनाने और उनमें योजनागत चेतना फूंकने से अधिक परिवर्तन तेजी से और क्षमतापूर्वक होगा ।

**तीसरा**—पंचायतों को शक्तियों का हस्तान्तरण होने से सरकारी संस्थाओं सामुदायिक विकास केन्द्रों, योजनागत समितियों को एक नयी समाज व्यवस्था एवं नागरिक समाज के उन्नयन यानि एक सहकारी समाज के लिए रास्ता साफ होगा।

**चौथा**—आम जनता के ऐसे समान अनुभव के आधार पर राजनीतिक संगठनों की ऐसी प्रणाली राष्ट्रीय एकता का वाहक बनेगी।

सचमुच भारत में पंचायती राज व्यवस्था की रचना प्राचीन एथेंस के प्रत्यक्ष लोकतंत्र की तर्ज पर की गई है। हालांकि यह भी महत्वपूर्ण है कि प्राचीन भारत में भी ऐसा प्रत्यक्ष लोकतंत्र था और पंचायती राज के सिद्धान्त के लिए पंच परमेश्वर की प्राचीन परम्परा से प्रेरणा ग्रहण की गयी है। इसके पीछे स्थानीय स्वशासन का यह उसूल काम कर रहा है कि सरकार की निचली इकाइयों को सत्ता का अधिकतम हस्तान्तरण और लोकप्रिय निर्वाचन से गठित स्थानीय संस्थाओं के जरिए स्वशासन। यह उसूल चार मान्य बुनियादी धारणाओं पर आधारित है। राजनीति में प्रत्येक वर्ग की जनता की भागीदारी, आर्थिक विकास के लिए संसाधनों को जुटाना, लोकतंत्र में बुनियादी संस्थाओं का समावेश करना और राष्ट्रीय एकता की गांरटी।

पंचायतों के द्वारा महिलाओं को प्राप्त राजनीतिक सशक्तीकरण की ही देन है कि पिछले 25 वर्षों में देश के भीतर राजनीतिक बहस में महिलाओं को महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त हुआ है। राजनीतिक प्रक्रिया और राजनीतिक संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी की गुणवत्ता में सुधार आया है। आर्थिक तथा जीविका से जुड़े मुद्दों, सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों में भी स्तरों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है, साथ ही बुनियादी सुविधाओं का विस्तार अधिक हो सकेगा, क्योंकि उनकी प्राथमिकताएं एवं आवश्यकताएं उसी तरह की हैं। पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी से ग्रामीण विकास एवं महिलाओं के विकास जैसे चिन्तन का विकास हुआ और एक नई चेतना का सूत्रपात हुआ है।

उल्लेखनीय है कि पंचायतीराज में महिलाओं की भागीदारी का प्रयोग देश के उन हिस्सों में ज्यादा सफल रहा है, जहाँ पहले से ही स्त्रियों की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर रही है अथवा जहां राजनीतिक दलों ने इस

कार्यक्रम को अपना समर्थन दिया है। लेकिन जहाँ स्थितियां अनुकूल नहीं है या राजनीतिक दलों का सकारात्मक सहयोग नहीं मिला है वहां महिलाएं अपने वाजिब अधिकारों से आज भी वंचित हैं। पंचायतों में चुने जाने के बाद भी महिलाएं अपनी क्षमताओं का परिचय न दे सकें, इसके लिए कई अनौपचारिक उपाय अपना लिए गए हैं। एक उपाय है, उन्हें नाममात्र का प्रतिनिधि बना देना । बहुत सी पंचायतों में पुरूष ही महिला के नाम पर चुनाव लड़ते हैं। वे अपनी पत्नी या किसी अन्य महिला रिश्तेदार को उम्मीदवार बनाते हैं और उसके जीते जाने पर पंचायत में उनके प्रतिनिधि के रूप में सारा काम-काज खुद करते हैं । दूसरा उपाय अविश्वास प्रस्ताव। कोई महिला सरपंच बहुत प्रभावशाली है, आत्म विश्वास से सम्पन्न है, तो उसके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर उसे पंचायतों से बेदखल कर दिया जाता है। तीसरा, दो बच्चों के नियम का सबसे ज्यादा नुकसान महिलाओं को ही उठाना पड़ा है। सरपंच महिला खुद तय नहीं कर सकती है कि उसके तीसरा बच्चा होगा या नहीं । यह निर्णय उसका पति करता है। लेकिन तीसरा बच्चा हो जाने पर सरपंच पद से हटाया जाता है उसकी पत्नी को।

वर्तमान समय में लगभग ढाई लाख ग्राम पंचायतें हैं। जहाँ पर महिलाए 33% पदों पर कार्य कर रही हैं और स्थानीय स्वशासन के माध्यम से शासन सत्ता में अपनी भागीदारी निभा रही है। कुछ राज्यों ने इस क्षेत्र में अति प्रशंसनीय कार्यों का सम्पादन किया है। जैसे बिहार, यू.पी. अन्य राज्यों में 50% पद महिलाओं को दे दिया गया है। जिससे समाज का निचले तबके एस.सी. व एस.टी. की महिलाओं में जागरूकता आई है।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची


1. माहेश्वरी श्री राम भारतीय प्रशासन ओरियंट लॉग्मैन-2001, पृष्ठ-563
2. अवस्थी अमरेश्वर अवस्थी आनन्द भारती प्रशासन-लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, 2001, पृष्ठ-578
3. योजना प्रकाशन विभाग सूचना व प्रसारण मन्त्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली, सितम्बर 2016, पृष्ठ-23
4. योजना प्रकाशन विभाग सूचना व प्रसारण मन्त्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली, अक्टूबर 2018, पृष्ठ-44
5. सईद एस.एम. भारतीय राजनीतिक व्यवस्था, भारत बुक सेन्टर लखनऊ-2006, पृष्ठ-464
6. कोठारी राजनी, भारतीय राजनीति वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली-2002, पृष्ठ-107
7. आर्थिक समीक्षा-2017-18 खण्ड-1 वित्त मन्त्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली, पृष्ठ-102
8. नेशनल कमीशन ऑन सेल्फ़ इम्प्लॉयड वेमन श्रमशक्ति रिपोर्ट नई दिल्ली-1988
9. कुरुक्षेत्र, ग्रामीण महिला सशक्तीकरण, अगस्त-2013, पृष्ठ-11
10. योजना प्रकाशन विभाग सूचना व प्रसारण मन्त्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली, अक्टूबर-2018, पृष्ठ-42।

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 4 (OCT TO DEC., 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999
Paper Recieved : 1st Oct 22 Paper Accepted : 10th Oct 22

# बड़वानी जिले के आदिवासी बाहुल्य विकासखंडों में उन्नत कृषि का अध्ययन वर्ष (2011 से 2021)

❒ डॉ. सुरेश अवासे*

**शोध सारांश**

सारांश रूप में कहा जा सकता है कि प्रदेश एवं जिले भर की लगभग 78इ जनसंख्या की जीविका कृषि पर आधारित है। जिसके आर्थिक एवं सामाजिक स्तर में वांछित सुधार केवल खेती के सुदृढ़ीकरण से ही संभव है। इन उन्नतीशील और प्रजातियों के उच्च गुणवत्तायुक्त बीजों का टिकाऊ कृषि उत्पादन में उच्च स्थान है। कृषको को मात्र नवीनतम प्रजातियों के प्रमाणित बीज ही उपलब्ध करा देने से उत्पादन में 35 से 55 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। प्रदेश में गेहूं धान एवं अन्य फसलों की प्रतिस्थापना दर क्रमशः से 30,25 एवं 5-8 प्रतिशत के लगभग है जबकि संकर बीजों के प्रयोग से 35 से 55 प्रतिशत तक अधिक उपज प्राप्त होती है। खाद्य सुरक्षा के नाम पर वैश्विक बाजार की ताकतों ने कृषि क्षेत्र को भी एक दुधारू गाय के रूप में ही देखा है। खाद, बीज, दवाईया बेचने वाले इन राक्षसी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की अन्तहीन लाभ लालसा ने खेती को एक ऐसे खतरनाक कार्य के रूप में परिणित कर दिया है, जो कि खेती करने वाले किसान, उसकी भूमि, जलस्त्रोत, आस-पास की वनस्पतियों, पर्यावरण तथा ऐसी खेती से उत्पन्न कृषि उत्पादों का उपभोग करने वाले उपभोक्ता परिवारों के लिये, पशु-पक्षी सभी के लिये गम्भीर रूप से हानिकारक तथा घातक सिद्ध हुई है। जैविक खेती कृषि तकनीकी न केवल पर्यावरण सुरक्षा एवं मानव स्वास्थ्य की दृष्टि से उत्तम है, बल्कि रासायन आधारित खेती की तुलना में, कम लागत से अधिक लाभ पहुचाने वाली एवं कृषि के लम्बे समय तक के टिकाऊपन के लिये भी उपयोगी है। जैविक खेती में प्रयोग होने वाले जैविक खाद किसान स्वयं बना सकते हैं। तथा जैविक कीटनाशकों के प्रयोग से पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है एवं रासायनिक कीटनाशियों की खपत को भी काफी हद तक कम किया जा सकता है।

* सहायक प्राध्यापक भूगोल, शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खरगोन (म.प्र)

## प्रस्तावना

किसी क्षेत्र की कृषि विशेषताएं उस क्षेत्र की तकनीक उन्नति अवस्था पर निर्भर करती है। जीवन निर्वाह कृषि व्यवस्था की तकनीकी अवस्था पिछले स्तर की है। आज भी मशीन, उवर्रक, उन्नतशील बीज का कम प्रयोग होता है। कृषि यंत्र प्राचीन है। छोटे स्तर पर कृषि की जाती है, जबकि व्यापारिक कृषि प्रदेशों की तकनीकी अत्यंत विकसित अवस्था में है। वहां अनेक प्रकार की कृषि मशीन, रासायनिक उवर्रक तथा उन्नत बीज आदि का वृहद रूप से प्रयोग किया जाता है। यदि हम भारत और मध्य प्रदेश के साथ ही बड़वानी जिले के आदिवासी विकासखंडों के संदर्भ में देखे तो ज्ञात होता है कि यहां अधिकतर कृषकों द्वारा परंपरागत कृषि की जा रही है, आधुनिक तकनीक का बहुत कम उपयोग किया जा रहा है, यद्यपि उन्नत कृषि करने जैसी हमारे जिले में भौगोलिक, सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियां भी नहीं है तथापि कुछ तकनीक का उपयोग किया जाने लगा है प्रदेश एवं जिले स्तर की परिस्थितियों के अनुकूल है। जिनमें उन्नत बीच, रासायनिक खाद और मोटर पंप मुख्य है।

उस बीज को उन्नत कोटि का माना जाता है जिसमें अनुवांशिक शुद्धता शत -प्रतिशत हो अन्य फसल एवं खरपतवार के बीजों से रहित हो, रोग व कीट के प्रभाव से मुक्त हो, जिसमें शक्ति और ओज हो तथा उसकी अंकुरण क्षमता उच्च कोटि की हो, जिसमें खेत में जमाव और अंततः उपज अच्छी हो।

मध्य प्रदेश का बड़वानी जिला आदिवासी बाहुल्य जिला कहलाता है, जहां जिले की कुल जनसंख्या में 47.37 प्रतिशत आदिवासी जनसंख्या पाई जाती है। जिले के तीन विकासखंडों में सबसे अधिक आदिवासी जनसंख्या पाई जाती है, जिसमें सर्वाधिक राजपुर विकासखंड में 87.19 प्रतिशत सेंधवा विकासखंड में 80.87 प्रतिशत तथा पानसेमल विकासखंड में 78.24 प्रतिशत आदिवासी जनसंख्या निवास करती है, जो कुल आदिवासी जनसंख्या का 65.58 प्रतिशत है। जिले की अर्थव्यवस्था का मूल आधार कृषि है। यहां 85 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है, जिसमें 96 प्रतिशत आदिवासी कृषि एवं कृषि मजदूरी में सलग्न है। जिले की 55.86 प्रतिशत कृषि भूमि पर सिंचाई होती है, शेष भाग वर्षा पर निर्भर है। यहां 134 नहरे,13905 नलकूप 108957 कुए तथा 109 तालाब है। कुओं, नलकूपों एवं नदियों से सिंचाई के लिए विद्युत पंप का उपयोग किया जाता है। विगत एक दशक से वर्षा की घटती मात्रा के कारण सिंचाई पंपों के उपयोग का प्रचलन बढ़ा है।

प्रायः देखा गया है कि कृषि भूमि उपयोग में केवल भौतिक तत्वों को ही विशेष महत्व दिया जाता है, जबकि कृषि भूमि उपयोग में अनेकानेक सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, तथा तकनीकी तत्वों की विशेष भूमिका होती है। आदिवासी विकासखंडों में विद्युत पंपों का सबसे अधिक 63.52 प्रतिशत उपयोग राजपुर तहसील में किया जा रहा है। उन्नत बीज के अंतर्गत सबसे अधिक बोया गया क्षेत्र राजपुर विकासखंड में 84.60 प्रतिशत है। रासायनिक उवर्रको के उपयोग की दृष्टि से प्रथम स्थान पर राजपुर विकासखंड है, जहां 97.95 प्रतिशत आदिवासी रासायनिक खाद का उपयोग कर रहे हैं।

## शोध की परिकल्पना

अध्ययन क्षेत्र में आदिवासियों की आर्थिक स्थिति में ज्यादा कुछ सुधार दिखाई नहीं देता है क्योंकि यहां से अधिकांश आदिवासी काम की तलाश में गुजरात और महाराष्ट्र राज्य की ओर पलायन करते हैं, इसीलिए यह जानने का प्रयास किया गया है कि यहां आदिवासी कितने क्षेत्र में कृषि करते हैं तथा उत्पादन बढ़ाने के लिए इनकी ओर से क्या प्रयास किए गए हैं। अतः यह शोध उन कारणों का पता लगाकर समाधान खोजने में सहायक सिद्ध होगा।

दूसरा पहलू यह भी है कि प्रदेश के कृषि में बीज की गुणवत्ता एवं तकनीकी का विशिष्ट महत्व है क्योंकि हमारे यहां फसलों की आवश्यकता अनुसार सर्वोत्तम जलवायु होते हुए भी लगभग सभी फसलों का औसत उत्पादन बहुत ही कम है। जिसका प्रमुख कारण प्रदेश के कृषको द्वारा कम गुणवत्ता वाले बीजों का लगातार प्रयोग एवं परंपरागत कृषि यंत्र है। जिससे फसलों में दी जाने वाली अन्य लागतो का भी हमें पूर्ण लाभ नहीं मिल पाता है। फसलों में लगने वाले अन्य लागत का अधिकतम लाभ अच्छी गुणवत्ता के प्रमाणित बीज के प्रयोग से ही लगभग 55 प्रतिशत उत्पादकता और उत्पादन में वृद्धि की जा सकती है।

## शोध के उद्देश्य

1. अध्ययन क्षेत्र में उन्नत बीज के अंतर्गत बोए गए क्षेत्र तथा रासायनिक उवर्रको के उपयोग की मात्रा का अध्ययन करना।
2. कृषि यंत्र के रूप आदिवासियों द्वारा उपयोग में किए जा रहे विद्युत पंपों का अध्ययन करना।
3. उत्पादन बढ़ाने हेतु आवश्यक उपाय खोजना।

## अध्ययन की विधि

शोध अध्ययन हेतु निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए कुछ तकनीकी का भी उपयोग किया गया है, जिसमें द्वितीयक आंकड़े, और मानचित्र मुख्य है।

## अध्ययन क्षेत्र

शोध अध्ययन हेतु मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले का चयन किया गया है। बड़वानी जिले की स्थापना 25 मई 1998 को हुई। पूर्व में यह जिला खरगोन (पश्चिम निमाड़) जिले का एक भाग था। बड़वानी जिला मध्य प्रदेश के दक्षिण पश्चिम में स्थित है, नर्मदा नदी इसकी उत्तरी सीमा बनाती है। जिले के दक्षिण में सतपुड़ा एवं उत्तर में विंध्यांचल पर्वत श्रेणीया है। बड़वानी का एक ऐतिहासिक प्रतीक है जो तीरगोला के नाम से जाना जाता है। यह खंडवा-बड़ौदा मार्ग पर सागर विलास पैलेस के सामने स्थित है, और राजा रणजीत सिंह के दिवंगत बेटे की याद में बनाया गया था। आजादी से पहले बड़वानी शहर 'निमाड़ के पेरिस' के रूप में जाना जाता था।

जिला बड़वानी 21 अंश 37 मिनिट-22 अंश 22 मिनिट (उत्तर ) अक्षांश से 74 अंश 27 मिनिट-75 अंश 30 मिनिट (पूर्व) देशांतर के बीच फैला है। इस जिले के दक्षिण में महाराष्ट्र राज्य, पश्चिम में गुजरात राज्य, पूर्व में जिला खरगोन तथा उत्तर में जिला धार है। जिला पश्चिम में उच्चतम बिंदु के साथ आकार में त्रिकोणीय है। शहर बड़वानी नर्मदा नदी के दक्षिण में स्थित है। नर्मदा घाटी के लगभग मध्य में स्थित इस जिले के उत्तर में विंध्यांचल एवं दक्षिण में सतपुड़ा पर्वत स्थित है। बड़वानी जिले में सतपुड़ा पर्वत की शिखर धाम पर भिलट देव का मंदिर है। यहा नाग पंचमी को हर वर्ष बहुत बड़ा मेला लगता है। प्रत्येक वर्ष यहां लोगों की बहुत भीड़ रहती है।




अध्ययन क्षेत्र बड़वानी जिला

तालिका क्रमांक -01

आदिवासी विकासखंड

कृषि संबंधित सिंचाई उपकरण- विद्युत पंपों का उपयोग वर्ष 2011 से 2021

| क्रमांक | विकासखंड | वर्ष 2011 | वर्ष 2011 | प्रतिशत वृद्धि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | राजपुर | 3235 | 5290 | 63.52 |
| 02 | सेंधवा | 3295 | 4873 | 47.89 |
| 03 | पानसेमल | 3015 | 4667 | 54.99 |
| **कुल योग** | ---------- | **9545** | **14830** | **55.36** |

**स्रोत-** जिला सांख्यिकी पुस्तिका वर्ष 2011-2021 खरगोन मध्य प्रदेश

उपरोक्त तालिका में आदिवासी विकासखंडों में सिंचाई हेतु उपयोग किए जा रहे हैं विद्युत पंपों को प्रदर्शित किया गया है। वर्ष 2011 में पानसेमल विकासखंड में जहां 3235 विद्युत पंपों का उपयोग किया जा रहा था, वही वर्ष 2021 में 5290 विद्युत पंपों का उपयोग किया जाने लगा है। एक दशक में यहां 63.52 प्रतिशत विद्युत पंपो की वृद्धि हुई है। औसत रूप से देखे तो 55.36 प्रतिशत विद्युत पंपों की वृद्धि हुई है। इस प्रतिशत वृद्धि के संभावित कारणों में पानसेमल विकासखंड के गांव तक बिजली पहुचाना शासन की ओर से 3 हॉर्स पावर तक के विद्युत पंपों को निःशुल्क बिजली प्रदान करना, बढ़ती जनसंख्या की उदरपूर्ती हेतु उत्पादन को बढ़ाना आदि प्रमुख रहे हैं।

जबकि सेंधवा मैं 47.89 प्रतिशत तथा पानसेमल विकासखंड में 54.99 प्रतिशत वृद्धि हुई। इन दोनों विकासखंडों में कम वृद्धि के प्रमुख कारणों में यहां राजपुर तहसील की अपेक्षा पहले बिजली पहुंच चुकी थी, इसीलिए इस अवधि में विद्युत पंपों के उपयोग में ज्यादा वृद्धि नहीं हुई, दूसरा यहां 3 एकड़ से कम भूमि वाले किसानों की संख्या कम है, राजपुर विकासखंड के कई गांव आज भी बिजली से वंचित है। अतः यहां शासन को बिजली पहुंचाने के प्रयास तेज करने होंगे तथा 5 एकड़ भूमि तक के कृषकों के लिए निशुल्क बिजली मुहैया करवाना चाहिए, जिससे आदिवासी अपना उत्पादन बढ़ा सके तथा उनका पलायन रुक सके।

**तालिका क्रमांक -02**
**उन्नत कृषि के अंतर्गत क्षेत्र तथा मात्रा**
**उन्नत बीज का उपयोग वर्ष 2011 से 2021**

| क्रमांक | विकासखंड | 2011 | | 2021 | | हेक्टे. प्रतिशत वृद्धि | उवर्रक प्रतिशत वृद्धि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | क्षेत्र हेक्ट. | मात्रा क्वि. | क्षेत्र हेक्ट. | मात्रा क्वि. | | |
| 01 | राजपुर | **32542** | **5006** | **53065** | **6264** | **84.60** | **97.95** |
| 02 | सेंधवा | **24427** | **4090** | **67419** | **6939** | **59.70** | **84.60** |
| 03 | पानसेमल | **6045** | **2436** | **48015** | **8344** | **44.34** | **63.70** |
| कुल योग | | **63014** | **11532** | **168499** | **21547** | **58.67** | **76.77** |

**स्त्रोत-** जिला सांख्यिकी पुस्तिका वर्ष 2021 खरगोन मध्य प्रदेश

उपरोक्त तालिका में कुल हेक्टेयर में की जाने वाली उन्नत कृषि एवं उवर्रक उपयोग को दर्शाया गया है। सबसे अधिक उन्नत कृषि में वृद्धि राजपुर विकासखंड में 97.95 प्रतिशत हुई है, तथा सबसे अधिक उर्वरक का उपयोग भी यहीं पर किया जा रहा है। जिसके संभावित कारणों में यहां अन्य विकासखंडों की अपेक्षा साक्षरता का प्रतिशत अधिक (69.9 प्रतिशत) है, कपास एवं साग- सब्जी की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है, इस क्षेत्र के ग्राम नागलवाड़ी एवं राजपुर क्षेत्र के आसपास की सब्जियां मुंबई एवं इंदौर मंडी पहुंचाई जाती है। जिससे किसान अच्छा मुनाफा कमा रहा है।

जबकि सबसे कम उन्नत कृषि पानसेमल विकासखंड में की जा रही है। पिछले एक दशक में यहां केवल वृद्धि 44.34 प्रतिशत हुई। जिसके प्रमुख कारणों में शिक्षा एवं साक्षरता में कमी, इस वजह से नकली बीज और खाद उपयोग करने की संभावना अधिक हुई और

कहीं-कहीं आदिवासी नकली बीच के शिकार भी हुए। भूमि काफी असमतल है, जिससे सिंचाई करने में असुविधा होती है, इसके अलावा लाल- पीली मिट्टी है, जिसमें कपास एवं गन्ने की खेती नहीं की जा सकती। गोई सिंचाई परियोजना के निचले हिस्से में गैर आदिवासियों की भूमि अधिक है, अतः सबसे अधिक लाभ यहां गैर आदिवासी ही उठा रहे हैं।

**तालिका क्रमांक - 03**

**आदिवासी विकासखंड**

**उन्नत कृषि के अंतर्गत क्षेत्र तथा मात्रा रासायनिक उर्वरक का उपयोग वर्ष 2011 से 2021**

| क्रमांक | विकासखंड | 2011 | | 2021 | | हेक्टे. प्रतिशत वृद्धि | उर्वरक प्रतिशत वृद्धि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | क्षेत्र हेक्ट. | मात्रा क्वि. | क्षेत्र हेक्ट. | मात्रा क्वि. | | |
| 01 | राजपुर | 35400 | 2950 | 46417 | 19629 | 47.43 | 97.95 |
| 02 | सेंधवा | 37390 | 6170 | 38018 | 16077 | 1.65 | 61.62 |
| 03 | पानसेमल | 24730 | 1567 | 33044 | 13974 | 25.16 | 88.78 |
| कुल योग | | 86520 | 9827 | 117479 | 49680 | 26.35 | 80.21 |

**स्त्रोत-** जिला सांख्यिकी पुस्तिका वर्ष 2021 खरगोन मध्य प्रदेश

उपरोक्त तालिका में अध्ययन क्षेत्र में उपयोग किए जाने वाले रासायनिक उर्वरक और बोये गए क्षेत्र को दर्शाया गया है। वर्ष 2011 में जहा उन्नत कृषि राजपुर में 35400 हेक्टेयर में की जा रही थी तथा 2950 किवटल रासायनिक खाद का उपयोग किया जा रहा था वही एक दशक में यहा उन्नत कृषि के क्षेत्र में 84.60 प्रतिशत तथा रासायनिक उर्वरक के उपयोग में अत्यधिक 97.95 प्रतिशत वृद्धि देखी गई। वृद्धि के प्रमुख संभावित कारणों में, कृषि भूमि के विभाजन के फलस्वरूप खेतों का आकार निरंतर छोटा होता जा रहा है, जहां 10 एकड़ जमीन में पांच भाइयों का गुजर बसर होता था, वहां 2 एकड़ जमीन में एक परिवार का पालन पोषण करना पड़ रहा है, इसीलिए भूमि की उत्पादन क्षमता बढ़ाने हेतु रासायनिक खाद एवं सिंचाई हेतु विद्युत पंप के उपयोग का प्रचलन बढ़ा है। इसके अतिरिक्त रासायनिक उर्वरक के निरंतर प्रयोग से उत्पादन शक्ति नष्ट हो रही है,परंतु बिना रासायनिक खाद के उपयोग के वांछित उत्पादन होता भी नहीं है। यद्यपि इसके दुष्परिणाम भी दिखाई देने लगे हैं, परंतु किसानों को मजबूरी में रसायनिक खाद और कीटनाशकों का उपयोग करना पड़ता है।

**सुझाव-**

1. उन्नत कृषि आर्थिक समुद्री का महत्वपूर्ण आधार है, इससे उत्पादन में वृद्धि हुई है, परंतु खाद्यान्न पदार्थों में पौष्टिकता नहीं रही,फल सब्जियां खाद्यान्न बेस्वाद लगते हैं। अतः जैविक कृषि को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

2. परंपरागत फसलों के स्थान पर कृषि वानिकी के लिए प्रेरित किया जाए। जिससे आदिवासियों को उचित दाम भी मिलेंगे तथा पर्यावरण संरक्षण और मिट्टी अपरदन को रोकने में भी सहायक होंगी।

3. अध्ययन क्षेत्र के ऐसे ग्राम जहां सड़कों का अभाव होने से ग्रामों में बिजली आज तक  नहीं पहुंच पाई, वहां पवन चक्की और सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

4. देसी तरीके से बीजोपचार किए जाने की आवश्यकता है।

5. कम सिंचाई की फसलों के बीज पैदा करने की आवश्यकता है। साथ ही कम सिंचाई की फसलों तथा रोग निरोधक फसलों के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।

6. उन्नत कृषि के लिए आसान तरीके से ऋण उपलब्ध कराया जाए। क्योंकि ऋण प्राप्ति की प्रक्रिया बहुत जटिल है तथा बैंक के उद्यमी को लोन देने से इंकार कर देता है।

7. अध्ययन क्षेत्र में एक भी पाली हाउस नहीं है। अतः पाली हाउस में सब्जियों के उत्पादन के लिए प्रेरित किया जाए। पाली हाउस में उत्पादित फसल अच्छी गुणवत्ता वाली होती है।

8. स्व सहायता समूह के माध्यम से भी उन्नत कृषि को बढ़ावा दिया जा सकता है।

## निष्कर्ष

सारांश स्प में कहा जा सकता है कि प्रदेश एवं जिले भर की लगभग 78इ जनसंख्या की जीविका कृषि पर आधारित है। जिसके आर्थिक एवं सामाजिक स्तर में वांछित सुधार केवल खेती के सुदृढ़ीकरण से ही संभव है। इन उन्नतीशील और प्रजातियों के उच्च गुणवत्तायुक्त बीजों का टिकाऊ कृषि उत्पादन में उच्च स्थान है। कृषको को मात्र नवीनतम प्रजातियों के प्रमाणित बीज ही उपलब्ध करा देने से उत्पादन में 30 से 35 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। प्रदेश में गेहूं धान एवं अन्य फसलों की प्रतिस्थापना दर क्रमशः से 30,25 एवं 5-8 प्रतिशत के लगभग है जबकि संकर बीजों के प्रयोग से 30 से 35 प्रतिशत तक अधिक उपज प्राप्त होती है।

## संदर्भ ग्रंथ सूची


1. गौतम शिवानंद- भारत का भूगोल, 'हरित क्रांति के प्रभाव' रामप्रसाद एंड संस, पृष्ठ क्रमांक 229।
2. खत्री हरीश कुमार- 'कृषि भूगोल,' कृषि भूमि उपयोग के सामाजिक आर्थिक राजनीतिक व तकनीकी के निर्धारक तत्व' कैलाश पुस्तक सदन, भोपाल, पृष्ठ क्रमांक 62।
3. धर्मेंद्र सिंह चौहान- 'कृषि आधुनिकीकरण का पर्यावरण पर प्रभाव' (इंदौर जिले की सांवेर तहसील के संदर्भ में) शोध पत्रिका नवीन शोध संसार नीमच, पृष्ठ क्रमांक 155।
4. जिला सांख्यिकी पुस्तिका 2011 एवं 2021 बड़वानी मध्य प्रदेश।
5. 5. जिले की वेबसाइट www.mpgov.in
6. http://nifa.usda.gov.

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 4 (OCT TO DEC., 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed
International Multifocal
Research Journal
IMPACT-FACTOR
SJIF - 5.999
Paper Recieved : 10th Dec 22 Paper Accepted : 25th Dec 22

# महाराष्ट्र की कला एवं संस्कृति के प्रचार-प्रसार में परंपरागत संचार माध्यमों का योगदान

❑ सोनाली भगवान धाबर्डे*
❑ डॉ. रेणु सिंह**

**शोध सारांश**

परंपरागत संचार माध्यमों को किसी भी राष्ट्र या राज्य की कला एवं संस्कृति की प्रमुख वाहिका माना जाता है। वर्तमान में महाराष्ट्र साँस्कृतिक रूप से सबसे समृद्ध राज्य के रूप में जाना जाता है। इसलिए प्रस्तुत शोध कार्य का प्रमुख उद्देश्य महाराष्ट्र की कला एवं संस्कृति के प्रचार–प्रसार में राज्य की परंपरागत संचार माध्यमों के योगदान का पता लगाना था। प्रस्तुत शोध कार्य ऐतिहासिक शोध सर्वेक्षण विधि पर आधारित है। प्रतिदर्श के रूप में शोधार्थी द्वारा राज्य के प्रमुख लोकनाट्य कला, वाद्य संगीत, लोकनृत्य एवं लोकसंगीतों का चयन उद्देश्यपूर्ण सरल यादृच्छिक विधि से किया गया। आंकड़ों के एकत्रीकरण के लिए शोधार्थी द्वारा नए–पुराने शोधों एवं पुस्तकों का गहन अवलोकन किया गया। तत्पश्चात इस निष्कर्ष पर पहुंचा गया कि महाराष्ट्र की कला एवं संस्कृति के प्रचार–प्रसार में राज्य की स्थानीय परंपरागत संचार माध्यमों का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। यही कारण है कि देश की सबसे आधुनिक एवं आर्थिक नगरी को अपनी बाहों में समेटे हुए भी महाराष्ट्र की कला एवं संस्कृति देश के अन्य राज्यों से बहुत अधिक समृद्ध नजर आती है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि इसकी स्थानीय परंपरागत संचार माध्यमों नें इसकी कला एवं संस्कृति को अब तक अछुन्य बनाए रखा है।

**मुख्य शब्दावली**–महाराष्ट्र की कला एवं संस्कृति, परंपरागत संचार माध्यम एवं प्रचार–प्रसार।

* शोधार्थी, पी–एच.डी. (जनसंचार)
** असिस्टेंट प्रोफेसर, जनसंचार विभाग

**प्रस्तावना**

भारतीय संस्कृति दुनिया की सबसे प्राचीनतम एवं समृद्ध संस्कृति के रूप में जानी जाती है। जिसके कई साक्ष्य आज भी मौजूद हैं। और जिसको देश के विभिन्न हिस्सों में देखा जा सकता है। हर हिस्से की अपनी–अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम हैं जो उन्हें स्थानीयता का बोध कराती हैं। भारत देश राज्यों का राष्ट्र है, जहाँ हर राज्य की अपनी कला एवं संस्कृति है जो उसे अन्य राज्यों से अलग करती हैं। भारतीय भाषायी विविधता के बारे में कहावत भी है कि 'कोस–कोस पर बदले पानी और चार कोस पर वाणी' ।बावजूद इसके भी भारतीय कला एवं संस्कृति एक ही धागे में पिरोई हुई नजर आती है। कश्मीर से कन्या कुमारी तक फैले भारतीय जमीं पर एक समान सांस्कृतिक समाज नजर आता है जो 'अहिंसा परमो धर्मः' आधारित समाज में रहना पसंद करता है। इसकी कला में सत्यम, शिवम, सुंदरम की धारणा है। इसकी कला एवं संस्कृति की सबसे बड़ी वाहक इसके अपने लोक नाट्य, वाद्य संगीत, लोकनृत्य एवं लोक संगीत रहे हैं जो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में स्थानांतरित होते रहे।यह देश के किसी एक राज्य में नहीं अपितु देश के सभी राज्यों में देखि जा सकती है।

यह विशेषता महाराष्ट्र की कला एवं संस्कृति के प्रचार–प्रसार में भी आसानी से देखि जा सकती है। जिसकी वजह से ही महाराष्ट्र को सांस्कृतिक राजधानी होने का दर्जा प्राप्त हुआ। आज महाराष्ट्र का सांस्कृतिक जीवन प्राचीन भारतीय संस्कृति, सभ्यता और ऐतिहासिक घटनाओं के प्रभावों का मिश्रण माना जाता है। जिसमें इसकी परंपरागत संचार माध्यमों की विशेषता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। जो आधुनिक रूप से पश्चिमी सभ्यता एवं संस्कृति की झलक रखने के बावजूद भी राज्य की कला एवं संस्कृति के प्रचार–प्रसार में थोड़ी सी भी पीछे नजर नहीं आती।

**साहित्य पुनरावलोकन**

- देशमुख, प्रा. भूषण एवं निखिल दाते अपनी पुस्तक "महाराष्ट्राची कलाआणि संस्कृती" में लिखते हैं कि मराठी नाट्यकला का आरंभ 1843 में हुआ। इस काल में मूल नाटकों के बराबर ही या कुछ भाषाओं के नाटक भी मराठी में आये। लेकिन इसमें प्रभावी संवाद, सामाजिक संदेश, स्वभाव लेखन ऐसे नाटकों से संबंधित आवश्यक घटनाओं का अभाव था और अधिक अनावश्यक टिप्पणियां थी। 1880 से लेकर 1920 के बाद की अवधि को गद्य और संगीत नाटकों का स्वर्ण युग माना जाता है। इस अवधि के दौरान, अन्नासाहेब किर्लोस्कर के 'संगीत शकुंतल' नाटक को मंच पर लाकर एक नए युग की शुरुआत की गयी। इसलिए अन्नासाहेब किर्लोस्कर को आधुनिक मराठी थिएटर का जनक माना जाता है। "संगीत शकुंतल" के बाद उन्होंने दो संगीत नाटक 'सौभद्रा' और 'रामराज्य वाययोग' लिखा और उनका मंचन भी किया। 'संगीत शकुंतल' और 'सौभद्र' को अपार लोकप्रियता मिली। 'संगीत शकुंतल' और 'सौभद्र' की लोकप्रियता अभी भी बनी हुई है। किर्लोस्कर के बाद गोविंद बल्लाल देवल सबसे महान नाटककार हुए। उन्होंने 'विक्रमोर्वशिया', 'मृच्छ–कटिका', 'शपसंभ्रम' एवं 'झुंजाराव' आदि का निर्माण किया।

- नामदेव व्हटकर अपनी पुस्तक "मराठीचे लोकनाट्य तमाशा कला आणि साहित्य" में लिखते हैं कि जिस कला रूप को हम हाल ही में लोक रंगमंच कहने लगे हैं, उसे तमाशा नाम दिया गया। गांवों में आज भी लोक रंगमंच को तमाशा कहा जाता है। समाज के अंतिम तबके के अछूत कलाकारों द्वारा, शायद गांवों के, अधूत कलाकारों

द्वारा जो खेल दिखाते थे उसको एक सौ पंद्रह साल पहले 'तमाशा' के नाम से भी नहीं जाना जाता था। उस समय कोई भी खेल जिसे देखने के लिए लोग इकटठा होते थे उसे तमाशा कहते थे। लेकिन बाद में लोगों ने खेल को तमाशा कहना शुरू कर दिया, जिसमें ड्रम, संगीत वाद्ययंत्र और लावण्य शामिल थे। नाटक के बारे में सोचते समय, उसके दो भागों, नाटक – कला और नाटक साहित्य के बारे में सोचना पड़ता है। तमाशा उस काल में बदनाम होने वाला एक कला थी। कुछ लोग तमाशा को कला या तमाशा करने वाले को कलाकार कहने को तैयार नहीं थे। संतो ने उपदेश दिया कि तमाशा पाप का धाम है। समाज के सुसंस्कृत वर्ग को अपने बच्चों को तमाशा देखने से बचाना चाहिए।

- नीना कुमारी अपनी पुस्तक "मध्यकालीन भारतीय समाज एवं संस्कृति (1600–1700 यूरोपियन दृष्टिकोण)" में लिखती हैं कि जब प्राचीन भारत में अनेक विदेशी जातियों का आक्रमण हुआ तब वह स्थायी रूप से भारत में बस गए। बस जाने के बाद कुछ समय बितने पर उनकी सभ्यता भारतीय संस्कृति में बदल गयी। मुगल काल में आने वाले यूरोपिय यात्रियों नें भारतीयों के सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन के बारे में अपनी दृष्टिकोण से बहुत कुछ लिखा है। जैसेय कि भारत के रीति–रिवाज, मनोरंजन के साधन, खान–पान, रहन–सहन एवं मान्यताएं इत्यादि। यूरोपियन यात्रियों की दृष्टि से भारतीयों की वेशभूषा एवं अलंकरण सज्जा को जिस रूप में देखा उनका वैसा ही वर्णन अपने वृतांतों में कर डाला। यूरोपियन यात्रियों नें भारत के मुगल एवं मराठा राजाओं के वेशभूषा, अलंकरण, खान–पान, रहन–सहन, मनोरंजन के साधन एवं शिक्षा से संबंधित जानकारी दी है।

- भगवान सिंह अपनी पुस्तक "भारतीय परम्परा की खोज" में लिखते हैं कि भारतीय पम्परा दुनिया कि कई परम्पराओं से परिपक्व है। यह उन असंख्य जनों, भाषा–भाषियों की अपनी मान्यताओं, विचारों, भाषाई घटकों, अनुभवों कल्पनाओं, विश्वासों और अंधविश्वासों का घोल है। जो शायद ही दुनिया के किसी कोने में मौजूद है।

**शोध के उद्देश्य**

प्रस्तुत शोध अध्ययन के निम्नलिखित उद्देश्य हैं–

1. महाराष्ट्र की कला एवं संस्कृति के प्रचार–प्रसार में परंपरागत लोकनाट्य कला माध्यमों का पता लगाना।
2. महाराष्ट्र की कला एवं संस्कृति के प्रचार–प्रसार में स्थानीय परंपरागत वाद्य संगीत माध्यमों का पता लगाना।
3. महाराष्ट्र की कला एवं संस्कृति के प्रचार–प्रसार में लोकनृत्य एवं लोकसंगीत माध्यमों का पता लगाना।

**शोध का महत्त्व**

प्रस्तुत शोध का महत्व इसलिए बढ़ जाता है कि महाराष्ट्र की कला एवं संस्कृति के प्रचार–प्रसार मेंपरंपरागत संचार माध्यमों पर हिंदी भाषा में न के बराबर शोध कार्य हुए हैं।जिससे यह अन्य भारतीय भाषायी लोगों को यह पता ही नहीं कि आधुनिक एवं आर्थिक नगरी को अपनी बाहों में समेटे हुए महाराष्ट्र की कला एवं संस्कृति देश के अन्य राज्यों से अधिक समृद्ध कैसे हुई? इसके लिए किन परंपरागत संचार माध्यमों का सबसे अधिक योगदान रहा? क्या महाराष्ट्र की कला एवं संस्कृति के प्रचार–प्रसार में परंपरागत लोकनाट्य कला माध्यमों का योगदान रहा? या स्थानीय परंपरागत वाद्य संगीत माध्यमों का योगदान रहा? या फिर

लोकनृत्य एवं लोक संगीत माध्यमों का सबसे अधिक योगदान रहा है? क्योंकि कला एवं संस्कृति किसी भी राष्ट्र या राज्य की पहचान होती है जिसको हर कोई संजोकर रखने का प्रयास करता है। और यह तभी संभव है जब स्पष्ट हो जाये कि अपनी कला एवं संस्कृति को किन माध्यमों की सहायता से संजोकर रखा जा सकता है।

**शोध परिकल्पना**

1. महाराष्ट्र की कला एवं संस्कृति के प्रचार–प्रसार में परंपरागत लोकनाट्य कला माध्यमों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।
2. महाराष्ट्र की कला एवं संस्कृति के प्रचार–प्रसार में स्थानीय परंपरागत वाद्य संगीत माध्यमों का योगदान नजर आता है।
3. महाराष्ट्र की कला एवं संस्कृति के प्रचार–प्रसार में लोकनृत्य एवं लोकसंगीत माध्यमों का सबसे अधिक योगदान रहा है।

**शोध प्रविधि**

प्रस्तुत शोध ऐतिहासिक अनुसंधान में गुणात्मक शोधप्रविधि का प्रयोग किया गया है। प्रतिदर्श के रूप में शोधार्थी द्वारा राज्य के प्रमुख लोकनाट्य कला, वाद्य संगीत, लोकनृत्य एवं लोकसंगीतों का चयन उद्देश्यपूर्ण सरल यादृच्छिक विधि से किया गया। आंकड़ों के एकत्रीकरण के लिए शोधार्थी द्वारा द्वितीयक स्रोत के रूप में नए–पुराने शोधों एवं पुस्तकों का गहन अध्ययन कर अवलोकन किया गया।

**मराठी लोकनाट्य**

मराठी लोकनाट्य का आरंभ 1843 में हुआ था। इस अवधि के दौरान मूल नाटकों के साथ कुछ अनुवादित नाटक मराठी में प्रकाशित हुए। 1851 में परशुरामतात्या गोडबोले ने 'उत्तर रामचरित' का अनुवाद किया। फिर 1861 में विनायक जनार्दन कीर्तन ने 'थोरले माधवराव पेशवे' नाटक लिखा। यह मराठी का पहला नाटक था जिसमें लिखित लिपि थी। बाद में 1874 में महादेव शास्त्री कोल्हटकर ने शेक्सपियर के नाटक 'ऑथेल्लों' का मराठी में अनुवाद किया और यह परंपरा भविष्य में भी जारी रही। सामाजिक मुद्दों पर कुछ नाटक जैसे 'स्वैरसकेशा' भी इसी काल में लिखे गए। लेकिन यह प्रभावी संवाद, सामाजिक संदेश, चरित्र लेखन जैसे नाटक के अनावश्यक टिप्पणियों से भरा था। इसलिए ऐसे नाटक लंबे समय तक नहीं चलसके। मराठी लोकनाट्य कला निम्नलिखित पाँच प्रकार के होते हैं– संगीत रंगभूमि, गद्य रंगभूमि, प्रायोगिक रंगभूमि, दलित रंगभूमि और बाल रंगभूमि।

● **संगीत रंगभूमि–** 1880 से 1920 के बाद की अवधि को गद्य और संगीत नाटकों का स्वर्ण युग माना जाता है। इस अवधि के दौरान अन्नासाहेब किर्लोस्कर ने 'संगीत शकुंतल' के बाद दो संगीत नाटक 'सौभद्र' और 'रामराज्य वियोग' लिखा और उनका मंचन किया। 'शकुंतल' और 'सौभद्र'को अपार लोकप्रियता मिली। 'सौभद्र' की लोकप्रियता महाराष्ट्र में आज भी बरकरार है। किर्लोस्कर के बाद गोविंद बल्लाल देवल संगीत रंगभूमि के सबसे महान नाटककार थे। उन्होंने 'विक्रमौर्वशीय', 'मृच्छकटिक', 'शापसंभ्रम', 'झूंजारराव' आदि नाटक लिखे। इनमें विक्रमौर्वशीय, मृच्छकटिक नाटकों का अनुवाद किया गया, जबकि झुंजारराव नाटक ऑथेल्लों के आधार पर लिखा गया। लेकिन उनके द्वारा लिखित नाटक 'संगीत शारदा' ने देवल को प्रसिद्धि दिलाई। इस नाटक के माध्यम से उन्होंने समाज की अत्यंत आत्मीयता का प्रश्न उठाया। उनका नाटक 'संगीत संशयकल्लोंल' भी लोकप्रिय हुआ। लगभग 100 साल पहले लिखे गए 'सौभद्र', 'संशयकल्लोंल' जैसे कई संगीत नाटक हाल के

दिनों में एक नए रूप में प्रदर्शित किए गए, जो फिर से लोकप्रियता हासिल कर रहे हैं। इससे पता चलता है कि इन नाटकों का जादू आज भी बरकरार है।

● **गद्य रंगभूमि–** जब संगीतमय रंगमंच तेजी से विकसित हो रहा था, गद्य रंगमंच का काम भी उतनी ही तेजी से चल रहा था। 1880 में शंकरराव पाटणकर और गोविंद बल्लाल देवल ने 'आर्योद्धारक' नामक एक थिएटर की स्थापना की, लेकिन यह लंबे समय तक नहीं चला। इसी प्रेरणा से गद्य नाटक मंडली 'शाहू नगरवासी' की स्थापना हुई। इस मंडली ने शेक्सपियर के अनुवादित नाटकों 'हेम्लेट', 'मनाजीराव', 'झूंजारराव', 'त्राटिका' के साथ–साथ 'तुकाराम', 'नामदेव' और 'राणा भीमदेव' जैसे संतों के नटकों को थिएटर में जगह दिलाई। गणपतराव जोशी ने 'हॅम्लेट' नाटक में हॅम्लेट के रूप में अपनी भूमिका के लिए अमर प्रसिद्धि प्राप्त की। गद्य रंगमंच पर एक और ऐसा ही असामान्य नट है बालाभाऊ जोग। लगातार 30 वर्षों तक दोनों ने गद्य रंगमंच पर अपना दबदबा बनाया। इस अवधि के दौरान कुछ अच्छे थिएटर संस्थान सामने आए। उन्होंने मंच पर गुणवत्तापूर्ण नाटक किये। महाराष्ट्र नाटक मंडली उनमें से एक है। इस ड्रामा सोसाइटी की स्थापना 1904 में हुई थी। 1960 से 1995 की अवधि को मराठी रंगमंच का दूसरा स्वर्ण युग कहा जाना चाहिए। इस अवधि को प्रयोग का आशीर्वाद मिला और इस प्रकार मराठी रंगमंच बहुआयामी और लोकप्रिय हो गया। इस अवधि के दौरान मराठी रंगमंच को कई अनुभवी नाटककार और कलाकार मिले जिन्होंने नए युग की चुनौती का सामना किया।

● **प्रायोगिक रंगमंच–** प्रोयोगिक रंगमंच का प्रभाव 1960 के बाद दिखना प्रारम्भ हुआ। इसकी शुरुआत 1933 में 'आंधल्याची शाला' नाटक से हुई। मध्यकाल में इस परंपरा को तोड़ा गया। हालाँकि नाटक के माध्यम से केवल एक काल्पनिक कहानी कहने के बजाय यह विचार कि समाज में देखि जाने वाली समस्याओं को नाटक के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जा सकता है। इससे रंगमंच के पारंपरिक ढांचे में थोड़ा बदलाव आया। प्रयोग की व्यवस्था, प्रस्तुतीकरण, तकनीक पर पुनर्विचार शुरू हुआ। प्रायोगिक रंगमंच एक बार फिर प्रवाहित हुआ। मंच पर विजय तेंडुलकर के 'श्रीमंत', 'माणूस नावाचे बेट' जैसे नाटक दिखाई देने लगे और नए प्रयोग और नए चलन की मांग होने लगी। तेंडुलकर की तरह महेश एलकुंचवार ने भी एक अलग शैली के नाटक लिखे। 'गार्बो', 'रुद्रवर्षा', 'वासनकांड', 'पार्टी', 'वाडा चिरेबंदी', 'प्रतिबिंब', 'आत्मकथा', 'क्षितिजापर्यंतसमुद्र', 'वासांसी जीर्णानि', 'सोनाटा', 'मग्न तल्याकाठी', 'युगान्त' उनके कुछ विशिष्ट नाटक हैं। नई शैली 'त्रिनाट्य धारा' (तीन नाटक संयुक्त) को पहली बार एलकुंचवार के नाटकों 'वाडा चिरेबंदी', 'मग्न तल्याकाठी' और 'युगान्त' के माध्यम से मराठी थिएटर में पेश किया गया था। सतीश आलेकर प्रयोगात्मक–समानांतर रंगमंच में एक और मानत्वपूर्ण नाम है। उन्होंने 'मिकी और मेमसाहेब', 'महानिर्वाण', 'महापूर', 'बेगम बर्वे', 'शनिवार–रविवार', 'दूसरा सामना' और 'अतिरेकी' जैसे सात नाटक और कुछ एक अभिनय नाटक लिखे।

● **दलित रंगमंच–** मराठी रंगमंच में दलित रंगमंच का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। 1980 के दशक से दलित नाटक बड़ी संख्या में मंच पर आए हैं। हालाँकि इसकी शुरुआत 1956 में म. भि. चिटणीस के 'युगयात्रा' नामक नाट्य लेखन से हुई थी। इस नाटक ने कई लोगों को प्रेरित किया और उसमें से ही वि. तु. जाधव के 'राजा सुदास', नामदेव व्हटकर के 'वाट चूकली', मा. का. कारंडे के 'नवी वाट' जैसे नाटक लोगों के सामने आयी। बाद में इसमें 'बुद्ध शरणं गच्छामि', 'सम्राट अशोक' नाटक जोड़े गए। लेकिन उससे पहले दलित रंगमंच पर 'आंबेड़करी जलसे' और 'सत्यशोधक जलसे' के माध्यम से ही दलित जागरूकता व्यक्त की जाती थी। साथ ही वंचित समाज के दर्द को

दलित कविताओं, कहानियों, नाटकों, आत्मकथाओं के माध्यम से व्यक्त किया गया। नाटक रंगमंच वास्तविक विद्रोह के दर्द के प्रभावी आविष्कार के करीब एक माध्यम रहा। लेकिन शुरुआत में दलित रंगमंच के संबंध में ऐसा होता नहीं दिख रहा था। 1980 से 1990 के दशक में दलित नाटक लेखन का प्रभाव काफी अच्छा था जिसे महसूस किया जा सकता था। बाद के दशकों में इसमें धीरे–धीरे गिरावट आई। इसलिए दलित रंगमंच मध्य अवस्था में न तो पेशेवर और न ही प्रयोगात्मक हो सका।

● **बाल रंगमंच–** व्यावसायिक–प्रयोगात्मक रंगमच को सशक्त बनाने के लिए बच्चों के रंगमंच के लिए लेखन का प्रयास हुआ। मराठी बाल रंगमंच के संबंध में 1950–60 के दौरान निश्चित रूप से ऐसा करने का प्रयास किया गया था। खासकर रत्नाकर मतकरी, सुधा करमकर, सई परांजपे, विजय तेंडुलकर, पु. ल. देशपांडे, पुरुषोत्तम दारव्हेकर, श्रीधर राजगुरु और कई अन्य ने बच्चों के रंगमंच के लिए लिखा। इनमें से उल्लेखनीय है 'हेमा आणि सात बूटके','हरवलेला पैंजण' (भालचंद्र भिड़े),'जादुचा वेल'(सुधा करमकर), 'मधूमंजिरी', 'कललाव्या कांद्याची कहाणी' (रत्नाकर मतकरी), 'पत्ते नगरी', 'काय झाली गमंत', 'शेपटीचा नाग' (सई परांजपे), 'परयांची राणी' (मालती दांडेकर), 'वयं मोठं खोटम', 'नवे गोकुल' (पु. ल. देशपांडे), 'राजा राणीला घाल हवा', 'चांभारचौकशीचे नाटक', 'पटलाच्या पोरीचं लगीन' (विजय तेंडुलकर) आदि। लेकिन बाल रंगमंच की स्थिति एक मायने में दलित रंगमंच के समान है और यह न तो पेशेवर और नहीं प्रयोगात्मक होने के मध्य चरण में लटकी हुई है। इसके अलावा बच्चों के नाटक लिखने वाले लेखकों की संख्या बढ़ी है। बीसवीं शताब्दी के अंत तक समग्र रूप से मराठी रंगमच की स्थिति और गति बहुत आशाजनक थी। लेकिन इक्कीसवीं सदी की शुरुआत में इसकी स्थिति निराशाजनक होती दिख रही है। यह अब फिल्मों और दूरदर्शन से प्रतिस्पर्धा के बीच फंसकर रह गया है। बाल रंगमच अब चौबीसों घंटे चलने वाले कई निजी मनोरंजन चौनलों की भयंकर प्रतिस्पर्धा का सामना करने में असमर्थ हैं। यह एक अजीब संयोग है कि बीसवीं सदी के अंत और इक्कीसवीं सदीं की शुरुआत में कई प्रसिद्ध मराठी नाटककार और अभिनेता पर्दे के पीछे चले गए।

**मराठी वाद्य संगीत**

स्वर संगीत की तरह महाराष्ट्र में भी वाद्य संगीत की एक महान परंपरा रही है। कई प्रतिभाशाली संगीतकारों ने अपनी कला से महाराष्ट्र का नाम दूर–दूर तक ले गए है। यहाँ के कलाकारों ने विभिन्न प्रकार के वाद्ययंत्रों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त की है। यह एक विशिष्ट बात है कि महाराष्ट्र की धरती ने न केवल महान संगीतकार दिए हैं बल्कि महान वाद्य यंत्र बनाने वाले कलाकार भी दिए हैं। वाद्य संगीत को लोकप्रिय बनाने में गुणवत्ता वाले उपकरणों ने भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वाद्य यंत्र बनाना भी एक कला है। जैसे संगीत में कुल होते हैं, वैसे ही वाद्य यंत्र बनाने वाले कुल होते हैं। संगीत वाद्ययंत्र बनाना उनका पीढ़ीगत पेशा रहा है। महाराष्ट्र के सांगली जिले का मिराज गाँव कई तरह के वाद्य यत्रों के उत्पादन के लिए आज भी पूरे देश में प्रसिद्ध है। यहाँ के कई परिवार पीढ़ियों से यह धंधा करते या रहे हैं। फिलामेंट्स का उत्पादन मृगतृष्णा की एक विशेष विशेषता है। यहाँ उत्पादित तानपुर और सतरियाँ सर्वोत्तम गुणवत्ता की मानी जाती है। इन यंत्रों के लिए आवश्यक विशेषलौकी पंढ़रपुर में उगाई जाती है। मिराज में कारीगर अच्छी गुणवत्ता वाले उपकरण बनाने के लिए बहुत काम करते हैं। कई प्रसिद्ध लोग जिन्होंने अपने खेल से देश–विदेश के श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। संगीतकार अपने वाद्ययंत्रों को विशेष मृगतृष्णा से बनाते हैं।

**मराठी लोकनृत्य**

लोकनृत्य किसी भी क्षेत्र की संस्कृति को दर्शाते हैं। महाराष्ट्र के लोकनृत्य कोई अपवाद नहीं हैं। लोकनृत्य पारंपरिक नृत्य होते हैं जो

जनता के बीच लोकप्रिय होते हैं। लोकनृत्यों में लोगों की प्रवृत्ति, विशिष्ट प्राथमिकताएं, सामाजिक भौगोलिक परिस्थितियाँ, धार्मिक रीति–रिवाज, लोगों की दैनिक गतिविधियों में हलचल देखी जा सकती है। ये नृत्य सीधे लोक जीवन से विकसित होते हैं और इनमें भाग लेने वाले लोक नर्तक प्रशिक्षित पेशेवर नर्तक नहीं होते हैं। ये नृत्य आमतौर पर समूह के रूप में किए जाते हैं और मुख्य रूप से ताल वाद्यों के साथ–साथ लोक संगीत के साथ होते हैं। यह एक प्राकृतिक प्रकार का नृत्य है और नर्तकियों की वेशभूषा बहुत रंगीन होती है। सादगी लोकनृत्य की आत्मा होती है। इसकी गतियाँ स्वतः स्फूर्त होती है। उनकी सहजता उन्हें आकर्षक बनाती हैं। लोकनृत्य प्राकृतिक वातावरण में अर्थात खुले मैदानों में, गाँव के बाहर, मंदिर के मंडप में या परिसर में किया जाता है। यह रंगमंच कला नहीं है। इसलिए थिएटर में बैठकर सही मायने में इनका आनंद नहीं लिया जा सकता। इसके लिए लोकनृत्य की पृष्ठभूमि वाले प्राकृतिक और सामाजिक परिवेश से जुड़कर उसमें भाग लेना होता है। दुनिया के अधिकांश देशों में लोकनृत्य की समृद्ध और विविध परंपरा है। मूल निवासियों के लोकनृत्यों में लोकनृत्य की समृद्धि और विविध परंपरा होती है। मूलनिवासियों के लोकनृत्यों में देखी जाने वाली पारंपरिक विशेषताएं कई कारणों से उत्पन्न हुई होती हैं–

1. यह लोगों के रीति–रिवाजों, तौर–तरीकों, लोक–संस्कृति और दैनिक गतिविधियों का प्रभाव, जिनसे वे विकसित हुए हैं, उस विशेष लोकनृत्य शैली के निर्माण में परिलक्षित होते हैं।

2. भौगोलिक स्थिति उस क्षेत्र की जलवायु से बनती है, वहां की नृत्य शैलियों को भी प्रभावित करती हैं। आंदोलन आमतौर पर तेज, जीवंत, चुस्त और ऊर्जावान होते हैं, साथ ही साफ और अच्छी तरह से परिभाषित होते हैं। स्पेन, मैक्सिको, दक्षिणी इटली आदि जहां की जलवायु लगातार बदल रहीं है, चंचल और अस्थिर हैं। स्थानों पर नृत्य–आंदोलन तीव्र, आवेगी प्रकृति के होते हैं। गर्म जलवायु वाले क्षेत्रों (जैसे दक्षिण भारत, श्रीलंका) में लोकनृत्यों में गति होती है जो आमतौर पर सुस्त, धीमी और बहने वाली होती हैं।

3. लोकनृत्य शैली भी उस भूमि की स्थलाकृति द्वारा शासित होती है जिस पर लोग नृत्य करते हैं। उदाहरण के लिए रेगिस्तानी क्षेत्र के नर्तक अचानक झटकेदार हरकत करते हैं और लगातार अपना वजन एक पैर से दूसरे पैर पर स्थानांतरित करते हैं। मानों रेगिस्तान की गर्म रेत पैरों को झुकने नहीं देती है, वे पैरों की तेज गति करते हैं। यह ऐसा है जैसे नदी किनारे उपजाऊ और समृद्ध क्षेत्र में रहने वाले लोगों के समूह नृत्यों से बहुतायत उमड़ रहीं हो। इन नृत्यों में नर्तकियों के बड़े समूह शामिल होते हैं और यह आमतौर पर उत्सव के दिनों में किए जाते हैं। इसका वातावरण हर्षित, जीवंत और आनंदमय होता है। महाराष्ट्र में लोकनृत्य की एक समृद्ध परंपरा रही है और विभिन्न नृत्य लोक संस्कृत में अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। गौंड, भील, कातकरी, ठाकुर, कोरकू जैसी आदिवासी जनजातियों के लोकनृत्य विभिन्न भागों में पारंपरिक हैं। इन्हें जिन वाद्ययंत्रों से किया जाता है, उनके नाम से जाना जाता है। उदा. 'ढोल का नाच', 'तर्पी का नाच' आदि। आदिवासियों के बीच जन्म, विवाह और मृत्यु के अवसरों पर भी नृत्य किया जाता है। भील जनजाति में अंतिम संस्कार के दौरान 'वारी लडारा' नामक नृत्य किया जाता है। कुछ जनजातियों में 'कड़कलक्ष्मी', 'भगत', 'वीर' जैसे धार्मिक लोक नृत्य प्रचलित हैं। 'दंडर' विदर्भ में एक लोकप्रिय लोकनृत्य है। दिवाली और होली जैसे अवसरों पर दंडार नर्तकियों की टीम गाँव–गाँव जाती है और नृत्य करती है। महाराष्ट्र में लावणी, कोलिनृत्य, गजनृत्य/धनगरनृत्य, दिंडी, आदिवासी नृत्य आज भी बहुत प्रसिद्ध हैं।

**मराठी लोकसंगीत**

मराठी लोकसंगीत के बारे में कहा जाता है कि गीत वैपुल्य, गीत विविधता, सामूहिकता, नृत्य

क्षमता, अभिनय, एकल गायन यह सभी महाराष्ट्र के लोकसंगीत में महसूस की जा सकती हैं। इसे संगीत का एक प्राचीन रूप माना जाता है जो मानवीय भावनाओं को चित्रित करता है। अपने प्रारंभिक वर्षों में इस संगीत का अधिकांश भाग ठीक से संरक्षित नहीं किया गया था क्योंकि इसे एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक केवल मौखिक रूप से पारित किया जाता था। लेकिन हाल के वर्षों में इस सामग्री को लिखित रूप में संरक्षित किया गया है। महाराष्ट्र में लगभग 60 लोकसंगीत रचनाएं मिलती है। जिसमें से कुछ इस प्रकार से हैं–

● **कीर्तन–** महाराष्ट्र में कीर्तन की एक महान परंपरा रही है और कीर्तन को भक्ति का एक रूप माना जाता है। कीर्तन मनोरंजन के माध्यम से आध्यात्मिक या सामाजिक शिक्षा प्रदान करने के लिए आज भी लोकप्रिय है। श्रोताओं को ताला, मृदूंग, विना या एकतारी, तबला, पेटी जैसे वाद्ययंत्रों के साथ रंग–बिरंगे कीर्तन से मंत्रमुग्ध होते देखा जा सकता है। नारदिय, राष्ट्रीय, रामदासी, वारकरी और जुगलबंदी यह कीर्तन के प्रमुख रूप हैं। एक अच्छा कीर्तन एकपात्र का एक आदर्श उदाहरण है। महाराष्ट्र के सांस्कृतिक संरचना में कीर्तन को बहुत ही महत्त्व दिया गयाहै। महाराष्ट्र के गाँव–कस्बों में कीर्तन आज भी देखने को मिलता है। जिस गाँव में हरिकथा कीर्तन किया नहीं जाता, ऐसे गाँव आज भी महाराष्ट्र में बहुत कम ही देखने को मिलते हैं। कीर्तन यह लोक जागरूकता के लिए उत्तम साधन हैं। सुशिक्षित–अशिक्षित, नागरी–अनागरी, स्त्री–पुरुष, बुजुर्ग इन सबका मनोरंजन करके उसके द्वारा लोक शिक्षण देने वाली कीर्तन परंपरा लोकाभिमुख और परिणामकारक रही हैं। महाराष्ट्र संतों की भूमि रही है, अनेक संतों ने इस भूमि पर अवतार लेकर सद्धर्म, विवेक एवं धर्म का पताका फहराया है। इसके लिए संतों ने आदर्श नीतिमूल्य बताये और महाराष्ट्र के कीर्तन करने वालों ने इस मूल्य को समाज में फैलाई। गायन, वादन, अभिनय, नृत्य, नाट्य विनोद इन सबको एकत्रित करने से लोगों के मन का बोध लेकर कीर्तन ने मनोरंजन तो किया ही उद्बोधन और प्रबोधन भी किया। लोक जागृति के लिए कीर्तन से बड़ा साधन नहीं है, इसलिए लोकमान्य तिलक ने कहा था कि– "मी पत्रकार झालो नसलो तर कीर्तनकार झालो असतो" इसका अर्थ है कि "मैं पत्रकार नहीं होता तो कीर्तनकार हुआ होता।"

● **पोवाड़ा–** 'पोवाड़ा' शब्द का सामान्य अर्थ किसी करतब का काव्यात्मक वर्णन है, ऐसे करतब का वर्णन करने वाला काव्यात्मक रूप भी प्रथागत है और शब्द आमतौर पर इसी सीमित अर्थ में प्रयोग किया जाता है। पोवाड़ा की रचना करने वाले कवि को शाहिर कहा जाता है। कई शाहिर स्वयं रचित पोवाड़ा भी गाते हैं। महात्मा फुले द्वारा रचित 'छत्रपति शिवाजीराजे भोसले' एवं अन्नाभाऊ साठे द्वारा लिखा हुआ लेनिनग्राडचा पवाड़ा इसके उदाहरण हैं। पोवाड़ा के माध्यम से संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन में अन्नाभाऊ, अमरशेख और गवाणकर इन त्रिमूर्ति द्वारा किया गया कार्य सर्वविदित है। पोवाड़ा एक प्रामाणिक मराठी कविता है। वीरों के पराक्रम, विद्वानों की बुद्धि, बाल, गुण, कौशल का काव्यात्मक वर्णन। वीररस से ललकारने वाले पोवाड़ा के वीर, गाने वाले शाहिर और सुनने वाले श्रोता सब वीर हैं। पहला मराठी पोवाड़ा का सम्मान अफजल खान की हत्या पर शाहिर आज्ञानदास या अग्निदास पोवाड़ा को जाता है। यह पोवाड़ा इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है क्योंकि अज्ञानदास स्वयं शिव के समय के थे और यह घटना भी उनके जीवनकाल में घटी थी। अफजल खान की हार मराठा साम्राज्य की पहली महत्त्वपूर्ण जीत थी, जबकि खादी की लढाई में निजाम की अंतिम हार आखिरी जीत थी। इस जीत पर तो अनेक पोवड़े लिखे गए।

### शोध निष्कर्ष

उपरोक्त आंकड़ों एवं तथ्यों से स्पष्ट है कि महाराष्ट्र की कला एवं संस्कृति के प्रचार–प्रसार में राज्य की स्थानीय परंपरागत संचार माध्यमों का

महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। जिसमें मराठी लोकनाट्य, वाद्य संगीत, लोकनृत्य एवं लोक संगीत का महत्त्वपूर्ण योगदान देखा जा सकता है। मराठी लोकनाट्य ने संगीत रंगभूमि, गद्य रंगभूमि, प्रायोगिक रंगमंच, दलित रंगमंच एवं बाल रंगमंच के बदौलत स्थानीय कला एवं संस्कृति को विशेष रूप से संजोने एवं प्रचारित–प्रसारित करने का कार्य किया।स्वर संगीत की तरह महाराष्ट्र में भी वाद्य संगीत की एक महान परंपरा रही है। कई प्रतिभाशाली संगीतकारों ने अपनी कला से महाराष्ट्र का नाम दूर–दूर तक ले गए। यहाँ के कलाकारों ने विभिन्न प्रकार के वाद्ययंत्रों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त की है। लोकनृत्य किसी भी क्षेत्र की संस्कृति को दर्शाते हैं। जिसमें महाराष्ट्र के लोकनृत्य की भूमिका भी विशेषतौर से देखी गयी। जिसने स्थानीय कला एवं संस्कृति के प्रचार–प्रसार में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं मराठी लोकसंगीत के बारे में भी यह स्पष्ट हो जाता है कि गीत वैपुल्य, गीत विविधता, सामूहिकता, नृत्य क्षमता, अभिनय, एकल गायन यह सभी महाराष्ट्र के लोकसंगीत में मौजूद रही हैं। जिसे संगीत का एक प्राचीन रूप माना जाता है जो मानवीय भावनाओं को चित्रित करता है। और जिसने स्थानीय कला एवं संस्कृति को संरक्षित ही नहीं किया बल्कि इसे एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक मौखिक रूप से पारित भी किया। यही कारण है कि देश की सबसे आधुनिक एवं आर्थिक नगरी मुंबई को अपनी बाहों में समेटे हुए भी महाराष्ट्र की कला एवं संस्कृति देश के अन्य राज्यों से बहुत अधिक समृद्ध नजर आती है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि इसकी स्थानीय परंपरागत संचार माध्यमों नें इसकी कला एवं संस्कृति को प्रचारित–प्रसारित करने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## संदर्भ सूची

1. देव, शांताराम भालचंद्र (2002). महाराष्ट्राचा इतिहास (प्रागैतिहासिक इतिहास) भाग–1, मुंबईरू महाराष्ट्र राज्य साहित्य आणि संस्कृती मंडल.

2. व्हटकर, नामदेव (2009). मराठीचे लोकनाट्य तमाशा कला आणि साहित्य, कोल्हापूर– अजब पब्लिकेशन्स.

3. हिवरे (2010). श्री संत गाडगेबाबा विचारधन, अकोलारू रामकृष्ण निकेतन.

4. थाटे, अनन्या (2018). महाराष्ट्र की कीर्तन परम्परा, फोक कल्चर– ट्रेडिशन एंड इट्स रिफ्लेक्शन 01 (01) 56–60.

5. कुमारी, नीना (2019). मध्यकालीन भारतीय समाज एवं संस्कृति (1600–1700 यूरोपियन दृष्टिकोण), नई दिल्ली– रिसर्च इंडिया प्रेस.

6. सेठी, ओमप्रकाश (2012). भारतीय संस्कृति साहित्य और राज्य भाषा हिंदी, दिल्ली– विजय बुक्स.

7. सिंह, भगवान (2011). भारतीय परम्परा की खोज, नई दिल्लीरू सस्ता साहित्य मंडल.

'सोनाली भगवान धाबर्डे, शोधार्थी, पी–एच. डी. जनसंचार, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा, महाराष्ट्र

''डॉ. रेणु सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर, जनसंचार विभाग, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा, महाराष्ट्र

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 4 (OCT TO DEC., 2022) ISSN : 2350-0441

A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal

IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999

Paper Recieved : 1st Oct 22 Paper Accepted : 10th Oct 22

# Modern Woman and her Challenges in Contemporary Times : A Reading of Shashi Deshpande's Roots and Shadows

❒ Dr. Bidyut Bose*
❒ Pooja Arora**

## ABSTRACT

The paper reads Roots and Shadows (*1983*) a fiction by Shashi Deshpande from the perspective of Feminism. A look at this novel will reveal Deshpande's treatment of major women characters and will show how the theme in it is related to women's problems. Woman passed through many problems, obstacles and barriers to become an important member in the society. By the coming of Feminism the profile and image of women changed up to a large extent in the society. Still, the new women of contemporary society are sandwiched between traditional values and modern dreams.

Indian society has been going through several changes in establishing an identity for women.

Post-independence Indian literature has portrayed the condition of Indian women in newdimension. In a patriarchal society, it is generally considered that a woman's role is quite different from man. Women are best considered to take up the role of an agent who cares forothers and feels concern for others. The Indian women in the past were denied opportunities available to women in other countries. Early marriages and Purdah system confined her to her home and her identity was embedded in the matrix of her family. But the advent of English education and the reforms advocated by social activists brought a gradual change in the attitude of the public. After independence, many Indian women novelist have also raised their voice in opposition to the mistreatment of women. Shashi Deshpande occupies a unique place in the postcolonial Indian writers in English. Shashi Deshpande is one of the novelist who won Sahitya Akademi Award in the year 1990 and the Padma Shri Award in 2009. She was born in 1938 in Dharwad in Karnataka, as the daughter of the renowned Kannada dramatist as well as a great Sanskrit scholar Sriranga. She pursued her education in Dharwad, Bombay and Banglore. As an author of the 70's and 80's she shows a real picture of

* Associate Professor, Dept. of English, DBS (PG) College, DehraDun (UK),
E-mail : bidyutbose1970dehradun@gmail.com
** Research Scholar, Department of English, DBS (PG) College, DehraDun (UK)

the contemporary middle class educated urban Indian woman. Shashi Deshpande through her protagonist defends that eachwomen in her own way, demands the fulfillment of her inner self that is beyond and above socially accepted norms. She also analyzes how their condition has not changed much even in the 20th century. She discusses the blatant gender discrimination shown by parents towards their daughters and their desire to have a male child. Shashi Deshpande was extremely successful, leaving her imprint on domestic, detective, and children's fiction. Her domestic novels areprimarily concerned with middle class educated women, their sufferings and problems in patriarchal society. The new women is constantly trying to live as an independent individual. She tries to project new women who endeavor to give equal importance to their professional as wellas personal lives. She is almost incomparable for her portrayal of Indian middle class women with their turmoils, disappointments, frustrations, endurance, that long silence which has been therefor many centuries. Her novels are mainly based on the lives of women and their sufferings particularly in the Indian context. For this reason she has been labeled a feminist. She raised her voice against torment on women and also created mass awareness in the matter through her writings. Her books are translated into several Indian languages. Her novels are deeply rooted in India ; the character settings and the conflicts are inherently Indian. In contemporary writing in English Shashi Deshpande is the confident voice who explores individual and universal female psyche. She has gained reputation as a serious writer with tremendous potential.

Until 20th century most of the literature was written by male writers, and female characters were projected through male perspective. There were very few female writers and pseudonyms were used by female writers assuming males like Bronte sisters, George Eliot and others. In the wake of 20thcentury Virginia woolf addressed the issue of female domination by the men. Many other great writers like Mary Wollstonecraft, Virginia Woolf, Simone de Beauvoir, John Stuart Mill, Margaret Fuller etc. had struggled hard for over two centuries for women's social and political rights. Since 1969 there has been an explosion of feminist writings.

This paper is an attempt to analyze the novel *Roots and Shadows* (1983) by Shashi Deshpande from the feminist perspective. *Roots and Shadows(1983)* Deshpande's first novel won the Thirumathi Rangammal Prize in 1984. The novel projects the inner world and thoughts of Indu, the protagonist. She is a revolutionary woman. She is seen to be acting against dominance right from her childhood. Indu's mother dies at child birth and his father leaves her in the care of his old aunt, Akka and his brother Kaka who lives in their ancestral home. In herancestral home the partition between female and male worlds is always very sharp. Women arenot allowed to join family discussions, not even Akka in her heyday. Indu tells Naren : As a child they had told me I must be meek and submissive. As a girl they told me I must be obedient and unquestioning because I am a female. It is the only way to a female to live and survive. Shegrows up as a rebellious and pugnacious kid who wants to do things according to her fancy and understanding. She finally succeeds in her endeavor when she leaves the house at age of 18 and later married Jayant a man of her own choice. Indu leaves her house to be free, independent and complete. She wants to show her family members that she is modern and successful woman.

Defying the traditional role, Indu seeks fulfillment in education and career and works as a journalist for a women's magazine. After her marriage, she surrenders and submits herself whole-heartedly to her husband in the name of

love. In marrying Jayant she enters into an independent and free world of her dreams. She feels : "I had thought I had found my alter ego in Jayant. I had felt that in marrying him, I had become complete. I had felt in complete, no as a woman, but as a person. And in Jayant, I had thought I had found the other part of my wholeself, not only that but total understanding, perfect communication. And then, I had realized this was an illusion I felt cheated" (Deshpande 114-115). But very soon in the absence of a perfect understanding between them, she realizes that her husband, a typical Indian husband, wants her to live according to his views and ideas, dreams and aspirations. She feels deceived and disillusioned in her marital life. Indu and her life moves around her husband. She has killed her feelings, emotions, dreams and even her ambition of being a creative writer. She changes, shapes and moulds herself according to her husband desires and needs. Jayant, apractical, authoritative, and dominating male, not only suppresses the female voice of expression in his wife, but makes her life dull and mechanical. She can neither love nor hate but pretend to behappy. Her marriage strengthens her capacity for pretence and deceptions. She knows that she can shatter her husband with withdrawal sand rejections. But she hides her reaction sand pretends to act out a pleasant willingness to respond. She puts on a mask of a meek and submissive wife. She knows : "But my marriage had taught met his too. I had found in myself an immense capacity for deception. I had learnt to reveal to Jayant nothing but what he wanted to see, to say to him nothing but what he wanted to hear. I hid my emotions and responses as if they were bits of garbage". (Deshpande 38).

*Roots and Shadows (1983)* is an exploration of Indu's urge for the realization of her inner self, the assertion of her individuality with reference to her relationship with Jayant, her husband andthe members of her ancestral family. She is physically and emotionally dissatisfied with her husband who has only a practical approach to life. Her feminine dreams are suppressed as her husband takes her for granted and expects her to submit in one way or the other. Her marriage seems to do nothing with love, a noble feeling. She fails even to understand the meaning of love. She thinks to herself : "And anyway, love, that is a word I don't really understand…. What I feel for Jayant ….Can I compress all of it within this word"? (Deshpande 88-89). Her marriage to Jayant fails to give her freedom and happiness. The chains of her marriage are really heavy and she is expected to adjust and modify herself to the situation from which it is difficult for her to escape. Though she is not happy with her husband she always try to please him. She considers herself incomplete without her husband. She acts like the conventional Indian wife . She says : "marriage makes me so dependent. When I look in the mirror, I think of Jayant, When I dress, I think of Jayant, when I undress, I think of him always what he wants, what he would like. What would please him? It is not he who has pressurized me into this. It is the way I want it to be... Have I become fluid with no shape, no form of my own" (Deshpande 2). Indu failed to remember her individuality by becoming his conventional life. Women are forever acknowledged by a relationship like Kaku and Kaki, Ajji and mami and so on, have they no autonomous individuality of their own? Indu makes alteration in the name of love but she understands that she has infact misled herself.

At the age of 29, she returns to her family house as Akka is on her death bed. The fact that two had not spoken for 10 years and never saw eye to eye, Indu is surprised when she learns Akka wants to bequeath all her property and wealth to her. All this while, she is distressed about her relationship with Jayant and she even commits adultery with one of her close friend

Naren who is the only grandson of old uncle (cousin of Akka). In the company of Naren, Indu finds satisfaction because both of them were suffering with identical loneliness. In the company of Naren her creative talent was recognized and encouraged. Shashi Deshpande through her protagonist defends that each woman in her own way, demands the fulfillment of her inner self that is beyond and above socially accepted norms. Naren appreciates the stories written by Indu.He encourages her to resume her career as a journalist andto reproduce the experiences related with the frustrations of women. Indu as a writer in the process of narration of the apathy of human experience become saggressive and violent. She unknowingly identifies herself with those experiences and perceives the reflection of her own helplessness and it depresses her more. Shashi Deshpande like most of Post-Colonial writers is convinced that suppression and irrational hold of conventions give birth to a psyche of self-persecution and it seek sits outlet in the form of obstinacy, violence and mode of distortions of human sensibility. Though she spends some good time with Naren and enjoyed his company in every way but later she feels guilty due to the old tradition and values with which she grown up and she resents it. As her old traditions and valuesdoes not allow for adultery. She feels squeezed between tradition and modernity. Indu is alwaysin a confused state of mind. She wants to escape from the burden and responsibilities of womanhood. She thinks marriage is a trap. Meanwhile, she receives the letter from her husband, Jayant. He wants her to forget all the family bonds and come back to his home. Old uncle tries toclear all the confusions in her mind. According to him we all are connected and inter-dependent. Indu is fully attached to her husband and her ancestral house. On the one hand she is not happywith Jayant and on the other hand she cannot live without him. And gradually she realizes thatshe cannot enjoy her freedom without her roots which lies with Jayant. This is the perfect realization and a perfect balance between self and others. And this is how Shashi Deshpande portrays new women of 20$^{th}$ century who are educatedand search for their own identity but they are not able to escape completely from their roots.

The other female character in the novel is Akka. The novel presents a typical facet of deprived womanhood, through the character of Akka, who is the youngest sister of Indu's grandfather. She returns to her parental home as a rich widow after the death of her husband and starts looking after her nephew and nieces with the care and attention of a truly compassionate mother. Akka's authoritative nature never allows people to peep into her life and understands her. Indu always questions and challenges Akka's authority and considers Akka a callous and domineering woman. Indu come to know about the pathetic story of Akka after her death that Akka had a terrible past. At the age of twelve her marriage was performed with a man of thirty years old. Her marriage as a child stifled Akka and expounded to her the real trauma of being a girl. Her soul of a child withered as she had to tolerate the bestial sexual advances of herhusband. Her mother-in-law made her life more miserable due to her inability of giving birth toa living child. The chains of a traditional marriage are heavy and the escape routes are not available to a wife. She is expected to subordinate her own needs for those of her family. She is supposed to bear exploitation and sufferings with willing fortitude. Akka too had to endure and submits to the insult, injuries, humiliation with stoic patience and never complain. The psychological injuries she receives affect her attitude to life. Inspite of being a victim of gender oppression, she imposes the same victimization on all the women in the family.

Indu, who grows up with no fond feeling towards Akka comes to know her story through Narmada-atya muchlater. Narmada-atya narration evokes the reader's pity and focuses attention on the plight of all those innocent victims of child marriage who were forced to under go in human treatment, bounds as they were by shackles of marriage. Through the portrayal of Akka's marriage Dehpande a strong statement on the so-called arranged marriages. It is so shocking that parents are so callous in the case of marriage of girl child. They care very little about their likes and dislikes. As aresult she has to suffer in the hell of an unhappy marriage throughout her life. On the one hand Akka was herself victim of patriarchal society and on the other hand she dominates Indu andother women of the family. Indu always tried to questions and challenges Akka's rules and authority. Here, we see that feminism not only raises a voice against male dominance, but also against women who cherish the values of patriarchy.

Shashi Deshpande's focus in her fiction is essentially on the Indian women and her role inmodern society. Woman of the traditional society do stick to age old norms of the stereotypecategory but the woman of modern generations tempers to a paradigm shift of the contemporary society emerging to a bold and challenging woman. Her- self discovery is the frightening vision of myriad reflections of struggle for harmony and sanity. In this novel *Roots and Shadows* (1983) Indu's predicament is representative of the contemporary Indian women, where the new social and economic forces have shaken the age-old cultural modes. It is the story of every new woman in contemporary society. They want to free from the shackles of old orthodox laws, and touch the sky of their dreams. New women want to live as an individual who can enjoy her own likes and dislikes. They really need their own space in which no other can interfere. But, at the sametime they accept that Family and relations are their 'Roots' and without roots one cannot stand properly than how to think of fly high and touch the sky of one's dream and aspirations. The protagonist of Shashi Deshpande's novels make a perfect balance between tradition and modernity as Indu does in the novel. Through the novel Deshpande shows that one can not completely escape from her responsibilities and if one tries so cannot be happy as the old traditions and values lies so deep in our heart and mind. Thus, Indu symbolizes a modern woman who is on the verge of transformation.

**Works Cited**

Deshpande, Shashi. *Roots and Shadows*. New Delhi, Orient Longman, 1983.

Deshpande, Shashi. *The Dark Holds No Terror*. New Delhi, Penguin, 1990.

Roy, Anuradha. *Patterns of Feminist Consciousness in Indian Women Writers*. New Delhi, Prestige Books,1999.

Sharma, Siddhartha. *Shashi Deshpande's Novel : A Feminist Study*. New Delhi, Atlantic Publishers,2005.

Thakkar, M.K. *A Critical Study of Shashi Deshpande Writing*. New Delhi, Cyber Tech Publication, 2014.

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 4 (OCT TO DEC., 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed
International Multifocal
Research Journal
IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999
Paper Recieved : 1st Oct 22 Paper Accepted : 10th Oct 22

# मुंशी प्रेमचन्द कथा साहित्य में साम्यवादी एवं समाजवादी जीवन दर्शन का स्वरूप

❒ कीर्ति द्विवेदी*
❒ डॉ. रामलला शर्मा**

**शोध सारांश**

प्रेमचंद जी ने समाज के निम्न वर्ग को उठाने के लिए एवं उनके परिणाम को सही दर्जा देने के लिए ही अपने साहित्य के माध्यम से वर्ग संघर्ष को उद्धृत किया है। प्रेमचंद जी ने अपनी कलम की पैनी धार से समाज की पीड़ा एवं दुःख को हटाने का प्रयास किया है। प्रेमचंद जी के कथा साहित्य में साम्यवादी एवं समाजवादी जीवन–दर्शन के स्वरूप का वर्णन किया गया है।

**मुख्य शब्द**–मानवतावाद, समाज एवं संघर्ष

**प्रस्तावना–**

सम्पूर्ण संसार के छोटी और बड़ी तमाम जगहों से आदिकाल से अब तक परिवर्तनकारी महापुरुषों का आविर्भाव होता रहा है। इनके जीवन–दर्शन ने समाज को समझ के साथ–साथ भविष्य की पीढ़ियों में स्फुरण एवं प्रेरणा प्रदान की है। इससे कहीं ना कहीं हमारी साधारण जनता भी प्रभावित रही है। आधुनिक हिंदी कथा साहित्यकारों में से प्रेमचंद जी ऐसे महान लेखक हैं, जिन्होंने अपने जीवन–दर्शन द्वारा पूरे युग एवं साहित्य को प्रभावित किया है। प्रेमचंद जी ने भविष्य में आने वाले साहित्यकारों के लिए एक महत्वपूर्ण आदर्श उपस्थित किया है। प्रेमचंद जी मुख्य रूप से एक जनवादी लेखक थे, जिन्होंने अपनी साहित्य कला के आधार पर लोक मंगल एवं जनसेवा हेतु साहित्य का प्रदर्शन करने का प्रयास किया है। यह उनके जीवन–दर्शन का मुख्य पृष्ठवंश या उनके जीवन–दर्शन को रीढ़ कहा गया था।

हम देखते हैं कि प्रेमचंद जीवन–दर्शन का मूल तत्व मानवतावाद है दूसरे शब्दों में प्रेमचंद जी की व्यापक सहानुभूति ही उनके साहित्य को अत्यन्त ही विशद रूप दिया है, तथा साहित्य का क्षेत्र बहुत ही व्यापक रहा है। प्रेमचंद जी साहित्य को जीवनवादी दृष्टि से देखने एवं उसे मानने वाले थे। प्रेमचंद जी अपने साहित्य के माध्यम से मनुष्य में देवता होने का भाव या धर्म स्थापित करना

* शोधार्थी हिन्दी अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा (म0प्र0)
** प्राध्यापक हिन्दी, संजय गांधी स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी (म0प्र0)

चाहते हैं और यही प्रेमचंद जी के जीवन–दर्शन की महान प्राप्ति एवं उपलब्धि है।

**विश्लेषण–**

प्रेमचंद जी के जीवन–दर्शन में साम्यवादी जीवन–दर्शन एवं समाजवादी जीवन–दर्शन दोनों ही बहुत महत्वपूर्ण हैं। अपने कथा साहित्य में सामाजिक विकृतियों को दर्शाकर उन्होंने राष्ट्र के नव निर्माण का संदेश दिया है।

भारत में समाजवादी जीवन–दर्शन का आरंभ 1935–36 से माना जाता है तथा इससे पहले तो यहाँ गांधीवादी जीवन–दर्शन का बोलबाला था। गांधीवादी जीवन–दर्शन तथा समाजवादी जीवन–दर्शन दोनों ही आपस में परस्पर रूप से विरोधी जीवन–दर्शन रहे हैं किन्तु उपन्यास सम्राट प्रेमचंद जी ने अपनी समन्वयात्मक बुद्धि लब्धि के द्वारा दोनों ही जीवन–दर्शन के तत्वों को अपने भीतर समाहित कर अपने नये जीवन–दर्शन का निर्माण किया है। इसीलिए उनके जीवन–दर्शन में गांधीवादी जीवन–दर्शन के साथ–साथ ही समाजवादी जीवन–दर्शन भी स्पष्ट दिखाई देता हे। समाजवादी जीवन–दर्शन आदर्शवादी ना होकर यथार्थवादी जीवन–दर्शन है। समाजवादी दर्शन, जीवन की चरम सीमा भौतिक जीवन के उत्कर्ष में ही देखता है। यह जीवन के किसी आत्यात्मिक सत्य में विश्वास न करके विविध प्रकार के रचनात्मक पंचभूतमय जगत को जीवन के अंतिम सत्य के रूप में स्वीकार करके क्रांति और विद्रोह के मार्ग पर चलने वाला एक साम्यमुखी भौतिक जीवन–दर्शन है।

प्रेमचंद जी के जीवन–दर्शन पर गांधीवादी जीवन–दर्शन के साथ–साथ समाजवादी दर्शन तथा साम्यवादी दर्शन की भी गहरी झांकी दिखाई पड़ती है।'' 9 अक्टूबर, 1933 के 'जागरण' में प्रेमचंद ने 'कांग्रेस और सोशलिज्म' शीर्षक टिप्पणी लिखी इसमें प्रेमचंद की 'मिथ्या चेतना' का पता चलता है। इसमें उन्होंने नेहरू और गांधी के मतभेद के सवाल को उठाया है–

''रहा, सोशलिज्म, वह तो महात्मा जी और पं0 जवाहरलाल नेहरू में केवल मात्रा का भेद है। महात्मा जी तो सोशलिज्म से भी आगे बढ़े हुए हैं, कम्युनिज्म से भी। वह अपरिग्रहवादी हैं।...... बींसवी सदी सोशलिज्म की सदी है जो संभव है आगे चलकर कम्युनिज्म का रूप धारण कर ले। भारत जैसे देश में जहाँ आबादी का बड़ा हिस्सा गरीबों का है, जिनमें पढ़े–अनपढ़े सब तरह के मजूर है, सोशलिज्म के सिवा उनका आदर्श हो ही क्या सकता है ? अगर आज कांग्रेस का रेफरेण्डम हो तो हमारा ख्याल है, बहुमत, सोशलिज्म का होगा, पर उसके एक ही दो कदम पीछे कम्युनिज्म भी नजर आयेगा।''[1]

वैसे देखा जाए तो जो किसी भी साहित्यकार को किसी परिधि या किसी श्वादश में बांधकर नहीं रखा जा सकता है। एक साहित्यकार तो बस मानव संवेदनाओं का सत्य रूप से चित्रण करता है। अतः प्रेमचंद जी आखिर किसी वाद में कैसे उलझ कर रह सकते थे। उनके जीवन–दर्शन में तो समय–समय पर सभी वादों का प्रभाव देखने को मिलता रहा है जैसे–गांधीवादी, समाजवाद, साम्यवाद या मार्क्सवाद इन सभी वादों का स्पष्ट रूप से एवं समान रूप से प्रभाव पड़ा है। यद्यपि सन् 1930–35 तक भारत में पहली उत्तरोत्तर उन्नति समाजवाद की थी, जबकि इसके पहले गांधीवाद का प्रभाव ही दिखाई पड़ता था। तथा इसी क्रम के आधार पर ही प्रेमचंद जी पर पहले गांधीवादी और उसके पश्चात् ही समाजवादी जीवन–दर्शन का प्रभाव पड़ा और अपने कथा साहित्य के माध्यम से ही उन्होंने जनता के सामने अपने समाजवादी जीवन–दर्शन को प्रकट या प्रस्तुत किया है।

प्रेमचंद जी के समाजवाद में देखा जाए तो यथार्थवाद का ज्यादा जोर रहता है। चूँकि प्रेमचंद

जी एक जनवादी लेखक थे, तो संभव ही है कि एक जनवादी साहित्यकार यथार्थवादी लेखक होगा एवं वह अपनी ज्यादातर रचना का प्रस्तुतीकरण प्राकृतजन को ही अपनी विषयवस्तु बनाकर करता है। किसी महान की प्रतिष्ठा के स्थान पर वह साधारण जीवन का ही यथा तथ्य चित्रण करता है। वह किसी प्रकार का भेद–भाव या दुराव नहीं करता है। वह समान जीवन की बुराइयों को भी स्पष्ट रूप से या प्रत्यक्ष रूप से सामने रख देता है। और यही सब प्रेमचंद जी ने अपने कथा–साहित्य में किया है, तभी तो उन्हें सच्चा समाजवादी कहा जाता है।

प्रेमचंद जी सरल, सहज एवं अत्यन्त ही निःश्चल स्वभाव के व्यक्ति थे। वह प्रकृति से बहुत प्रेम करते थे किन्तु मानव के दिखावे और बनावटी जीवन से बहुत घृणा थी। वे सच्चे यथार्थवादी थे, तथा उनके जीवन–दर्शन में समाजवादी जीवन–दर्शन का काफी प्रभाव पड़ा था। प्रेमचंद पूंजीवादी और जमींदारी समाज– व्यवस्था के घोर विरोधी थे। समाज की ऐसी विचारधारा से वह अत्यधिक ही खिन्न रहते थे जिसमें कुछ लोग मौज–मस्ती में रहे और ज्यादा से ज्यादा लोग पिसें एवं अधिक से अधिक परेशान रहें, और कभी भी उनका जीवन सुखी ना रहे। प्रेमचंद जी ऐसी विचारधारा को बिल्कुल भी पसंद नहीं करते थे। 'गोदान' में ऐसी विचारधारा का प्राकट्य देखने को मिलता है जिसमें रायसाहब स्वयं कहते हैं– ''किसी को भी दूसरे के काम में मोटा होने का अधिकार नहीं है।'' उनका आदर्श पात्र मेहता कहता है कि–''समाज व्यक्ति से ही बनता है, और व्यक्ति को भूलकर हम किसी व्यवस्था पर विचार नहीं कर सकते।''[2] यही नहीं प्रेमचंद जी व्यक्ति की दृष्टि से समाज में छोटे–बड़े का भी भेद शाश्वत मानते हैं।

इसी तरह से 'पंच–परमेश्वर' जैसी कहानियों भी भारतीय गावों की व्यवस्था के गौरव एवं यश को प्रदर्शित करती है तथा 'रंगभूमि' जैसे उपन्यासों में औद्योगिक सभ्यता के आने की आहट मिलती दीख पड़ती थी। प्रेमचंद जी ने 'गोदान' में तो पूंजीवादी व्यवस्था की सारी बुराइयों को ही स्पष्ट रूप से प्रस्तुत कर दिये हैं।

प्रेमचंद जी के अपूर्ण उपन्यास 'मंगलसूत्र' में साम्यवाद के आगमन की सूचना है। ''फिर भी प्रेमचंद मध्य वित्त वर्ग के व्यक्ति थे इसलिए स्वभाव से वे समझौतावादी थे। इसीलिए उन्होंने सब कुछ सही ढंग से देखने के बाद भी, उसके हल के रूप में क्रांति को ठंडे पानी में शीतल करके पेश किया। सेवासदन में सूरदास, प्रेमशंकर की सृष्टि तो कर पाये, पर बलराज के यौवन की एकमात्र झलक दिखाकर ही रह गये। वे गोबर को नयी चेतना की बेचौनी तो दे पाये, लेकिन नये युग की क्रांति का वाहक उसे नहीं बना पाये।''[3] इस तरह से कहीं–कहीं पर प्रेमचंद जी की आलोचना भी देखने को मिलती है कि नये परिदृश्यों को उभारने का तो प्रेमचंद जी ने प्रयास किया है किन्तु कुछ ही समय बाद उससे पीछे भी हट जाते हैं और वही भावात्मक दृष्टिकोण पर ही फिर से कार्यशील होते नजर आते हैं।

प्रेमचंद : एक अध्ययन के लेखक डॉ राजेश्वर गुरु का कथन है–''प्रेमचंद का आदि गांधीवाद है और अंत साम्यवाद।''[4] ऐसे में हम यदि वाद की बात करें तो प्रेमचंद जी समय पर सभी 'वाद' से प्रभावित थे।

सन् 1962 में रूस में हुई क्रांति का प्रभाव भारत में भी पड़ा। फलतः पूरे देश में समाजवादी विचाराधारा का प्रभाव दिखाई देने लगा। कुछ तो कांग्रेसी सदस्यों में भी इसका प्रभाव विशेष रूप से पड़ा तथा साथ ही निम्न और मध्यम वर्ग पर भी इसका विशेष रूप से प्रभाव पड़ा था। उनमें से प्रेमचंद भी एक थे जिनमें कांग्रेस के समाजवादी सिद्धांत का सिर्फ ऊपरी तौर पर ही प्रभाव नहीं

पड़ा बल्कि उसका प्रभाव उनके मन और विचार में भी काफी पड़ा था। वे अपने हृदय में यह महसूस करने लगे थे कि–''भारत जैसे देश में जहाँ आबादी का एक बड़ा हिस्सा गरीबों का है, जिसमें पढ़े अनपढ़े सब तरह के मजबूर हैं, सोशलिज्म के शिवा उनका आदर्श हो ही क्या सकता? ''इस सत्य को मार्क्सवादी आलोचक डॉ रामविलाश शर्मा ने भी स्वीकार किया है, और कहा है–''प्रेमचंद जी कट्टर समाजवादी तो नहीं थे, और न ही उन्होंने समाजवाद का शास्त्रवत अध्ययन ही किया था तथा ना ही समाजवादी सिद्धातों के अनुसार अपने साहित्य को गढ़ने की कोशिश ही की थी। उनका अनुभव हमारे लिए मूल्यवान इसलिए हो जाता है क्योंकि वे समाजवाद के पुस्तक से नहीं पाया था। वे किसानों के बीच रहे थे, उनकी दशा में शीघ्र परिवर्तन की आवश्यकता का उन्हें बोध हुआ था, और जिस परिवर्तित दशा में वे उन्हें देखना चाहते थे वह सहकारिता थी।''[5] अतः ऊपर लिखी लाइनों से स्पष्ट होता है कि प्रेमचंद जी किसी वाद पर आधारित नहीं थे अपितु समय के साथ–साथ अपने युग में वह सभी परिवर्तित दशाओं का बोध करते गए और गांव वालों के बीच में रहकर उनके सभी सुख–दुःख के सहभागी बने और उनकी पीड़ाओं को अनुभव करते हुए अपने साहित्य में उनके जीवन में हो रही घटनाओं को उजागर करने का प्रयास किया है। तथा प्रेमचंद जी ने किसानों की दशा में सुधार लाने के लिए एक सफल प्रयास किया है जिससे हमारे समाज में भी परिवर्तन लाया जा सके।

अतः स्पष्ट है कि प्रेमचंद सम्पूर्ण समाजवादी थे, अपने सशक्त लेखनी से क्रांति का बिगुल बजाया तथा जनमानस में संघर्ष और विद्रोह की आग भर दी। हमारे समाज की कथा, स्वतंत्रता और समानता के लिए तड़प, कुरीतियों और अत्याचारों का जीर्णोद्धार प्रहार का जो संघर्ष का जैसा समायोजन प्रेमचंद जी के साहित्य में मिलता है, वैसा विश्व साहित्य में शायद ही कहीं मिला होगा। प्रेमचंद देश को केवल 'स्वाधीन' बनाना ही नहीं चाहते थे, केवल अंग्रेजों को निकाल बाहर करना ही नहीं चाहते थे, बल्कि किसानों के भाग्यवाद को जो 'सरकार का सबसे बड़ा टैक्स कलेक्टर है, भी मिटाना चाहते थे। इसलिए उनका यह मत होता जा रहा था कि ''किसान के लिए लगान का आधा हो जाना उतना उपकार नहीं है, जितना अंधविश्वास और मिथ्या रस्म रिवाजों से मुक्त होना या नशे से परहेज करना।''[6]

इसी उसमें सेठ पुनपुनवाला और मि. बुल दोनों ही जनता के लिए सामान्य ही हैं। इसीलिए अहिंसा प्रेमी प्रेमचंद जी ने स्वयं लिखा है–''यह आशा करना कि पूँजीपति, किसानों की हीन दशा से लाभ उठाना छोड़ देगें, कुत्ते से चमड़े की रखवाली करने की आशा करना है। इस खूँखार जानवर से अपनी रक्षा करने के लिए हमें स्वयं सशस्त्र होना पड़ेगा।''[7] इस तरह से प्रेमचंद जी ने किसानों के शोषण को रोकने के लिए, उन्हें आत्म निर्भर बनाने के लिए यह मूलमंत्र दिया है जिससे पूँजीपति वर्ग, जमींदार आदि उच्च वर्ग के लोग किसान का शोषण ना कर सकें एवं वह अपनी रक्षा एवं सम्मान की लड़ाई के लिए हमेशा तत्पर एवं सजग रहें।

देखते ही देखते एक तरफ फासिज्म का उदय और दूसरी तरफ साम्यवाद का प्रचार–प्रसार इन्हीं के बीच में संसार में झूल रहा था और इसी बीच प्रेमचंद ने ऐतिहासिक सत्य को जमकर पकड़ा और मई 1933 के 'हंस' में संसार की दोरुखी प्रगति, पर टिप्पणी लिखी एवं इस प्रकार से आगे हर्ष के साथ प्रस्तुत किया है–'' दुनिया में बढ़ते हुए साम्यवादी प्रभाव पर उन्होंने हर्ष व्यक्त किया है। रूस में भाग्य– विधाता (31 अक्टूबर, 1932), में स्टालिन की प्रशंसा की है। रूस में समाचार

पत्रों की उन्नति (21 अगस्त, 1933), 'रूस का नैतिक उत्थान' (फरवरी 1934) आदि और भी टिप्पणियां उन्होंने लिखी। 29 जनवरी, 1934 को उन्होंने दुनिया की हवा का रुख टिप्पणी में एक संवाददाता की सम्मति दी है ''ऐसा मुश्किल से कोई समझदार आदमी मिलेगा जिसमें जरा भी विचार शक्ति हो'' इस कारण भी वे डेमोक्रेसी यानी जनसत्ता के विरोधी हो गये क्योंकि यह जनसत्ता वास्तव में धनसत्ता हो गयी थी। 11 दिसम्बर 1933 को उन्होने लिखा। आज संसार में पूंजीवाद की जड़े खोखली हो रही है। फासिज्म और नाजिज्म इस समझौते के रूप हैं पर लक्षण बता रहे हैं कि निकट भविष्य में आजकल का पूंजीवादी जमीन पर पड़ा होगा और उसकी लाश पर समाजवाद ही धारा बह रही होगी।'' भावी महासमर के बादल मंडरा रहे हैं, साम्राज्यवादियों की स्वार्थ लिप्सा बढ़ रही है, लेकिन भविष्य मानवता का समाजवाद का है। साम्राज्यवाद का नहीं।''[8] इसके अलावा भी प्रेमचंद जी ने समकालीन राजनीतियों की तथा राष्ट्रभाषा नीति की खूब आलोचना की है। समाज में राजनीतिज्ञों की भूमिका पर व्यापक रूप से विचार भी किया है।

## निष्कर्ष–

अतः प्रेमचंद जी मनुष्य के जीवन में दो आयाम को जोड़कर पूर्णता प्रदान करना चाहते थे। पहला आयाम है–काल सापेक्षता का विवेकी ज्ञान और दूसरा आयाम है प्राकृतिक दुर्गुणों से मनुष्य की मुक्ति। इस तरह से मानव के प्राकृतिक स्वरूप को स्वीकार कर उसे मानव धर्म की पूर्णता तक पहुँचाने वाली यह प्रेमचंद जी की जीवन–दर्शन की यात्रा है। प्रेमचंद जी साम्यवाद के संदेशवाहक थे, उन्होंने समाज के साथ–साथ साधारण वर्गों की ओर दृष्टि तो डाली ही, साथ ही मध्यम एवं निम्न वर्ग की ओर भी अपनी दृष्टि डाली थी। जिसमें किसान, मजदूर, दुकानदार, जमींदार, सरकारी अफसर और पूंजीपतियों से संघर्ष का जैसा जीवित उदाहरण प्रेमचंद जी ने प्रस्तुत किया है एवं चित्रण किया है वह उनके जीवन–दर्शन का जीता जागता उदाहरण है। मुख्य रूप से साम्यवादी दर्शन को बनाने में रूसी क्रांति का प्रमुख स्थान है। अतः मुंशी प्रेमचंद कथा साहित्य में साम्यवादी एवं समाजवादी जीवन–दर्शन के स्वरूप का बहुत महत्व रहा है।

## संदर्भ सूची

1. प्रो. रामवृक्ष, प्रेमचंद और भारतीय किसान, वाणी प्रकाशन 1982 4695, 21 ए, दरियागंज, नयी दिल्ली 110002, पृ.सं. 129
2. प्रेमचंद, गोदान, मलिक एण्ड कम्पनी संस्करण– 2005, 337, चौड़ा रास्ता, जयपुर 302003 पृ.सं. 47–48
3. संपादक सत्येन्द्र, प्रेमचंद, पृ. संख्या–21।
4. डॉ कृष्णदेव झारी, प्रेमचंद की उपन्यास–कला का उत्कर्ष, नालंदा प्रकाशन 1997 पृ. संख्या–217।
5. प्रेमचंद–आलोचनात्क अध्ययन, पृ. संख्या,109।
6. प्रो. रामवृक्ष, प्रेमचंद और भारतीय किसान, वाणी प्रकाशन 1982 4695, 21 ए, दरियागंज, नयी दिल्ली 110002, पृ.सं. 130।
7. प्रो. रामवृक्ष, प्रेमचंद और भारतीय किसान, वाणी प्रकाशन 1982 4695, 21 ए, दरियागंज, नयी दिल्ली 110002, पृ.सं. 130।
8. प्रो. रामवृक्ष, प्रेमचंद और भारतीय किसान, वाणी प्रकाशन 1982 4695, 21 ए, दरियागंज, नयी दिल्ली 110002, पृ.सं. 131।

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 4 (OCT TO DEC., 2022) ISSN : 2350-0441

A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal

IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999

Paper Recieved : 25th Nov 22 Paper Accepted : 10th Dec 22

# महिलाओं के प्रति सामाजिक न्याय और सोशल मीडिया की भूमिका

❑ आरती भदौरिया*

❑ डॉ. अखिलेश कुमार गुप्ता**

## शोध सारांश

जल के ऊपर हाल वही, जो जल की तह में हाल, मछली बन के जाये कहा, अब जल ही सारा जाल। महिलाऐं जो सारे ब्रह्मांड की सृजनकर्ता है क्या उनका कोई सृजनकर्ता है इस ब्रह्मांड में। आधी आबादी कहीं जाने वाली सम्पूर्ण विश्व की महिलाओं को आज क्या समझा जाता है देवी, माँ, जीवनसंगनी या फिर उपभोग की एक वस्तु जो उनके प्रति सामाजिक स्थिति को चरितार्थ करता है उसमें भी अह्म भूमिका है सोशल मीडिया की जो महिलाओं को सम्मान दिलाना तो दूर अपना वर्चस्व कायम रखने में भी सफल भूमिका नहीं निभाता सोशल मीडिया को ''सामाजिक जन संचार'' कहा जाता है जहां सभी उपयोगकर्ता जो मीडिया नजर में काम करते हैं आज महिलाओं को 'न्याय' दिलाने में असहयोग नजर आ रही है– उनके प्रति हुए अन्याय को न्याय में बदलने के लिए साहसिक कदम नहीं उठा रही है, अध्ययन को तुलना की दृष्टि से देखा जाये तो जो स्थिति सदियों से थी महिलाओं की स्थिति वो आज क्यों महिलाओं के साथ नहीं है आज समाज में हर क्षेत्र में समस्याऐं उपलब्ध हैं समाज में सबसे अधिक महिलाओं का योगदान है।

**प्रस्तावना–**

सर्वप्रथम समाज की हिंसाओं का स्वरूप बदलो अन्याय खुद व खुद मिट जायेगा। जिन रूपों में समाज में अपराध उपलब्ध दिखाई देता है अपराध खत्म करो सारी परेशानियाँ भी खत्म हो जायेगी मीडिया का प्रभाव भी हिंसा, अपराध में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है प्रयास करो कि मीडिया का अच्छा स्वरूप, अच्छा सहयोगी योगदान भी दे फिर हमारा परिवार, हमारा समाज, हमारा राज्य और तब जाकर हमारे राष्ट्र का निर्माण होगा, तभी सोशल मीडिया की सार्थक भूमिका निभा सकेंगे। जिस रात देश की महिलाऐं आधी रात को सड़कों

* शोधार्थी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

** कमलाराजा कन्या महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

पर चल सकेगी उस रात हम वास्तविक स्वतंत्रता हासिल कर लेंगे–''**महात्मा गाँधी**''

महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों ने देश की अंतरात्मा को झकझोर दिया है शायद ही ऐसा कोई दिन बचता है जब अखबार में दुष्कर्म की घटनाएं, छेडकानी की घटनायें या महिला लूटपाट की घटनायें अखबार में ना छपती हों, कानून व्यवस्था के प्रति तो इतना असंतोष है– समाज का, कि लोगों पुलिस द्वारा हैदराबाद में दुष्कर्म के आरोपियों की मुठभेड़ में मौत हुई अपराधियों के प्रति खुशी जाहिर की और जश्न मनाया अनेक जाने–माने राजनैतिक लोगों ने तेलंगाना पुलिस की प्रशंसा भी की।

लेकिन ऐसा होना खतरे की घंटी है इससे स्पष्ट होता है कि लोगों का वर्तमान क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम से विश्वास उठ गया है और अन्य देशों में ऐसा ही वातावरण बन गया है जहां ''महिलाओं को सामाजिक न्याय'' नहीं मिल पा रहा।

स्पेन में एक महिला के साथ हुए दुष्कर्म का वीडियो उसे दिखाकर उसकी प्रतिक्रिया टी.वी. चैनल पर दिखाई गई इससे लोगों में भयंकर रोष हुआ स्पेन में जगह–जगह लोगों ने विरोध किया फलस्वरूप जेप्पेसिक टी.वी. कम्पनी, जिससे शो दिखाया गया था, को क्षमा मांगनी पड़ी। दक्षिण अमेरिका के चेली देशों में महिलाओं के एक संगठन 'ला तोसिस' की ओर से बनाया गया वीडियो ''द रोपिस्ट इज यू'' चर्चा में था चिली की राजधानी सेटियागों में करीब 10 हजार महिलाओं ने काले कपड़े और लाल स्कार्फ पहनकर इस गाने को गाया।

भारत देश की बात की जाये तो इसकी स्थिति तो बहुत ही दयनीय है हर दिन एक महिला या एक से अधिक महिलाओं के साथ ऐसा जघन्य अपराध घटित हो रहा है और इस तरह से मामलों का भारत देश में बढ़ना एक गंभीर चिंता का विषय है नारी को भारत देश में हमेशा से सम्मान की दृष्टि से देखा गया है– दुर्भाग्य से हमारे मूल्यों में इधर इतना ह्रास हो गया है कि नारी को बहुत से लोग अब उपभोग की वस्तु (सामग्री) समझने लगे हैं।

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन World Health Organization ने हाल में महिला अपराध पर एक अध्ययन प्रकाशित किया है जो इर्स्टन मेडिटेरियन हेल्थ जर्नल में प्रकाशित (हुआ) है इसमें कहा है कि विश्व भर में महिलाएं भले ही वह किसी भी वर्ग की हो या किसी भी समाज की हो किसी न किसी प्रकार की हिंसा का शिकार होती हैं। इस अध्ययन के अनुसार भविष्य में भी और महिलाओं के प्रति सामाजिक न्याय का आधार स्तम्भ है।

स्वतंत्रता, समानता और सुरक्षा इनके बिना महिलाओं को न्याय मिलना असंभव है और यह तब संभव है जब हमारे पुरूष प्रधान देश की सोच परिवर्तित हो।

महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सभी का मुख्य फोकस न्याय व्यवस्था पर तथा कानून में कड़े व दण्ड का प्रावधान करने पर होता है जबकि आवश्यकता इन प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही एवं दंड की निश्चितता होनी चाहिए वैसे भी अपराधों की रोकथामों में न्याय प्रणाली की व्यवस्था से जुड़ी विभिन्न संस्थाओं की कार्यप्रणाली एवं प्रभावशीलता में द्रुत गति से सुधार लावे।

18वीं सदी में उद्धमित औद्योगिक क्रान्ति ने संस्कृति, एकल परिवार व भौतिकवाद को जन्म दिया फलस्वरूप महिलाएं घर से बाहर निकल कर आर्थिकोपार्जन करने लगी। इस व्यवस्था में इन्हें आर्थिक असमानता व अनेक विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। इसलिए

महिलाओं ने संगठित होकर भेदभाव के विरूद्ध आवाज उठानी पड़ी। 1840 में लुक्राशिया की अखेत महिलाओं ने समान वेतन एवं दिन में 10 घंटों के कार्य निर्धारण के लिए हड़ताल की यह हड़ताल इतनी व्यापक व सशक्त थी कि इसकी याद में प्रतिवर्ष 8 मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है।

1904 को संयुक्त राष्ट्र अमेरिका में अंतर्राष्ट्रीय महिला मताधिकार प्रदान किया, इसके पश्चात ऑस्ट्रेलिया सहित अन्य राष्ट्रों ने भी महिलाओं को मताधिकार दिया यह गर्व की बात है कि बिना संघर्ष के भारतीय महिलाओं को मताधिकार भी प्राप्त हो गया। 24 अक्टूबर 1945 को संस्थापित संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी विश्व स्तरीय संस्था ने स्त्री पुरूष समानता के सिद्धांत को अपने चार्टर में समाहित किया।

इन बदलते हुए हालातों में आज स्त्री विमर्श जरूरी हो गया है और इसमें प्रिंट मीडिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, रेडियो रंगमंच और टेलीविजन भी पीछे नहीं है समाज रंगकर्म और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में आज की स्त्री की छवि कैसी और कितनी बदली तथा उसे किस रूप में प्रस्तुत किया गया इसका विवेचन और विश्लेषण करना एक जिम्मेदारी है और एक गंभीर समस्या भी है जिसका समाधान आवश्यक है।

जहाँ तक आधुनिक भारतीय समाज और स्थिति काफी जटिल और पेचीदा है लेकिन शायद हमारे भारत जैसे महान देश में महिलाओं के सारे अधिकार कागजी रूप का स्वरूप ही हैं क्योंकि समाज में ऐसा कुछ देखने को नहीं मिलता जब भी किसी महिला के साथ हिंसा होती है वह प्रक्रिया बड़ी जटिल और लम्बी हो जाती है जहाँ वो खुद के साथ हुये अन्याय का न्याय चाहती है तब यह समाज उसके साथ आगे बढ़कर साथ नहीं देता क्योंकि ये भारत देश पुरूष प्रधान देश है दिखावटी रूप में महिलाओं के प्रति कानून बने हैं। न्यायपालिका स्थापित की है, पुलिस की सुरक्षा दी गई है पर हिंसा के समय में यह महिलाओं को उनका वास्तविक अधिकार नहीं दे सकते हैं। अर्थात् विलम्ब से मिलने वाला न्याय न मिलने के बराबर ही होता है–

महिलाओं के प्रति सामाजिक न्याय और उसमें सोशल मीडिया की भूमिका क्या है इस विषय पर हम जान लें कि मीडिया क्या है संचार मनुष्य की स्वभाविक आवश्यकता है आस पास की घटनाओं से लेकर व्यक्ति क्षेत्रीय राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण ब्रह्मांड को जानने को उत्सुक रहता है– साथ ही प्राप्त ज्ञान को लोगों तक पहुंचाने के लिये उत्सुक रहता है। आक्सफॉर्ड डिक्शनरी–संचार का आशय को अंतरण कहा गया।

संचार के द्वारा ही मानव जीवन सामाजिक सम्बन्धों का निर्माण होता है। सम्प्रेषक, संदेश, माध्यम, मार्ग, श्रोता एवं प्रतिपुष्टि संचार का वह रूप जो एक साथ अनगिनत लोगों तक सूचनाएं पहुचांए उसी को सामाजिक संचार कहते हैं–

किसी भी सामाजिक संचार के माध्यम का विशिष्ट अभिलक्षण होता है–जन सामान्य या उसके किसी हिस्से तक सूचना एवं विचारों का प्रसारण करना उन्हें शिक्षित करना मनोरंजन करना निगरानी करना, एजेण्डा तैयार करना विचार–विमर्श के लिए मंच उपलब्ध कराना आदि सामाजिक संचार साधारणत जनता के लिए होता है यह किसी वर्ग विशेष हेतु नहीं होता है। डॉ. ए.डी. लेविस और डब्लू एम. डेविस ने कहा है कि जनसंचार का वर्तमान समाज पर गहरा प्रभाव है इसी के द्वारा समाज की मनोदशा विचार, संस्कृति एवं जीवन दशायें निश्चित और निर्देशित होती हैं। राधेश्याम

शर्मा ने कहा है कि समाचार पत्रों का ही प्रभाव है कि सामाजिक परिवर्तन लाने की दिशा में समाचार जगत की महत्वपूर्ण भूमिका है। बदलते परिवेश में मीडिया का प्रभाव महिलाओं पर पड़ना भी स्वभाविक ही है इस संचार क्रान्ति ने महिलाओं के जीवन से जुड़े अनेक पक्षों को प्रकाशित किया।

महिलाओं ने पत्रकारिता (मीडिया) जैसे व्यवसाय में समय बिताने के साधन ही नहीं बल्कि एक गम्भीर व्यवसाय के रूप में चुनना भी शुरू कर दिया है महिलाओं के लिए एक तरह से वर्जित और पुरूष प्रधान व्यवसाय को उन्होंने एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया है आज किसी भी न्यूज चैनल पर समाचार वाचक एवं समाचार संग्रहकर्ता के रूप में महिलाओं की संख्या निरंतर बढ़ रही है। दूरदर्शन के जमाने से ही विज्ञापन के समय उठकर काम निपटाने की प्रवृत्ति थी यानी ज्यादातर विज्ञापन लोग देखना ही पसंद नहीं करते थे पर इन दिनों बेहतर संदेश देने वाले विज्ञापन हमें अपील कर रहे हैं क्योंकि आज भी हमारी संवेदनशीलता कायम है हमारी भावना थोड़ी सुस्त हो सकती है, पर खत्म नहीं हो सकती।

समाचार पाने के लिए आधी रात को कार्य करने जाना पड़ता है कार्य निपटाने के लिए सर्दी, वर्षा, आंधी तूफान की बिना परवाह किए भी घर से निकलना पड़ता है, कई बार युद्ध संवाददाता को खतरनाक स्थानों पर भी कार्य करना पड़ता है, कई बार विदेशियों के साथ रहना पड़ता है निश्चय ही यह काम महिलाओं के लिए उपयुक्त नहीं माने जाते फिर भी पिछले कुछ समय से महिलाओं ने इस व्यवसाय के लिए शर्मीले, दब्बू, एकाकी, अलग थलग रहने वाले झूठ बोलने वाले या फरेवी, संकोची और अभिमानी व्यक्ति भी उपयुक्त नहीं हो सकते इन गुणों के बहुत कम व्यक्ति ही इस कार्य में सफल हो सके हैं।

**संचार के प्रकार –**

(1) आभ्यतर संचार (2) अर्तवैयक्तिक संचार (3) समूह संचार (4) जन संचार (5) अन्य संचार

संचार को कई रूपों में विभाजित किया है जिसमें से एक है सोशल मीडिया, सोशल मीडिया का हमारे दैनिक जीवन में नकारात्मक और सकारात्मक दोनों ही प्रभाव देखने को मिलते हैं। सोशल मीडिया की ''सकारात्मक'' भूमिका के बारे में बात करें तो यह महिलाओं को शिक्षित करने में अहम भूमिका निभा रही है, रोजगार का अवसर भी दे रही है और खुद की पहचान बनाने में सार्थक भूमिका निभा रही है। वही इसकी नकारात्मक पहलू की बात करें तो महिलाओं की पहचान को इंटरनेट के माध्यम से गलत तरीके से प्रसारित करना, अश्लील फोटो नेट पर डालकर उनका अपमान किया जा रहा है, वीडियो आदि बनाकर उनके अस्तित्व के लिए घातक सिद्ध हो रहा है, महिलाओं के प्रति सामाजिक न्याय दिलाने में सोशल मीडिया की भूमिका निम्न रही है क्योंकि यहाँ सब एक के पीछे एक चलने का चलन है जिसका परिणाम आज हमारे समाज में अविष्कारों ने महिलाओं की संवेदना, सम्मान, अस्तित्व को हिला कर रख दिया है, सोशल मीडिया एक अंधेरा भी और उजाला भी है।

सोशल मीडिया के कारण आज जहाँ परिवार में अंतः क्रिया बढ़ रही है वो वही लोगों में नजदीकिया बढ़ रही हैं यह सम्बन्धों के अस्थिरता के लिये भी जिम्मेदार है आधुनिकता ने हमारे समाज की सभी संस्थाओं को प्रभावित कर उनकी संरचना एवं प्रकार्यों में व्यापक परिवर्तन लाये हैं –

**सोशल मीडिया द्वारा उत्पन्न समस्याऐं –**

(1) पारिवारिक कलह

(2) बड़ों के सम्मान में कमी

(3) समाज में घुलने मिलने के अलावा लोग इस मंच को प्राथमिकता दे रहे हैं।
(4) व्यक्तिगत जीवन का सार्वजनिकीकरण
(5) दुर्घटनाओं को बढ़ावा मिलना

**सोशल मीडिया द्वारा उत्पन्न समस्याओं का समाधान –**

(1) लोगों को शिक्षित और जागरूक करें
(2) कम उम्र के बच्चों के उपयोग पर रोक लगाकर
(3) गलत सूचना, चित्र ऑडियो, वीडियो क्लिप अपलोड एवं शेयर करने वालों को कठोर दण्ड देकर।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. रंग कर्म और मीडिया, जयदेव तनेजा, साहित्य पब्लिकेशन
2. समीरा मासिक पत्रिका भोपाल प्रकाशन
3. आधुनिक संचार और हिन्दी तक्षशिला प्रकाशन 98–ए हिन्दी पार्क दरियागंज नई दिल्ली
4. शर्मा व व्यास भारत का इतिहास, अर्जुन पब्लिशिंग
5. राजनारायण, स्त्री विमर्श और सामाजिक आन्दोलन

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 4 (OCT TO DEC., 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999
Paper Recieved : 20th Nov 22 Paper Accepted : 10th Dec 22

# लैंगिक असमानता का प्रमुख कारण ( ग्वालियर नगर के परिप्रेक्ष्य में )

❒ शिवा पाण्डेय*
❒ डॉ. गीता श्रीवास्तव**

## शोध सारांश

भारत में वैदिक काल से वर्तमान तक का अध्ययन करने पर हम पायेंगे कि वैदिक काल में महिलाओं को पुरूषों के समान अधिकार प्राप्त थे। स्त्री भी पुरूष के समान ही समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा मानी जाती थी। आधुनिकता के प्रभाव में महिलाओं के अधिकारों की क्षति होती जा रही है। महिलायें अवहेलना, शोषण प्रताड़ना तथा घरेलू हिंसा आदि का शिकार बनती जा रही हैं। प्राचीन काल में महिलाओं को जहाँ देवी का स्वरूप माना जाता था, वही विगत कुछ वर्षों में लैंगिक असमानता एवं कन्या भ्रूण जैसी हत्यायें आम हो गई हैं। भारतीय समाज में प्रायः लड़के के जन्म को सौभाग्य और एक लड़की के जन्म को दुर्भाग्य के रूप में देखा जाता है। परन्तु महिलायें सिर्फ भोग विलास की वस्तु नहीं है। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर केवल एक दिन महिला अधिकारों की बात करना, महिला को सशक्त नहीं बना सकता है। समाज में व्याप्त इस गंभीर समस्या को देखते हुये ही प्रस्तुत आलेख में कन्या भ्रूण हत्या एवं लैंगिक असमानता के दुष्परिणाम पर विचार किया गया है। समाज में इस बुराई को दूर करने के उपाय सुझाये गये हैं।

**कीवर्ड–** कन्या भ्रूण हत्या, लैंगिक असमानता, संवेदना, कुप्रवृत्ति गर्भस्थ शिशु।

* शोधार्थी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)
** (प्राध्यापक) समाजशास्त्र, महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

**प्रस्तावना–**

भारतीय समाज की पराम्परागत सामाजिक संरचना से जुडी हुयी समस्याओं में लिंग पर आधारित असमानता एक प्रमुख समस्या है। यह सच है कि असमानता अथवा विषमता सभी समाजों में एक सार्वभौमिक विशेषता रही है। यह असमानता सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, धार्मिक और जैवकीय आदि सभी क्षेत्रों में देखने को मिलती है। यह भी सत्य है कि सभी लोगों की शारीरिक एवं मानसिक कुशलता एक दूसरे से भिन्न होने के कारण उनके बीच कुछ असमानता विकसित हो जाना एक बहुत ही स्वभाविक घटना है। असमानता एक समस्या तब बनती है जब इसके लिये स्वयं व्यक्ति जिम्मेदार नहीं होता बल्कि एक विशेष सामाजिक व्यवस्था, सामाजिक मूल्यों एवं सांस्कृतिक प्रतिमानों के कारण विभिन्न व्यक्तियों को जीवन में विकास के समान अवसर प्राप्त नहीं हो पाते।

लैंगिक असमानता वर्तमान समाज की एक ऐसी बुराई के रूप में उभर कर सामने आ रही है कि हमारी सोच एवं संस्कृति को महिलाओं के लिये एक बडी समस्या के रूप में दृष्टिगोचर होना पड़ रहा है। मनुष्य को प्राणियों में सर्वश्रेष्ठ इसलिये माना जाता है कि उसमें बुद्धि का सही प्रयोग करने की क्षमता है तथा इससे वह स्वयं की तथा दूसरे की अधिकारों की रक्षा कर सकता है महिलाओं के बारे में वेदों में भी कहा गया है कि स्त्री यज्ञीय है अर्थात् स्त्री यज्ञ के समान पूज्यनीय है। वेदों में नारी को ज्ञान देने वाली, सुख समृद्धि लाने वाली, विशेष तेज वाली देवी, सरस्वती, दुर्गा, लक्ष्मी इत्यादि अनेक आदरसूचक नाम दिये हैं। वैदिक काल में कन्या को अपना पति स्वयं चुनने का अधिकार प्राप्त था। इस काल में नारी और पुरूष दोनों को समाज में समान अधिकार प्राप्त थे दोनों गृहकार्य और बाह्य कार्यों में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से भाग लेते थे। नारी की प्रजनन शक्ति के कारण ही सिन्धु समाज मातृसत्तात्मक था और सृजन शक्ति के रूप में उसका आदर किया जाता था।[1] प्राचीन भारतीय सामाजिक व्यवस्था स्त्रियों का विशिष्ट स्थान रहा है हिन्दू समाज में उनका स्थान व सम्मान आदर्शात्मक तथा मर्यादायुक्त था पुरूषों के समान ही उन्हें समाज में उच्च स्थान प्राप्त था। भारतीय सामाजिक व्यवस्था में न केवल विद्याशील, ममता, यश और सम्पत्ति का प्रतीक समझी गयी बल्कि धर्मशास्त्र में उन्हें सर्वशक्तिमान भी माना गया है।[2]

उक्त संदर्भ के बावजूद ''पूर्व मध्ययुग व परवर्ती युग में नारियों के धार्मिक व सामाजिक स्वतंत्र पर अंकुश लगा दिया गया था उसके प्रति निंदनीय शब्दों का प्रयोग किया गया तथा उनका स्वतंत्र अस्तित्व समाप्त सा हो गया। धार्मिक सामाजिक दृष्टि से प्रतिबंधित उन्हें दासी बना दिया गया। आज समाज में व्याप्त कुरीतियों में कन्या भ्रूण हत्या भी शामिल है। कन्या भ्रूण हत्या का सामान्य अर्थ है कि इच्छित संतान पुत्र की प्राप्ति के लिये वैज्ञानिक तकनीक उपकरणों के माध्यम से गर्भस्थ शिशु पुत्री की हत्या करवा देना यद्यपि कानून रोक के बावजूद भी इस पर अंकुश नहीं लग सका है। कन्या भ्रूण हत्या के बढने से प्राकृतिक व सामाजिक सन्तुलन पर प्रभाव पडता है यह सत्य है कि लड़का होने पर उस भ्रूण के साथ कोई छेडछाड नहीं होती है किन्तु लड़की की चाह न होने पर उस भ्रूण से छुटकारा पाने की प्रक्रिया अपनायी जाती है। कन्या भ्रूण हत्या का बढता प्रचलन समाज के लिये चिन्ता का विषय बन गया है।

**अध्ययन के उद्देश्य –**

1. भारतीय समाज में लिंग असमानता के कारणों का पता लगाना।
2. ग्वालियर नगर में लिंग असमानता की स्थिति का पता लगाना।

3. ग्वालियर क्षेत्र में लिंग असमानता के प्रमुख कारण।
4. लिंग असमानता का पता लगाकर उसका समाधान खोजना।

**प्राकल्पनायें–**

1. भारतीय समाज में लिंग असमानता तेजी से बढ रही है।
2. लिंग असमानता का तकनीक से प्रत्यक्ष सम्बन्ध है।
3. लिंग असमानता धार्मिक विचारों से प्रभावित होती है।

**शोध प्रवधि** – शोध प्रवधि के अन्तर्गत प्रायमरी डाटा व द्वितीय डाटा दोनों का प्रयोग किया गया है। प्रायमरी डाटा हेतु स्वयं शोधार्थी साक्षात्कार सूची लेकर अनुसंधान क्षेत्र में गया है और साक्षात्कारकर्ता से प्रायमरी द्वारा प्राप्त किया है। द्वितीयक डाटा हेतु किताब न्यूज पेपर का अध्ययन किया गया है।

इस लघु शोध में ग्वालियर नगर की जनसामान्य महिलाओं का उत्तरदाताओं के रूप में चयन किया गया है। इन उत्तरदाताओं को उनके धर्म, परिवार की संरचना, आयु के अनुरूप वर्गीकृत कर उनसे परिणाम जानने का प्रयास किया गया है।

**सारणी क्र. –1**

**उत्तरदाताओं का धर्म**

| क्र. | धर्म | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | हिन्दू | 208 | 69.33 |
| 2 | मुस्लिम | 45 | 15.00 |
| 3 | सिक्ख | 14 | 4.67 |
| 4 | अन्य | 33 | 11.00 |
| | योग | 300 | 100 |

**सारणी क्र. –2**

**उत्तरदाताओंकी आयु**

| क्र. | धर्म | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | 20–25 | 109 | 36.33 |
| 2 | 25–30 | 80 | 26.67 |
| 3 | 30–35 | 50 | 16.67 |
| 4 | 35–40 | 35 | 11.67 |
| 5 | 40–45 | 26 | 8.66 |
| | योग | 300 | 100 |

**सारणी क्र. –3**

**उत्तरदाताओंका शैक्षणिक स्तर**

| क्र. | धर्म | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल | 20 | 6.67 |
| 2 | इन्टरमीडियेट | 40 | 13.33 |
| 3 | स्नातक | 160 | 53.33 |
| 4 | परास्नातक | 50 | 16.67 |
| 5 | अन्य | 30 | 10.00 |
| | योग | 300 | 100 |

**सारणी क्र. –4**

**उत्तरदाताओंके परिवार की संरचना**

| क्र. | धर्म | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | एकांकी | 176 | 58.67 |
| 2 | संयुक्त | 124 | 44.33 |
| | योग | 300 | 100 |

सारणी क्र. –5

उत्तरदाताओंकी पारिवारिक स्थिति

| क्र. | धर्म | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | निम्न | 80 | 26.67 |
| 2 | मध्यम | 120 | 40.00 |
| 3 | उच्च | 100 | 33.33 |
| | योग | 300 | 100 |

किसी भी सामाजिक अध्ययन में जाति, आयु, परिवार की संरचना आय का महत्व होता है। स्त्री लिंग असमानता का प्रमुख कारण इन्हीं सामाजिक संरचनाओं में छुपा रहता है। उक्त अध्ययन अनुसंधान क्षेत्र की स्थिति को प्रकट करता है। अनुसंधान क्षेत्र के 300 उत्तरदात्रियों पर किये गये अध्ययन से पता चलता है कि उत्तरदाताओं का धर्म (सारणी क्र. 1) हिन्दू 208 (प्रतिशत 69.33), मुस्लिम 45 (प्रतिशत 15.00), सिक्ख 14 (प्रतिशत 4.67) व अन्य 33 (प्रतिशत 11.00) है।

हिन्दू सामाजिक व धार्मिक–आर्थिक स्तर पर हमारे समाज में व्यक्ति को आयु के अन्तर्गत विभिन्न दायित्व सौंपे गये हैं। आयु में अंतर के साथ–साथ व्यक्ति की कार्य क्षमता, रूचि, दृष्टिकोण, दायित्वों और मनोवृत्तियों में परिवर्तन दृष्टिगोचर होता है। प्रस्तुत अध्ययन में शोधार्थी ने उत्तरदात्रियों की आयु का विश्लेषण किया है। 20 वर्ष से 45 वर्ष की अधिक आयु की उत्तरदात्रियों को शोध अध्ययन में शामिल किया गया है। (सारणी क्र. 2) 20–25 वर्ष की आयु की संख्या 109 (प्रतिशत 36.33), 25–30 आयु की संख्या 80 (प्रतिशत 26.67), 30–35 आयु की संख्या 50 (प्रतिशत 16.67), 35–40 आयु की संख्या 35 (प्रतिशत 11.67), 40–45 आयु की संख्या 26 (प्रतिशत 8.37) है।

सारणी क्र. 3 में उत्तरदातायों की शैक्षणिक स्तर का अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। शिक्षा के द्वारा ही मानव ने अपना भौतिक व बौद्धिक एवं नैतिक विकास किया है। शिक्षा ही व्यक्ति को मानसिक विकास द्वारा उसे आदर्श व स्वस्थ नागरिक बनाती है। शिक्षा ही योग्य सामाजिक विकास का प्रमुख साधन है। शिक्षा जीवन पर्यन्त चलने वाली प्रक्रिया है जो कि बाल्यकाल से प्रारंभ होकर जीवन के अंत तक चलती रहती है। चयनित 300 महिलाओं में से 20 महिला हाईस्कूल (प्रतिशत 6.67), 40 महिला इन्टरमीडियेट(प्रतिशत 13.33), 160 महिला स्नातक (प्रतिशत 53.33), 50 महिला परास्नातक (प्रतिशत 16.67) एवं अन्य 30 महिला (प्रतिशत 10.00) है।

सारणी क्र. 4 में पारिवारिक संरचना प्रस्तुत की गई है। भारतीय परम्परागत समाज में परिवार के कई स्वरूप सामने आये हैं। भारतीय परम्परागत समाज संयुक्त परिवारों के आदर्श को समाहित करता है। परन्तु वर्तमान समय में औद्योगिकरण व नगरीकरण बढ़ने से भारतीय समाज एकांकी परिवार भी अस्तित्व में आया है जिसकी तीव्र वृद्धि हो रही है, किन्तु आज भी भारतीय समाज में संयुक्त परिवार अस्तित्व में बना हुआ है। प्रस्तुत अध्ययन में उत्तरदातायों की पारिवारिक स्थिति निम्न है। एकांकी परिवार की संख्या 176 (प्रतिशत 58.67) व संयुक्त परिवार की संख्या 124 (प्रतिशत 44.33) है।

आय के आधार पर प्रत्येक व्यक्ति की सामाजिक प्रस्थिति संस्कृति खान पान व रहन सहन व जीवन शैली में अंतर पाया जाता है। सारणी क्र. 5 300 उत्तरदाताओं के परिवार की स्थिति की जानकारी दी गयी है। 80 महिलाओं के परिवार का स्तर निम्न है (26.67 प्रतिशत है)। 120 महिलाओं के परिवार की स्थिति मध्यम वर्ग है

(प्रतिशत 40.00) है। उच्च परिवार स्थिति से सम्बन्धित महिलायें 100 है (प्रतिशत 33.33) है।

जनगणना 2011 के अनुसार भारत में वर्तमान लिंग अनुपात 943 है। यानी की 1000 पुरूषों पर 57 महिलायें कम हैं। किन्तु यह राष्ट्रीय आंकड़े है। राज्यों व जिलों की स्थिति और भी भिन्न हैं जहॉ केरल में लिंगानुपात 1064 है वहीं दमन और दीप में लिंगानुपात 618 है तथा दिल्ली जो भारत की राजधानी हैं वहॉ का लिंगानुपात 866 है जो चौंकाने वाले आंकड़े प्रस्तुत करते हैं कि भारत में लिंगानुपात एक गंभीर समस्या है।

अध्ययन क्षेत्र ग्वालियर का लिंगानुपात 862 है। शोध अध्ययन से यह बात सामने आयी है कि केरल जैसे शिक्षित राज्यों में लिंगानुपात अधिक है किन्तु ग्वालियर जो शैक्षणिक हब बनता जा रहा है वहॉ लिंगानुपात कम होना भौगोलिक स्थिति को प्रदर्शित करता है।

300 उत्तरदाताओं के शोध अध्ययन से ज्ञात होता है कि करीब 50 प्रतिशत महिलाओं ने माना कि स्वतंत्र निर्णय लेने का अधिकार नहीं है। करीब 70 प्रतिशत महिलाओं ने माना है कि उनके साथ लैगिंक भेदभाव होता है। यह भेदभाव खाने–पीने, ओढ़ने–पहनने से लेकर शिक्षा में भी किया जाता है करीब 70 प्रतिशत महिलाओं ने माना कि लिंग परीक्षण में उसके परिवार वाले संलग्न रहते हैं तथा बेटी की अपेक्षा बेटा होने पर विजय भाव का अनुभव करते हैं। 30 प्रतिशत महिलाओं ने यह माना कि उनका परिवार व पति उसके साथ उपेक्षापूर्ण व्यवहार करते हैं। आज स्त्री शिक्षा का प्रतिशत दिनोदिन बढ़ रहा है। किन्तु समाज में स्त्री उपेक्षा निरन्तर जारी है। कई कारणों में कन्या भ्रूण हत्या केवल इसलिये कर दी जाती है कि उसके परिवार में बेटी की अपेक्षा बेटा की चाहत ज्यादा है। करीब 80 प्रतिशत महिलाओं ने यह भी माना है कि भारतीय समाज में स्त्री की स्थिति अच्छी नहीं है। उनके साथ भेदभाव किया जाता है यह भेदभाव परिवार से प्रारंभ होकर समाज में चलता रहता है। 2005 में महिला उत्पीड़न कानून बनने के बाद भी महिला उत्पीड़न निरन्तर जारी है। यह केवल लिंग के कारण है। इसका परिणाम ग्वालियर क्षेत्र का लिंगानुपात 862 है।

**लैंगिक असमानता को रोकने के उपाय –**

1. महिला शिक्षा को बढ़ावा।
2. कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम हेतु बने कानूनों को प्रभावी तथा मजबूत बनाया जाये ताकि यह कृत्य करने पर सजा के डर से इनके आंकड़ों में कमी लायी जा सके।
3. महिलाओं में अपने अधिकारों के प्रति एवं सरकार द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं के प्रति जागरूक होना।
4. धर्मगुरूओं द्वारा लैंगिक असमानता एवं कन्या भ्रूण हत्या को रोकने का कार्य अपने धार्मिक अनुयायियों के माध्यम से किया जाना चाहिये।
5. लैंगिक समानता के लिये जागरूकता बढ़ाने वाले कार्यक्रमों का प्रचार प्रसार करना।
6. महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों को रोकने वाले कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करना।
7. लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना।

**निष्कर्ष –**

यह परिकल्पना सत्य प्रतीत होती है कि भारतीय समाज में लिंग असमानता तेजी से बढ़ रही है तथा तकनीकी का प्रयोग करके कन्या भ्रूण की पहचान कर उसकी हत्या कर दी जाती है तथा आज भी मोक्ष की प्राप्ति हेतु बेटों की चाहत बरकरार है। अतः इस परिप्रेक्ष्य से देखा जाये तो शिक्षा तथा लोगों में जागृति से लैंगिक असमानता

एवं भ्रूण हत्या जैसे अमानवीय कृत्य पर नियंत्रण पाया जा सकता है। आज विश्व में अनेक मंचों से महिलाओं के लिये कर्तव्य व अधिकार की बात की जाती। दूसरी तरफ गर्भ में कन्या की आहट भी स्वीकार नहीं की जाती । उस कन्या को गर्भ से निकाल दिया जाता है, जैसे वह समाज की बुराई या विकृति हो। महिलाओं के अधिकारों की रक्षा तथा उन्हें समाज में उचित स्थान दिलाने का प्रयास तभी कारगर सिद्ध हो सकता है जब हमारी सरकार द्वारा उनकी आर्थिक स्वतंत्रता के लिये स्थायी प्रयास किये जाये। उनकी क्षमता व योग्यता का सही मूल्यांकन कर बिना पक्षपात के उन्हें हर क्षेत्र में पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराये जाये। आज हमारे समक्ष उभरकर आ रही लैंगिक असमानता व भ्रूण हत्या पर तभी नियंत्रण संभव है, जब आमजन महिलाओं के प्रति बनी गलत धारणाओं, पूर्वाग्रह तथा हीनभावना आदि को त्योग कर उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाने का प्रयास करें। हमें समाज में लैंगिक असमानता को रोकने एवं भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध को मिटाने के लिये पर्याप्त जागरूकता लाने के प्रयास अनवरत रूप से करने चाहिये।

**संदर्भ ग्रंथ सूची**

1. खुराना, चौहान, भारतीय इतिहास में महिलाऐं, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, आगरा पृ. 12 व वहीं पृ. 12.2012।
2. गुप्ता सरोज कुमार, भारतीय नारी : कल, आज और कल, प्रकाशन संस्थान नई दिल्ली पृ. 31।
3. दधीच, विजय कुमार (2017) ''जेण्डर विद्यालय एवं समाज'' मंगल प्रकाशन मंदिर जयपुर पृ. सं. 64।
4. शर्मा, आर.के. (2016) ''शिक्षा में जेण्डर मुद्दे'' राधा प्रकाशन मंदिर आगरा पृ. सं. 58–160।
5. त्रिपाठी, प्रतिमा (2017–18) ''लिंग विद्यालय एवं समाज'' अग्रवाल पब्लिकेशन्स आगरा पृ. सं. 257।
6. त्रिपाठी, मधुसूदन (2011) ''फीमेल फोटीसाइड इन इण्डिया'' एन सी एन पब्लिशिंग हाउस पृ.सं. 33।

**पत्र–पत्रिकायें**

1. सुधार तो है समस्या भी बनी हुई है लैगिंक असमानता, राजस्थान पत्रिका नागौर दिनांक 23–09–2019 पृ.सं. 6।

**बेवसाइट**

1. https://en.wikipedia.org/wiki/female_foeticide_in_India
2. https://www.chauthiduniya.com/society/kanya-bhrun-hatya-ek-badi-samashya.html

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 4 (OCT TO DEC., 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed
International Multifocal
Research Journal
IMPACT-FACTOR
SJIF - 5.999
Paper Recieved : 1st Oct 22 Paper Accepted : 10th Oct 22

# ''रामायण महाकाव्य में सामाजिक समरसता''

❒ श्रीमती सुशीला पाण्डेय*
❒ डॉ. महेन्द्र मणि द्विवेदी**

**शोध सारांश**

रामायण महाकाव्य हिन्दुओं का धार्मिक ग्रंथ जिसके मुख्य नायक मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम हैं। इस ग्रंथ से हमें तत्कालीन राजनीतिक, सामाजिक एवं धार्मिक स्थिति का ज्ञान होता है।

इस ग्रंथ में हमें ऐसे कई उदाहरण मिलते हैं जो सामाजिक समरसता का प्रतिनिधित्व करते हैं। श्रीराम का पूरा जीवन एवं व्यक्तित्व ही सामाजिक समरसता का एक बहुत बड़ा उदाहरण है, ये श्रीराम के व्यक्तित्व का ही परिणाम है कि हर युग में 'रामराज्य' की कल्पना की जाती है। चाहे वह कलयुग ही क्यों न हो। हर व्यक्ति राम राज्य चाहता है जब हम श्रीराम जी के आदर्शों पर चलेंगे।

रामायण की रचना आदि कवि वाल्मीकि जी द्वारा पहली एवं दूसरी शताब्दी के दौरान संस्कृत भाषा में की गई। शुरू में इसमें 12,000 श्लोक थे पर वर्तमान में इसमें 24,000 श्लोक हैं। यह सात काण्डों में बाँटा हुआ है। रामकथा पर आधारित ग्रंथों का अनुवाद सर्वप्रथम भारत के बाहर चीन में किया गया। भुशुण्डि रामायण को आदि रामायण कहा जाता है।[1]

रामायण में सामाजिक समरसता से सम्बन्धित कई वर्णन मिलते हैं। चाहे वह आर्थिक सामाजिक समरसता हो, जातिगत सामाजिक समरसता हो या ज्ञान-अज्ञान सम्बन्धित सामाजिक समरसता हो, का अत्यन्त सुंदर उल्लेख मिलता है जिनका वर्तमान में अनुसरण करने की अत्यन्त आवश्यकता है, तभी आज हम सामाजिक समरसता लाने में कुछ हद तक सक्षम हो सकेंगे। हर घर में रामायण होने भर से काम न चलेगा समाज में समरसता लानी है तो, हर घर में राम भी होना चाहिए।

अहंकार, क्रोध, कल-कपट, तिरस्कार, अभिमान आदि अवगुणों को त्याग कर हम जब एक प्रेम, करुणा, क्षमा, दया, सम्मान आदि गुणों को नहीं अपनायेंगे तब तक सामाजिक समरसता की कल्पना करना व्यर्थ है।

रामायण में वर्णित सामाजिक समरसता के कुछ उदाहरण निम्नलिखित हैं—

1. श्री रामचन्द्र जी जब सीता, लक्ष्मण सहित वनवास को जाते हैं, तब एक स्थान पर उन्हें नदी पार करनी

* शोध छात्रा
** प्राध्यापक, शा. कन्या महाविद्यालय, रीवा

होती है। तब नाव चलाने वाला केवट उन्हें पहचान लेता है। जहाँ हमें क्षत्रिय रघुवंशी श्री राम द्वारा एक नीच जाति केवट को स्पर्श और प्रेम का उदाहरण मिलता है जो वर्तमान में जातिगत् ऊँच-नीच को खोखला, रूढ़िवादी एवं गलत बताता है।

**छन्द–**

**पद कमल धोइ चढ़ाइ नाव न नाथ उतराई चहौं।**
**मोहि राम राउरि आन दसरथ सपथ सब साची कहौं॥**
**बरू तीर मारहुँ लखनु पै जब लगि न पाय पखारि हौं।**
**तब लगि न तुलसीदास नाथ कृपाल पारू उतारि हौं॥**

**अनुवाद**—हे नाथ! मैं चरण-कमल धोकर आप लोगों को नाव पर चढ़ा लूँगा, आपसे कुछ उतराई नहीं चाहता। हे राम! मुझे आपकी दुहाई और दशरथ जी की सौगंध है, मैं सब सच-सच कहता हूँ। लक्ष्मण भले ही मुझे तीर मारें, पर जब तक मैं पैरों को परखार न लूँगा, तब तक हे तुलसीदास के नाथ! हे कृपालु! मैं पार नहीं उतारूँगा।[2]

**कृपासिंधु बोल मुसुकाई।**
**सोई करू जेहिं तब नाव न जाई॥**
**बेगि आनु जल पाय पखारू।**
**हात बिलंबु उतारहि पारू॥**

**अनुवाद**—कृपा के समुद्र श्रीराम चन्द्र जी केवट से मुसकराकर बोले—भाई! तू वही कर जिससे तेरी नाव न जाय। जल्दी पानी ला और पैर धो ले। देर हो रही है, पार उतार दे।[3]

इस प्रकार एक केवट को भाई बोलना उसे इतना मान देना यह सामाजिक समरसता का ही उदाहरण है।

2. इसी प्रकार निषाद राज गुह का उदाहरण मिलता है। जिन्हें श्री राम ने सखा कह कर संबोधित किया है। निषादराज गुह द्वारा लाये गये कन्द-मूल, फल आदि को श्रीराम ने ग्रहण किया। जाति-पति, ऊँच-नीच, अमीर-गरीब आदि का कोई भेद नहीं है।

**यह सुधि गुहँ निषाद जब पाई।**
**मुदित लिए प्रिय बन्धु बोलाई॥**
**लिये फल मूल भेंट भरि भारा।**
**मिलन चलेउ हियँ हरषु अपारा॥**

**अनुवाद**—जब निषादराज गुह ने यह खबर पायी, तब आनन्दित होकर उसने अपने प्रियजनों और भाई-बंधुओं को बुला लिया और भेंट देने के लिये फल, मूल (कन्द) लेकर और उन्हें भारों (बहंगियों) में भरकर मिलने के लिये चला। उसके हृदय में हर्ष का पार नहीं था।

**अनुवाद**—

**करि दंडवत भेंट धरि आगें।**
**प्रभुहि बिलोकत अति अनुरागें॥**
**सहज सनेह बिबस रघुराई।**
**पूँछी कुसल निकट बैठाई॥**

**अनुवाद**—दण्डवत् करके भेंट सामने रखकर वह अत्यन्त प्रेम से प्रभु को देखने लगा। श्री रघुनाथ जी ने स्वाभाविक स्नेह के वश होकर उसे अपने पास बैठाकर कुशल क्षेम पूँछी।

**नाथ कुसल पद पंकज देखें।**
**भयउँ भाग भाजन जन लेखें॥**
**देव धरनि धनु धामु तुम्हारा।**
**मैं जनु नीचु सहित परिवारा॥**

**अनुवाद**—निषादराज ने उत्तर दिया—हे नाथ! आपके चरण-कमल के दर्शन से ही कुशल है। (आपके चरणारविन्दों के दर्शन कर) आज मैं भाग्यवान् पुरुषों की गिनती में आ गया। हे देव! यह पृथ्वी, धन और घर सब आपका है। मैं तो परिवार सहित आपका नीच सेवक हूँ।[5]

**कृपा करिअ पुर धारिअ पाऊ।**
**थपिअ जनु सबु लोगु सिहाऊ॥**
**कहेहु सत्य सबु सखा सुजाना।**
**मोहि दीन्ह पितु आयसु आना॥**

**अनुवाद**—अब कृपा करके पुर (श्रृंगवेरपुर) में पधारिये और इस दास की प्रतिष्ठा बढ़ाइये, जिससे सब

लोग मेरे भाग्य की बड़ाई करें। श्रीराम चन्द्र जी ने कहा—हे सुजान सखा! तुमने जो कुछ कहा सब सत्य है, परंतु पिताजी ने मुझको और ही आज्ञा दी है।[6]

3. इसी प्रकार समरसता का सबसे बड़ा उदाहरण सबरी के जूठे बेर खाना। श्रीरामचन्द्र जी का सबरी के आश्रम में आना और सबरी का स्नेह से भरा स्वागत और श्री रामचन्द्र जी का उसके हाथ का जल-पान करना, यहाँ सबरी द्वारा बेर फल जूठा कर के खिलाने का वर्णन तो नहीं है, लेकिन सारे ही फल मीठे एवं स्वादिष्ट हो यह संभव नहीं। एक वृक्ष के सारे फल मीठे और स्वादिष्ट हो ऐसा नहीं हो सकता कुछ फल या एक-दो ही सही फीके जरूर होते हैं। लेकिन यहाँ सारे फल मीठे एवं स्वादिष्ट थे। इसका यही अर्थ निकलता है कि सबरी प्रेम के वशीभूत होकर फलों को चखकर परोसे थे और श्रीराम ने उन फलों को बड़े ही प्रेम से खाया।

ऐसी सामाजिक समरसता आज के समय में कहाँ देखने को मिलती है।

**ताहि देह गति राम उदारा।**
**सबरी कें आश्रम पगु धारा॥**
**सबरी देखि राम ग्रहँ आए।**
**मुनि के बचन समुझि जियें भाए॥**

**अनुवाद**—उदार श्रीरामजी उसे (कबंध राक्षस को) गति (गन्धर्व का स्वरूप) देकर शबरी जी के आश्रम में पधारे। शबरीजी ने श्रीरामचन्द्र जी को घर में आये देखा, तब मुनि जी के वचनों को याद करके उनका मन प्रसन्न हो गया।[7]

**सरसिज लोचन बाहु बिसाला।**
**जटा मुकुट तिर उर बनमाला॥**
**स्थान गौर सुंदर दोउ भाई।**
**सबरी परी चरन लपटाई॥**

**अनुवाद**—कमल-सदृश नेत्र और विशाल भुजा वाले, सिर पर जटाओं का मुकुट और हृदय पर वनमाला धारण किये हुये सुन्दर, साँवले और गोरे दोनों भाइयों के चरणों में शबरी जी लिपट पड़ी।[8]

**प्रेम मगन मुख बचन न आवा।**
**पुनि पुनि पद सरोज सिर नावा॥**
**सादर जल लै चरन पखारे।**
**पुनि सुंदर आसन बैठारे॥**

**अनुवाद**—ये प्रेम में मग्न हो गयी, मुख से वचन नहीं निकलता। बार-बार चरण-कमलों में सिर नवा रही हैं। फिर उन्होंने जल लेकर आदरपूर्वक दोनों भाइयों के चरण धोये और फिर उन्हें सुन्दर आसनों पर बैठाया।[9]

**दोहा—**

**कंदमूल फल सुरस अति दिये राम कहुँ आनि।**
**प्रेम सहित प्रभु खाए बारम्बार बखानि॥**

**अनुवाद**—उन्होंने अत्यन्त रसीले और स्वादिष्ट कन्द, मूल और फल लाकर श्रीरामजी को दिये। प्रभु ने बार-बार प्रशंसा करके उन्हें प्रेम सहित खाया।।[10]

**पानि जोरि आगें भइ ठाढ़ी।**
**प्रभुहि बिलोकि प्रीति अति बाढ़ी॥**
**केहि बिधि अस्तुति करौं तुम्हारी।**
**अधम जाति में जड़मति भारी॥**

**अनुवाद**—फिर वे हाथ जोड़कर आगे खड़ी हो गयी। प्रभु को देखकर उनका प्रेम अत्यन्त बढ़ गया। (उन्होंने कहा—) मैं किस प्रकार आपकी स्तुति करूँ? मैं! नीच जाति की और अत्यन्त मूढ़ बुद्धि हूँ।[11]

**अधम ते अधम-अधम अति नारी।**
**तिन्ह महँ मैं मतिमंद अघारी॥**
**कह रघुपति सुनु भामिनि बाता।**
**मानउँ एक भगति कर नाता॥**

**अनुवाद**—जो अधम से भी अधम हैं, स्त्रियाँ उनमें भी अत्यन्त अधम हैं, और उनमें भी हे पापनाशन! मैं मन्दबुद्धि हूँ। श्री रघुनाथ जी ने कहा—हे भामिनि! मेरी बात सुन। मैं तो केवल एक भक्ति ही का संबंध मानता हूँ।।[12]

**जाति-पाँति कुल धर्म बड़ाई।**
**धन बल परिजन गुन चतुराई॥**
**भगति हीन नर सोहइ कैसा।**
**बिनु जल बारिद देखिअ जैसा॥**

**अनुवाद**—जाति, पाँति, कुल, धर्म, बड़ाई, धन, बल, कुटुम्ब, गुण और चतुरता—इन सबके होने पर भी भक्ति से रहित मनुष्य कैसा लगता है, जैसे जल हीन बादल (शोभाहीन) दिखायी पड़ता है।[13]

रामायण के ये प्रसंग हमें जाति-पांति के सामाजिक समरसता को दर्शाते हैं कि उस समय समाज में ऊँच-नीच का भेद-भाव नहीं था।

यहाँ पर विचार उत्पन्न होता है कि श्री रामचन्द्र जी तो भगवान थे, वह विष्णु जी का अवतार थे, इसलिये उनमें ढूंढ़ने (खोजने) पर भी कोई ऐब (बुराई) नहीं मिलती। अगर हम श्री रामचन्द्र जी को भगवान न समझकर एक सामान्य मनुष्य समझे जो क्षत्रिय वर्ण, राजकुल का एक सर्वगुण सम्पन्न राजकुमार हैं। जिसने अपने अच्छे समय या पूरे जीवन में किसी का अनादर नहीं किया। और ना ही अमीर-गरीब का भेद किया जिसके फलस्वरूप बुरा वक्त अर्थात् वनवास होने पर उन्हीं नीच जातियों से प्यार और सम्मान मिला कि वन में आई तकलीफें भी खुशी-खुशी बीत गई।

श्रीराम का पूरा चरित्र हमें यह प्रेरणा (शिक्षा) देता है कि, सभी से प्रेम का नाता रखना चाहिये। कभी अहंकार को अपने ऊपर हावी नहीं होने देना चाहिये। वर्तमान में सामाजिक समरसता के लिये यह अत्यन्त आवश्यक है।

यह उदाहरण तो जातिगत एवं आर्थिक समरसता के थे। रामायण एक ऐसा ग्रंथ है, जो वर्तमान समय के लिये पूर्णरूपेण उपयुक्त है। सिर्फ कुछ प्रसंगों में नई परिभाषाओं को प्रस्तुत करने की अवश्यकता है। जो वर्तमान में मनुष्य को मर्यादित व्यवहार करने के लिये प्रेरित करें।

4. रामायण में एक बहुत ही सुन्दर प्रसंग हमें काकभुशुण्डि जी का मिलता है। जो गुरु-शिष्य के संबंध एवं ज्ञान-अज्ञान के बीच अत्यन्त विलक्षण सामाजिक समरसता का उदाहरण है।

गरुण जी श्रीराम से संबंधित अपने मन में उत्पन्न भ्रम का निदान करने के लिये काकभुशुण्डि जी के पास जाते हैं और उनसे जिज्ञासा वश कुछ प्रश्न पूछते हैं।

**कारन कवन देह यह पाई।**
**तात सकल मोहि कहहु बुझाई॥**
**राम चरित सर सुंदर स्वामी।**
**पायहु कहाँ कहहु नभगामी॥**

**अनुवाद**—आपने यह काक शरीर किस कारण से पाया? हे तात्! सब समझाकर मुझसे कहिये। हे स्वामी, हे आकाशगामी! यह सुन्दर रामचरितमानस आपने कहाँ पाया, सो कहिये।।[14]

**नाथ सुना मैं अस सिव पाहीं।**
**महाप्रलयहुँ नास तव नाहीं॥**
**मुधा बचन नहिं ईस्वर कहई।**
**सोउ मोरें मन संसय अहई॥**

**अनुवाद**—हे नाथ! मैंने शिवजी से ऐसा सुना है कि, महाप्रलय में भी आपका नाश नहीं होता और ईश्वर (शिवजी) कभी मिथ्या बचन कहते नहीं। वह भी मेरे मन में संदेह है।[15]

**तुम्हहि न व्यापत काल अति कराल कारन कवन।**
**मोहि सो कहहु कृपाल ग्यान प्रभाव कि जोग बल॥**

**अनुवाद**—अत्यन्त भयंकर काल आपको नहीं व्यापता (आप पर प्रभाव नहीं दिखलाता) इसका क्या कारण है? हे कृपालु! मुझे कहिये यह ज्ञान का प्रभाव है या योग का बल?[16]

**गरुण गिरा सुनि हरषेउ कागा।**
**बोलेउ उमा परम अनुरागा॥**
**धन्य धन्य तब मति उरगारी।**
**प्रसन्न तुम्हारी मोहि अति प्यारी॥**

**अनुवाद**—हे उमा! गरूण जी की वाणी सुनकर काकभुशुण्डि जी हर्षित हुये और परम प्रेम से बोले—

हे सर्पों के शत्रु! आपकी बुद्धि धन्य है! आपके प्रश्न मुझे बहुत ही प्यारे लगे।[17]

**सुनि तब प्रसन्न सप्रेम सुहाई।**
**बहुत जनम के सुधि मोहि आई॥**
**सब निज कथा कहउँ मैं गाई।**
**तात सुनहु सादर मन लाई॥**

**अनुवाद**—आपके प्रेमयुक्त सुन्दर प्रश्न सुनकर मुझे अपने बहुत जन्मों की याद आ गयी। मैं अपनी सब कथा विस्तार से कहता हूँ। हे तात! आदर सहित मन लगा कर सुनिये।।[18]

काकभुशुण्डि जी कलियुग के विषय में बताते हुये अपने प्रथम जन्म की कथा सुनाते हैं। इसी कथा में गुरु का शिष्य के प्रति प्रेम एवं क्षमा, एक ज्ञानी का अज्ञानी के प्रति स्नेह एवं एक महान ब्राह्मण का एक नीच शूद्र जो मन से भी कपटी था के प्रति करुणा देखने को मिलती है। जो सामाजिक समरसता का अनुपम उदारहरण है।

**तेहिं कलिजुग कोसलपुर जाई।**
**जन्मत भयउँ सूद्र तनु पाई॥**
**सिव सेवक मन क्रम अरू बानी।**
**आन देव निंदक अभिमानी॥**

**अनुवाद**—उस कलियुग में मैं अयोध्यापुरी में जाकर शूद्र का शरीर पाकर जन्मा। मैं मन, वचन और कर्म से शिवजी का सेवक और दूसरे देवताओं की निन्दा करने वाला अभिमानी था।।[19]

**धन मद मत्त परम बाचाला।**
**उग्रबुद्धि उर दंभ बिसाला॥**
**जदपि रहेउँ रघुपति राजधानी।**
**तदपि न कछु महिमा तब जानी॥**

**अनुवाद**—मैं धन के मद से मतवाला, बहुत ही बकवादी और उग्रबुद्धिवाला था, मेरे हृदय में बड़ा भारी दम्भ था। यद्यपि मैं श्री रघुनाथ जी की राजधानी में रहता था, तथापि मैंने उस समय उसकी महिमा कुछ भी नहीं जानी।।[20]

**तेहिं कलिकाल बरष बहु बसेउँ अवध बिहगेस।**
**परेउ दुकाल बिपति बस तब मैं गयउँ बिदेस॥**

**अनुवाद**—हे पक्षिराज! उस कलिकाल में मैं बहुत वर्षों तक अयोध्या में रहा। एक बार वहाँ अकाल पड़ा, तब मैं विपत्ति का मारा विदेश चला गया।।[21]

**गयऊँ उजेनी सुनु उरगारी।**
**दीन मलीन दरिद्र दुखारी॥**
**गएँ काल कछु संपति पाई।**
**तहँ पुनि करउँ संभु सेवकाई॥**

**अनुवाद**—हे सर्पों के शत्रु गुरुड़ जी! सुनिये! मैं दीन, मलिन (उदास), दरिद्र और दुखी होकर उज्जैन गया। कुछ काल बीतने पर कुछ सम्पत्ति पाकर फिर मैं वहीं भगवान शंकर जी की आराधना करने लगा।[22]

**विप्र एक वैदिक सिव पूजा।**
**करइ सदा तेहि काजु न दूजा॥**
**परम साधु परमारथ बिदंक।**
**संभु उपासक नहिं हरि निंदक॥**

**अनुवाद**—एक ब्राह्मण वेदविधि से सदा शिव जी की पूजा करते, उन्हें दूसरा कोई काम न था। वे परम साधु और परमार्थ के ज्ञात थे, वे शम्भु के उपासक थे, पर श्री हरिकी निन्दा करने वाले ना थे।[23]

**तेहि सेवउँ मैं कपट समेता।**
**द्विज दयाल अति नीति निकेता॥**
**बाहिज नम्र देखि मोहि साई।**
**विप्र पढ़ाव पुत्र की नाई॥**

**अनुवाद**—मैं कपटपूर्वक उनकी सेवा करता। ब्राह्मण बड़े ही दयालु और नीति के घर थे। हे स्वामी बाहर से नम्र देखकर ब्राह्मण मुझे पुत्र की भाँति मानकर पढ़ाते थे।[24]

**संभु मंत्र मोहि द्विजबर दीन्धा।**
**सुभ उपदेस बिबिध बिधि कीन्हा॥**
**जपउं मंत्र सिव मंदिर जाई।**
**हृदयँ दंभ अहमिति अधिकाई॥**

**अनुवाद**—उन ब्राह्मण श्रेष्ठ ने मुझको शिवजी का मन्त्र दिया और अनेकों प्रकार के शुभ उपदेश किये।

शिवजी के मंदिर में जाकर मन्त्र जपता मेरे हृदय में दम्भ और अहंकार बढ गया।[25]

**दोहा**—

**मैं खल मल संकुल मति नीच जाति बस मोह।**
**हरिजन द्विज देखें जरउँ करउँ विष्णु कर द्रोह॥**

**अनुवाद**—मैं दुष्ट, नीच जाति और पापमयी मलिन बुद्धिवाला मोहवश श्री हरि के भक्तों और द्विजों को देखते ही जल उठता और विष्णु भगवान से द्रोह करता था।[26]

इस प्रकार विष्णु से द्रोह रखते हुए काकभुशुण्डि जी अपने गुरू से भी ईर्ष्या, द्रोह करने लगे।

**दोहा**—

**एक बार हर मंदिर जपत रहेउँ सिव नाम।**
**गुरु आयउ अभिमान तें उठि नहिं कीन्ह प्रनाम॥**

**अनुवाद**—एक दिन में शिवजी के मन्दिर में शिवनाम जप रहा था। उसी समय गुरुजी वहाँ आये, पर अभिमान के मारे मैंने उठकर उनको प्रणाम नहीं किया।।[27]

**सो दयाल नहिं कहेउ कछु उर न रोष लवलेस।**
**अति अद्य गुरू अपमानता सहि नहि सके महेस॥**

**अनुवाद**—गुरुजी दयालु थे (मेरा दोष देखकर भी उन्होंने कुछ नहीं कहा, उनके हृदय में लेशमात्र भी क्रोध नहीं हुआ। पर गुरु का अपमान बहुत बड़ा पाप है; अतः महादेवजी उसे नहीं सह सके।[28]

तत्पश्चात् मंदिर में आकाशवाणी हुई और शंकर भगवान ने काकभुशुण्डि जी को शाप दे दिया।

**जे सठ गुरू सन इरिषा करहीं।**
**रौरव नकर कोटि जुग परहीं॥**
**त्रिजग जोनि पुनि धरहिं सरीरा।**
**अयुत जन्म भरि पावहिं पीरा॥**

**अनुवाद**—जो मूर्ख गुरू से ईर्ष्या करते हैं, वे करोड़ों युगों तक रौख नरक में पड़े रहते हैं। फिर (वहाँ से निकल कर) वे तिर्यक् (पशु, पक्षी आदि) योनियों में शरीर धारण करते हैं और दस हजार जन्मों तक दुःख पाते रहते हैं।[29]

इस प्रकार भगवान शंकर जी ने काकभुशुण्डि जी को सर्प हो जाने का शाप दिया।[30]

**दोहा**—

**हाहाकार कीन्ह गुरू दारून सुनि सिव साप।**
**कंपित मोहि बिलोकि अति उर उपजा परिताप॥**

**अनुवाद**—शिवजी का भयानक शाप सुनकर गुरूजी ने हाहाकार किया। मुझे काँपता हुआ देखकर उनके हृदय में बड़ा सन्ताप उत्पन्न हुआ।[31]

**करि दंडवत सप्रेम द्विज सन्मुख कर जोरि।**
**विनय करत गदगद स्वर समुझि घोर गति मोरि॥**

**अनुवाद**—प्रेम सहित दण्डवत् करके वे ब्राह्मण श्रीशिवजी के सामने हाथ जोड़कर मेरी भयंकर गति (दण्ड) का विचार कर गद्गद (गदगद) वाणी से विनती करने लगे—।।[32]

इस प्रकार शंकर जी की तुष्टि (प्रसन्नता) के लिये ब्राह्मण द्वारा जो प्रार्थना की गई यह 'रूद्राष्टक'[33] अर्थात् भगवान रूद्र की स्तुति कहलाई।

भगवान शिव ने ब्राह्मण का शिष्य के प्रति प्रेम देखा और उनकी विनती सुनी तब आकाश वाणी हुई और ब्राह्मण से वर माँगने के लिये कहा।

तब ब्राह्मण ने अपने शिष्य को थोड़े ही समय में शाप मुक्त हो जाने का वर मांगा जिस पर शंकर जी बोले—

**मोर शाप द्विज व्यर्थ न जाइहि।**
**जन्य सहस अवश्य यह पाइहि॥**

**अनुवाद**—मेरा शाप व्यर्थ नहीं जायगा। यह हजार जन्म अवश्य पावेगा।

शिव जी बोले—परन्तु जन्म और मरण का दुख इसे नहीं होगा और किसी भी जन्म में इसका ज्ञान नहीं मिटेगा।[34]

**दोहा**—

**सुनि सिव बचन हरषि गुरू एवमस्तु इति भाषि।**
**मोहि प्रबोधि गयउ ग्रह संभु चरन उर राखि॥**

**अनुवाद**—(आकाशवाणी के द्वारा) शिवजी के वचन सुनकर गुरुजी हर्षित होकर 'ऐसा ही हो' यह कहकर मुझे बहुत समझाकर और शिवजी के चरणों को हृदय में रखकर अपने घर गये।[35]

यह प्रसंग एक गुरू का शिष्य के प्रति, एक ज्ञानी ब्राह्मण का अज्ञानी शूद्र के प्रति, दया, प्रेम, क्षमा का प्रतीक है।

वर्तमान समय में सामाजिक समरसता लाने के लिये हमें कुछ नया नहीं करना है, न ही किसी नये धर्म की उत्पत्ति करनी है और न ही कोई नई विचार धारा का प्रवाह इस समाज में करना है। हमें तो रामायण के इन नायकों की तरह प्रेम व क्षमा से समाज में बदलाव लाना है। धर्म, काम, अर्थ, मोक्ष, मनुष्य के जीवन में चार पुरुषार्थ हैं।[36] धर्म अर्थात् सच्चाई, नीति का पालन करते हुये काम अपने-अपने कार्य करके अर्थ (पैसा) कमाकर जीवन यापन करना जिसके फलस्वरूप मोक्ष प्राप्त करना है। हम चारों आश्रमों—ब्रह्मचर्य, ग्रहस्थ, सन्यास, वानप्रस्थ—का पालन ईमानदारी से करें।

सामाजिक समरसता के लिये हमें किसी और की नीति अर्थात् कहीं और भटकने की आवश्यकता नहीं है। जिस प्रकार हिरण के नाभी में कस्तूरी होती है और वह उसकी सुगंध पाकर उसे इधर-उधर ढूँढ़ता रहता है। इसी प्रकार महाकाव्य रामायण रूपी कस्तूरी हमारे पास है, हमें सिर्फ श्रीरामचन्द्र जी के आदर्शों पर चलना है फलस्वरूप अपने आप ही समाज में समरसता आ जायेगी।

## संदर्भ-ग्रंथ

1. आर. गुप्ता कृत पॉपुलर मास्टरमाइंड U.G.C. NET/SLET इतिहास, विजय कुमार तिवारी, रमेश पब्लिशिंग हाउस नई दिल्ली, पृ.सं. 13
2. श्रीमद्गोस्वामी तुलसीदास जी विरचित, श्री राम चरितमानस, टीकाकार हनुमान प्रसाद पोद्दार, गीता प्रेस गोरखपुर से 2064 अयोध्याकाण्ड पृ.सं. 334.

3. वही– पृ.सं. 334
4-6. वही– अयोध्याकाण्ड पृ.सं. 326
7-9, वही– अरण्यकाण्ड पृ.सं. 527
10. वही– अरण्यकाण्ड, दो. 34 पृ.सं. 527
11-13. वही– अरण्यकाण्ड, पृ.सं. 527
14. वही– उत्तरकाण्ड, पृ.सं. 791-792
15-18. वही– उत्तरकाण्ड, पृ.सं. 792
19-20. वही– उत्तरकाण्ड, पृ.सं. 794
21-23. वही– उत्तरकाण्ड, पृ.सं. 800
24-25. वही– उत्तरकाण्ड, पृ.सं. 801
26. वही– उत्तरकाण्ड, दो. 104, पृ.सं. 801
27-28. वही– उत्तरकाण्ड, दो. 106 पृ.सं. 802
29-30. वही– उत्तरकाण्ड, पृ.सं. 803
31-32. वही– उत्तरकाण्ड, दो. 107 पृ.सं. 803
33. वही– उत्तरकाण्ड, पृ.सं. 804
34. वही– उत्तरकाण्ड, पृ.सं. 805
35. वही– उत्तरकाण्ड, दो. 109 पृ.सं. 106
36. यूनिफाइड इतिहास प्रथम सेमेस्टर, सत्यनारायण दुबे, शिवलाल अग्रवाल एण्ड कम्पनी, पृ. सं. 118।

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 4 (OCT TO DEC., 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999
Paper Recieved : 1st Dec 22 Paper Accepted : 10th Dec 22

# ''नरेन्द्र कोहली का रामकथात्मक उपन्यास : नवीन परिकल्पना का परिप्रेक्ष्य''

❑ राहुल सिंह कछवाह*
❑ डॉ. सुरेन्द्र बहादुर सिंह**

**शोध सारांश**

अन्य उपन्यासकारों से भिन्न दृष्टिकोण रखते हुए कोहली जी ने अपने रामकथात्मक उपन्यासों में रामकथा की महानता, कथा के पात्रों की मानवीय क्षमता, तदयुगीन मानवीय दृष्टिकोण इत्यादि सभी को स्वीकार किया है। किन्तु इसके साथ ही राम के पुरातन कथाओं में स्थित अलौकिकता एवं चमत्कारिता को मुक्त करवाते हुए मूल रामकथा के पात्रों एवं संदर्भों को मानवीय धरातल पर देखने का प्रयास किया है। इतना ही नहीं इन चारों उपन्यासों में समकालीन स्थितियों को गहरी संवेदनशीलता और गहन चिंतन के साथ प्रस्तुत करते हुए परम्परागत रामकथा को आधुनिक संचेतना के आलोक में तर्क–संगत पुनर्व्याख्या द्वारा नवीन अर्थ और सर्जनात्मक रूप देने का भी प्रयास किया गया है। भारतीय साहित्य की समस्त विधाओं में किसी न किसी रूप में विद्यमान रही हैं। इस उपन्यास में 'कोहली जी' ने आधारिक कथावस्तु के रूप में 'राम–विश्वामित्र' की जनकपुर यात्रा तथा मुख्य कथा के विकास के लिए प्रासंगिक कथावस्तु को लिया है; जिसकी उद्भावना उन्होंने अपनी कल्पना द्वारा की है, किन्तु इस कल्पना का उद्देश्य मात्र मुख्य कथा का विकास करना ही रहा है।

**मूल शब्द** – उपन्यास, अत्याचार, बाहुलाश्व, परम्परागत, पुनर्व्याख्या।

उपन्यासकार 'नरेंद्र कोहली जी' ने 'दीक्षा' उपन्यास में रामकथा की पुनर्व्याख्या आधुनिक यथार्थ संदर्भों की सहायता से किया है। कोहली जी ने अपनी उपन्यास का शीर्षक 'दीक्षा' इसलिए रखा है क्योंकि इस खण्ड में 'श्रीराम' 'विश्वामित्र' से अस्त्र–शस्त्र के संचालन की दीक्षा लेते हैं। बाद में आगे चलकर वे 'परशुराम' से भी कुछ दिव्यास्त्रों की दीक्षा प्राप्त करते हैं। राक्षसों के निरंतर उत्पात से जब 'विश्वामित्र' के सिद्धाश्रम और इसके आसपास के लोग बहुत त्रस्त और पीड़ित थे, तब विश्वामित्र इन अत्याचारों का विरोध करने के लिए नजदीक के शासक 'बाहुलाश्व' से सहायता प्राप्त करने का प्रयत्न करते हैं। किन्तु

* शोधार्थी– एम.ए. यू.जी.सी. नेट हिन्दी, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.), मो. 7982780364, E-mail: rahulsinghkachhwah18@gmail.com
** शोध निर्देशक–प्राचार्य– शा. कन्या. महाविद्यालय, सीधी म..प्र., E-mail : dr.sbs1958@gmail.com

उन्हें सूचना मिलती है कि बाहुलाश्व के पुत्र और उसके साथियों ने ही 'गहन' नामक निम्न जाति के व्यक्ति पर अत्याचार किया है, उसकी पुत्रवधुओं का बलात्कार किया है। इस प्रकार 'डा० कोहली जी' ने 'दीक्षा' उपन्यास के माध्यम से शासकों द्वारा अपनी सत्ता और ताकत का दुरूपयोग कर, जन सामान्य का शोषण करने की प्रवृत्ति पर प्रकाश डाला है। इसके साथ ही, उन्होंने सवर्णो द्वारा निम्न जातियों पर होने वाले अत्याचार का भी वर्णन प्रस्तुत किया है।

**व्याख्या–** राम की पौराणिक कथा पर आधृत उनकी 'दीक्षा', 'अवसर', 'संघर्ष की ओर' एवं 'युद्ध' उपन्यास 'अभ्युदय' के दो भागों में संकलित हैं तथा किसी भी भाषा में 1800 पृष्ठों में लिखी गई प्रथम, एक वृहद् उपन्यास है जो पौराणिक होते हुए भी यथार्थ की पृष्ठभूमि पर रचित है। 'राम' का 'विश्वामित्र' से धर्म का दीक्षा लेना, दीक्षित हो वन जाना, वन में राक्षसों से संघर्ष करना और फिर युद्ध कर जनता का अभ्युदय करने तक की संपूर्ण कथा को अभ्युदय उपन्यास– श्रृंखला में न सिर्फ क्रमबद्ध तरीके से संजोया गया है अपितु इस संपूर्ण कथा के माध्यम से आधुनिक पाठकों के समक्ष युगचेतना को प्रतिबिम्बित एवं विश्लेषित कर पाठकों को अपने युग चेतना को देखने पहचानने एवं युग सत्य से मिथकीय सत्य की तुलना करने का अवसर प्रदान किया गया है।

एक ओर जहाँ विश्वामित्र के आश्रम में राक्षसों के उत्पात से लेकर राम–सीता का विवाह एवं परशुराम की पराजय तक की रामायणी कथा को संजोये 'दीक्षा' उपन्यास में राम के युग के राजनीतिक व्यवस्थाओं जन सामान्य के शोषण, समाज में नारी का स्थान, जाति वर्ण की विभीषिकाओं, स्त्री–पुरुष संबंध, स्वार्थी बुद्धिजीवियों एवं शासनाधिकारियों की मानसिकता आदि विषयों को समकालीन संदर्भों के साथ समन्वयात्मक रूप देने का प्रयास किया गया है। वहीं, 'अवसर' उपन्यास के माध्यम से आज के युग की मुख्य समस्याओं को उजागर किया गया है। 'दंडकवन' से 'पंचवटी' तक की कथा को संजोये 'संघर्ष की ओर' उपन्यास भी 'राम' के पौराणिक कथाओं में वर्णित घटनाओं का तर्कसंगत, बुद्धिवादी, समाजशास्त्रीय राजनैतिक और ऐतिहासिक विश्लेषण आधुनिक ढंग से करता है।

इसी तरह 'युद्ध' उपन्यास 'किष्किंधा कांड' से लेकर 'लंका कांड' तक की कथा के अतिमानवीयता एवं अलौकिकता को पूर्ण रूप से तिरस्कृत कर उन कथाओं को लौकिक, तर्कसंगत एवं मानवीय आधार पर व्याख्यायित करते हुए राम–रावण को समकालीन संदर्भ में पूंजीवादी व्यवस्था के प्रति शोषितों के स्वातंर्त्य युद्ध के रूप में प्रस्तुत करता है। इस प्रकार कोहली जी की रामकथात्मक उपन्यास पौराणिक होते हुए भी, चिर नवीन है। इसकी कथावस्तु आधुनिक पाठकों को पौराणिक से आधुनिक तक की यात्रा करवाती है।

भारतीय पुराकथाएं अपनी कालजयी चेतना के कारण सहस्त्रों वर्षों से भारतीय साहित्य की समस्त विधाओं में किसी न किसी रूप में उपस्थित रहीं हैं। यही कारण है कि भारतीय आधुनिक हिन्दी उपन्यास साहित्य भी इन पौराणिक रचनाओं के पात्रों, कल्पनाओं से अपने को मुक्त नहीं कर पाया है। इन पौराणिक रचनाओं को 'मिथकों' की श्रेणी में स्थान दिया गया है। पौराणिक रचनाओं के प्रति साहित्यकारों के दृष्टिकोणों में अंतर पाया जाता है।

कोई पौराणिक पात्र को उसकी अलौकिकता, अतिमानवीयता के कारण अवतारी व्यक्ति के रूप में दर्शाता है एवं साथ ही उसके प्रति भक्ति की भावना प्रकट करता है। तो कोई साहित्यकार, पौराणिक कथा को साहित्यिक महत्त्व के रूप में अपनाता है। वहीं दूसरा अपनी रचनाओं में उसे कोरी कल्पना मानकर, अंधविश्वास को प्रोत्साहित करता दिखता है। अन्य साहित्यकार उन पौराणिक कथाओं और पात्रों को आदर भाव के साथ अपनाते है तो कोई काल्पनिक होते हुए भी कथा की स्रष्टा अपनी कल्पना शक्ति से कर उसे कालजयी दृष्टिकोण से देखने की कोशिश करता है। इस तरह सभी अपनी–अपनी दृष्टि से पौराणिक पात्रों एवं प्रसंगों का प्रयोग अपनी रचनाओं में करते हैं।

पौराणिक रचनाओं के प्रति 'नरेंद्र कोहली जी' का दृष्टिकोण अन्य कई उपन्यासकारों के दृष्टिकोण से भिन्न दिखता है। कोहली जी ने अपनी रामकथा पर आधृत उपन्यास 'अभ्युदय' में इनमें से अनेक विशेषताओं का समाहार किया है। कथा की महानता, पात्र की मानवीय क्षमता, तद्युगीन मानवीय दृष्टिकोण आदि को स्वीकार करते हुए इन्होंने अपनी रचनाओं में 'राम' और 'कृष्ण' जैसे पुरातन कथाओं को अलौकिकता और चमत्कारिता से मुक्त कर उनके पात्रों और संदर्भों को मानवीय धरातल पर देखने का प्रयत्न किया है। ''नरेंद्र कोहली जी'' ने रामकथा पर आधृत पाँच उपन्यास लिखें हैं– 'दीक्षा' (1975), 'अवसर (1976), संघर्ष की ओर (1978) और 'युद्ध' भाग–1 एवं 'युद्ध' भाग–2 (1979) ये सभी उपन्यास स्वतंत्र रूप से प्रकाशित हुए हैं। बाद में 'दीक्षा', 'अवसर', 'संघर्ष की ओर6 इन तीन उपन्यासों को एकीकृत कर 'अभ्युदय–1' और वहीं 'युद्ध' (भाग–1 एवं भाग–2) को एकीकृत कर 'अभ्युदय–2' नाम से प्रकाशित किया गया।''1

'कोहली' द्वारा लिखी गई ये पाँचों उपन्यास रामकथा पर आधृत हैं; जिसमें रामकथा के पौराणिक प्रसंगों एवं मूल्यों की युगानुकूल, तर्कसंगत, व्यवहारिक एवं आधुनिक व्याख्या की गई है। स्वयं कोहली जी अपने इन उपन्यासों को ''रामकथा की पुनर्व्याख्या''2 कहते हैं। ''अभ्युदय उपन्यास के अध्ययन से रामकथा की गहनताओं को जानने का अवसर मिलता है।''3 इन पाँचों उपन्यासों में समकालीन स्थितियों और सरोकारों को गहरी संवेदनशीलता और गहन चिंतन के साथ प्रस्तुत करते हुए, परम्परागत रामकथा को आधुनिक संचेतना के आलोक में तर्क संगत पुनर्व्याख्या द्वारा नवीन अर्थ और सर्जनात्मक रूप देने का प्रयास किया गया है।

'नरेंद्र कोहली जी' के पहले उपन्यास 'दीक्षा' की विषयवस्तु में विश्वामित्र के सिद्धाश्रम में राक्षसों के उत्पात से लेकर राम के विवाह और परशुराम की पराजय तक की कथा वर्णित हैं, जिसे उन्होंने एक नयी दृष्टि से एक नये रूप में प्रस्तुत किया है। समूचे विशाल 'जंबूद्वीप' में हो रहे राक्षसी उत्पात और उसके परिणामस्वरूप सद्मूल्यों के हनन और राक्षसी मूल्यों के भयावने आतंक के विस्तार को देखने और उसका प्रतिरोध करने की दीक्षा ऋषि 'विश्वामित्र' ने 'राम' को दी थी। इस कथा के विभिन्न प्रसंगों में से गुजरते हुए कोहली जी ने विभिन्न राजनीतिक व्यवस्थाओं जन–सामान्य के शोषण, बुद्धिजीवियों के कर्तव्य, समाज में नारी का स्थान, स्त्री–पुरुषों के संबंध, जाति, वर्ण की विभीषिकाओं, लोलुप और स्वार्थी बुद्धिजीवियों शासनाधिकारियों की मानसिकता आदि विषयों का मनोवैज्ञानिक आख्यान प्रस्तुत करने के साथ–साथ उनका विश्लेषण किया है। इस प्रकार 'दीक्षा' उपन्यास में अपनी मान्यताओं के सहारे एक प्रख्यात कथा को पूर्णतः मौलिक एवं आधुनिक उपन्यास के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

दीक्षा में उपाचार्य 'अमितलाल' का 'अहिल्या को व्यभिचारिणी कहकर विरोध करना तथा उनकों खुद आचार्य बनने के लिए षडयंत्र करते दिखलाना, कहीं न कही समाज के स्वार्थी और लालुप बुद्धिजीवियों की भ्रष्टता को पर्दाफाश करती है। इतना ही नहीं समाज को केन्द्र मानकर उसके हित–अहित की भी चर्चा इस उपन्यास में की गई है और इसके साथ ही सामन्त वर्ग की नारियों की अकर्मण्यता, आभूषणों को प्रति उनकी ललक उनकी निष्क्रियता तथा उनकी अनुपयोगिता की बात भी की गई है।

'दीक्षा' में पात्र 'राम' मानव जैसे ही दिखते हैं, उन्हें किसी यज्ञ से उत्पन्न हुआ नहीं दिखाया गया है। काल्पनिक पात्र के रूप में 'पुनर्वसु' हैं, जो विश्वामित्र के आश्रम के व्यवस्थापक है। दास्याभाव को भी उपन्यासकार ने अपनी कृति 'दीक्षा' उपन्यास में अनूठे ढंग से उजागर किया है। तपस्विनी 'अहिल्या' के उद्धार करने के पश्चात् राम अनुज लक्ष्मण समेत अहिल्या के चरण स्पर्श करते हैं। इस कृति में 'बनजा' नारी भी अहिल्या की तरह समाज से बहिष्कृत हैं, जिसका उद्धार 'राम' करते हैं। 'बनजा' एक काल्पनिक पात्र है। 'अजगव परिचालन विधि' में भी डॉ. कोहली

ने आत्म विस्फोटक पदार्थ को रखकर मौलिकता दर्शाने का प्रयास किया है।

इस तरह इस 'दीक्षा' खण्ड में उपन्यासकार 'कोहली जी' ने पर्याप्त मौलिकता दर्शाने की कोशिश की है एवं अनेक काल्पनिक पात्रों की सृष्टि कर कथानक के संदर्भ में उसकी औपन्यासिक क्षमता का दिग्दर्शन कराने का प्रयास किया है। इस तरह दीक्षा उपन्यास में पौराणिक कथा – वृत्त को समकालीन संदर्भों के साथ समन्वयात्मक रूप देने का अथक प्रयास कोहली जी द्वारा किया गया है।

'अवसर' उपन्यास 'अभ्युदय' का दूसरा खंड है। इसकी आधारभूमि मूल रामकथा के 'अयोध्या कांड' की कथा है। 'दीक्षा' उपन्यास के समान ही 'अवसर' में रामकथा की युगानुरूप व्याख्या की गई है। साथ ही इसे आधुनिक संदर्भ प्रदान किया गया है। इसमें राम–सीता के विवाहोपरांत से चित्रकूट प्रसंग तक की कथा को वर्णित किया गया है। प्रस्तुत उपन्यास में लेखक ने चरितनायक 'राम' तथा अन्य पात्रों को मानवीय धरातल पर उतारकर उनके प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की है। राम के वनवास की कथा को समाहित करती हुई इसकी कथावस्तु मुख्यतः पौराणिक है। 'अभ्युदय' के 'अवसर' खण्ड की कथावस्तु में 'कोहली जी' ने अनेक मौलिक तथ्यों की उद्भावना की है। प्रस्तुत उपन्यास में अयोध्या की राजनीतिक उथल–पुथल में 'राम' को 'विश्वामित्र' की दीक्षा को व्यावहारिक रूप देने का अवसर प्राप्त होता है। 'दशरथ' जब अपनी सुरक्षा के प्रति आशंकित होकर, अत्यंत गोपनीय ढंग से राम के राज्याभिषेक की घोषणा करते हैं, तब 'कैकेयी' उन्हें दुःख पहुँचाने हेतु राम को चौदह वर्षो का वनवास दे देती है, किंतु वनगमन की सूचना पाकर 'राम' तनिक भी विचलित नहीं होते अपितु, वे 'लक्ष्मण' से कहते है– ''यह वनवास नहीं मेरे जीवन का 'अभ्युदय' है, संकीर्ण राजनीति से उबर व्यापक मानवीय कर्तव्य निभाने का अद्वितीय अवसर है।''4 इस प्रकार वन–गमन के द्वारा राम अयोध्या की संकुचित और स्वार्थी राजनीति से हटकर, दण्डकारण्य में राक्षसी शक्तियों को जन जागृति के माध्यम से संगठित करके, जनक्रांति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। प्रस्तुत उपन्यास में पौराणिक संदर्भों को युगीन व्याख्या प्रदान की गई है। राम के विचारों के माध्यम से 'रामराज्य' की अपनी परिकल्पना प्रस्तुत की गई है।

रामकथा की जिन घटनाओं को सामान्य भारतीय विकास, आस्था और देवीयस्फुरण की दृष्टि से देखता है, उन्हें रचनाकार 'डा. कोहली जी' ने गहरा राजनीतिक, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक आयाम प्रदान किया है। 'कैकेयी' और 'युद्धाजित' की कूटनीति जिस प्रकार अयोध्या की संपूर्ण व्यवस्था को प्रभावित करती है, कहीं न कहीं यह आधुनिक समय के राजनीति और शासकों के परिप्रेक्ष्य को जीवन्त कर देती है । लेखक 'डा. कोहली' ने उपन्यास में 'राम' को जहाँ समतावादी, न्यायप्रिय और असुरों के विनाशक तथा राक्षसी सभ्यता के अत्याचारों, शोषण और उत्पीड़न से त्रस्त मानवता के उद्धारक एवं रक्षक के रूप में प्रस्तुत किया है, तो वहीं 'राक्षसी सभ्यता' को आधुनिक संदर्भ में उपनिवेशवादी एवं पूंजीवादी शासक के शासन–व्यवस्था के रूप में प्रस्तुत किया है।

इसी प्रकार प्रस्तुत उपन्यास में 'ऋषि–मुनियों' को सचेत बुद्धिजीवी के रूप में चित्रित किया गया है, जो जंगल में रहकर भी समाज के प्रति अत्यंत जागरूक रहते हैं। अतः उपन्यास के सभी चिर परिचित एवं काल्पनिक पात्रों की आधुनिक सृष्टि 'कोहली जी' के रामकथा में की गई है। नरेंद्र कोहली जी ने विविध पात्रों और प्रसंगों के माध्यम से इस बात पर विशेष बल दिया है कि प्रत्येक नागरिक को अपनी रक्षा का भार स्वयं उठाना चाहिए तथा अत्याचारों का विरोध करना चाहिए। 'डा. कोहली' के 'राम' राक्षसी सभ्यता के उन्मूलन द्वारा मात्र विजय के इच्छुक नहीं है अपितु जनतंत्र पर आधृत शासन–व्यवस्था को स्थापित करने हेतु जनता को जागृत करके जन– क्रांति लाने के आकांक्षी हैं। इसलिए वह 'लक्ष्मण' से कहते है– ''सेना विजय दिला सकती है, क्रांति नहीं ला सकती; जनक्रांति जन जागृति से होती है और उसकी आकांक्षा

जनता के भीतर से होती है।''5 इस प्रकार 'राम' को आधुनिक 'जन–नायक' की सोच रखने वाले पात्र की भांति प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत उपन्यास में 'सीता' के चरित्र में नारीत्व की सहजता एवं स्वाभाविकता के साथ उद्देश्यपूर्ण कर्मठता का सृजन हुआ है। वह अबला रूप में चित्रित नहीं है वरन् उन्हें राम से शस्त्र चलाने, नाव चलाने के प्रशिक्षण के साथ–साथ युद्धाभ्यास और संघर्ष प्रतिरोध का प्रशिक्षण लेते देखा जा सकता है। इस तरह 'अवसर' में नारी को पुरूष के समस्तर पर प्रतिष्ठित प्रयास किया गया है। 'सीता' के चरित्र में स्थित समकालीन नारी की छवि को प्रतिबिम्बित कर, लेखक ने आधुनिक संदर्भ में नारी – क्रांति के स्वर को मुखरित किया है।

अतः प्रस्तुत उपन्यास में 'डा. कोहली' ने अनेक युगीन प्रश्नों को जहाँ पात्रों के माध्यम से उठाया है, वहीं चिर–प्रसिद्ध आदर्श पात्रों द्वारा युगीन समस्याओं का समाधान भी प्रस्तुत किया है। पुरूष प्रधान समाज में नारी की निष्प्रयोजन भूमिका के प्रति आधुनिक नारी की विक्षोभ हो या फिर वर्तमान में टूटते हुए वैवाहिक सम्बन्ध हों; सभी आधुनिक समस्याओं को प्रस्तुत करने के साथ–साथ उसका समाधान भी 'अवसर' उपन्यास में बताया गया है।

इस तरह 'अवसर' उपन्यास मूल रामकथा का पुनर्वाचन नहीं करता अपितु उसके माध्यम से आज के युग की मुख्य समस्याओं को उजागर भी करता है। खुद 'नरेंद्र कोहली जी' कहते हैं कि, ''यह कृति सर्वथा समकालीन आधुनिक उपन्यास है जिसमें आधुनिक परिप्रेक्ष्य और मूल्य मानकों के आधार पर उस प्राचीनकथा के राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक मूल्यों का विश्लेषण किया गया है।''6 अतः यह स्वीकार किया जा सकता है कि 'अवसर' रामकथा की परम्परा में एक विशिष्ट कृति है, जिसे समकालीन बोध के अनुरूप बनाना ही इसकी अपनी विशिष्टता है।

'नरेंद्र कोहली' का तीसरा रामकथात्मक उपन्यास 'संघर्ष की ओर' 472 पृष्ठों का उपन्यास है। यह उपन्यास दो खण्डों में विभक्त है। प्रथम खण्ड में 'पंद्रह अध्याय' तथा द्वितीय खण्ड में 'आठ अध्याय' हैं। प्रथम खण्ड में 'चित्रकूट प्रसंग' तथा 'पंचवटी प्रसंग' के मध्य की रामकथा का काल्पनिक कथा–प्रसंगों व पात्रों द्वारा आधुनिक समस्याओं और संदर्भों की दृष्टि से तर्कसंगत विस्तार किया गया है। तो वहीं, उपन्यास के दूसरे खण्ड में 'पंचवटी प्रसंग' तथा 'सीताहरण की कथा' समाहित करके 'शूर्पणखा' जैसी नारी पात्रों द्वारा नारी के कामविह्वल रूप और दिग्भ्रमित नारीत्व का अत्यंत मार्मिक तथा मनोवैज्ञानिक चित्र प्रस्तुत किया गया है।

उपन्यास के प्रथम खण्ड के सभी मुख्य पात्रों का संघर्ष क्षेत्र उनकी अपनी– अपनी परिस्थितियों एवं अनुकूलता का प्रतिफल है। एक ओर राम, रावण के वध के लिए प्रयत्न करते हैं। तो वहीं राम की जनवाहिनी, ऋषिगण राक्षसों के आतंक के नाश के लिए संघर्ष करते हैं । इसी तरह 'शूर्पणखा' अपने प्रथम प्यार के वध की क्षतिपूर्ति के लिए विवश होकर संघर्ष करती हैं। इन संघर्षों के बीच उपन्यास के 'प्रथम खण्ड' में कथा का केन्द्रबिंदु राम और राम द्वारा चलाया जाने वाला जन–जागरण अभियान ही रहा है। इस तरह 'राम' यहाँ एक क्रांतिकारी न्याय के पक्षधर नायक के रूप में चित्रित किए गए हैं जो अपने सुविकसित आयुधों, युद्ध कौशल, अपराजेय साहस और अद्भुत कार्यक्षमता से शोषित एवं उत्पीड़ित जन साधारण की रक्षा राक्षसों से करते हैं। साथ ही उन्हें स्वयं आत्मरक्षा के लिए जागृत कर सशस्त्र जन क्रांति हेतु संगठित करते हैं। वे उनमें अस्तित्व बोध और आत्मविश्वास उत्पन्न कर उन्हें सामूहिक जीवन – विकास हेतु प्रोत्साहित करते हैं। वहीं मुनि 'धर्मभृत्य', 'राक्षस क्या होता है' उसकी आधुनिक परिभाषा देते नजर आये हैं। लेखक ने मुनि 'धर्मभृत्य' के माध्यम से राक्षसों को किसी एक जाति या वर्ग विशेष तक सीमित न रखकर वरन् समकालीन संदर्भ में जनता का शोषण करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को 'राक्षस' की संज्ञा से अभिहित किया है।''7 इसी प्रकार 'राम' के मुख द्वारा 'उग्रानि' की राक्षसी व्यवस्था के मूल स्वरूप का उद्घाटन करवाते हुए कोहली जी

ने आधुनिक पूंजीवादी व्यवस्था के स्वरूप का चित्रण किया है। 'राम' का उग्रानि की व्यवस्था के बारे में यह कहना कि, ''जाति कोई अर्थ नही रखती, मूल बात व्यवस्था की है। उग्रानि की व्यवस्था राक्षसी व्यवस्था थी, जिसमें एक व्यक्ति अनेक मनुष्यों के श्रम की आय को झपटकर उन्हें भूखा मारना चाहता है तथा स्वयं अपने लिए उस आय से विलास की सामग्री एकत्रित करना चाहता है। यदि कोई उसका विरोध करें तो वह हिंसा पर उतर आता है। शस्त्र शक्ति द्वारा दमन से वह अपने शोषण का क्रम चलाए रखना चाहता है।''8 यह उत्पादन के साधनों पर एकाधिकार करके जनता का शोषण करने वाली आधुनिक पूंजीवादी व्यवस्था के वीभत्स रूप को उजागर करता है। इसके अलावे ''राम द्वारा उत्पादन के साधनों पर श्रमिकों के सामूहिक स्वामित्व की घोषणा, समाजवादी व्यवस्था के आदर्श रूप को प्रस्तुत करती है।''9 इस प्रकार प्रस्तुत उपन्यास का प्रथम खण्ड राक्षस बनाम पूंजीवादी निरंकुश शक्तियों के अन्याय, अत्याचार व शोषण के विरूद्ध संघर्ष करते राम की कथा को प्रस्तुत करता है, उनके बीच के संघर्षों को दिखलाता है। अत्याचार के विरूद्ध संघर्ष करते 'राम' को ईश्वरत्व, धर्म और अध्यात्म से परे श्रममूलक और संघर्षशील मानवीय मूल्यों की प्रतिष्ठा करने वाले 'जननायक' के रूप में चित्रित कर पूरे संघर्ष को मानवीय धरातल पर प्रस्तुत करने का एक सफल प्रयास 'संघर्ष की ओर' उपन्यास में किया गया है।

इतना ही नहीं 'ऋषि अगस्त्य' को आचार्य के साथ–साथ एक योद्धा के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जो अपनी अपूर्व सैन्य – संगठन क्षमता के कारण राक्षस विरोधी मानसिकता तथा जन–जागृति के साधन बनते हैं। प्रस्तुत उपन्यास के 'प्रथम खण्ड' में ऋषि 'अगस्त्य6 के उनके चिंतनशीलता एवं कर्म पक्ष को देखते हुए वर्तमान संदर्भ में एक सचेत, जागरूक एवं क्रांतिचेता बुद्धिजीवी के रूप में चित्रित किया गया है। वहीं 'ज्ञानश्रेष्ठ' एवं 'सुतीक्ष्ण' जैसे ऋषि आधुनिक युग के सुविधाभोगी आत्मकेन्द्रित और तथाकथित शांतिप्रिय बुद्धिजीवियों के रुप में प्रस्तुत किये गए हैं, जो अपनी हितरक्षा के लिए न्याय के संघर्ष का प्रतिकार करते हैं। इस प्रकार प्रस्तुत उपन्यास के इस खण्ड में अनेक ऐसे पात्र आयें हैं जो काल्पनिक तौर पर लाये गयें हैं किन्तु कहीं न कहीं ये सभी पात्र आधुनिक संदर्भ की दिशा में लेखक द्वारा गढ़े गये हैं। अतः 'संघर्ष की ओर' उपन्यास के इस खण्ड में 'शरभंग आश्रम' से लेकर अगस्त्य आश्रम तक के संघर्ष की प्रमुख दिशा पूंजीवादी व्यवस्था रुपी राक्षसी सभ्यता के उन्मूलन तथा 'जन क्रांति' की रही है।

किन्तु, लेखक ने ग्रामीण तथा शहरी संस्कृति के द्वन्द्व तथा नारी शोषण जैसे युगीन समस्याओं पर भी प्रकाश डालने की कोशिश की है। समाज के प्रत्येक वर्ग में हो रहे नारी शोषण का उद्घाटन लेखक ने 'अनुसूया' के माध्यम से किया है। उन्होंने न सिर्फ नारी के शोषण पर प्रकाश डाला है वरन् नर–नारी समानता के स्वरों को भी मुखरित किया है। इसके अतिरिक्त प्रस्तुत खण्ड के कथा क्रम में प्रौढ़ श्रमिकों की शिक्षा, भट्टियों में धातुकर्मियों का निर्माण कार्य, कुटीर निर्माण, लकड़ी उद्योग, भूमि वितरण, कृषि विकास, सामूहिक शिक्षा, नवीन शिक्षा प्रणाली, स्त्रियों का नेतृत्व, सामाजिक उत्पादन, सामाजोत्पादन पर वाद–विवाद, संगीतशाला का उद्घाटन, हथियारबंदी रणनीति पर बहस, जन सेना इत्यादि अन्यान्य विकास एवं सुधार के क्षेत्रों के विस्तार को भी बड़ी कशलतापूर्वक नियोजित किया गया है। अतः उपन्यास के इस खण्ड में पहली बार 'राम' जैसे आदर्श पात्र यथार्थ रूप में जन सामान्य के निकट खड़े दिखाई देते हैं।

'पंचवटी प्रसंग' तथा 'सीता हरण' की पौराणिक कथा को अपने मे समाहित करती 'संघर्ष की ओर' के दूसरे खण्ड में प्रथम खण्ड के ही भांति राम 'अगस्त्य ऋषि' के आदेश से राक्षस पीड़ित पंचवटी को राक्षसों के आक्रांत से मुक्त कराने एवं उनसे संघर्ष की ओर एक और कदम बढ़ाने हेतु मोर्चा बनाते हैं। प्रस्तुत खण्ड में लेखक ने एक ओर जहाँ 'शूर्पणखा' को प्रौढ, धन– सत्ता एवं सेना सम्पत्ति के कारण क्रूर कामांध,

विलासिनी नारी के रूप में चित्रित कर, कामविहवल और दिग्भ्रमित नारीत्व रूप का अत्यन्त मार्मिक एवं मनोवैज्ञानिक चित्रण प्रस्तुत किया है। वहीं, दूसरी ओर 'रावण' के भीतर के अंतर्द्वंन्द्वों, क्षोभ, दर्प, मद, पश्चाताप, आत्मनिरीक्षण, भय, संदेह, आशंका, उग्रता इत्यादि विभिन्न भावों के उतार–चढ़ाव का कुशलतापूर्वक सूक्ष्म चित्रण भी प्रस्तुत किया है।

प्रस्तुत खण्ड का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण पक्ष 'मारीच' तथा 'सीता हरण6 से संबंधित प्रसंग है, जिसमें कथा के प्रसंग को अत्यन्त कुशलतापूर्वक 'माया' एवं 'अतिमानवीयता' के जाल से पृथककर उसे तथ्यपरक ढंग से प्रस्तुत करने की कोशिश की गई है। सीता हरण प्रसंग में 'मारीच' स्वयं 'मायामृग' न बनकर, 'हेम मृग' के लोभ में लुभाकर राम को जंगल ले जाता है तथा वहीं सीता मृग को नहीं अपितु अत्यन्त देदीप्यमान 'मृगछालावत् आसन' को देखकर प्रभावित होती है, जिसे मारीच में उन्हें भ्रमित करने के उद्देश्य से धूर्ततापूर्वक बिछाया था। इसी प्रकार सीता हरण के इसी प्रसंग मे सीता हरण के पश्चात् भय से विलाप करती नजर नहीं आती अपितु शस्त्र–संचालन कर रावण से आत्मरक्षा के लिए युद्ध करती है जो इसे आधुनिक और प्रमाणिक बनाता है।

इस तरह 'संघर्ष की ओर' उपन्यास रामकथा के माध्यम से समसामयिक परिस्थितियों का चित्रण करने के साथ–साथ आधुनिक समस्याओं के संदर्भ में अपने युग के चिंतन को वाणी देने में सफल रहा है। एक ओर जहाँ यह उपन्यास रामकथा को अलौकिक माया एवं अतिमानवीयता से मुक्त कराता है, वहीं इसे विश्वासनीय एवं प्रमाणिक भी बनाता है। अतः पाठकों का आधुनिक मन इस प्रमाणिक रामत्व और रामकथा को सहज रूप में ग्रहण कर लेता है। पौराणिक घटनाओं का यह एक ऐसा तर्कसंगत, बुद्धिवादी, समाजशास्त्रीय, राजनैतिक और ऐतिहासिक विश्लेषण प्रस्तुत करता है जो बहुत आधुनिक प्रतीत होता है। इस प्रकार कहा जा सकता हैं कि 'संघर्ष की ओर' रामकथात्मक उपन्यास पौराणिक गाथा होते हुए भी आधुनिक संदर्भ को समेटने का साहसिक एवं सार्थक प्रयास करता है।

इसी भांति 'युद्ध' उपन्यास रामकथा के औपन्यासिक रूप में लिखी जा रही उपन्यास–श्रृंखला का चतुर्थ खण्ड है, जो दो भागों में प्रकाशित है। ''इसमें रामकथा के 'किष्किंधा कांड', 'सुंदर कांड' तथा 'लंका कांड' की कथा समाहित है, जिसकी लेखक ने आधुनिक ढंग से व्याख्या की है।''10 'युद्ध' अपने समग्र अर्थ में शोषकों के विरूद्ध. शोषितों का आधुनिक स्वातंर्त्य युद्ध है। 'युद्ध' (भाग–1) की मूल कथा में समकालीनता को समायोजित करने का प्रयास किया गया है। उपन्यास का आरंभ, विकसित पूंजीवादी राष्ट्र तथा अविकसित शोषित जाति के मूल द्वन्द्व से होता है। पूंजीवादी राष्ट्र 'लंका' का कूटनायक 'मायावी शराब' (सुरा) तथा सुंदरी के माध्यम से अविकसित राष्ट्र किष्किंधा के वानर सम्राट 'बालि' को फंसा कर पूर्ण रूप से अपनी तरह 'राक्षस' अर्थात् शोषक बना देता है। प्रस्तुत उपन्यास अनेक पूंजीवादी राष्ट्रों की सरकारों के अनेक आंतरिक एवं बाह्य नीतियों को उजागर करता है। एक ओर जहाँ 'सुग्रीव' के सत्ता पर बैठने पर आधुनिक संदर्भ में आपातकाल के पश्चात् जनता में आये उत्साह को चित्रित करने का प्रयास हुआ है। तो वहीं सत्ता परिवर्तनोत्तर दमन की विविध तत्कालीन राजनीतिक परिस्थितियों को प्रतिबिम्बित करने का प्रयास, सुग्रीव को सत्ता से हटाकर बालि के बैठने के माध्यम से की गई है। इस प्रकार 'युद्ध' उपन्यास के रामकथा की यह राजनीतिमूलक पुनर्रचना, आधुनिक संदर्भों में अत्यंत प्रासंगिक प्रतीत होती है।

प्रस्तुत उपन्यास के इस खण्ड में राम एक बार फिर दण्डकारण्य की भांति सामाजिक नव निर्माण का कार्य करते हुए नजर आये हैं। 'बालि– वध' के पश्चात् प्रस्रवणगिरि में भी राम के सानिध्य में संपन्न होने वाले शिविर के जीवन, सामूहिक व्यायाम, शस्त्राभ्यास, विविध प्रशिक्षण, शस्त्र निर्माण, भट्ठी संचालन, धातु भण्डार की खोज एवं उसकी खुदाई, कृषि विकास, सेना संगठन तथा व्यापक स्तर पर

शिक्षा के प्रचार संबंधी कार्यों के माध्यम से आधुनिक संदर्भ में नव–निर्माण को उद्घाटित किया गया है। इस प्रकार सामाजिक नव–पौराणिक रामकथा में नवीन प्रसंगों की उद्भावना कर उसे आज के संदर्भ में प्रस्तुत कर तत्कालीन परिस्थितियों से अवगत कराने का प्रयास किया गया है, जिसमें लेखक 'डॉ. कोहली' को पूर्णतः सफलता प्राप्त हुई है ।

'युद्ध' उपन्यास के सभी चिर प्राचीन पात्र एवं काल्पनिक पात्रों की मनोस्थिति का मानवीय एवं मनोवैज्ञानिक धरातल पर चित्रण प्रस्तुत किया गया है। सीता की खोज में निकले 'अंगद' का सफलता–असफसलता को लेकर भविष्य की आशंकाओं में डूबने के वर्णन के माध्यम से 'आधुनिक युवाओं' के तनाव–भटकाव को प्रस्तुत किया गया है। सभी पात्र पौराणिक चरित की भूमिका से बाहर आते दिखाई पड़ते हैं। 'सीता' का चरित्र आधुनिक नारी का चरित्र प्रस्तुत करता है। 'सीता' आधुनिक नारी की भूमिका में बंधकर, नारी की मुक्ति एवं उसके संघर्ष की तीव्र अभिलाषा का व्यक्त करती है। उनके मन में समाज में व्याप्त स्त्री–पुरूष के लिए दोहरे नैतिक मापदण्डों के प्रति आक्रोश का भाव है। इधर उपन्यास के एक अन्य पात्र 'विभीषण' भक्त के रूप में नहीं अपितु मानवतावादी आदर्श के रूप में चित्रित हैं जो लंका में बढ़ती हुई विलासिता, भ्रष्टाचार, अपराध वृद्धि के प्रति गहन चिंता व्यक्त करता है। उसकी यह चिंता आधुनिक संदर्भ के बुद्धिजीवियों की चिंता के रूप में प्रस्तुत हुई है। इसके अतिरिक्त 'हनुमान' को देवरूप या अतुलित बलशाली और राम के अनन्य भक्त के रूप में नहीं वरन् एक आधुनिक योद्धा तथा उच्च राजनीतिक अधिकारी के रूप में चित्रित किया गया है। इस प्रकार 'युद्ध' उपन्यास के प्रथम खण्ड में राम की मुद्रिका लिए हनुमान द्वारा सागर संतरण तथा सीता संधान के प्रसंगों का लौकिक तर्कसम्मत एवं बुद्धिग्राह्य व्याख्या करते हुए परम्परागत रामकथा के अलौकिक प्रसंगों को विश्वसनीय व प्रमाणिक रूप में प्रस्तुत करने का एक सफल प्रयास 'डॉ. कोहली जी' द्वारा किया गया है।

'युद्ध' (भाग–2) में भी 'ब्रह्मास्त्र व अन्य दिव्यास्त्रों', 'लंका दहन', 'सागर विनय', 'सेतुबंध' तथा 'संजीवनी' आदि को लौकिक, प्रमाणिक एवं विवेक सम्मत आधार देने का प्रयास किया गया है। 'डॉ. कोहली' ने 'सागर विनय' को जहाँ व्यापारिक जल पतनों, नौकाओं के संधान तथा उसके विषय में बातचीत के रूप में प्रस्तुत किया है । तो वहीं, 'सेतुबंध प्रसंग' में सेतु के निर्माण के लिए पत्थरों के इस्तेमाल की कल्पना करके उसे प्रमाणिक एवं विवेकसम्मत दिखलाने की कोशिश की है। इसी प्रकार 'संजीवनी' को 'विषल्यकर्णी' एवं दिव्यास्त्रों व देवास्त्रों को यंत्रों के रूप में प्रस्तुत किया है। इस प्रकार रामकथा के अविश्वसनीय अंशों को प्रमाणिक तथा बुद्धिग्राह्य अर्थ प्रदान करने में कोहली जी की यह उपन्यास काफी हद तक सफल रही है। समकालीन नारीवादी विमर्श के स्वरों की उद्घाटन भी इस उपन्यास के भाग में देखने को मिलती है।

अंततः समग्र रूप में 'युद्ध' (भाग–1 एवं भाग–2) उपन्यास का विवेचनात्मक अध्ययन किया जाय तो कहना गलत नहीं होगा कि इस रामकथात्मक उपन्यास में अतिमानवीयता एवं अलौकिकता को पूर्ण रूप से तिरस्कृत कर परम्परागत रामकथा को सर्वत्र लौकिकता, तर्कसंगत एवं मानवीय आधार पर व्याख्यायित करते हुए 'राम–रावण युद्ध' को समकालीन संदर्भ में पूंजीवादी व्यवस्था के प्रति शोषितों के स्वातंर्त्र्य युद्ध के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

**निष्कर्ष–**

रामकथा के रचना के क्रम में 'राम' के चरित्र को अवतारत्व, ईश्वरत्व और चमत्कारी, अविश्वसनीय मिथकों से अलग कर इसे युगीन परिप्रेक्ष्य में मनोवैज्ञानिक ढंग से प्रस्तुत करने वाले 'डॉ. नरेंद्र कोहली जी' ने अपनी कृति 'अभ्युदय6 (दो खण्ड) के 'दीक्षा', 'अवसर', 'संघर्ष की ओर' तथा 'युद्ध–1' एवं 'युद्ध – 2' नामक उपशीर्षक में समग्र रामकथा का युगानूकुल वर्णन प्रस्तुत किया है। 'अभ्युदय' के प्रथम खण्ड के 'दीक्षा', 'अवसर' और 'संघर्ष की ओर' उपन्यास तथा 'अभ्युदय' के द्वितीय खण्ड के 'युद्ध–1' एवं 'युद्ध–2' मे कोहली जी ने मूल

रामकथा को तर्कसंगत एवं आधुनिक ढंग से प्रस्तुत किया है। एक ओर जहाँ 'दीक्षा' उपन्यास में 'विश्वामित्र' के सिद्धाश्रम में राक्षसों के उत्पात के परिणामस्वरूप होने वाले सद्मूल्यों के हनन और राक्षसी वृत्तियों के आतंक के विस्तार को देखने–परखने और उसका प्रतिरोध करने की दीक्षा, ऋषि 'विश्वामित्र', राम को देते हैं।

वहीं, 'अवसर6 उपन्यास में राम को रामत्व प्राप्त करने का अवसर प्राप्त हुआ। 'राम' को 'विश्वामित्र' से जो क्रांति की दीक्षा मिली, उसी से सामाजिक क्रांति को लाने का अवसर उन्हें प्रस्तुत उपन्यास में मिला। इसके अलावा 'अयोध्या नगरी6 की राजनीतिक गतिविधियों, 'कैकेयी', 'कौशल्या', 'सुमित्रा6 आदि की मानसिक स्थितियों तथा 'राम', 'लक्ष्मण', 'सीता6 के चिंतन एवं राक्षसों द्वारा सताये जाने वाले ऋषियों के चित्कार को भी प्रस्तुत उपन्यास में रेखांकित किया गया है।

रामायण के अरण्यकाण्ड की कथा को समेटे संघर्ष की ओर उपन्यास, महाशक्तियों के जुल्म से पीड़ित बुद्धिजीवी, खान श्रमिकों के आंदोलन, कृषकों का भूमि के लिए संघर्ष, जन सामान्य की सशस्त्र सेनाएँ महाशक्तियों के सैनिकों को जनसामान्य की सेनाओं द्वारा धूल चटाने जैसे आधुनिक प्रसंगों को अपने में निहित कर, वर्तमान युग के चिंतन को वाणी देती है। तो वहीं 'युद्ध' भाग–1 और 'युद्ध' भाग–2 उपन्यासों में 'किष्किंधा', 'सुंदर कांड' और 'लंका कांड' की कथा बोधगम्य तरीके से प्रस्तुत की गई है। 'युद्ध' भाग –1 में बालि द्वारा मायावी असुरों का वध, सुग्रीव का राज्याभिषेक, बालि का आक्रोश, सुग्रीव की पत्नी का अपहरण, राम–सुग्रीव भेंट, राम द्वारा बालि का वध, हनुमान का सीता संधान के लिए लंका जाकर सीता की खोज करना, लंका दहन, सीता–रावण संवाद, सीता द्वारा रावण को युद्ध की चुनौती देना और अंत में रावण पर राम की विजय प्राप्त करना आदि घटनाएँ तर्कसंगत एवं विवेकपूर्ण रूप से वर्णित की गई है। इस प्रकार 'विश्वामित्र' के आगमन से लेकर 'रावण' के वध तक की प्रख्यात पुरा कथा के सभी प्रसंग 'वाल्मीकि रामायण' पर आधारित है किंतु उसमें कुछ नयी घटनाओं और व्यापारों की उद्भावना करके परंपरागत प्रसंगों से कुछ हटकर कथानक को विस्तार दिया गया है। संपूर्ण रामकथात्मक उपन्यासों में चित्रित ये कथानक : देश की समसामयिक परिस्थितियों को लिये हुए आधुनिकता का आभास कराती हैं। इसकी कथावस्तु के विविध प्रसंगों में मार्क्सवाद, पूंजीवाद, मनोविश्लेषण इत्यादि आधुनिक धारणाओं का प्रभाव भी दिखायी पड़ता है; जो कथा को पौराणिकता से आधुनिकता की ओर ले जाती है। अंततः कहना गलत नहीं होगा की 'डॉ. कोहली' कृत पाँचों रामकथात्मक उपन्यास 'वाल्मीकि' के रामकथा पर आधृत होते हुए भी रामकथा की पुनर्व्याख्या हैं।

## संदर्भ ग्रंथ सूची


1. डॉ0 प्रदीप लाड, नरेंद्र कोहली के उपन्यासों का अनुशीलन, अभय प्रकाशन सं0 2012 पृष्ठ स० 88
2. पूर्ववत् पृष्ठ स0 88
3. के० सी० सिंधु रामकथा कालजयी चेतना पुरोवाक् वाणी प्रकाशन सं० 2007
4. नरेंद्र कोहली, अभ्युदय–1, ( अवसर), पृष्ठ सं0 243
5. नरेंद्र कोहली, अभ्युदय–1, (अवसर), पृष्ठ सं0 244
6. प्रो० डॉ०सी० माधवी रूपवाल, नरेंद्र कोहली के उपन्यासः समकालीन सरोकार अन्नपूर्णा प्रकाशन से 2009, पृष्ठ सं0 22
7. नरेंद्र कोहली, अभ्युदय (खण्ड–1), सं0 2014, डायमंड पॉकेट बुक्स (प्रा० ) लि० प्रकाशन पृष्ठ सं0 402
8. नरेंद्र कोहली, अभ्युदय (खण्ड–1), सं0 2014, डायमंड पॉकेट बुक्स (प्रा० ) लि० प्रकाशन, पृष्ठ सं0 405
9. नरेंद्र कोहली, अभ्युदय (खण्ड–1), सं0 2014, डायमंस पॉकेट बुक्स (प्रा० ) लि० प्रकाशन, पृष्ठ सं0 442
10. डॉ० प्रदीप लाड नरेंद्र कोहली के उपन्यासों का अनुशीलन, सं0 2012, अभय प्रकाशन, पृष्ठ सं0 89

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 4 (OCT TO DEC., 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999
Paper Recieved : 1st Dec 22 Paper Accepted : 10th Dec 22

# महाराजगंज जनपद में शस्य गहनता : एक प्रतीक अध्ययन

❑ डॉ. तृप्ति त्रिपाठी*

**शोध सारांश**

प्रस्तुत शोध पत्र में शस्य गहनता का सूक्ष्म स्तर पर विश्लेषण करने हेतु महराजगंज जनपद को एक प्रतीक अध्ययन के रूप में चुना गया है। किसी भी क्षेत्र में यदि शस्य गहनता अधिक होती है तथा भूमि की उर्वराशक्ति में वृद्धि करने वाले साधनों का उपयोग नहीं किया जाता हो तो वहाँ उत्पादन की मात्रा में निरन्तर गिरावट आने लगती है। अतः शस्य गहनता में वृद्धि के साथ कृषिगत विकास हेतु आवश्यक कृषि के सभी आगम व निवेश का समुचित तथा पर्याप्त मात्रा में प्रयोग अत्यन्त आवश्यक है।

**अध्ययन क्षेत्र –**

महराजगंज जनपद का उत्तर प्रदेश के उत्तरी–पूर्वी छोर पर स्थित है। इस जनपद का विस्तार सरयूपार मैदान के पूर्वी भाग में है। महराजगंज जनपद का विस्तार 27°05' उत्तरी अक्षांश से 27°35' उत्तरी अक्षांश तथा 83°20' पूर्व से 83°45' पूर्वी देशान्तर के मध्य है। जनपद के उत्तरी भाग में भारत–नेपाल की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा स्थित है। महराजगंज जनपद की पूर्वी सीमा कुशीनगर, पश्चिमी सीमा सिद्धार्थनगर तथा दक्षिणी सीमा गोरखपुर जनपद द्वारा निर्धारित होती है। इसका क्षेत्रफल 2952 वर्ग किमी0 है, जो उत्तर प्रदेश के कुल क्षेत्रफल का 1.21 प्रतिशत है।

2011 के जनगणना के अनुसार जनपद की कुल जनसंख्या 2684703 तथा जनघनत्व 909 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी0 है। क्षेत्र के कुल जनसंख्या में पुरुषों का प्रतिशत 51.46 तथा स्त्रियों का प्रतिशत 48.53 है। महराजगंज जनपद में स्त्री–पुरुष अनुपात 943 स्त्रियाँ प्रति हजार पुरुषों पर है। महराजगंज जनपद की औसत साक्षरता 64.30 प्रतिशत है, जिसमें 77.62 प्रतिशत पुरुष तथा 51.14 प्रतिशत महिला साक्षर है। प्रशासनिक दृष्टिकोण से महराजगंज जनपद को 4 तहसील तथा 12 विकासखण्डों में विभक्त किया गया है।

**आंकड़ा स्रोत एवं विधितंत्र –**

प्रस्तुत शोध प्रपत्र का मुख्य आधार विभिन्न सरकारी विभागीय स्रोतों से प्राप्त द्वितीयक आंकड़े है। ये द्वितीयक आंकड़े जिला सांख्यिकीय पत्रिका, कृषि सम्बन्धी रिपोर्ट, पत्रिकाओं, सन्दर्भ ग्रन्थ आदि से प्राप्त किये गये है।

प्रस्तुत शोध प्रपत्र में शस्य गहनता का अध्ययन विकासखण्ड स्तर पर किया गया है। शोध पत्र में अध्ययन क्षेत्र के शस्य गहनता की गणना सकल प्रतिवेदित क्षेत्र एवं शुद्ध कृषिगत क्षेत्र के आधार पर किया गया है।

* सहायक आचार्य, भूगोल विभाग, ला.ब.शा.स्मा.पी.जी. कालेज, आनन्दनगर, महराजगंज।




**शस्य गहनता –**

शस्य गहनता से तात्पर्य किसी क्षेत्र विशेष पर एक वर्ष में अनेक बार फसलें उत्पन्न करने से है। वस्तुतः किसी भूमि पर एक वर्ष में जितनी बार फसलें उगाई जाती हैं, वह उस भूमि की शस्य गहनता को दर्शाती है। जब वर्ष में भूमि का उपयोग एक बार किया जाता है तब शस्य गहनता कम होती है। इस प्रकार किसी क्षेत्र में शुद्ध कृषित क्षेत्र की तुलना में कुल कृषित क्षेत्र (कुल शस्यान्तर्गत क्षेत्र) का अधिक होना शस्य गहनता की मात्रा को प्रदर्शित करता है। शस्य गहनता प्राकृतिक दशाओं, सामाजिक, आर्थिक एवं संस्थागत तथ्यों से प्रभावित व नियंत्रित होती है। अन्य शब्दों में यदि किसी क्षेत्र की शस्य गहनता अधिक होती है तो उससे पता चलता है कि वहाँ भूमि की क्षमता अधिक है, जो वस्तुतः प्राकृतिक, सांस्कृतिक दशाओं से निर्धारित होती है।1 अध्ययन क्षेत्र में शस्य गहनता सिंचाई, बीज, उर्वरक एवं

यंत्रों की उपलब्धता पर आधारित है। यहाँ जोतों के आकार छोटे हैं तथा अधिकांश कृषक भी लघु तथा सीमान्त श्रेणी के है जो पारिवारिक श्रम तथा अन्य आगतों का भरपूर प्रयोग करते है। अतः क्षेत्र में शस्य गहनता परिलक्षित होती है।

शस्य गहनता ज्ञात करने के लिए सामान्यतया निम्नलिखित सूत्र का प्रयोग किया जाता है –

$$\text{शस्य गहनता सूचकांक} = \frac{\text{सकल बोया गया क्षेत्र}}{\text{शुद्ध बोया गया क्षेत्र}} \times 100$$

वर्तमान में अध्ययन क्षेत्र की औसत शस्य गहनता 179.64 प्रतिशत है। सबसे अधिक शस्य गहनता फरेन्दा विकासखण्ड में 198.64 प्रतिशत तथा सबसे कम शस्य गहनता निचलौल विकासखण्ड में 160.63 प्रतिशत है (तालिका संख्या–1)।

**तालिका संख्या–1**

**महराजगंज जनपद : विकासखण्डवार शस्य गहनता का वितरण, वर्ष 2015**

| विकासखण्ड | शुद्ध बोया गया क्षेत्रफल | सकल बोया गया क्षेत्रफल | शस्य गहनता सूचकांक |
|---|---|---|---|
| नौतनवां | 17738 | 33077 | 186.47 |
| लक्ष्मीपुर | 18495 | 34430 | 186.15 |
| निचलौल | 22933 | 36839 | 160.63 |
| मिठौरा | 19260 | 34432 | 178.77 |
| सिसवा | 17093 | 29466 | 172.38 |
| बृजमनगंज | 16929 | 28847 | 170.39 |
| महराजगंज | 16331 | 32241 | 197.42 |
| घुघुली | 16424 | 31625 | 192.55 |
| पनियरा | 18607 | 31543 | 169.52 |
| परतावल | 17935 | 31953 | 178.16 |
| धानी | 6124 | 10512 | 171.65 |
| फरेन्दा | 13306 | 26432 | 198.64 |
| **योग/औसत** | **201175** | **361397** | **179.64** |

**स्रोत** : जिला सांख्यिकी पत्रिका, महराजगंज, 2015

अध्ययन क्षेत्र में शस्य गहनता का अध्ययन निम्न संवर्गों में बाँट कर किया जा सकता है, जिसे तालिका संख्या–2 से प्रदर्शित किया गया है।

### तालिका संख्या–2

### शस्य गहनता का श्रेणीगत वितरण प्रतिरूप

| संवर्ग | शस्य गहनता सूचकांक | विकासखण्डों की संख्या |
|---|---|---|
| अति न्यून | <165 | 1 |
| न्यून | 165–175 | 4 |
| मध्यम | 175–185 | 2 |
| उच्च | 185–195 | 3 |
| अति उच्च | >195 | 2 |
| योग | | 12 |

उपरोक्त तालिका में जनपद के शस्य गहनता के वितरण को प्रदर्शित किया गया है, जो संवर्गों में विभक्त है।

अति न्यून संवर्ग के अन्तर्गत 165 प्रतिशत से कम शस्य गहनता वाले विकासखण्ड को रखा गया है। इसके अन्तर्गत जनपद का एकमात्र विकासखण्ड निचलौल सम्मिलित है।




FIG- 4.3

न्यून संवर्ग के अन्तर्गत 165–175 प्रतिशत शस्य गहनता वाले विकासखण्डों को रखा गया है। इसके अन्तर्गत जनपद के चार विकासखण्ड सिसवा, बृजमनगंज, पनियरा तथा धानी विकासखण्ड सम्मिलित है।

मध्यम संवर्ग के अन्तर्गत 175–185 प्रतिशत शस्य गहनता वाले विकासखण्डों को रखा गया है। इसके अन्तर्गत जनपद के दो विकासखण्ड परतावल तथा मिठौरा विकासखण्ड सम्मिलित है।

उच्च संवर्ग के अन्तर्गत 185–195 प्रतिशत शस्य गहनता वाले विकासखण्डों को रखा गया है। इसके अन्तर्गत जनपद के तीन विकासखण्ड नौतनवां, लक्ष्मीपुर तथा घुघुली विकासखण्ड सम्मिलित है।

अति उच्च संवर्ग के अन्तर्गत 195 प्रतिशत से अधिक शस्य गहनता वाले विकासखण्डों को रखा गया है। इसके अन्तर्गत जनपद के दो विकासखण्ड महराजगंज तथा फरेन्दा विकासखण्ड सम्मिलित है।

इस प्रकार अध्ययन क्षेत्र के शस्य गहनता प्रतिरूप के विश्लेषण से स्पष्ट है कि जनपद में शस्य गहनता का स्तर उच्च है। क्षेत्र के कृषक पारिवारिक श्रम तथा अन्य आगतों यथा– कृषि यंत्र, उन्नतशील बीज, उर्वरक, सिंचाई इत्यादि का भरपूर प्रयोग कर वर्ष में कई बार फसलें उत्पन्न करते हैं। फलतः अध्ययन क्षेत्र में शस्य गहनता अधिक है।

## संदर्भ सूची


1. चौहान, पी0आर0 एवं महातम प्रसाद (2010) : भारत का वृहद भूगोल, वसुन्धरा प्रकाशन, गोरखपुर, पृ0 231
2. जिला सांख्यिकी पत्रिका – 2015, जनपद महराजगंज
3. Tyagi, B.S. (1972) " "Agricultural Intensity in Chunar Tehsil, Distt. Mirzapur U.P., N.G.J.L. Vol XVIII, pt. 1, pp. 42-48
4. हारून, मोहम्मद (2001) : 'शस्य गहनता एवं कृषि दक्षता, बहराइच जनपद का प्रतीक अध्ययन, उत्तर भारत भूगोल पत्रिका, अंक–37, संख्या 1 एवं 2, 2001, पृ0 91–98

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 4 (OCT TO DEC., 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999
Paper Recieved : 1st Dec 22 Paper Accepted : 15th Dec 22

# न्यायपालिका का निर्णय : जिम्मेदारी या अतिसक्रियता

❐ श्वेता पाण्डेय*


## शोध सारांश

आज के वर्तमान समय में भारतीय न्यायपालिका ने अपनी कार्यक्षेत्रों का विस्तार करते हुए ऐसे–ऐसे निर्णय दे रही है जिसे सुनिश्चित करना कठिन हो गया है कि वास्तव में यह न्यायपालिका की जिम्मेदारी है या सक्रियता। न्यायपालिका जब अपने पारंपरिक सीमाओं से बाहर आकर संविधान द्वारा वर्णित सामाजिक व आर्थिक न्याय को स्थापित करने का प्रयास करने लगता है तो उसे न्यायिक सक्रियता का नाम दिया जाता है। लेकिन यही न्यायपालिका जब ऐसे मामलों में दखलअंदाजी करने लगे जो कि वास्तव में उसका है ही नही ंतो उसे अति सक्रियता का नाम दे दिया जाता है। जब कार्यपालिका व विधायिका अपने उत्तरदायित्व से मुँह मोड़ने लगे तो जनता न्यायपालिका की ओर देखने लगती है। ऐसी स्थिति में न्यायपालिका जो कि संविधान का प्रहरी है। वह सक्रिय होकर राज्य को कुछ सकारात्मक कदम उठाने का निर्देश देती है। जो जनहित के लिए अनिर्वाय होते है। वास्तव में यह न्यायालय की जिम्मेदारी है। जिसे कुछ लोग अति सक्रियता का भी नाम दे देते है।


**मुख्य शब्द**–सक्रियता, अतिक्रमण, न्यायपालिका, सर्वोच्च न्यायालय, शक्ति पृथक्करण, उत्तरदायित्व, न्याय।

## परिचय

मांटेस्क्यू का शक्ति पृथक्करण सिद्धांत की सार्थकता सुनिश्चित करते हुए भारतीय संविधान में भी शक्ति पृथक्करण की आवधारणा को अपनाया गया है जिसमें शासन के तीन अंगो विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका के मध्य शक्तियों का विभाजन किया गया है। सर्वप्रथम हमें न्यायिक सक्रियता को समझना होगा। जो कि एक नवीन अवधारणा ही है। इसका उल्लेख भारतीय संविधान में कही भी नहीं किया गया है। लेकिन, चूँकि हमारे संविधान को एक जीवत दस्तावेज कहा गया है तथा इसे जीवित रखने का काम निःसंदेह न्यायपालिका ही करती है। इसलिए न्यायपालिका को सक्रिय होना नितांत आवश्यक है। हमारी न्यायपालिका वास्तव में प्रगतिशील प्रकृति की है क्योंकि वह अलग–अलग समयों में अपने स्वरूप में स्वयं ही परिवर्तन करती रहती है। संविधान जो कि एक कानूनी दस्तावेज है और इसकी व्याख्या करने का अधिकार सुप्रीम कोर्ट की है। सुप्रीम कोर्ट ने कई

* शोधार्थी, नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय, मेदिनीनगर, झारखण्ड

ऐसे मामलों में कानून की व्याख्या समय और कालक्रम के अनुसार किया है। जो वास्तव में वर्तमान में भी उतने ही प्रांसागिक है जितने बीते समयों के लिए थे। भारतीय संविधान में जो सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक न्याय की बात की गई है। उसको स्थापित करने के उद्देश्य से ही न्यायालय ने सक्रिय स्वरूप अपनाया है लेकिन इसकी सक्रियता को कही कही अतिसक्रियता का नाम दिया जाने लगा है। वास्तव में न्यायपालिका की सक्रियता व अतिसक्रियता के मध्य इतनी सूक्ष्म दिवार है कि, वह कब मिट जाता है पाता ही नहीं चलता। भारत में कानून दो प्रकार से बनाये जाते है– एक तो विधायिका द्वारा और दूसरा न्यायपालिका के आदेश से बना कानून जो दिशा निर्देश के रूप में जारी किया जाता है। इसी संदर्भ में जब विधायिका कानून बनाने में असफल हो जाये या कार्यपालिका किसी विशेष मुद्दे को सुलझाने में असफल सिद्ध होते है तो न्यायपालिका वहॉ उस रिक्तता को भरने के लिए सक्रिय हो जाती है। जिसे कुछ लोग जिम्मेदारी का नाम देते है तो कुछ लोग अतिसक्रियता का नाम दे देते है लेकिन वास्तव में इसे किस रूप में देखा जाना चाहिए इस पर ही हम अभी विश्लेषण करने का प्रयास कर रहे है–

### अध्ययन का उद्देश्य

1. न्यायपालिका का वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रासांगिकता का अध्ययन करना।
2. न्यायालय द्वारा सक्रिय स्वरूप का अध्ययन करना।
3. न्यायिक समीक्षा का विवेचना करना।
4. न्यायपालिका के द्वारा अतिसक्रियता संबंधी निर्णयों की व्याख्या करना।
5. न्यायपालिका के सक्रियता का जनहित पर पड़ने वाले प्रभावों की समीक्षा करना।
6. न्यायपालिका विस्तृत होते हुए कार्यक्षेत्र को रेखांकित करते हुए न्यायिक भूमिका की सीमाओं का मंथन करना।
7. शक्ति पृथक्करण सिद्धांत पर न्यायपालिका के सक्रियता का प्रभाव दर्शाना।

### साहित्यावलोकन

न्यायपालिका का स्वरूप प्रारंभ में केवल कानूनी या औपचारिक न्याय प्रदान करना था लेकिन समय और परिस्थितियां तथा न्यायाधीशों की विकासशील मानसिकता ने न्यायपालिका के स्वरूप को काफी बदल दिया। प्रारंभ में जब न्यायपालिका ने सक्रिय स्वरूप अख्तियार किया तो लोगों को कुछ आश्चर्य हुआ लेकिन पिछले कुछ सालों में न्यायपालिका के दिए गए कुछ फैसलों ने लोगों को ये सोचने के लिए मजबूर कर दिया कि वास्तव में यह न्यायपालिका की जिम्मेंदारी है या अतिसक्रियता।

इन सभी बदले स्वरूप की समीक्षा करने के लिए इस विषय से संबंधित साहित्यों का अध्ययन एवं समीक्षा करना शोध की अनिवार्य आवश्यकता है। इस विषय से संबधित कई पुस्तके व लेख निरंतर प्रकाशित होते है। इनमें से कुछ प्रमुख निम्न हैं–

सरकार के पूर्व जनरल सचिव रहे सुभाष कश्यप ने अपनी पुस्तक "हमारा संविधान" (2015) में न्यायपालिका से जुड़ी कई मामलों को बताया जिससे स्पष्ट होता है कि संविधान का प्रहरी वास्तव में न्यायपालिका ही है।

डॉ0 ना0 वि0 परांजपे ने अपनी पुस्तक "लोकहितवाद, विधिक सहायता एवं सेवाएॅ, लोक अदालते तथा पैरालिगल सेवाएँ" (2021) में लोकहितवाद से संबंधित मामलों पर न्यायपालिका के निर्णयों की समुचित व्याख्या किया है।

डॉ0 विजय कुमार की पुस्तक "भारत में सर्वोच्च न्यायालय" (2020) में सर्वोच्च न्यायालय के बदलते स्वरूप व वर्तमान के सक्रिय स्वरूप की स्पष्ट व्याख्या करते है।

प्रोफेसर सुबिर के भटनागर की पुस्तक "SUO Moto petitions by Indian Courts" (2021) में उन मामलों का विस्तृत व्याख्या किया गया है। जहॉ न्यायपालिका ने स्वयं आगे बढ़कर न्याय देने का काम किया है। जिसे स्वतः संज्ञान के रूप में जाना गया।

डॉ0 वन्दना की पुस्तक "Dimension of Judicial Activism in India" (2019) में भारतीय न्यायपालिका के सक्रिय स्वरूप पर चर्चा किया गया है।

इन सभी पुस्तको के अलावा हमारे दैनिक समाचार पत्रों मे आने वाली मुकदमें का अध्ययन करके तथा कैलाशनाथ काट जू की पुस्तक "कुछ स्मरणीय मुकदमें" जिसमें न केवल मुकदमें की चर्चा की गई है बल्कि न्यायालय ने इन्हें किस प्रकार से निपटाया है। इसका भी वर्णन किया गया है। इन सभी साहित्यों का गहन अध्ययन करके इन पर विश्लेषण किया।

## शोध पद्धति और अध्ययन क्षेत्र

भारतीय न्यायपालिका के अधिकार, कर्तव्य एवं इनकी शक्तियों तथा मर्यादाओं का विश्लेषण करना साथ ही भारतीय न्याय प्रणाली में सत्तर के दशक के बाद आये परिवर्तनों जिसे न्यायिक सक्रियता का नाम दिया गया और जिसमें जनहितवादों बाढ़ सी आ गई कि आवश्कताओं एवं प्रवृति की समीक्षा करना। साथ संविधान के प्रस्तावना में वर्णित सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक न्याय की स्थापना में न्यायपालिका के योगदानों की विवेचना करना।

भारतीय संसदीय प्रणाली में संसद की सर्वोच्चता की प्रासांगिकता एवं न्यायपालिका का इसमें भूमिका विशलेषण किया जाना अनिर्वाय है तथा न्यायपालिका के शक्तियों एवं कार्यों को लेकर बने पूर्वाग्रहों को दूर करते हुए निष्पक्ष विश्लेषण की अनिर्वायता है। इन सभी को सिद्ध करने के लिए जनहित याचिकाओं से संबंधित मामलों का उल्लेख किया गया है।

अध्ययन में विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण एवं आलोचनात्मक दृष्टिकोण को अपनाया गया है। सम्पूर्ण अध्यन वस्तुनिष्ठ एवं पूर्वाग्रह मुक्त है तथा इसके निष्कर्ष तक पहुँचने के लिए शोध में विभिन्न चरणों को अपनाया गया है–

### प्राथमिक आंकड़ा संकलन

विभिन्न न्यायिक प्रक्रियाओं के विद्वानों से राष्ट्रीय स्तर की पत्रिकाओं द्वारा लिए गए साक्षात्कार एवं अलग–अलग समयों में न्यायाधीशों तथा बुद्धिजीवियों द्वारा दिए गए अभिकथन जो न्याय व्यवस्था से जुड़ा है।

### द्वितीय आंकड़ा संकलन

विभिन्न व्यक्तियों व विद्वानों द्वारा लिखी गई पुस्तकों, शोधों, समाचार पत्र–पत्रिकाओं, प्रतिवेदनों आदि को इकट्ठा करके उनका प्रयोग करना जिससे शोध को प्रयाप्त आगत प्राप्त हो सके।

### केस अध्ययन

सर्वोच्च न्यायालय व अन्य उच्च न्यायालों के समक्ष लाये गए जनहित याचिकाओं के विषय में न्यायालय द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों का अध्ययन किया गया।

### विश्लेषण व सूचना निर्माण

उपर्युक्त विधियों द्वारा प्राप्त आँकड़ों व केस अध्ययन के निर्ष्कषों का विश्लेषण करके एक गुणात्मक शोध कार्य किया गया तथा अनावश्यक आँकड़ो का पृथक कर दिया गया।

### अन्तिम निष्कर्ष व सुझाव

किसी भी शोध के लिए आँकड़ा संकलन एक महत्वपूर्ण चरण होता है लेकिन शोध की उद्देश्य की पूर्ति हेतु मात्र आँकड़ा संकलन प्रयाप्त नहीं है वरन् इन आँकड़ो को सुव्यवस्थित कर उनका विश्लेषण करके इससे एक सार्थक निष्कर्ष निकाले गए तथा इसमें सुधार हेतु कुछ सुझाव भी प्रस्तुत किए गए।

## शोध से प्राप्त परिणाम

न्यायिक सक्रियता, 'न्यायिक संयम' का विपरित माना जा सकता है। जहॉ एक ओर न्यायिक संयम न्यायपालिका को मर्यादित करता है वही न्यायिक सक्रियता न्यायपालिका के सक्रिय स्वरूप को दर्शाता है। न्यायपालिका की परंपरागत स्वरूप उसे मात्र कानूनी न्याय प्रदान करने वाला संस्था मानता है। जिसका कार्य वैसे व्यक्तियों को न्याय दिलाना है जो उसके चौकठ पर न्याय की मांग लेकर आए है लेकिन वर्तमान की अवधारणा इससे नितांत भिन्न है। आज न्यायपालिका न सिर्फ न्याय की मांग करने वालों को

न्याय दिलाती है बल्कि वैसे किसी भी व्यक्ति को जो अपनी आर्थिक, शारीरिक या शैक्षिक कमियों के कारण न्यायालय की चौकठ तक नहीं आ पाते उन्हें भी न्याय दिलाने के लिए कटिबद्ध है। न्यायिक सक्रियता वास्तव में न्यायपालिका की सकारात्मक या रचनात्मक स्वरूप को दर्शाता है। पी.ए. ईनामदार बनाम महाराष्ट्र राज्य के वाद में तत्कालिन मुख्य न्यायाधीश लाहोटी ने कहा था– "जब सरकार के दो अन्य अंग व्यवस्थापिका व कार्यपालिका अपना कार्य नहीं करते तो न्यायपालिका को सक्रिय होना पड़ता है।"

अतः न्यायिक सक्रियता को 'क्षति नियंत्रण अभ्यास' के रूप में देखा जाना चाहिए क्योंकि यह मात्र तब सक्रिय होता है जब विधायिका और कार्यपालिका अपने उत्तरदायित्वों में विफल होते है या उससे बचने का प्रयास करते है। लोकतांत्रिक ढ़ॉचें में न्यायिक सक्रियता को संवैधानिक सीमाओं को लागू करके विधायी दुसाहस और कार्यकारी अत्याचार को रोकने के लिए एक तंत्र के रूप में देखना चाहिए।

भारत के पूर्व महान्यायवादी सोली0 जे0 सोराबजी ने कहा है कि – "न्यायिक सक्रियता का योगदान आधारभूत मानवाधिकारों की सुरक्षा में हैं।" अर्थात् न्यायिक सक्रियता को एक आवश्यक कदम माना जा रहा है। लेकिन कुछ लोगों को इस कदम से नुकसान हो रहे है। उनका मानना है कि न्यायाधीश मात्र अपनी लोकप्रियता बढ़ाने के लिए ऐसे–ऐसे निर्णय देते है जिसपर वास्तव में उनका कोई अधिकार नहीं होता है। न्यायपालिका अपनी लक्ष्मण रेखा को लांघ रही है लेकिन यह आज तक कोई स्पष्ट नहीं कर पाया कि लक्ष्मण रेखा तय करने वाला कौन है। न्यायपालिका ने हाल के दिनों में कई ऐसे निर्णय दिए है जिसने जनता को हैरान किया है लेकिन न्यायपालिका का हर कदम का जनता स्वागत करती है क्योंकि जनता को इस बात का विश्वास है कि न्यायपालिका ही उनके अधिकारों की रक्षा कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट के एक निर्णय जहां सड़क दुर्घटना से संबंधित याचिका दायर किया गया था, में न्यायालय ने यह पाया कि अधिकांश सड़क दुर्घटना शराब पिकर गाड़ी चलाने के कारण होती है इस निर्णय देते हुए उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजमार्गों के 500 मीटर के दायरे में शराब बिक्री पर बैन लगा दिया। जिस कारण सरकार को लगभग सलाना के हिसाब से पच्चास हजार करोड़ रूपया का राजस्व घटा होने का अनुमान लगाया गया तथा इस मामलें में न्यायपालिका के दखल अंदाजी की खूब आलोचना राजनीतिक गलियारे में किया गया। लेकिन जनता ने निर्णय का खुलकर स्वागत किया। इसी प्रकार दिल्ली जैसे शहरों में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों को दिवाली पर्व में बैन कर दिया और इसका कारण यह बताया कि स्वच्छ हवा में श्वास लेना प्रत्येक व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। यही निर्णय अन्य राज्यों के उच्च न्यायालयों ने भी लिया।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के द्वारा एक याचिका सुनवाई करते हुए सरकारी प्राथमिक विद्यालयों की दयनीय स्थिति सुधारने संबंधी विचार करते हुए यह निर्णय दिया गया कि सुबे के सभी नेता, मंत्री सरकारी कर्मचारी आदि के बच्चे सरकारी विद्यालय में ही पढ़ेगें तभी इन विद्यालयों की स्थिति सुधार की ओर ध्यान दिया जाएगा। न्यायालय की इस निर्णय को भी अतिसक्रियता का नाम दिया गया लेकिन उत्तरप्रदेश की जनता इस निर्णय से काफी खुश हुई।

कई बार न्यायालय ने ऐसे मामलों में भी फैसले सुनाये जो जनता से प्रत्यक्ष रूप से नहीं जुड़े लेकिन किसी खास तबके के लिए पर`शानी का सबब जरूर बन गए। 2G स्पेक्ट्रम घोटाला हो या जॉली एलएलबी–2 फिल्म से सीन काटने का मामला या न्यायाधीशों के नियुक्ति के लिए बनाए गए राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (NJAC) को असंवैधानिक करार देना, इन मामलों पर न्यायपालिका का निर्णय देना सत्ता में बैठे लोगो के लिए हलचल पैदा करने जैसा था।

2G स्पेक्ट्रम घोटाला तब प्रकाश से आया जब नियंत्रक व महालेखा परीक्षक ने अपने रिपोर्ट में इस बात की चर्चा की कि स्पेक्ट्रम के निलामी में गड़बड़ी

के कारण सरकार को एक लाख छिहत्तर हजार करोड़ का नुकसान हुआ है तो इस पर संज्ञान लेते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने टेलिकॉम कंपनी द्वारा दिए गए सभी 122 लाईसेंस को रद्द कर दिया तथा मामले की जॉच के लिए समिति गठित कर दी। इसी प्रकार जॉली एलएलबी–2 फिल्म को सेंसर बोर्ड ने जब पास कर दिया तब भी इसके विरूद्ध दायर याचिका की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने फिल्म के चार दृश्यों को आपतिजनक बताकर हटाने का आदेश दिया। न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि इस फिल्म न्यायिक व्यवस्था व डॉक्टरी पेशे को गलत तरीके से पेश करके समाज में इनकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया है।

न्यायालय अन्य लोगों के अधिकारों की सुरक्षा करने के साथ–साथ स्वयं के स्वतंत्रता की भी सुरक्षा करता है। यही कारण है कि जब मोदी कैबिनेट ने 99वॉ संवैधानिक संशोधन, 2014 करते हुए कॉलिजियम प्रणाली विकल्प के तौर पर एक नयी विधि बनाई तथा राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (NJAC) का गठन किया तो न्यायालय ने इसे असंवैधानिक घोषित करते हुए इस रोक लगा दी। न्यायपालिका का कहना था कि भारतीय संविधान में न्यायपालिका को स्वतंत्र व निष्पक्ष बनाया गया है तथा यदि न्यायाधीशों की नियुक्ति कार्यपालिका व विधायिका के द्वारा होने लगे तो न्यायपालिका की स्वतंत्रता को खतरा हो जाएगा तथा इससे पूरा देश खतरे में पड़ जायेगा।

उपर्युक्त सम्पूर्ण मामलों से यह तय कर पाना कठिन है कि न्यायालय का कृत्य वास्तव में अनिर्वाय है या दखल अंदाजी क्योंकि न्यायालय के कार्य हमेशा ही जनहित में होता है इसमें कोई संदेह नहीं लेकिन यह भी सही है कि न्यायालय सभी कामों को अकेला तो नहीं कर सकता है।

## सुझाव

भारत जो कि सदियों से गुलामी का दंश झेलता रहा है तथा जब इसे आजादी मिली तो यहां की भोली भाली व निरिह जनता ने आशापूर्ण निगाह से राजनेताओं की ओर देखा। उन गरीब, असहाय लोगों के लिए तो भर–पेट भोजन एवं वस्त्र एवं सिर के उपर छत उपलब्ध होना ही असली स्वतंत्रता थी। लेकिन राजनीति में बैठे लोगों ने इनके दुःख दूर करने के बजाय इसका राजनीतिक लाभ लेना शुरू किया। गरीबी, अशिक्षा, भूखमरी आदि को राजनीतिक एजेंडा बनाकर चुनाव में उतरते रहे तथा लोगों के लाचारी के साथ खिलवाड़ करके वोट हासिल करते रहे।

राजनीतिक भष्ट्राचार, अनैतिक कार्य, झूठे वादे, काला धन, जामा करना ये सभी राजनीति में बैठे लोगों के लिए आम बात हो गई। कभी जातिवाद कभी धर्म के आधार पर, तो कभी क्षेत्र के आधार पर ये लोगों को बॉटते रहे लेकिन वे सभी इस बात को भूल गए कि संविधान निर्माताओं ने भारतवासियों के लिए एक ऐसे समाज की कल्पना की थी जिसमें केवल कानूनी न्याय नहीं वरन् सामाजिक न्याय व आर्थिक न्याय भी स्थापित हो तथा इसके स्थापना का काम राजनीति में बैठे लोगों के द्वारा ही किया जाए। यही कारण है कि राजनीति में व्याप्त बुराईयों ने न्याय व्यवस्था को सक्रिय होने पर मजबूर कर दिया। न्यायपालिका ने यह स्पष्ट किया कि– न्याय न केवल होना चाहिए वरन् होता हुआ दिखना भी चाहिए। इस प्रकार न्यायालय में बैठे कुछ न्यायाधीशों ने इस बात पर ध्यान दिया कि असल में कानून सिर्फ वो नहीं जो शब्दों में लिखा गया हो बल्कि लिखे गए शब्दों के पीछे भाव ही वास्तविक कानून है और विवेकपूर्ण प्राणी होने के नाते उनलोगों ने न्याय की परिभाषा को अधिक विस्तृत कर दिया। कहां जाता है कि आज यदि किसी व्यक्ति को सुई भी चुभती है तो दर्द न्यायपालिका को होती है। न्यायपालिका टकटकी लगाए रखती है कि एक साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। न्यायपालिका ने सामाजिक, आर्थिक न्याय को स्थापित करने पर बल दिया तथा एक कदम आगे बढ़कर वैसे मामलों पर भी निर्णय देने लगी जो वास्तव में विधायिका व कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र

का माना जाता था लेकिन न्यायालय के इस स्वरूप ने लोगों में न्याय की प्रति विश्वास पैदा किया है। आज असहाय गरीब या अशिक्षित व्यक्ति भी इस बात से अस्वस्थ है कि उसका अधिकार कोई छीन नहीं सकता। निःसंदेह न्यायालय के इन कार्यों ने विधायिका व कार्यपालिका को अपने कर्तव्य निर्वहन करने हेतु बाध्य किया है। यह स्थिति देश के लिए ही नहीं वरन् लोकतंत्र के लिए भी शुभ संकेत है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची**


- व्हीयर, के0सी0, मॉडर्न कॉन्स्टूयूशन', 1966
- कश्यप, सुभाष, "हमारा संविधान" 4जी संस्करण 2015
- कुमार, विजय 'भारत में सर्वोच्च न्यायालय', 2020
- पांडे, जे0 एन0, "कॉस्टीयूशनल लॉ ऑफ इण्डिया", 1988
- बक्शी, उपेन्द्र, "इण्डियन सुप्रीम कोर्ट एंड पॉलिटिक्स', लखनऊ : ईस्टर्न बुक कम्पनी, 1980
- बासु, डी0डीए "कमेंट्री ऑन द कॉस्टीटूयूशन ऑफ इण्डिया एन0 सी0 सरकार", 10 भागों में प्रकाशित महत्वपूर्ण ग्रंथ, कलकता 1965
- शर्मा एस0एन0 पर्सनल लिबर्टी अंडर इंडियन कॉस्टीटूयशन' दीप एण्ड दीप, नई दिल्ली, 1991


**प्रमुख समाचार पत्र**


दैनिक जागरण : नई दिल्ली

हिन्दुस्तान टाईम्स : नई दिल्ली

जनसत्ता : नई दिल्ली

दैनिक भास्कर : राँची

द टाईम्स ऑफ इण्डिया : नई दिल्ली।

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 4 (OCT TO DEC., 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999
Paper Recieved : 1st Nov 22 Paper Accepted : 20th Nov 22

# वैदिक कालीन शिक्षा की वर्तमान शिक्षा पद्धति में उपादेयता

❑ अरूण पाण्डेय*
❑ डॉ. डी.एस. सिंह बघेल**

**शोध सारांश**

आर्यावर्त में शिक्षा की परम्परा अति प्राचीन है। विश्व साहित्य में वेदों को प्राचीन ग्रन्थ माना गया है। वेद हमारे धार्मिक ग्रन्थ है तथा हमारे यहां की शिक्षा प्रणाली धर्म ग्रन्थों पर ही आधारित है। अर्थात् प्राच्य भारतीय शिक्षा धर्म की ही देन है। प्राचीन भारतीय शिक्षा का उदय वेदों से ही माना जाता है। वेदों को भारतीय जीवन दर्शन का स्रोत माना जाता है। पुराण और वेद अनादि है।

वेदों के दो भाग हैं—1. पुराण वेद, 2. यज्ञ वेद।

## भूमिका

वर्तमान व्यवहार में यज्ञ वेद को वेद तथा पुराण वेद को केवल पुराण कहा जाता है। वेद व्याख्या ने वेद को चार भागों में बांट दिया—1. ऋग्वेद, 2. यजुर्वेद, 3. सामवेद, 4. अथर्ववेद, वेद का प्रमुख विषय यज्ञ है। यज्ञ में यजमान और उसकी पत्नी के अतिरिक्त चार ब्राह्मण कार्यकर्ता आवश्यक होते हैं जो ऋत्विक कहे जाते हैं। उनके नाम होतृ, उदागात्, अध्वर्यु और ब्रह्मा। डॉ0 अल्तेकर ने कहा हेक् कि 'वैदिक युग से लेकर अब तक भारतवासियों के लिये शिक्षा का अभिप्राय यही है कि यह प्रकाश एक स्रोत है तथा जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में हमारा मार्गदर्शन करती है। वास्तव में प्राचीनकाल में शिक्षा ऐसी अंतर ज्योति और शक्ति थी जो मानव को उन्नत एवं सुसंस्कृत बनाकर उसका सर्वांगीण विकास करती है।

## वैदिक शिक्षा का अर्थ

वैदिक साहित्य में शिक्षा शब्द का प्रयोग कई अर्थों में हुआ है। जैसे विद्या, ज्ञान, प्रबोध एवं विनय आदि। इस युग में शिक्षा शब्द का प्रयोग व्यापक और संकुचित दोनों ही अर्थों में किया गया व्यापक अर्थों में मनुष्य को उन्नत और सभ्य बनाना ही शिक्षा है। शिक्षा की यह प्रक्रिया जीवन - पर्यन्त चलती रहती है। संकुचित अर्थ में शिक्षा का अभिप्राय उस औपचारिक शिक्षा से लिया गया है। जिससे प्रत्येक बालक अपने प्रारम्भिक जीवन के कुछ वर्षों तक गुरूकुल में रहकर ब्रह्मचर्य जीवन व्यतीत करता हुआ अपने गुरू से शिक्षा प्राप्त करता है। वास्तविक रूप से वैदिक शिक्षा का अभिप्राय उस प्रकार की शिक्षा से था जिससे व्यक्ति का सर्वांगीण विकास हो सके और यह धर्म के मार्ग पर चलकर मानव जीवन के परम लक्ष्य मोक्ष को प्राप्त कर सके।

* शोधार्थी (शिक्षा विभाग), अ.प्र. सिंह वि.वि., रीवा (म.प्र.)

## वैदिक कालीन शिक्षा की महत्ता

वैदिक काल में शिक्षा को विशेष महत्व प्रदान किया जाता था। आर्यों का विश्वास था कि शिक्षा के द्वारा ही व्यक्ति का सर्वांगीण (यथा शारीरिक, मानसिक, अध्यात्मिक तथा सामाजिक) विकास हो सकता है। शिक्षा को प्रकाश का स्रोत माना गया है जो कि जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में हमारा पथ प्रदर्शन करती है। ज्ञान से मानव के अर्न्तचक्षु खुल जाते हैं। इसलिये ज्ञान का तीसरा नेत्र भी कहा जाता है।

भतृहरि ने अपने नीतिशतक में लिखा है विद्या विहीनः पशुः अर्थात् विद्या बिना मानव पशु तुल्य होता है।

## वैदिक कालीन शिक्षा का उद्देश्य

जीवन में धर्म का प्रमुख स्थान होता है। अन्य दूसरे देशों में भी ईश्वर के प्रति अनुराग था, परन्तु आर्यावर्त में जीवन का परम उद्देश्य था आत्मा और परमात्मा का मिलन तथा जीवन से ईश्वर का साक्षात्कार। शिक्षा मोक्ष प्राप्ति के एक साधन रूप में है इसलिये सारा जीवन उच्च विचारों से निर्दिष्ट होने वाली दैनिक शिक्षा में छात्रों के सर्वांगीण विकास पर बल दिया जाता था। वैदिक काल में शिक्षा के प्रमुख उद्देश्य निम्न थे— 1. संस्कृति की रक्षा एवं प्रसार, 2. समाज से संबंधित कर्तव्यों का पालन, 3. व्यक्तित्व का विकास, 4 नैतिक चरित्र का निर्माण, 5. जीविका के लिये तैयार करना, 6. सामाजिक कुशलता की उन्नति।

## वैदिक कालीन शिक्षा की विशेषताएं

हमारे मनीषियों ने एक विशेष प्रकार की शिक्षा पद्धति का निर्माण किया था जो अनेक वर्ष व्यतीत होने के बाद भी अपनी प्राचीन सभ्यता व शिक्षा का जीवन्त बनाये हुये है। इसकी विशेषताएं इस प्रकार है-

1. शिक्षा का व्यावहारिक स्वरूप, 2. शैक्षिक स्वायत्ता, 3. सार्वजनिक तथा निःशुल्क शिक्षा, 4. गुरूकुल प्रणाली 5. भिक्षा वृत्ति, 6. वर्ण व्यवस्था का आधार 7. दैनिक दिनचर्या, 8. गुरू शिष्य संबंध।

## वैदिक कालीन शिक्षा व्यवस्था

**विद्यारम्भ**—जब बच्चा पांच वर्ष का होता था तो चूड़ा कर्ण या चौल संस्कार होता था, जिसे विद्यारम्भ संस्कार भी कहते थे। इस संस्कार के पश्चात बच्चे की गृह शिक्षा प्रारंभ हो जाती थी। वसुधा पर श्वेत वस्त्र फैलाकर उस पर चावल बिखेर दिये जाते थे और पंडित जी बच्चे का हाथ पकड़कर उस पर संस्कृत वर्णमाला के अक्षर लिखाते थे। गृह शिक्षा वर्ण क्रमानुसार 8, 11 और 12 वर्ष तक चलती थी। इस प्रकार यह चौल संस्कार सम्पन्न किया जाता था।

**उपनयन**—वैदिक काल में विद्याध्ययन का प्रारंभ एक संस्कार के द्वारा होता था जिसे उपनयन संस्कार कहते हैं। उपनयन का अभिप्राय पास ले जाना।

अतः बालक को गुरू जी के पास ले जाना ही उपनयन संस्कार कहा जाता था। इसके बाद ही बालक ब्रह्मचारी कहलाता था। उपनयन बालक का दूसरा जन्म माना जाता है। उस समय यह माना जाता था कि माता-पिता बालक को जन्म देते हैं।

शिक्षक के यहां उपनयन द्वारा दीक्षित होकर उसका आध्यात्मिक जीवन प्रारंभ होता था तथा इसी समय बालक की आत्मा तथा मस्तिष्क का विकास होता था। इसलिये विद्या के संस्कार को दूसरा जन्म कहा जाता था। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य वर्णों के बालकों के लिये उपनयन संस्कार आवश्यक था। इसलिये इन तीनों वर्णों को द्विज कहते थे। द्विज का अर्थ होता है दो बार जन्म लेने वाला। विभिन्न वर्णों के बालकों के लिये उपनयन संस्कार की उम्र निर्धारित थी—

| वर्ण | उम्र | समय |
|---|---|---|
| ब्राह्मण | 8 वर्ष | केवल बसंत ऋतु में |
| क्षत्रिय | 11 वर्ष | ग्रीष्म ऋतु में |
| वैश्य | 12 वर्ष | शरद ऋतु में |

उपनयन संस्कार की अधिकतम आयु ब्राह्मण, क्षत्रिय व वैश्यों के लिये क्रमशः 16, 22, 24 वर्ष में निर्धारित थी।

**शिक्षण की अवधि**—इस समय के बारे में हमारे प्राचीन ग्रन्थों में कोई स्पष्ट संकेत नहीं है। लेख में उस समय पुस्तक नहीं थी इसलिये प्रातः और सायं दोनों समय शिक्षण कार्य होता था।

**स्थान**—वैदिक काल में बालक सांसारिक विश्व व विद्रोह से दूर प्रकृति की गोद में शिक्षा ग्रहण करते थे। स्वच्छ मौसम में गुरु के चरण में बैठकर छात्र जीवन की समस्याओं के बारे में चिन्तन करते थे। वर्षा आदि से बचने के लिये स्थाई व अस्थाई प्रबन्ध होता था।

**संस्थाएं**—बच्चों की प्रारम्भिक शिक्षा घर पर ही प्रारंभ हो जाती थी। उस समय छोटे-छोटे पारिवारिक विद्यालय होते थे। जिसका संचालन स्वयं गुरु जी द्वारा किया जाता था। इन्हें गुरूकुल कहा जाता था। गुरूकुल शहर के कोलाहल से बहुत दूर एकान्त स्थान के होता था।

**गणवेश**—उस समय आश्रमों में अध्ययनरत छात्रों की वेशभूषा निश्चित रहती थी। शरीर के ऊपरी भाग में वस्त्र के रूप में मृगचर्म का उपयोग किया जाता था। ब्राह्मण का काले नर हिरण की खाल का, क्षत्रिय धब्बेदार हिरण की खाल। वैश्य - बकरे की खाल का उपयोग शरीर के ऊपरी भाग को ढकने के लिये करते थे। निचले स्तर में ब्राह्मण, क्षत्रिय व वैश्य क्रमशः सन्, रेशम तथा ऊन से बने वस्त्रों का प्रयोग करते थे। इसके अतिरिक्त ब्राह्मण क्षत्रिय व वैश्य क्रमशः मूंज, तांत तथा सन की बनी मेखला पहनते थे। अपने साथ पीपल की लकड़ी का डण्डा रखते थे, डण्डा की ऊँचाई विभिन्न वर्णों के लिये अलग-अलग होती थी। ब्राह्मण, क्षत्रिय व वैश्य क्रमशः सिर, मस्तिष्क, तथा नाक की ऊँचाई का डण्डा अपने साथ रखते थे।

**वैदिक शिक्षा के दोष**—धर्म को अत्यधिक महत्व, जन सामान्य की शिक्षा की उपेक्षा, शूद्रों की शिक्षा की उपेक्षा, स्त्री शिक्षा की उपेक्षा, लोक भाषाओं की उपेक्षा, सांसारिक जीवन की उपेक्षा।

**उपादेयता**—आधुनिक शिक्षा-प्रणाली यद्यपि वैदिक शिक्षा प्रणाली से पूर्णतः भिन्न दृष्टिगोचर होती है। फिर भी वर्तमान शिक्षा को नियोजित करने व इसकी समस्याओं का समाधान खोजने की प्रत्येक चेष्आ में प्राचीनतम शिक्षा के मूल आधारों पर ध्यान देना सार्थक सिद्ध हो सकता है। वैदिक शिक्षा के आदर्शों जैसे, श्रद्धा, भक्ति-सेवा, आदर, आत्मानुशासन, सादा जीव उच्च विचार, ब्रह्मचर्य, नैतिक बल आदि का अनुसरण करके वर्तमान समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा-व्यवसी की जा सकती है। पाश्चात्य सभ्यता व संस्कृति के अंधानुकरण में हम अपने पुरातन आदर्शों को विस्तृत करते जा रहे हैं। हमारे जीवन से शिक्षा दूर हटती जा रही है। छात्र असंतोष, अनुशासनहीनता, बेरोजगारी, निर्धनता, वर्ग संघर्ष, सामाजिक बुराइयां, राष्ट्रीय विघटन, भाषायी समस्याएं दिन-प्रतिदिन विकराल रूप धारण करती जा रही है।

प्राचीन शिक्षा प्रणाली के आदर्श तत्वों को वर्तमान शिक्षा में समावेश करके इन समस्याओं का समाधान संभव है। जीवन के वास्तविक मूल्यों, गुणों व आदर्शों का अनुसरण करके हमारे छात्रगण भारत वर्ष की समृद्धि व वैभव का पुनरोद्धार कर सकेंगें।

वैदिक शिक्षा के निम्न तत्वों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली में समाहित करके नष्ट-भ्रष्ट होती जा रही भारतीय शिक्षा को नवजीवन दिया जा सकता है-

1. आदर्शवादिता
2. अनुशासन
3. गुरू शिष्य सम्बन्ध
4. शिक्षा के लिये शान्त वातावरण
5. शिक्षण विधि
6. अध्ययन विधि
7. छात्रों व अध्यापकों का सादा जीवन

**सन्दर्भ**

1. भारत में शिक्षा का विकास (डॉ0 डी0 एस0 श्रीवास्तव) साहित्य प्रकाशन हास्पिटल रोड आगरा
2. भर्तहरि का नीतिशतकम्
3. प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति (डॉ0 अ0 स0 अल्तेकर)
4. शिक्षण कला (आत्मानंद मिश्र)
5. भारतीय शिक्षा दर्शन (रामशकल पाण्डेय)
6. नवीन शिक्षा (एडमस. जे.)

SHODH CHETNA – YEAR-8, VOL. 4 (OCT TO DEC., 2022) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Refereed International Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR SJIF - 5.999
Paper Recieved : 1st Oct 22 Paper Accepted : 10th Oct 22

# THEME OF CASTEISM REFLECTED IN ARAVIND ADIGA'S *THE WHITE TIGER*

❐ Raibhole Pradip Marotirao*

## ABSTRACT

Aravind Adiga's debut novel, The White Tiger won the 2008 Booker Prize. He is the fourth Indian born author to win the prize, after Rushdie, Arundhati Roy and Kiran Desai. The novel studies the contrast between India's rise as a contemporary global economy and therefore the lead character Balram, who comes from crushing rural poverty. Adiga's style is essentially satirical. Within The White Tiger, he explores the unhappy social realities, like poverty and hypocrisy in India, largely through dark humor. Success in Adiga's novel does not necessarily equate with honest work or moral righteousness and this is often reflected within the style. This satirical attention is additionally reflected in Adiga's choice of narrator, Balram, an unrepentant killer and thief who nevertheless seems more honest than the people around him. By choosing such a narrator, Adiga gives the reader a unique view of Indian society from less privileged position.

**Keywords:** Casteism, Subaltern, Individualism and Gobalization.

The caste system in India still prevails. India is a country which is known to be very cultural throughout the world. The culture is rooted deep in the country also and it has various problems of Casteism. Casteism refers to discrimination based on the caste of a person. It is a great social evil. It is responsible for stopping a country's development. And it also causes oppression which is very bad. Basically, the religious and social circles dictate Casteism in India. Mostly, people live in rural areas are facing this problem. This practice was strictly followed in old days but it is time to be abolished completely. During the early periods, the villagers were separated on the basis of the caste. They were made to live in separated colonies. Even the place for buying food or getting water was separated from those of the upper caste. The novel *The white Tiger* mainly focuses on the theme of Casteism. Aravind Adiga has portrayed the Indian caste system and about the two classes in the society, the upper and lower classes. The protagonist of Adiga's novel is Balram, who belongs to the lower class family. In this novel, Adiga deals not only with the Casteism but also shows how the lower caste people undergo acute sufferings by

* Research Student, Assistant Prof of English, Rajiv Gandhi College Mudkhed

the domination of the upper class people. The White Tiger examines the typical Indian caste system and their life style. For centuries, caste has almost every aspect of Hindu religious and social life in which each group occupies a specific place in this complex society. Rural communities have been arranged on the basis of castes. The upper and lower classes, they almost lived in separated colonies. The water wells were not shared. Brahmins would not accept food or drink from the Shudras. In this novel, The White Tiger, Adiga also highlights this point. Balram being born in a lower caste was tortured by the upper caste people and landlords. Adiga portrays the four landlords. They belonged to the upper caste. They behaved like animals, so Adiga had given the animals' name to the four landlords. The four landlords are Stork, Wild Boar, Raven and Buffalo. The narrator had explained about these four landlords and theirqualities:

All four of the animals live in high-walled mansons just outside laxmangarh, the landlords' quarters. They had their own temples inside the mansions, and their own wells and ponds and did not need to come out into the village except to feed. Once upon a time, the children of the four animals went around town in their own cars; Kusum remembered those days. (TWT 25)

Through these lines, Adiga clearly shows the theme of Casteism. The Four landlords belong to the upper caste. So, they made to live in the separated quarters. They never came out into the village except to feed. Because they had all the facilities in the quarters. They never mingled with the lower caste people in the village. Ankhi Mukherjee opines:

"That caste comes to dominate over religion and sex in this novel is important too, as the debates around caste have become central to debates about corruption India. Crucially Adiga's novel may be complicit in a reformulating the terms of class and caste to be interchangeable he succeeds in making the upper-caste criticism of caste based reservations the lower caste's critique of class inequality"

